CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पञ्चसंग्रह

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्ग संख्या ड्ा० १ प्राप्ति-संख्या ७१६
७१७

ग्रन्थ-कार्ड

श्री गणेश वर्णी दि० जैन (शोध) संस्थान

ग्रन्थागार

नरिया, वाराणसी-५

ग्रन्थ नाम पञ्च संग्रह

लेखक सम्पा० पं० हीरालालजी जैन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भारतीय ज्ञानपीठ की ओर से

सप्रेम भेंट





Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला [प्राकृत ग्रन्थाङ्क–१०]

पञ्चसंग्रहः

प्रा० १११

[संस्कृतटीका-प्राकृतवृत्ति-हिन्दीभाषानुवादसहितः]



श्री गणेश वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान
पुस्तक सं. ११८
दिनांक १०-११-५८

—सम्पादक—

पण्डित हीरालाल जैन, सिद्धान्तशास्त्री

भा र ती य ज्ञा न पी ठ, का शी

प्रथम आवृत्ति
११०० प्रति

भाद्रपद, वीर नि० २४८७
वि० सं० २०१७
अगस्त १९६०

मूल्य
पन्द्रह रुपये

भारतीय ज्ञानपीठ
२५/-०५
प्राप्तिस्थान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा

संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला

प्राकृत ग्रन्थाङ्क १०

इस ग्रन्थमालामें प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड, तामिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन और उसका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन होगा। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमालामें प्रकाशित होंगे।

ग्रन्थमाला सम्पादक
डॉ. हीरालाल जैन,
एम० ए०, डी० लिट्०
डॉ. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये,
एम० ए०, डी० लिट्०

प्रकाशक
मन्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ,
दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी

मुद्रक—बाबूलाल जैन फागुल्ल, सन्मति मुद्रणालय, दुर्गाकुण्ड रोड, वाराणसी

स्थापनाब्द
फाल्गुन कृष्ण ९
वीर नि० २४७०

विक्रम सं० २०००
१८ फरवरी सन् १९४७

सर्वाधिकार सुरक्षित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



स्वर्गीय मूर्तिदेवी, मातेश्वरी साहू शान्तिप्रसाद जैन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

JÑĀNAPĪṬHA MŪRTIDEVĪ JAINA GRANTHAMĀLĀ
PRAKRIT GRNTHA, No. 10

PAÑCASANGRAHA

SANSKRIT ṬĪKĀ, PRĀKRIT VṚITTI AND HINDI TRANSLATION

EDITOR

Pandit **HIRALAL JAIN** Siddhantashastri

Published by

BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪṬHA, KĀSHĪ

First Edition 1100 Copies

BHADRAPAD, VIRA SAMVAT 2487
V. S. 2017
AUGUST 1960

Price Rs. 15/-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

BHĀRATĪYA JÑĀNAPĪṬHA Kashi

FOUNDED BY

SĀHU SHĀNTIPRASĀD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRĪ MŪRTIDEVĪ

BHĀRATĪYA JNĀNAPĪTHA MŪRTIDEVĪ
JAIN GRANTHAMĀLĀ

PRAKRIT GRANTHA No. 10

IN THIS GRANTHAMĀLĀ CRITICALLY EDITED JAIN ĀGAMIC, PHILOSOPHICAL, PAURANIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRAKRIT, SANSKRIT, APABHRANSHA, HINDI, KANNADA, TAMIL ETC., WILL BE PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES

AND

CATALOGUES OF JAIN BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAIN LITERATURE WILL ALSO BE PUBLISHED.

General Editors
Dr. Hiralal Jain, M. A., D. Litt.
Dr. A. N. Upadhye, M. A., D. Litt.

Publisher
Secy., Bharatiya Jnanapitha,
Durgakund Road, Varanasi

Founded on
Phalguna krishna 9.
Vira Sam. 2470

All Rights Resreved

Vikrama Samvat 2000
18 Febr. 1944.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रधान सम्पादकोंका वक्तव्य

कर्म और कर्मफलका चिन्तन मानव जीवनकी एक प्राचीनतम प्रवृत्ति है। प्रत्येक व्यक्ति यह देखना और जानना चाहता है कि वह जो कुछ करता है उसका क्या फल होता है। इसी अनुभवके आधारपर वह यह भी निश्चित करता है कि किस फलकी प्राप्तिके लिए उसे कौन-सा काम करना चाहिए। इस प्रकार मानवीय सभ्यताका समस्त ऐतिहासिक, सामाजिक व धार्मिक चिन्तन किसी-न-किसी प्रकार कर्म और कर्मफलको अपना विषय बनाता चला आ रहा है।

कर्म व कर्मफल सम्बन्धी चिन्तनकी दृष्टिसे संसारके समस्त दर्शनोंको दो भागोंमें विभक्त किया जा सकता है—एक वे दर्शन हैं जो कर्मफल सम्बन्धी कारण-कार्य परम्पराको इस जीवन-भर तक चलनेवाली ही मानते हैं। वे यह विश्वास नहीं करते कि इस देहके विनष्ट हो जानेपर उसके कार्योंकी कोई परम्परा आगे चलती है। ऐसी मान्यता रखनेवाले दर्शनोंको भौतिकवादी कहा जाता है, क्योंकि उसके अनुसार जीवन सम्बन्धी समस्त प्रवृत्तियाँ पञ्चभूतोंके मेलसे प्राणीके गर्भ या जन्म-कालसे प्रारम्भ होती हैं और आयुके अन्तमें शरीरके विनष्ट होकर पञ्चभूतोंमें मिल जानेपर उसकी समस्त प्रवृत्तियोंका अवसान हो जाता है।

इसके विपरीत दूसरे प्रकारके वे दर्शन हैं जो मानते हैं कि पञ्चभूतात्मक शरीरके भीतर एक अन्य तत्त्व, जीव व आत्मा, विद्यमान है जो अनादि और अनन्त है। उसकी अनादि-कालीन सांसारिक यात्राके बीच किसी विशेष भौतिक शरीरको धारण करना और उसे त्यागना एक अवान्तर घटनामात्र है। आत्मा ही अपने भौतिक शरीरके साधनसे नाना प्रकारकी मानसिक, वाचिक व कायिक क्रियाओं द्वारा नित्य नये संस्कार उत्पन्न करता, उसके फलोंको भोगता और उन्हींके अनुसार एक योनिको छोड़ दूसरी योनिमें प्रवेश करता रहता है, जब तक कि वह विशेष क्रियाओं द्वारा अपनेको शुद्ध कर इस जन्म-मरण रूप संसारसे मुक्त होकर सिद्ध नहीं हो जाता। ऐसी ही मुक्ति व सिद्धि प्राप्त करना मानव-जीवनका परम उद्देश्य होना चाहिए और इसी उद्देश्यकी पूर्तिके लिए आचार्योंने धर्मका उपदेश दिया है। इस प्रकारकी मान्यताओंको स्वीकार करने-वाले दर्शन अध्यात्मवादी कहलाते हैं।

जैन-दर्शन अध्यात्मवादी है और कर्म-सिद्धान्त उसका प्राण है। जैन कर्म-सिद्धान्तमें यह चिन्तन बड़ी गम्भीरता, सूक्ष्मता और विस्तारसे किया गया है कि विश्वके मूल तत्त्व क्या हैं और उनमें किस प्रकारके विपरिवर्तनों द्वारा प्रकृति और जीवनके नाना रूपोंकी विचित्रता उत्पन्न होती है। जैन मान्यतानुसार विश्वके मूल तत्त्व दो हैं—जीव और अजीव अथवा चेतन और जड़। निर्जीव अवस्थामें पृथ्वी, जल, अग्नि व वायु ये सब एक ही जड़ तत्त्वके रूपान्तर हैं, जिसे जैन-दर्शनमें पुद्गल कहा गया है। आकाश और काल भी जड़ तत्त्व हैं, किन्तु वे उपर्युक्त पृथ्वी आदिके समान मूर्तिमान् नहीं अमूर्त्त हैं। जीव व आत्मा इन सबसे पृथक् तत्त्व है जिसका लक्षण है चेतना। वह अपनी सत्ताका भी अनुभव करता है और अपने आस-पासके पर पदार्थोंका भी ज्ञान रखता है। उसकी इन्हीं दो वृत्तियोंको जैन-सिद्धान्तमें दर्शन और ज्ञानरूप उपयोग कहा गया है। दैहिकावस्थामें यह जीव अपनी रागद्वेषात्मक मन-वचन-कायकी प्रवृत्तियों द्वारा सूक्ष्मतम पुद्गल परमाणुओं-को ग्रहण करता है और उनके द्वारा नाना प्रकारके आभ्यन्तर संस्कारोंको उत्पन्न करता है। जिन सूक्ष्म परमाणुओंको जीव ग्रहण करता है उन्हें ही जैन सिद्धान्तमें कर्म कहा गया है। उनके आत्म-प्रदेशोंमें आ मिलनेकी प्रक्रियाका नाम आस्रव है, और इस मेलके द्वारा जो शक्तियाँ व आत्म-स्वरूपकी विकृतियाँ उत्पन्न होती हैं उनका नाम बन्ध है। कर्म-बन्धकी इसी प्रक्रियाको विधिवत् समझाना जैन कर्म-सिद्धान्तका विषय है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन-साहित्यमें कर्म-सिद्धान्तका सबसे प्राचीन प्रतिपादन पूर्वोंमें किया गया था। जैन-धर्मके अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीरने जो उपदेश दिया उसको उनके गणधरों व साक्षात् शिष्योंने बारह अंगोंमें विभक्त किया। इन्हें ही द्वादशांग श्रुत या जैनागम कहा जाता है। बारहवें श्रुतांगका नाम दृष्टिवाद है और उसीके भीतर विद्यमान चौदह खण्डोंका नाम 'पूर्व' है। वे पूर्व इस कारण कहलाये कि भगवान् महावीरने उन्हींका सर्वप्रथम उपदेश दिया था। नाना उल्लेखोंपरसे यह भी अनुमान किया जाता है कि उनमें भगवान् महावीरसे भी पूर्वके तीर्थंकरों द्वारा उपदिष्ट सिद्धान्तोंका समावेश किया गया था, और इसीलिए वे पूर्व कहलाये। दुर्भाग्यसे वे पूर्व नामक ग्रन्थ कालक्रमसे विनष्ट हो गये। तथापि जैन-समाजके दिगम्बर और श्वेताम्बर ये दोनों सम्प्रदाय इस सम्बन्धमें एकमत हैं कि उक्त १४ पूर्वोंमें दूसरा पूर्व आग्रायणीय नामक था और उसीके भीतर कर्म-सिद्धान्तका सूक्ष्म विवेचन किया गया था। उसीके आधारसे पश्चात्कालमें दिगम्बर सम्प्रदायके क्रमशः षट्खण्डागम व उनकी धवला टीका, कषायप्राभृत और उसकी चूर्णि व जयधवला टीका, गोम्मटसार व उसकी टीकाएँ तथा प्राकृत व संस्कृत पञ्चसंग्रह नामक ग्रन्थोंकी रचना हुई, तथा श्वेताम्बर सम्प्रदायमें भी कर्मप्रकृति, पञ्चसंग्रह तथा उनके कर्म-ग्रन्थोंका निर्माण हुआ।

प्रस्तुत पञ्चसंग्रह नामक ग्रन्थ कर्म-सिद्धान्तकी उक्त दिगम्बर परम्पराकी एक विशिष्ट रचना है, जो हाल ही प्रकाशमें आई है। उसके पाँच प्रकरणोंके नाम हैं—जीवसमास, प्रकृति-समुत्कीर्तन, कर्मस्तव, शतक और सत्तरी। इनमेंसे प्रथम तीन अधिकारोंके नाम तो उनके विषयको सूचित करनेवाले हैं, किन्तु शतक और सत्तरी विषयको नहीं, किन्तु विषयको प्रतिपादन करनेवाली मूल सौ और सत्तर गाथाओंको देखकर रख दिये गये हैं। यथार्थतः ये नाम मूल ग्रन्थमें पाये भी नहीं जाते। शतककी प्रथम मूलगाथामें कहा गया है कि यह बन्ध-समास प्रकरण संक्षेप रूपसे कर्मप्रवाद नामक श्रुतसागरका निस्यन्दमात्र वर्णन किया गया है। इसी प्रकार सत्तरीकी प्रथम मूलगाथामें कर्ताने कहा है कि मैं यहाँ बन्धोदय व सत्त्व प्रकृति-स्थानोंको दृष्टिवादके निस्यन्द रूप संक्षेपसे कहता हूँ तथा ७१ वीं मूलगाथामें कहा है कि मैंने उक्त विषयका प्रतिपादन उस दृष्टिवादके आधारसे किया है जो दुर्गमनीय, निपुण, परमार्थ, रुचिर और बहुभङ्गी युक्त हैं।

श्वेताम्बर पञ्चसंग्रहमें भी अन्तिम दो प्रकरणोंके नाम ये ही शतक और सत्तरी पाये जाते हैं। उसके प्रथम तीन प्रकरणोंके नाम सत्त्वकर्मप्राभृत, कर्मप्रकृति और कषायप्राभृत ध्यान देने योग्य हैं। दिगम्बर परम्परामें कषायप्राभृत गुणधर आचार्यकृत गाथात्मक रचना है और उसमें रागद्वेषात्मक बन्धहेतुओंका ही प्ररूपण किया गया है। षट्खण्डागमकी धवला टीकाके अनुसार दृष्टिवादके द्वितीय पूर्व आग्रायणीयके पाँचवें अधिकारका नाम च्यवनलब्धि था और उसके २० पाहुड़ोंमेंसे चतुर्थ पाहुड़का नाम था कर्म-प्रकृति। इसी कर्म-प्रकृति पाहुड़के अन्तर्गत कृति, वेदना आदि २४ अधिकार थे जिनका संक्षेप परिचय षट्खंडागम व उसकी धवला टीकामें कराया गया है और उसे संतकम्मपाहुड़ भी कहा गया है। इस प्रकार जहाँ तक कर्म-सिद्धान्तका सम्बन्ध है, न केवल विषयकी दृष्टिसे किन्तु अपने प्राचीनतम ग्रन्थोंके नामों तकमें दिगम्बर और श्वेताम्बर सम्प्रदायोंके बीच कोई विशेष भेद नहीं पाया जाता।

प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके पाँचों अधिकारोंमें मूल गाथाओंकी संख्या ४४५ तथा भाष्यगाथाओंकी संख्या ८६४ कुल १३०९ दिखाई देती है। प्रथम दो अधिकारोंमें भाष्यगाथाएँ नहीं हैं, तथा दूसरे प्रकरण प्रकृति-समुत्कीर्तनमें गाथाएँ केवल १० ही हैं, किन्तु कर्म प्रकृतियोंको गिनानेवाला बहुत-सा अंश प्राकृत गद्यमें है, जो षट्खंडागमके प्रथम खंड जीवट्ठाणकी प्रकृति-समुत्कीर्तन नामक प्रथम चूलिकासे प्रायः जैसेका-तैसा उद्धृत किया गया है और अधिकारका नाम भी वही है। समस्त रचना गोम्मटसारसे भी खूब मेल खाती है। गोम्मटसारका भी दूसरा नाम पञ्चसंग्रह है। वहाँ भी जीवकाण्डकी प्रथम गाथामें 'जीवस्य परूवणं वोच्छं' रूपसे अधिकारके विषयका निर्देश किया गया है जो इस संग्रहमें भी जैसाका तैसा पाया जाता है। उसी प्रकार कर्मकाण्डके आदिमें 'पयडिसमुक्कित्तणं वोच्छं' रूपसे जैसी अधिकारकी सूचना की गई है ठीक वैसी ही यहाँपर पाई जाती है। गोम्मटसारका तीसरा अधिकार 'बंधुदयसत्तजुत्तं ओघादेसे थवं वोच्छं' इस

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रकार कर्मस्तव अधिकारकी सूचनासे प्रारंभ होता है और यहाँ 'बंधोदयसंतजुयं वोच्छामि थवं णिसामेह' इस प्रतिज्ञा वाक्यके साथ। चतुर्थ अधिकार कर्मकाण्डकी ७८५ वीं गाथामें 'पयडीणं पच्चयं वोच्छं'के प्रतिज्ञा-वाक्यसे प्रारम्भ होता है, और यहाँ 'जं पच्चइओ बंधो हवइ'। पाँचवाँ प्रकरण दोनोंमें उक्त प्रकार व्यवस्थित रीतिसे मेल नहीं खाता। गोम्मटसारकी कुल गाथा संख्या १७०५ है, जिनमेंकी बहुत-सी, विशेषतः प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके आदिके दो-तीन भागोंमें क्रमबद्ध जैसीकी तैसी पाई जाती हैं। यही कारण है कि इसके संस्कृत टीकाकार सुमतिकीर्तिने अपनी पुष्पिकाओंमें इसे गोम्मटसार व लघुगोम्मटसार सिद्धांतके नामसे उल्लिखित किया है। जो भी हो किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि गोम्मटसार और प्रस्तुत पञ्चसंग्रहमें असाधारण मेल है। बीस प्ररूपणाओं द्वारा जीव समास निरूपण इन दोनोंमें समान है।

गोम्मटसारके कर्ता नेमिचंद्र सिद्धांत-चक्रवर्ती और उसका रचना-काल १०वीं शतीके सम्बन्धमें कोई सन्देह नहीं। किन्तु प्रस्तुत पञ्चसंग्रहके कर्ता और उनके रचनाकालका कोई निश्चय नहीं पाया जाता। प्रस्तुत ग्रंथकी भूमिकामें सम्पादकने कल्पना की है कि इसकी एक गाथा धवला टीकामें भी पाई जाती है, इसलिए इसकी रचना उससे पूर्वकालकी होनी चाहिए, तथा कर्मप्रकृतिके कर्ता शिवशर्म ही श्वेताम्बर पञ्चसंग्रह अंतर्गत शतकके रचयिता भी माने जाते हैं, अतः उसका रचनाकाल इसकी पूर्वावधि कहा जा सकता है, और इस प्रकार इसकी रचना विक्रमकी ५वीं और ८वीं शतीके मध्यवर्ती कालमें हुई है। किन्तु पूर्वोक्त समस्त ग्रन्थ-परम्पराके प्रकाशमें यह कल्पना निर्णायक नहीं मानी जा सकती। विषयकी दृष्टिसे सम्पादकने हमारा ध्यान इसकी कुछ गाथाओंकी ओर आकर्षित किया है। इसके प्रथम अधिकारकी गाथा १०२–१०४ में द्रव्यवेदोंकी विपरीतताका उल्लेख किया गया है, जबकि धवलाकारने स्पष्ट कहा है कि वेद अन्तर्मुहूर्तक नहीं होते, क्योंकि जन्मसे लेकर मरण पर्यन्त एक ही वेदका उदय पाया जाता है। यही बात अमितगतिने अपने संस्कृत पञ्चसंग्रहकी गाथा १९१ में कही है। उसी प्रकार प्रस्तुत ग्रन्थके प्रथम प्रकरण १९३ की गाथामें सम्यग्दृष्टि जीवकी छह अधस्तन पृथिवियों, ज्योतिषी, वाणव्यंतर और भवनवासी देवों तथा समस्त स्त्री पर्यायोंके अतिरिक्त बारह मिथ्यावादोंमें भी उत्पत्तिका निषेध किया गया है। किन्तु धवला और गोम्मटसारमें एक ही प्रकारसे उक्त निरूपण किया गया है जिसमें बारह मिथ्यावादका कोई उल्लेख नहीं है। यथार्थतः ये दोनों प्रकरण उक्त रचनाको धवलासे पूर्वकी नहीं, किन्तु उससे पश्चात्कालीन इंगित कर रहे हैं। धवलाकारने अपने पूर्ववर्ती सिद्धान्त ग्रन्थोंका यत्र-तत्र स्पष्ट उल्लेख किया है। यदि यह पञ्चसंग्रह उनके सम्मुख होता तो कोई कारण नहीं कि वे उसका उल्लेख न करते, विशेषतः बीस प्ररूपणाओंके प्रसंगमें जहाँ उन्हें शंका-समाधान रूपमें कहना पड़ा है कि उनके निर्देश सूत्रोंमें नहीं हैं। अन्य किन्हीं रचनाओंमें भी इस ग्रन्थका उल्लेख प्रकाशमें नहीं आया। संस्कृत पञ्चसंग्रहके कर्ता अमितगतिके सम्मुख कोई पूर्व-रचित पञ्चसंग्रह अवश्य था, जिसके अन्तिम दो प्रकरणोंके नाम शतक और सत्तरी थे। यह बात माने बिना उनके द्वारा स्वीकार किये गये इन नामोंकी सार्थकता सिद्ध नहीं होती, क्योंकि वहाँ स्वयं इन प्रकरणोंमें सौ और सत्तर पद्योंसे अधिक पाये जाते हैं। सम्भव है प्रस्तुत पञ्चसंग्रहका मूलगाथा भाग ही उनके सम्मुख रहा हो। यदि यह बात ठीक हो तो इसके मूलरचनाकी उत्तरावधि वि० सं० १०७३ सिद्ध होती है, क्योंकि यही उस संस्कृत पञ्चसंग्रहकी रचनाका काल है। किन्तु इन दोनों रचनाओंमें जो अनेक भेद पाये जाते हैं, जिनका उल्लेख प्रस्तुत ग्रन्थके सम्पादकने अपनी भूमिकामें किया है, उन्हें देखते हुए यह बात भी सर्वथा सन्देहके परे नहीं कही जा सकती। इस प्रकार इस रचनाका काल-निर्णय अभी भी विशेष अध्ययनकी अपेक्षा रखता है। हो सकता है कि मूलतः ये पाँचों प्रकरण पृथक् स्वतन्त्र गाथा-संग्रह थे, जिन्हें एकत्र कर व अन्य कुछ गाथाएँ जोड़कर भाष्यकारने पञ्चसंग्रह नामसे प्रगट किया हो। इस सम्बन्धमें यह भी विचारणीय है कि जब पूर्वों व पाहुड़ोंकी परम्परामें षट्खण्डागम व धवला टीकाके काल तक कर्मसिद्धान्तका विवेचन बन्ध, बन्धक, बन्धनीय और बन्ध विधान इन चार अधिकारों द्वारा ही किया जाता रहा, तब यह पाँच अधिकारोंकी परम्परा कब कहाँसे चल पड़ी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पञ्चसंग्रहका यह सर्व-प्रथम प्रकाशन है और उसमें उस समस्त साहित्यका समावेश कर दिया गया है जो मूल संग्रहके आश्रयसे निर्मित हुआ है। इसमें मूल और भाष्य गाथाओंके अतिरिक्त १७वीं शतीमें सुमतिकीर्ति द्वारा रचित टीका भी है, एक प्राकृत वृत्ति भी है तथा श्रीपालसुत डड्ढकृत संस्कृत पञ्चसंग्रह भी है। मूलका पाठ हिन्दी अनुवाद, पादटिप्पण तथा गाथानुक्रमणी व भूमिका परिश्रमसे तैयार किये गये हैं, जिसके लिए हम इसके सम्पादक पं० हीरालाल शास्त्रीको हृदयसे धन्यवाद देते हैं। इस प्रकाशन-के लिए ज्ञानपीठके अधिकारी अभिनन्दनीय हैं। इस ग्रन्थके द्वारा जैन कर्म-सिद्धान्तके अध्ययनको और भी अधिक गति मिलेगी, ऐसी आशा है।

हीरालाल जैन,
आ० ने० उपाध्ये
प्रधान सम्पादक

शोलापुर
१५-६-६०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्पादकीय वक्तव्य

पन्द्रह वर्षसे भी अधिक हुए, जब मुझे प्राकृत पञ्चसंग्रहकी मूल प्रति ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन व्यावरसे प्राप्त हुई और तभी मैंने उसकी प्रतिलिपि कर ली। उसके पश्चात् अन्य कार्योंमें व्यस्त रहनेसे इच्छा रहनेपर भी मैं उसका अनुवाद प्रारम्भ नहीं कर सका। दिनाङ्क ८–३–५३ को अनुवाद करना प्रारम्भ किया, पर वह भी लगातार चालू नहीं रह सका और बीच-बीचमें व्यवधान पड़ता रहा। अन्तमें सन् १९५७ के दिसम्बरमें वह पूरा किया जा सका और उसके पश्चात् वह प्रकाशनार्थ भारतीय ज्ञानपीठ काशी-को सौंप दिया गया। सम्पादक-मण्डलकी स्वीकृति मिल जानेपर ग्रन्थ प्रेसमें दे दिया गया। इसी समय पञ्च-संग्रहकी अधूरी संस्कृत टीका हस्तगत हुई और उसके प्रकाशनार्थ भी सम्पादक-मण्डलको लिखा गया। उसके भी प्रकाशनकी स्वीकृति मिलनेपर मूल और अनुवादके साथ नवमें फार्मसे उसका छपना प्रारम्भ कर दिया गया। इसी बीच प्राकृतवृत्तिकी प्रति आमेरके भण्डारसे और डड्ढाकृत संस्कृत पञ्चसंग्रहकी प्रति ईडरके भण्डारसे प्राप्त हुई। दोनोंकी उपयोगिता समझकर उनके भी प्रकाशनार्थ सम्पादक-मण्डलने स्वीकृति दे दी और अनु-वादके अन्तमें दोनोंको मुद्रित करनेका निर्णय किया गया। फलस्वरूप १८ मासमें यह सम्पूर्ण ग्रन्थ मुद्रित हो सका है। इस प्रकार पूरे पन्द्रह वर्षके पश्चात् पञ्चसंग्रहके सानुवाद-प्रकाशनकी भावना पूर्ण हुई। इसके लिए मैं भारतीय ज्ञानपीठके संस्थापक, संचालक और सम्पादक-मण्डलका आभारी हूँ।

ग्रंथके सम्पादनमें पहले मूलगाथा दी गई है, उसके नीचे संस्कृत टीका (जहाँसे वह उपलब्ध हुई) और उसके नीचे हिन्दी अनुवाद दिया गया है। अमितगतिकृत मुद्रित मूल-संस्कृत पञ्चसंग्रहके जो श्लोक मूल गाथाके छायानुवाद रूप हैं, उन्हें गाथारम्भमें रोमन अङ्कोंके द्वारा टिप्पण-अङ्क देकर टिप्पणीमें सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। दूसरे ग्रन्थोंमें पायी जानेवाली या समता रखनेवाली गाथाओंके ऊपर हिन्दी अङ्कोंमें टिप्पण-अङ्क देकर उसके नीचे टिप्पणीमें स्थान दिया गया है। तदनन्तर प्रतियोंमें प्राप्त होनेवाले पाठ-भेदों-को (+) इत्यादि प्रकारके चिह्न-विशेष देकर टिप्पणीमें स्थान दिया गया है। इन तीनों प्रकारकी टिप्पणियोंमें से प्रथम प्रकारकी टिप्पणीको ग्रन्थारम्भसे लेकर ग्रन्थ-समाप्ति तक चालू रहनेके कारण प्रथम स्थान देना उचित समझा गया है।

संस्कृत टीका-गत जो पद्य जिस ग्रन्थके रहे हैं, उनकी सूचना टिप्पणीमें यथास्थान कर दी गई है। डड्ढाकृत संस्कृत पञ्चसंग्रहमें जो टिप्पणियाँ दी गई हैं, वे सब आदर्श प्रतिके हासियेपर लिखी हुई प्राप्त हुई हैं। प्रतिकी प्राचीनता, लेखनकी समता और अर्थ-बोधकी सरलता आदि कई बातें ऐसी हैं जो हमें यह कहनेके लिए प्रेरित करती हैं कि इन टिप्पणियोंको स्वयं ग्रन्थकार श्री डड्ढाने ही लिखा है।

पञ्चसंग्रह जैसे प्राचीन एवं दुर्गम ग्रन्थके अनुवादका काम कितना कठिन रहा है, यह उसके अभ्या-सियोंसे छिपा न रहेगा। मैंने शक्ति-भर पूरी सावधानी रखी है, फिर भी यदि कहीं कोई चूक रह गई हो, तो विद्वान् पाठकोंसे निवेदन है कि वे उसका सुधार कर लेवें और उससे मुझे सूचित करें।

किसी भी ग्रन्थकी प्रस्तावना लिखनेका कार्य अनुवादसे अधिक कठिन होता है। फिर जिसके कर्त्ता आदिका पता न हो, और दि० श्वे० दोनों सम्प्रदायोंमें मान्य रहा हो, तथा जिसपर दोनों सम्प्रदायके आचार्योंने स्वतन्त्र चूर्णि और टीका-टिप्पण आदि लिखे हों, उसकी प्रस्तावना लिखनेका कार्य तो और भी अधिक गुरुतर एवं समय-साध्य होता है। उसके लिए पर्याप्त समय और पर्याप्त ऐतिहासिक सामग्री अपेक्षित है। मेरे लिए समय और साधन दोनोंकी कमी रही है, इसलिए चाहते हुए भी मैं उन सब बातोंपर प्रकाश नहीं डाल सका हूँ, जिनपर कि उसकी आवश्यकता थी। फिर भी कुछ महत्त्वपूर्ण बातोंकी मैंने प्रस्तावनामें चर्चा की है और आशा करता हूँ कि इस विषयके अधिकारी विद्वान् अपेक्षित सभी मुख्य बातोंपर अनुसन्धान करेंगे और उसे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पाठकोंके सामने रखेंगे। खास तौरसे वे 'पञ्चसंग्रहकार कौन हैं, उनका समय क्या रहा,' इस महत्त्वपूर्ण प्रश्नके समाधानके लिए अपनी अनुसन्धान-प्रवृत्तिको आगे बढ़ावें, ऐसा मेरा नम्र निवेदन है। प्रस्तावनाके लिए ग्रन्थको और आगे रोकना मैंने उचित नहीं समझा और इसलिए जैसी भी सम्भव हो सकी है, वैसी लिखकर उसे पाठकोंके सम्मुख उपस्थित करना ही उचित समझा है।

प्रतियोंकी प्राप्तिके लिए मैं श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन व्यावर, दि० जैन पंचायती मन्दिर, खजूर मस्जिद दिल्ली, दि० जैनशास्त्र-भण्डार ईडर और श्रीमहावीर-शास्त्र-भण्डार जयपुरके संचालकों और व्यवस्थापकोंका आभारी हूँ, जिन्होंने कि अपने-अपने भण्डारोंसे अलभ्य प्राचीन प्रतियाँ प्रस्तुत संस्करणके लिए भेजी हैं। पं० परमानन्दजी शास्त्रीने भी अपनी हस्तलिखित मूल प्रति और प्राकृतवृत्ति मिलानके लिए दी, इसलिए मैं उनका भी आभारी हूँ।

ग्रन्थके अधिकार-विभाजनमें श्री पं० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्त-शास्त्रीने समय-समयपर समुचित परामर्श दिया और संस्कृत टीकाके भी साथमें प्रकाशनार्थ प्रेरणा दी, इसके लिए मैं उनका भी आभारी हूँ। ग्रन्थगत अनेक संदिग्ध पाठोंके निर्णय करनेमें तथा अनुवाद-सम्बन्धी कितनी ही गुत्थियोंके सुलझानेमें श्री० पं० फूलचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्रीका सदैवकी भाँति पूर्ण साहाय्य प्राप्त हुआ है, इसलिए मैं उनका भी बहुत आभारी हूँ। सिद्धान्त ग्रन्थोंके गहरे अभ्यासी श्री० ब्र० रतनचन्द्रजी नेमिचन्द्रजी सहारनपुरसे भी समय-समयपर समुचित सूचनाएँ मिलती रही हैं, और श्री० पं० महादेवजी चतुर्वेदी, व्याकरणाचार्य काशीसे अनेक संदिग्ध पाठोंके संशोधनमें भरपूर सहयोग मिला है; एतदर्थ मैं उनका भी आभारी हूँ।

ग्रन्थ-मुद्रणके समय प्रूफ़-संशोधनार्थ मुझे भारतीय ज्ञानपीठ काशीमें तीन बार लम्बे समय तक ठहरना पड़ा। उस समय मेरी सुख-सुविधा एवं मुद्रण आदिकी समुचित व्यवस्था करनेमें ज्ञानपीठके व्यवस्थापक और उनके स्टाफके समस्त सदस्योंका जो प्रेममय व्यवहार रहा है, उसके लिए मैं किन शब्दोंमें अपनी कृतज्ञता व्यक्त करूँ। सन्मति-मुद्रणालयके कम्पोजीटर्स और कर्मचारियों तकका मेरे साथ मधुर व्यवहार रहा है, इसके लिए मैं उन सबका आभारी हूँ।

श्रावक-शिरोमणि श्रीमान् साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा संस्थापित एवं सौ० श्री रमारानी द्वारा संचालित यह भारतीय ज्ञानपीठ अपने पवित्र सदुद्देश्योंकी पूर्तिमें उत्तरोत्तर अग्रेसर रहे, यही अन्तिम मङ्गल-कामना है।

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी
२९–४–६०

—हीरालाल शास्त्री
साढूमल (झाँसी)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रस्तावना

मूलग्रन्थ प्रति-परिचय

आ यह प्रति श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन ब्यावरकी है। प्राकृत पञ्चसंग्रहकी जितनी भी प्रतियाँ हमें मिल सकीं, उनमें यह सबसे प्राचीन है और अत्यन्त शुद्ध भी है। हमने इसीको आधार बनाकर पञ्चसंग्रहकी प्रतिलिपि की, अतः यह हमारे लिए आदर्श-प्रति रही है।

इस आदर्श-प्रतिका आकार १३ × ५ इंच है। पत्र-संख्या ७५ है। पत्रके प्रत्येक पृष्ठपर पंक्ति-संख्या १० है और प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर-संख्या लगभग ५० के है। इस प्रकार पञ्चसंग्रहकी समस्त गाथाओं, अंक-संदृष्टियों और गद्यांशोंका श्लोक-प्रमाण लगभग ढाई हजार है।

प्रतिके प्रथम पत्रके ऊपरी पृष्ठपर 'पंचसंग्रह ग्रंथ, दिगम्बर जैन मन्दिर गोजगढ़, राज सवाई जैपुर' लिखा है। प्रतिके अन्तमें लेखक-प्रशस्ति इस प्रकार पाई जाती है—

"संवत् १५३७ वर्षे आषाढ़ सुदि ५ श्रीमूलसंघे नंद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारकश्रीपद्मनन्दिदेवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भट्टारकश्रीजिनचन्द्रदेवास्तच्छिष्यमुनिश्रीभुवनकीर्त्तिस्तदाम्नाये खंडेलवालान्वये राउकागोत्रे साधु थेल्हा तद्भार्या थेल्हसिरी, तत्पुत्रास्त्रयो धीरा दानपूजातत्पराः साधु नापा, द्वितीय माणा, तृतीय षेता। नापा-भार्या गोगल, तत्पुत्र दासा। एतेषां मध्ये साधु नापाख्येन इदं ग्रन्थं लिखाप्य बाई गूजरिजोगु दत्तं विद्वद्भिः पठ्यमानं चिरं नंदतु ॥०॥श्री॥"

उक्त प्रशस्तिसे सिद्ध है कि यह प्रति ४८० वर्ष प्राचीन है। इसे खंडेलवाल-वंशीय एवं रांवका-गोत्रीय नापासाहुने लिखवाकर किसी ब्रह्मचारिणी बाई गूजरिजोगुके पठनार्थ प्रदान किया है। नापासाहुने अपने जन्मसे किस नगर या ग्रामको पवित्र किया, इस बातका पता उक्त प्रशस्तिसे नहीं लगता है। संभव है कि प्रशस्तिमें दी गई भट्टारक-परम्पराकी विशेष छान-बीन करनेपर नापासाहुकी जन्म-भूमि आदिका कुछ पता लग जावे।

ब यह प्रति भी श्री ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवनकी है। उपलब्ध प्रतियोंमें प्राचीनताकी दृष्टिसे इसका दूसरा स्थान है और यह भी पूर्व प्रतिके समान शुद्ध है। हाँ, प्राकृत भाषा-सम्बन्धी अनेक पाठ-भेद इसमें पाये जाते हैं, जिन्हें हमने यथास्थान टिप्पणमें ब संकेतके साथ दिया है। दोनों प्रतियोंमें एक मौलिक अन्तर है। शतक-प्रकरणकी गाथा नं० ६ आदर्शप्रतिमें नहीं है, जबकि वह इस प्रतिमें तथा इसके अतिरिक्त उपलब्ध अन्य अनेक प्रतियोंमें पाई जाती है।

इस प्रतिका आकार लेना हम भूल गये। पत्र-संख्या १०६ है। पत्रके प्रत्येक पृष्ठपर पंक्ति-संख्या १० है और प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर-संख्या ३४-३५ के लगभग है। इस प्रतिमें ग्रन्थ-समाप्तिकी सूचना करते हुए निम्न गद्य-सन्दर्भ भी पाया जाता है—

"इति पंचसंग्रहः समाप्तः ॥ श्री ॥ * ॥ वासपुधत्तं त्रयाणामुपरि नवानां मध्यं ४–५–६–७–८–९॥ श्री क्वचित्समाप्तौ चेति दृश्यते ॥७।८॥ अंतःकोडाकोडिसंज्ञा सागरोपमैककोट्युपरि कोटीकोटीमध्यं। अन्तःकोडाकोडिसंज्ञा गोमटसारटीकायां समयूणकोडाकोडिप्यहुदि समयाहियकोडि त्ति ॥"

इस गद्य-सन्दर्भमें किसी पाठकने तीन बातोंकी जानकारी दी है—पहली बातमें वर्षपृथक्त्वका प्रमाण बतलाया है कि तीन वर्षसे ऊपर और नौ वर्षसे नीचेके मध्यवर्ती कालको वर्षपृथक्त्व कहते है। दूसरी बात 'इति' शब्दके सम्बन्धमें बतलाई है कि इति शब्दका प्रयोग कहीं 'समाप्ति'के अर्थमें भी देखा जाता है। तीसरी बात जो बतलाई गई है, वह एक सैद्धान्तिक मत-भेदको व्यक्त करती है। एक मतके अनुसार एक सागरोपम कोटि वर्षसे ऊपर और एक सागरोपम कोटाकोटि वर्षसे नीचेके कालको 'अन्तःकोडाकोडी' कहते हैं। किन्तु गोम्मटसारकी टीकामें एक समयाधिक कोटिवर्षसे लेकर एक समय-कम कोटाकोटिवर्ष तकके कालको अन्तःकोडाकोडी कहा गया है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इसके पश्चात् लेखकने अपनी प्रशस्ति इस प्रकार दी है—

"॥श्री॥ संवत् १५४८ वर्षे आसो सुदि ३ शनौ सागवाडाशुभस्थाने श्री आदिनाथ चैत्यालये श्री मूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्री विजयकीर्त्ति तच्छिष्य आ० श्री अभयचन्द्रदेवाः तच्छिष्य मु० महीभूषणेन कर्मक्षयार्थं स्वयमेव लिखितं ॥छ॥ शुभं भवतु ॥"

॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥ श्री ॥

इस प्रशस्तिमें लेखकने प्रायः सभी आवश्यक बातोंकी जानकारी दे दी है। तदनुसार यह प्रति आजसे ४६९ वर्ष पूर्वकी लिखी हुई है। इसके लेखक मुनि महीभूषणने सागवाड़ाके श्री आदिनाथ चैत्यालयमें बैठकर कर्म-क्षयके लिए स्वयं ही अपने हाथसे इसे लिखा है। इस दृष्टिसे इस प्रतिका महत्त्व बहुत अधिक है कि वह एक मुनिके हाथसे लिखी हुई है और उस समय—जब कि जीवराज पापड़ीलाल जैसे सम्पन्न गृहस्थ सहस्रों जैन मूर्त्तियोंके निर्माण और प्रतिष्ठापनमें लग रहे थे, तब एक साधु कर्म-सिद्धान्तके एक प्राचीन ग्रन्थको लिखकर कर्म-क्षयके लिए अपनी आत्म-साधनामें संलग्न थे। आज भी यह अनुकरणीय है।

उक्त प्रशस्तिके पश्चात् भिन्न वर्णकी स्याही और बारीक कलमसे लिखा है—

"मुनिश्रीरविभूषणस्तच्छिष्य ब्रह्मगणजीष्णोरिदं पुस्तकं ॥"

तत्पश्चात् भिन्न कलमसे 'ब्र० वछराज' लिखा है। तदनन्तर इसके नीचे अन्य स्याही और अन्य कलमसे लिखा है—

"इदं पुराणं आचार्य श्री रामकीर्त्तिको छै"

ऊपरके इन उल्लेखोंसे पता चलता है कि मुनि महीभूषणके पश्चात् उक्त प्रति मुनि श्री रविभूषणके शिष्य ब्रह्मगण जिष्णुके पास रही है। तदनन्तर ब्र० वच्छराजजीके अधिकारमें रही है, जो कि अपना नाम तक भी शुद्ध नहीं लिख सकते थे। उनके पश्चात् यह प्रति 'श्री रामकीर्ति' के पास रही है। उनके ज्ञान और भावनाका अनुमान इस जरा-सी पंक्तिसे ही हो जाता है कि वे पंचसंग्रह जैसे कर्म-सिद्धान्तके ग्रन्थको एक पुराण ही समझते हैं और इसपर अपना अधिकार बतलानेके लिए स्वयं ही अपने आपको "आचार्यश्री" बतलाते हुए "रामकीर्त्तिको छै" लिख रहे हैं। ये आचार्य नहीं, किन्तु कोई ऐसे भट्टारक प्रतीत होते हैं, जिन्हें उक्त पंक्तिके प्रारम्भिक 'इदं' पदका 'अस्ति' क्रियाके साथ सम्बन्ध जोड़ने और पद-विभक्तिको शुद्ध लिखनेका भी संस्कृत ज्ञान नहीं था।

उपरि-निर्दिष्ट दोनों प्रतियोंके अतिरिक्त हमें जयपुर-शास्त्र भण्डारकी दूसरी दो और प्रतियाँ भी श्री कस्तूरचन्द्रजी काशलीवालकी कृपासे प्राप्त हुईं, जो कि ऐलक सरस्वती भवनकी प्रतियोंके बादकी लिखी हुई हैं। इनमें प्रायः वे ही पाठ उपलब्ध हुए, जो कि ऊपरकी दोनों प्रतियोंमें पाये जाते हैं। किन्तु अपेक्षाकृत ये दोनों प्रतियाँ कुछ स्थलोंपर अशुद्ध लिखी दृष्टि-गोचर हुईं, अतएव उनके साथ प्रेस-कापीका मिलान करनेपर भी उनके पाठ-भेद देना हमने आवश्यक नहीं समझा और इसीलिए उन प्रतियोंका कोई परिचय भी नहीं दिया जा रहा है।

संस्कृत टीका प्रतिका परिचय

द यह प्रति श्रीदि० जैन पंचायती मन्दिर खजूर मस्जिद दिल्लीके प्राचीन शास्त्र-भण्डारकी है। यद्यपि यह प्रति अत्यन्त जीर्ण-शीर्ण और खण्डित है, तथापि उक्त शास्त्रभण्डारके संरक्षकोंने उसका जीर्णोद्धार करके उसे पढ़ने और प्रतिलिपि करनेके योग्य बना दिया है। वर्तमान प्रतिमें प्रारम्भके दो पत्र तथा १८१ और १९४ का पत्र तो बिलकुल ही नहीं हैं, १८२ वाँ पत्र आधा है और २४–२५वाँ पत्र खण्डित एवं गलित है तथा बीचके कितने ही पत्रोंमें पानी लग जानेके कारण स्याही फैल गई है। इस प्रतिके अन्तमें पत्र-संख्या यद्यपि २०१ दी हुई है तथापि उसकी प्रतिलिपि करते समय ज्ञात हुआ कि प्रारम्भसे लेकर ५४वें पत्रके उत्तरार्धकी १३वीं पंक्ति तक तो पञ्चसंग्रहकी केवल मूल गाथाएँ ही लिखी गई हैं, टीकाका प्रारम्भ तो इस पत्रके उत्तरार्धकी १३वीं पंक्तिके 'खीयंति ॥३३॥ च्छ्वासाः ४ प्रत्येकशरीरं'से होता है। इस स्थलको देखते

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हुए यह स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि इस प्रतिके लेखकको भी प्रस्तुत टीका प्रारम्भसे नहीं प्राप्त हुई है, प्रत्युत मूल पञ्चसंग्रह और उसकी संस्कृत टीकाकी खण्डित प्रतियाँ ही प्राप्त हुई हैं और लेखकने उसकी पूर्वापर छान-बीन किये विना ही प्रतिलिपि करते हुए एक ही सिलसिलेसे पत्रोंपर अङ्क-संख्या डाल दी है।

पत्र ५४के जिस स्थलसे टीकाका 'प्रत्येकशरीरं' अंश प्रारम्भ होता है, वह यह सूचित करता है, कि इस प्रतिके लेखकके सामने प्रस्तुत टीकाका प्रारम्भिक अंश नहीं रहा है। गहरी छान-बीनके बाद ज्ञात हुआ कि टीकाका जो अंश उपलब्ध हो रहा है, वह पञ्चसंग्रहके तीसरे कर्मस्तवकी ४० वीं गाथाके चतुर्थ चरणका टीकांश है। इस प्रकार यह निष्कर्ष निकला कि पञ्चसंग्रहके समग्र प्रथम, द्वितीय प्रकरणोंकी, तथा तृतीय प्रकरणके प्रारम्भसे लेकर ४० गाथाओंकी टीका अनुपलब्ध है। फिर भी यह उचित समझा गया कि जहाँसे भी टीका उपलब्ध है, वहाँसे ही मुद्रित कर देना चाहिए। अन्यथा कालान्तरमें यह अवशिष्ट अंश भी नष्ट हो जावेगा।

उपलब्ध प्रतिका आकार ८½ × ४½ इञ्च है। पत्र-संख्या २०१ है। प्रत्येक पत्रमें पंक्तिसं० पत्र ५५ तक १६ और आगे १५ है। प्रत्येक पंक्तिमें अक्षर-संख्या ५०–५२ है। यदि प्रारम्भकी अप्राप्त टीकाके पत्रोंकी संख्या ५४ ही मान ली जाय तो प्रस्तुत टीका १० हजार श्लोक प्रमाण सिद्ध होती है। इसमेंसे यदि मूल ग्रन्थकी गाथाओंका लगभग दो हजार प्रमाण कम कर दिया जावे, तो टीका परिमाण आठ हजार श्लोक-प्रमाण ठहरता है। प्रस्तुत प्रतिके अन्तमें निम्न पुष्पिका पाई जाती है—

"सं० १७११ वर्षे शाके १५७६ प्रवर्तमाने आश्विन सुदि ९ सोमवासरे श्रीपट्टणानगरे चतुर्मासि कृता। श्रेयोऽर्थं कल्याणमस्तु।"

प्रतिके इस लेखनकालसे ज्ञात होता है कि यह टीका-प्रति टीका-रचनाके ठीक ९१ वर्षके बाद लिखी गई है। यद्यपि लेखक या लिखानेवालेका इसमें कोई उल्लेख नहीं है तथापि 'चतुर्मासि' कृता पदसे यह अवश्य ज्ञात होता है कि किसी अच्छे ज्ञानी साधु, भट्टारक या ब्रह्मचारीने पटना नगरमें किये हुए चौमासेमें इसे लिखा है। इस प्रतिके अक्षर अत्यन्त सुन्दर हैं और प्रायः सभी संदृष्टियोंकी रेखाएँ लाल स्याहीसे खींची गई हैं।

इस टीका-प्रतिको देखते हुए ऐसा स्पष्ट ज्ञात होता है कि इस प्रतिके लिखे जानेके पश्चात् किसी विद्वान्ने उसे पढ़ा है और संशोधन भी किया है जो कि हासियेपर भिन्न स्याही और भिन्न कलमसे अंकित है।

प्राकृतवृत्ति-परिचय

संस्कृत-टीकाकी प्रशस्तिके पश्चात् परिशिष्ट रूपमें जो प्राकृत वृत्ति-सहित मूल पंचसंग्रह मुद्रित (पृ० ५४७ई०) किया गया है, उसकी दो प्रतियाँ हमें उपलब्ध हुईं—एक श्री कस्तूरचन्द्रजी काशलीवालकी कृपासे जयपुर शास्त्र-भण्डारकी और दूसरी पं० परमानन्दजी शास्त्रीकी कृपासे—जिसपर कि ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन बम्बईकी मुहर लगी हुई है। इन दोनोंमें पहली बहुत प्राचीन है और दूसरी एक दम अर्वाचीन। वस्तुतः इसे नवीन ही कहना चाहिए, क्योंकि यह १५-२० वर्ष पूर्वकी ही लिखी हुई है और बहुत ही अशुद्ध है। इस प्रतिके लेखकने जिस प्राचीन प्रति परसे उसकी प्रतिलिपि की, वह सम्भवतः प्राचीन लिपिको ठीक पढ़ नहीं सका और इसीलिए उसकी प्रत्येक पंक्ति अशुद्धियोंसे भरी हुई है।

जयपुर-शास्त्र-भण्डारकी जो प्रति प्राप्त हुई, उसके आधारपर ही प्राकृत-वृत्तिकी प्रेस कापी की गई है। प्रतिलिपि करते हुए हमें यह अनुभव हुआ कि जहाँ एक ओर वह प्रति उपरिनिर्दिष्ट समस्त प्रतियोंमें सर्वाधिक प्राचीन है, वहाँपर उसकी लिखावट भी अति दुरूह है। इसके लिखनेमें—खासकर नहीं पढ़े जा सकनेवाले सन्दिग्ध पाठोंके शुद्ध रूपकी कल्पना करनेमें हमें पर्याप्त परिश्रम करना पड़ा है, तथापि कितने ही स्थल संदिग्ध ही रह गये और उनके स्थानपर या तो [ ] इस प्रकारके खड़े कोष्ठकके भीतर कल्पित पाठ लिखा गया, अथवा (?) ऐसे गोल कोष्ठके भीतर प्रश्नवाचक चिह्न देकर छोड़ देना पड़ा। इस प्रतिका आकार १२ × ४½ इंच है और पत्र संख्या ९८ है। वेष्टन नं० १००४ है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रतिके अन्तमें जो लेखक-प्रशस्ति पाई जाती हैं, वह इस प्रकार है—

"संवत् १५२६ वर्षे कातिक सुदि ५ श्रीमूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे श्रीकुन्दकुन्दाचार्यान्वये भ० श्रीपद्मनन्दिस्तत्पट्टे भ० श्रीशुभचन्द्रदेवास्तत्पट्टे भ० श्रीजिनचन्द्रदेव भ० श्रीपद्मनन्दिसिक्ष (शिष्य) मु० मदनकीर्त्तिस्तच्छिष्य ब्र० नरसिंघ तस्योपदेशात् खण्डेलवालान्वये वाकुल्या वालगोत्रे सं पचाइण भार्या केलू तयो त्र जैता भार्या जैतश्री तयोः पुत्र जिणदास सं० पचाइणाख्येन इदं शास्त्रं लिखापितम्।"

इस प्रशस्तिसे स्पष्ट है कि इस प्रतिको ब्र० नरसिंहके उपदेशसे खण्डेलवाल वंशीय और वाकलीवाल-गोत्रीय संघी या संघपति पचाइणने लिखवाया।

प्राकृतवृत्तिके पश्चात् (पृ० ६६३ ई०) श्रीडड्ढाकृत संस्कृत पञ्चसंग्रह मुद्रित किया गया है। इसकी एक मात्र प्रति ईडरके शास्त्र-भण्डारसे प्राप्त हुई है जिसका वेष्टन नं० २१ है। इसका आकार १२×५ इञ्च है। पत्र-संख्या ९५ है। प्रति-पृष्ठ पंक्ति-संख्या १० और प्रति-पंक्ति अक्षर-संख्या ३५-३६ है। प्रति साधारणतः शुद्ध है, किन्तु पडिमात्रा और गुजराती टाइपकी अक्षर-बनावट होनेसे पढ़नेमें दुर्गम है। कागज बाँसका और पतला है। प्रतिके अन्तमें लेखन-काल नहीं दिया है, तथापि वह लिखावट आदिकी दृष्टिसे, ३०० वर्षके लगभग प्राचीन अवश्य है।

पञ्चसंग्रह-परिचय

समस्त जैन वाङ्मयमें पंचसंग्रहके नामसे उपलब्ध या उल्लिखित ग्रन्थोंकी तालिका इस प्रकार है—

(१) **दि० प्राकृतपञ्चसंग्रह**—उपलब्ध सर्व पञ्चसंग्रहोंमें यह सबसे प्राचीन दि० परम्पराका ग्रन्थ है। मूल प्रकरणोंके समान उनके संग्रह करनेवाले और उनपर भाष्य-गाथाएँ लिखनेवाले इस ग्रन्थकारका नाम और समय अभी तक अज्ञात है। पर इतना तो निश्चय पूर्वक कहा ही जा सकता है कि श्वेताम्बराचार्य श्री चन्द्रर्षिमहत्तरके द्वारा रचे गये पंचसंग्रहसे यह प्राचीन है। मूलप्रकरणोंके साथ इसकी गाथा-संख्या १३२४ है। गद्यभाग लगभग ५०० श्लोक प्रमाण है। यह प्रस्तुत ग्रन्थ पहली बार प्रकाशित हो रहा है।

(२) **श्वे० प्राकृत पञ्चसंग्रह**—कर्मसिद्धान्तकी जिन मान्यताओंमें दिगम्बर-श्वेताम्बर आचार्योंका मतभेद रहा है, उनमेंसे श्वे० परम्पराके अनुसार मन्तव्योंको प्रकट करते हुए प्राचीन शतक आदि पाँच ग्रन्थोंका संक्षेप कर स्वतन्त्ररूपसे इस ग्रन्थकी रचना की गई है। इसमें शतक आदि मूलग्रन्थोंकी गाथाएँ नहीं हैं। समस्त गाथा-संख्या १००५ है। रचना कुछ क्लिष्ट होनेसे ग्रन्थकारने इस पर स्वोपज्ञ वृत्ति भी लिखी है। जिसका प्रमाण आठ हज़ार श्लोक है। इसपर मलयगिरिकी संस्कृत टीका भी है। यह ग्रंथ उक्त दोनों टीकाओंके साथ मुक्ताबाई ज्ञानमन्दिर डभोइ (गुजरात) से सन् १९३८ में प्रकाशित हुआ है। श्वे० मान्यतासे इसका रचनाकाल विक्रमकी सातवीं शताब्दी है।

(३) **दि० संस्कृत पञ्चसंग्रह** (प्रथम) दि० प्रा० पञ्चसंग्रहको आधार बनाकर उसे यथासम्भव पल्लवित करते हुए आ० अमितगतिने इसकी संस्कृत श्लोकोंमें रचना की है। इसके पाँचों प्रकरणोंकी श्लोक-संख्या १४५६ है। लगभग १००० श्लोक-प्रमाण गद्य-भाग है। इसका रचना-काल वि० सं० १०७३ है। यह मूल रूपमें सर्व-प्रथम माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला बम्बईसे सन् १९२७ में प्रकाशित हुआ और पीछे पं० वंशीधरजी शास्त्रीके अनुवादके साथ सोलापुरसे प्रकाशित हुआ है।

(४) **दि० सं० पञ्चसंग्रह** (द्वितीय)—इसकी रचना भी दि० प्रा० पञ्चसंग्रहको आधार बनाकर की गई है। इसमें अमितगतिके सं० पञ्चसंग्रहकी अपेक्षा अनेक विशेषताएँ हैं जिनका दिग्दर्शन आगे कराया जायगा। इसके रचयिता श्रीपालसुत श्री डड्ढा हैं, जो एक जैन गृहस्थ हैं। इसकी समस्त श्लोक-संख्या १२४३ है और गद्य-भाग लगभग ७०० श्लोक प्रमाण है। इसका रचनाकाल अनुमानतः विक्रमकी सत्तरहवीं शताब्दी है। इसकी एकमात्र प्रति ईडरके भण्डारसे प्राप्त हुई। यह पहली बार इसी ग्रन्थके साथ परिशिष्ट रूपमें प्रकाशित हो रहा है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(५) **दि० प्रा० पञ्चसंग्रह टीका**—दि० प्राकृत पञ्चसंग्रहपर यह एकमात्र संस्कृत टीका उपलब्ध हुई है, वह भी अपूर्ण। इस प्रतिका विशेष परिचय प्रति-परिचयमें दिया जा चुका है। टीका बहुत सरल है; मूलके भावको उत्तम रीतिसे प्रकट करती है। टीकाकारने अर्थको स्पष्ट करनेके लिए मूल प्राकृत या संस्कृत पञ्चसंग्रहमें दी गई संदृष्टियोंके अतिरिक्त अनेकों और भी संदृष्टियाँ लिखी हैं। इस टीकाके रचयिता श्री सुमतिकीर्त्ति हैं, जो सम्भवतः भट्टारक थे। इस टीकाकी रचना वि० सं० १६२० के भादों सुदी १० को हुई है।

(६) **दि० प्राकृत पञ्चसंग्रह मूल और प्राकृत वृत्ति**—प्रा० पञ्चसंग्रहके मूल आधार जो पाँच मूल ग्रन्थ हैं, उनके ऊपर श्री **पद्मनन्दिने** प्राकृत वृत्तिकी रचना की है, जिसकी शैली प्राचीन चूर्णियोंके समान है। यह मूल और वृत्ति दोनों ही अपनी एक खास महत्ता रखती है, यह आगे बताया जायगा। इसके मूल प्रकरणोंकी गाथा-संख्या ४१८ है और प्राकृतवृत्तिका परिमाण लगभग ४००० श्लोक है। ये दोनों ही प्रथम बार इसी ग्रन्थके साथ परिशिष्टमें प्रकाशित हो रहे हैं। प्राकृतवृत्तिका रचनाकाल भी अभी तक अज्ञात ही है।

इनके अतिरिक्त और भी अनेक पंचसंग्रहोंका उल्लेख मिलता है। उनमेंसे गोम्मटसार जीवकांड-कर्मकाण्डको भी पञ्चसंग्रह कहा जाता है; उनमें भी उक्त ग्रन्थोंके समान बन्धक, बन्धव्य, आदि पाँचों विषयों-का प्रतिपादन किया गया है। दि० प्राकृत पञ्चसंग्रहके संस्कृत टीकाकार तो इसी कारण इतने अधिक भ्रमित हुए हैं कि उन्होंने प्रत्येक प्रकरणकी समाप्ति करते हुए "इति श्रीपञ्चसंग्रहापरनाम लघुगोम्मटसार टीकायां" लिखा है और टीकाके अन्तमें भी "इति श्री लघुगोम्मटसार टीका समाप्ता" लिखा है। श्री हरि दामोदर बेलंकरने अपने श्री जिनरत्न कोशमें 'पञ्चसंग्रह दीपक" नामके एक और भी ग्रन्थका उल्लेख किया है। इसके रचयिता श्री इन्द्रवामदेव हैं। उन्होंने इसे गोम्मटसारका पद्यानुबाद बतलाया है और उसके पाँचों प्रकरणोंकी श्लोक-संख्या क्रमशः ८२५ + १४१ + १२५ + १८७ + २२० दी है, जिनका योग १४९८ होता है। यह अभी तक मेरे देखनेमें नहीं आई, इसलिए इसके विषयमें इससे अधिक और कुछ नहीं कहा जा सकता है।

उक्त जिनरत्नकोशमें हरिभद्रसूरि-द्वारा बनाये गये एक और पञ्चसंग्रहका उल्लेख किया गया है। पर हरिभद्रसूरि-रचित ग्रन्थोंकी जितनी भी सूचियाँ मेरे देखनेमें आई हैं, उनमेंसे किसीमें भी मैंने इस ग्रन्थका नाम नहीं देखा। इसके प्रकाशमें आनेपर ही उसके विषयमें कुछ विशेष जाना जा सकेगा।

उपर्युक्त विवेचनसे इतना तो स्पष्ट है कि पञ्चसंग्रहके आधारभूत बन्ध, बन्धक आदि पाँचों द्वार जैन दर्शनके लक्ष्यभूत मुख्य विषय हैं और इसीलिए दोनों सम्प्रदायके आविर्भाव होनेके पहलेसे ही जैन आचार्यों-ने उनपर प्रकरण-ग्रन्थोंकी रचना की और उनके आधारपर दोनों ही सम्प्रदायोंके आचार्योंने 'पञ्चसंग्रह' यही नाम देकर उनपर तदाधारसे स्वतन्त्र ग्रन्थोंकी रचनाएँ की और अनेक टीका-टिप्पणियों और चूर्णियोंको लिखा।

जैन वाङ्मयमें पञ्चसंग्रह नामके अनेक ग्रन्थ उपलब्ध हैं, जिनमेंसे कुछ प्राकृतमें और कुछ संस्कृतमें रचे गये हैं। इनमेंसे कुछ दिगम्बराचार्योंके द्वारा रचे गये हैं और कुछ श्वेताम्बराचार्योंके द्वारा। यहाँ एक बात खास तौरसे ज्ञातव्य है और वह यह कि इन दोनों सम्प्रदायोंके द्वारा रचे गये या संकलन किये गये पंचसंग्रहोंमें जिन पाँच ग्रंथों या प्रकरणोंका संग्रह है, उनमेंसे एकाधको छोड़कर प्रायः सभी ग्रन्थों या मूल प्रकरणोंके रचयिताओंके नामादि अभी तक भी अज्ञात हैं और इसीसे उन मूल ग्रन्थोंकी प्राचीनता प्रमाणित होती है। मूलग्रन्थोंके अध्ययन करनेपर ऐसा ज्ञात होता है कि उनकी रचना उस समय हुई है, जबकि जैन-परम्परा अक्षुण्ण थी और उसमें दिगम्बर-श्वेताम्बर जैसे भेद उत्पन्न नहीं हुए थे। कालान्तरमें जब इन दोनों भेदोंने जैन-परम्परामें अपना स्थान दृढ़ कर लिया, तब पूर्व-परम्परासे चले आये श्रुतको उन्होंने अपनी-अपनी मान्यताओंके अनुरूप निबद्ध करना प्रारम्भ किया। संस्कृत-ग्रन्थोंमें जैसे तत्त्वार्थसूत्र अपनी-अपनी मान्यता-गत पाठ-भेदोंके साथ दोनों सम्प्रदायोंमें सम्मानित है और दोनों ही सम्प्रदायोंके आचार्योंने उसपर टीका-टिप्पण और भाष्यादि लिखे हैं, ठीक उसी प्रकार प्राकृत ग्रन्थोंमें हमें एकमात्र पंचसंग्रह ही

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऐसा ग्रन्थ अभी तक उपलब्ध हुआ है, जिसके मूल-प्रकरण दोनों सम्प्रदायोंमें थोड़ेसे पाठ-भेदोंके साथ समानरूपसे सम्मान्य हैं और दोनों ही सम्प्रदायके आचार्योंने उसपर प्राकृत भाषामें भाष्य-गाथाएँ और चूर्णियाँ, तथा संस्कृत भाषामें टीका और वृत्ति आदि रची हैं।

दोनों सम्प्रदायोंके इन पञ्चसंग्रहोंमें निबद्ध, संकलित या संगृहीत वे पाँच ग्रन्थ या प्रकरण कौनसे हैं, पाठकोंको यह जिज्ञासा होना स्वाभाविक है, अतः सर्वप्रथम उन प्रकरणोंका परिचय दिया जाता है। दि० पञ्चसंग्रहके पाँचों प्रकरणोंके नाम दो प्रकारसे मिलते हैं, जो इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रकार	द्वितीय प्रकार
१ जीवसमास	१ बन्धक
२ प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन	२ बध्यमान
३ बन्धस्तव	३ बन्धस्वामित्व
४ शतक	४ बन्ध-कारण
५ सप्ततिका	५ बन्ध-भेद

श्वे० पञ्चसंग्रहके पाँचों प्रकरणोंके नाम दो प्रकारसे मिलते हैं, जो कि इस प्रकार हैं—

प्रथम प्रकार	द्वितीय प्रकार
१ सत्कर्मप्राभृत	१ बन्धक
२ कर्मप्रकृति	२ बन्धव्य
३ कषायप्राभृत	३ बन्ध-हेतु
४ शतक	४ बन्ध-विधि
५ सप्ततिका	५ बन्ध-लक्षण

दि० परम्पराके पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकारवाले पाँचों प्रकरण संग्रहकारके बहुत पहलेसे स्वतन्त्र ग्रन्थके रूपमें चले आ रहे थे। संग्रहकारने देखा कि उनकी रचना संक्षिप्त या सूत्रात्मक है, तो उसने पूर्व-परम्परागत ग्रन्थोंके नामोंको और उनकी गाथाओंको ज्यों-का-त्यों सुरक्षित रखकर और उन गाथाओंको मूलगाथाका रूप देकर उनपर भाष्य-गाथाओंकी रचना की। दूसरे प्रकारके नाम मिलते हैं अमितगतिके पञ्चसंग्रहमें, जिन्होंने पूर्वोक्त प्राचीन प्राकृत पञ्चसंग्रहका संस्कृत भाषामें कुछ पल्लवित पद्यानुवाद किया है। परन्तु उन्होंने भी प्रत्येक प्रकरणके अन्तमें नाम वे ही प्राचीन दिये हैं। द्वितीय प्रकारके नामोंका तो उल्लेख उन्होंने ग्रन्थके प्रारम्भमें किया है। परन्तु अर्थकी दृष्टिसे द्वितीय प्रकारके नामोंकी संगति प्रथम प्रकारके नामोंके साथ बैठ जाती है। यथा—

१ बन्धक नाम कर्मके बाँधनेवालेका है, जीवसमासमें कर्म-बंध करनेवाले जीवोंका ही चौदह मार्गणा और गुणस्थानोंके द्वारा वर्णन किया गया है।

२. बध्यमान नाम बंधनेवाले कर्मोंका है; प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन नामक द्वितीय अधिकारमें उन्हीं कर्मोंकी मूलप्रकृतियों और उत्तर प्रकृतियोंका वर्णन किया गया है।

३. बन्ध-स्वामित्व और बन्धस्तव एकार्थक ही हैं।

४. शतक यह नाम वस्तुतः गुण-कृत नहीं, अपितु संख्याकृत है अर्थात् इस प्रकरणकी मूल प्राचीन-गाथाएँ १०० ही हैं, इसलिए इसे शतक कहते हैं और इसमें कर्मबन्धके कारण आदिका ही वर्णन है, अतः ये दोनों नाम भी परस्परमें संगत बैठ जाते हैं।

५. सप्ततिका यह नाम भी संख्याकृत है, क्योंकि इस प्रकरणकी मूल-गाथाएँ भी ७० ही हैं और उनमें कर्मबन्धके योग, उपयोग, लेश्या आदिकी अपेक्षा भेदों या भंगोंका वर्णन किया गया है।

इस प्रकारसे दि० परम्पराके पञ्चसंग्रहोंमें पाये जानेवाले दोनों प्रकारके नामोंमें कोई मौलिक अन्तर या भेद नहीं है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किन्तु श्वे० पञ्चसंग्रहकी स्थिति कुछ भिन्न है। उसके रचयिताने स्वयं ही दोनों प्रकारके नाम दिये हैं। जिनमें प्रथम प्रकारके नामोंका उल्लेख करते हुए कहा है कि यतः इस ग्रन्थमें शतक आदि पाँच ग्रन्थ यथा-स्थान संक्षिप्त करके संग्रह किये गये हैं, अतः इस ग्रन्थका नाम पञ्चसंग्रह है। अथवा इसमें बन्धक आदि पाँच अधिकार वर्णन किये गये हैं, इसलिए भी इसका पंचसंग्रह यह नाम यथार्थ या सार्थक है[1]।

प्राकृत और संस्कृत पञ्चसंग्रहकी तुलना

आ० अमितगतिने अपने संस्कृत पञ्चसंग्रहकी रचना यद्यपि प्राकृत पञ्चसंग्रहके आधारपर ही की है, तथापि उनकी रचनामें अनेक विशेषताएँ या विभिन्नताएँ हैं, जिनका विश्लेषण हम निम्नप्रकारसे कर सकते हैं—

(१) मौलिक मत-भेद या विशेष मान्यताओंका निरूपण
(२) पल्लवित वैशिष्ट्य
(३) व्युत्क्रम या आगे-पीछे वर्णन
(४) स्खलन या विषयका छोड़ देना
(५) शैली-भेद
(६) कुछ विशिष्ट ग्रन्थ या ग्रन्थकारोंके उद्धरण-उल्लेख आदि

१. मौलिक मत-भेद या विशेष मान्यताओंका निरूपण

१. प्रा० पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें वेदमार्गणाके भीतर द्रव्य और भाववेदकी जीवोंके सदृशता और विसदृशता वर्णन करनेवाली दो गाथाएँ इस प्रकार हैं—

तिव्वेद एव सव्वे वि जीवा दिट्ठा हु दव्वभावादो।
ते चेव हु विवरीया संभवंति जहाकमं सव्वे ॥१०२॥
इत्थी पुरिस णउंसय वेया खलु दव्व-भावदो होंति।
ते चेव य विवरीया हवंति सव्वे जहाकमसो ॥१०४॥

दोनों गाथाएँ अर्थकी दृष्टिसे प्रायः समान हैं, इसलिए अमितगतिने दूसरी गाथाके आधारपर केवल एक श्लोक रचा है—

स्त्रीपुन्नपुंसका जीवाः सदृशाः द्रव्य-भावतः।
जायन्ते विसदृशाश्च कर्मपाकनियन्त्रिताः ॥१९२॥

ऊपरकी दोनों गाथाओंका और इस श्लोकका अर्थ एक ही है कि जीव कर्मोदयसे द्रव्य और भाववेद-की अपेक्षा स्त्री, पुरुष और नपुंसकरूपमें कभी सदृश भी होते हैं और कभी विसदृश भी होते हैं। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारके सम्मुख संभवतः अन्य मान्यता भी उपस्थित थी और इसलिए प्रा० पञ्चसंग्रहमें उसके नहीं होते हुए भी उन्होंने उसे यहाँ स्थान दिया, जो कि इस प्रकार है—

नान्तर्मौहूर्त्तिका वेदास्ततः सन्ति कषायवत्।
आजन्ममृत्युतस्तेषामुदयो दृश्यते यतः ॥१९१॥

कषायोंके उदयके समान वेदोंका उदय अन्तर्मुहूर्त्तमात्र कालावस्थायी नहीं है; क्योंकि जन्मसे लेकर मरण-पर्यन्त एक जीवके एक ही वेदका उदय देखा जाता है।

---

१. सयगाइ पंच गंथा जहारिहं जेण एत्थ संखित्ता।
दाराणि पंच अहवा तेण जहत्थाभिहाणमिणं ॥
(श्वे० पंचसं० द्वा० १ गा० २)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२. पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें गुणस्थानोंकी प्ररूपणाके पश्चात् जीवसमासोंका निरूपण करते हुए अमितगति कहते हैं—

चतुर्दशसु पञ्चाद्याः पर्याप्तास्तत्र वर्तते ।
एतच्छास्त्रमतेनाद्ये गुणस्थानद्वयेऽपरे ॥९६॥
पूर्णाः पञ्चेन्द्रियः संज्ञी चतुर्दशसु वर्तते ।
सिद्धान्तमततो मिथ्यादृष्टौ सर्वे गुणे परे ॥९७॥

अर्थात् इस शास्त्रके मतसे आदिके दो गुणस्थानोंमें सभी जीवसमास होते हैं। किन्तु सिद्धान्तके मतसे केवल मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें ही सर्वजीवसमास होते हैं।

३. दूसरे प्रकृतिसमुत्कीर्त्तन नामके प्रकरणमें प्रा० पञ्चसंग्रहकारने बन्धयोग्य प्रकृतियोंकी संख्या १२० और उदय-योग्य प्रकृतियोंकी संख्या १२२ बतलाई है और यह मान्यता दि० और श्वे० सभी कर्म-विषयक ग्रन्थोंके अनुरूप ही है। पर इस स्थलपर सं० पञ्चसंग्रहकार उक्त मान्यतानुसार बन्ध और उदयके योग्य प्रकृतियोंकी संख्या बतलानेके अनन्तर लिखते हैं—

मतेनापरसूरीणां सर्वाः प्रकृतयोऽङ्गिनाम् ।
बन्धोदयौ प्रपद्यन्ते स्वहेतुं प्राप्य सर्वदा ॥

कुछ आचार्योंके मतसे सभी अर्थात् १४८ प्रकृतियाँ ही अपने-अपने निमित्तको पाकर बन्ध और उदयको प्राप्त होती हैं।

४. सं० पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणमें स्थितिबन्धका वर्णन करते हुए श्लोकाङ्क २०८ के नीचे एक गद्य-भाग इस प्रकारका मुद्रित है—

"पञ्चसंग्रहाभिप्रायेणेदं; सिद्धान्ताभिप्रायेण पुनरायुषोऽप्याबाधो नास्ति; स्थितिः कर्मनिषेचनम् "।

प्रयत्न करनेपर भी मैं इस पंक्तिके द्वारा सूचित किये गये पंचसंग्रह और सिद्धान्तके अभिप्राय-भेदको नहीं समझ सका। यहाँ प्रकरण यह है कि आयुकर्मके सिवाय शेष सात कर्मोंका जो स्थितिबन्ध हुआ है, उसमेंसे उनका आबाधा काल घटाकर जो स्थितिबन्ध शेष रहता है, उतना उनका कर्म-निषेककाल होता है। किन्तु आयुकर्मका जितना स्थितिबन्ध होता है, उतना ही कर्म-निषेककाल होता है। (देखो प्रा० पंचसंग्रह प्रकरण चौथेकी गा० ३९५)। इसी गाथाके आधारपर जो श्लोक इस स्थलपर अमितगतिने दिया है, वह भी गाथाके छायानुवाद रूप ही है। वह गाथा और श्लोक इस प्रकार हैं—

गाथा—आबाधूणट्ठिदी कम्मणिसेओ होइ सत्तकम्माणं ।
ठिदिमेव णिया सव्वा कम्मणिसेओ य आउस्स ॥३९५॥

श्लोक—आबाधो नास्ति सप्तानां स्थितिः कर्मनिषेचनम् ।
कर्मणामायुषो वाचि स्थितिरेव निजा पुनः ॥२०८॥

गाथाके अनुसार ही श्लोकका अर्थ भी है, फिर यह विचारणीय बात है कि इसी श्लोकके नीचे मत-भेदकी सूचक उपर्युक्त पंक्ति दी हुई है। माणिकचन्द-ग्रन्थमालासे प्रकाशित पञ्चसंग्रहमें जो उक्त श्लोक मुद्रित है उसपर गौर करनेसे पाठककी दृष्टि उसके प्रथम चरण और उसपर दी गई टिप्पणीकी ओर जानेपर इस समस्याका समाधान सहजमें हो जाता है। प्रथम चरण इस प्रकार मुद्रित है—

"आबाधो नास्ति सप्तानां"

ज्ञात होता है कि इसके सम्पादकको आदर्श प्रतिमें भी ऐसा ही पाठ उपलब्ध हुआ और इसीलिए इसके नीचेकी पंक्तिको प्रमाण मानकर उन्होंने भी एक टिप्पणी इसपर दे दी, जो इस प्रकार है—

"अपरसिद्धान्ताभिप्रायेण सप्तकर्मणामाबाधो नास्ति। तर्हि किमस्ति ? कर्मनिषेचनम्। × × × पञ्चसंग्रहाभिप्रायेण सप्तानां कर्मणामाबाधाऽस्ति, आयुष्कर्मणोऽपि ज्ञातव्यम्।"

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस टिप्पणीके देनेमें सम्पादक-महोदयको उक्त श्लोकके नीचे दी गई उक्त पंक्ति ही प्रेरक हुई है और उस पंक्तिको उन्होंने सं० पञ्चसंग्रहके रचयिता आ० अमितगतिकी ही लिखी समझ ली है। पर वास्तविक स्थिति इसके प्रतिकूल है। यथार्थमें यह पंक्ति किसी पुराने पाठकने उक्त अशुद्ध पाठको शुद्ध मान करके और उस पाठपर चिह्न लगाकर टिप्पणीके तौरपर प्रतिके हासियेपर लिखी होगी। कालान्तरमें उस प्रतिकी प्रतिलिपि करनेवाले लेखकने उसे मूलका अंश समझकर उसे उक्त श्लोकके पश्चात् ही लिख दिया। इस प्रकार मूलपाठ 'आबाधो नास्ति' इस पदकी (आबाधा + ऊना + अस्ति) सन्धिको नहीं समझ सकनेके कारण जैसी भूल पुराने पाठकसे हो गई थी, ठीक वैसी ही भूल अशुद्ध पाठ और उक्त पंक्तिके सामने होनेपर इसके सम्पादकसे भी हो गई है और उसीके फलस्वरूप उन्होंने भी उक्त भ्रमोत्पादक टिप्पणी दे दी है।

इस सारे कथनका निष्कर्ष यह है कि इस स्थलपर उक्त पंक्ति न तो सं० पञ्चसंग्रहका अंग है और न उसे वहाँपर होना चाहिए। फिर उसके आधारपर दी गई टिप्पणीकी व्यर्थता तो स्वतः सिद्ध हो जाती है। पञ्चसंग्रहादि कर्मग्रन्थ और सिद्धान्तग्रन्थ सभी उक्त विषयमें एक मत हैं।

२. पल्लवित वैशिष्ट्य

प्रा० पञ्चसंग्रहके प्रथम प्रकरणमें ज्ञान मार्गणाके भीतर अवधिज्ञानका वर्णन केवल दो गाथाओंमें किया गया है। पर अमितगतिने उसे पर्याप्त पल्लवित किया है और षट्खण्डागम तथा धवला टीकाके आधारसे चार श्लोकोंके द्वारा कितनी ही नवीन बातोंकी सूचना की है। जैसे—तीर्थङ्कर, देव और नारकियोंके अवधिज्ञान सर्वाङ्गसे उत्पन्न होता है, किन्तु शेष जीवोंके यदि वे मिथ्यादृष्टि हैं तो नाभिके नीचे सरट, मर्कट, काक, खर आदि अशुभ चिह्नोंसे प्रकट होता है और यदि वे सम्यग्दृष्टि हैं, जो नाभिके ऊपर शंख, पद्म, श्रीवत्स आदि शुभ चिह्नोंसे उत्पन्न होता है। (देखो सं० पञ्चसंग्रह, प्रथम प्रकरण, श्लोक २२३–२२५)

इसी प्रकारका पल्लवित वैशिष्ट्य संस्कृत पञ्चसंग्रहमें अनेक स्थलोंपर दृष्टिगोचर होता है, जिसकी तालिका इस प्रकार है—

प्रथम जीवसमास प्रकरणमें अनन्तके नौ भेद (श्लोक ६–७), ग्यारह प्रतिमाएँ (श्लो० २९–३२), वर्ग, वर्गणा और स्पर्धक (श्लो० ४५–४६), गुणस्थानोंमें औदार्यकादि भाव (श्लो० ५२–५८), गुणस्थानोंमें जीवोंकी संख्या आदि (श्लो० ५९–९१), चतुर्गतिनिगोद (श्लो० १११), स्थावरकायिक जीवोंके आकार (श्लो० १५४) त्रसनालीके बाहिर त्रसोंकी उपस्थिति (श्लो० ११६) तैजस्कायिक और वायुकायिक आदि जीवोंकी विक्रिया आदि (श्लो० १८१–१८५), द्रव्य-भाववेदकी अपेक्षा नौ भेद (श्लो० १९३–१९४), तीनों वेदवालोंके चिह्न-विशेष (श्लो० १९५–१९८), मति, श्रुत अवधिज्ञानके भेद-प्रभेद (श्लो० २१४–२२६), कषाय, नोकषाय और क्षायोपशमिकचारित्र (श्लो० २३४–२३७), द्रव्य-भाव-लेश्याओंका वर्णन (श्लो० २५४–२६३), पञ्च लब्धियोंका विस्तृत स्वरूप (श्लो० २८६ से २८९ तक तथा इनके मध्यवर्ती विस्तृत गद्यभाग) और तीन सौ तिरेसठ पाखण्डवादियोंका विस्तृत विवेचन (श्लो० ३०९–३१६ तथा इनके बीचका गद्य भाग) किया गया है।

प्रा० पंचसंग्रहमें चारों संज्ञाओंका केवल स्वरूप ही कहा गया है। किन्तु अमितगतिने प्रकरणोपयोगी होनेसे स्वरूपके साथ ही यह भी बतलाया है कि किस गुणस्थान तक कौन-सी संज्ञा होती है। (देखो सं० पञ्चसंग्रह प्रक० १, श्लो० ३४५–३४७)

प्रा० पञ्चसंग्रहके दूसरे प्रकरणमें उद्वेलना-प्रकृतियोंकी केवल संख्या ही गिनाई गई है। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारने साथमें उद्वेलनाका लक्षण भी दे दिया है, जो कि प्रकरणको देखते हुए बहुत उपयोगी है।

प्रा० पञ्चसंग्रहके तीसरे प्रकरणमें चूलिकाधिकारके भीतर नौ प्रश्नोंका उत्तर प्रकृतियोंके नाममात्र गिनाकर दिया गया है। किन्तु सं० पञ्चसंग्रहकारने इस स्थलपर गद्य और पद्य भागके द्वारा प्रत्येक प्रश्नका सहेतुक विस्तृत वर्णन किया है, जो कि अभ्यासी व्यक्तिके लिए अत्युपयोगी है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सं० पञ्चसंग्रहके चौथे प्रकरणमें अमितगतिने जिन विशिष्ट विषयोंकी चर्चा की है उनका संस्कृत-टीकाकारने यथास्थान निर्देश कर उन श्लोकोंको भी अधिकांशमें उद्धृत कर दिया है। इसके लिए देखिए—गा० १०२,१०३–१०४,१४०,१७८–१७९,२१५,२२६,२८८,३०४,३९३–३९४,३९५,४६६,४८९,४९५, ५०२,५१४–५१५ और ५१६–५१९की संस्कृतटीका और हिन्दी अनुवाद।

इसी चौथे प्रकरणमें स्थितिबन्धका उपसंहार करते हुए आयुर्बन्ध-सम्बन्धी अन्य कितनी ही बातोंका वर्णन सं० पञ्चसंग्रहकारने किया है। (इसके लिए देखिए श्लो० २५८–२६०)

प्रा० पञ्चसंग्रहकी गा० ४६६ में शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्धके स्वामियोंका वर्णन किया गया है। गाथा-पठित 'शेष' पदसे कितनी और कौन-सी प्रकृतियाँ प्रकृतमें ग्राह्य हैं, इसका भी ऊहापोह अमितगतिने श्लो० २९० से २९२ तक किया है, जिसकी चर्चा उक्त गाथाके विशेषार्थमें इन श्लोकोंके उद्धरणके साथ कर दी गई है।

प्रा० पञ्चसंग्रहके पाँचवें प्रकरणमें समुद्घातगत केवलीको अपर्याप्त मानकर नामकर्मके बीस प्रकृतिक आदि उदयस्थानोंका वर्णन नहीं किया गया है। किन्तु अमितगतिने (पृष्ठ १७९ पर) **'उदये विंशतिः'** श्लोकको आदि लेकर **'अत्रैकत्रिंशतं स्थानं'** श्लोक तक समुद्घातगत केवलीके सर्व उदयस्थानोंका वर्णन किया है। (देखो, प्रकरण ५, श्लोक ५७४ से ५८३ तक)

३. व्युत्क्रम वर्णन

[मूलगा०५६] [1]सव्वट्ठिदीणमुक्कस्सओ दु उक्कस्ससंकिलेसेण।
विवरीओ दु जहण्णो आउगतिगं वज्ज सेसाणं[1] ॥४२५॥

आउतियं णिरयाउं विणा।

तिर्यग्मनुष्यदेवायुष्कत्रिकं वर्जयित्वा शेषाणां सप्तदशोत्तरसर्वप्रकृतीनामुत्कृष्टस्थितिबन्धः उत्कृष्टसंक्लेश-परिणामेन भवति। तु पुनः तासां प्रकृतीनां ११७ जघन्यस्थितिबन्धः उत्कृष्टविशुद्धपरिणामेन भवति। तत्रयस्य तु उत्कृष्टविशुद्धपरिणामेन जघन्यं तद्विपरीतेनोत्कृष्टमविशुद्धपरिणामेन च भवति ॥४२५॥

आयुत्रिकको छोड़कर शेष सर्व प्रकृतियोंकी स्थितियोंका उत्कृष्ट बन्ध उत्कृष्ट संक्लेशसे होता है और उनका जघन्य स्थितिबन्ध विपरीत अर्थात् संक्लेशके कम होनेसे होता है ॥४२५॥

यहाँपर आयुत्रिकसे अभिप्राय नरकायुके विना शेष तीन आयुकर्मोंसे है।

[मूलगा०५७] [2]सव्वुक्कस्सठिदीणं मिच्छादिट्ठी दु बंधगो भणिओ।
आहारय-तित्थयरं देवाउगं च विमोत्तूणं[2] ॥४२६॥

[मूलगा०५८] [3]देवाउगं पमत्तो+ आहारयमप्पमत्तविरदो दु।
तित्थयरं च मणुस्सो अविरयसम्मो समज्जेइ[3] ॥४२७॥

उत्कृष्टस्थितिबन्धकमाह—['सव्वुक्कस्स ठिदीणं' इत्यादि।] आहारकद्विकं २ तीर्थंकरत्वं १ देवायुश्चेति १ चत्वारि मुक्त्वा शेष ११६ प्रकृतिसर्वोत्कृष्ट-स्थितीनां मिथ्यादृष्टिरेव बन्धको भणितः। तच्चतुर्णां आहारकद्वयतीर्थंकरत्वदेवायुषां तु सर्वोत्कृष्टस्थितीनां सम्यग्दृष्टिरेव बन्धको भवति। तत्रापि विशेषमाह—'देवाउगं पमत्तो। इति पाठे देवायुरुत्कृष्टस्थितिकं प्रमत्त एवाप्रमत्तगुणस्थानाभिमुखो बध्नाति। अप्रमत्ते तदव्युच्छित्तावपि तत्र सातिशये तीव्रविशुद्धत्वेन तद्देवायुर्बन्धाभिरतिशये चोत्कृष्टासम्भवात्। तु पुनः आहारकद्वयं उत्कृष्टस्थितिकं अप्रमत्तः प्रमत्तगुणस्थानाभिमुखः संक्लिष्ट एव बध्नाति, आयुस्त्रयवर्जितानां

1 सं० पञ्चसं० ४, २३६–२४३। 2. ४, २४४। 3. ४, २४५।
१. शतक० ५८। २. शतक० ५९। ३. शतक० ६०।
+ब. प्रतौ 'देवाउमप्पमत्तो' इति पाठः।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उत्कृष्टस्थितिरुत्कृष्टसंक्लेशेनेत्युक्तत्वात् । तीर्थकरत्वं उत्कृष्टस्थितिकं नरकगतिगमनाभिमुखमनुष्यासंयत-सम्यग्दृष्टिरेव बध्नाति ॥४२६-४२७॥

आहारकद्विक, तीर्थङ्कर और देवायुको छोड़कर शेष सर्व प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितियोंका बन्धक मिथ्यादृष्टि जीव कहा गया है। देवायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध प्रमत्तसंयत, आहारकद्विकका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अप्रमत्तसंयत और तीर्थङ्करप्रकृतिका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अविरत सम्यग्दृष्टि मनुष्य करता है ॥४२६-४२७॥

विशेषार्थ—इन चारों प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धके विषयमें इतना विशेष जानना चाहिए—देवायुका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध अप्रमत्तगुणस्थान चढ़नेके अभिमुख हुए अप्रमत्तसंयतके होता है। आहारकद्विकका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध प्रमत्तगुणस्थानमें आनेके लिए अभिमुख हुए अप्रमत्तसंयतके होता है। तीर्थङ्करप्रकृतिका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध नरकगतिमें जानेको अभिमुख हुए असंयतसम्यग्दृष्टि मनुष्यके होता है।

[मूलगा०५६] [1]पण्णरसण्हं ठिदि-उक्कस्सं बंधंति मणुय-तेरिच्छा ।
छण्हं सुर-णेरइया ईसाणंता सुरा तिण्हं[1] ॥४२८॥

१५।६।३।

देवाउग वज्जेविय आउयतिय सुहुमणामऽपज्जत्तं ।
साहारण वियलिंदिय वेउव्वियछक्क पण्णरसं ॥४२९॥

।१५।

तिरियगई ओरालं तस्स य तह अंगवंगणामं च ।
तिरियगइआणुपुव्वी असंपत्तं चेव उज्जोवं ॥४३०॥
छण्हं सुर-णेरइया ठिदिमुक्कस्सं ❀करिंति पयडीणं ।
एइंदिय आयावं थावरणामं सुरा तिण्णि ॥४३१॥

६।३।

शेषाणां ११६ उत्कृष्टस्थितिबन्धकमिथ्यादृष्टीन् गाथापञ्चकेनाऽऽह—['पण्णरसण्हं' इत्यादि ।] देवाऽऽयुष्कं वर्जयित्वा नरक-तिर्यङ्मनुष्यायुष्यत्रयं ३ सूक्ष्मनाम १ अपर्याप्तं १ साधारणं १ विकलत्रयं ३ वैक्रियिकषट्कं ६ चेति पञ्चदशप्रकृतीनां १५ उत्कृष्टस्थितिबन्धं मनुष्यास्तिर्यञ्चश्च बध्नन्ति । तिर्यग्गतिः १ औदारिकशरीरं १ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ तिर्यग्गत्यानुपूर्वी असम्प्राप्तसृपाटिकासंहननं १ उद्योतः १ चेति षण्णां प्रकृतीनां ६ उत्कृष्टस्थितिबन्धं सुर-नारकाः कुर्वन्ति बध्नन्तीत्यर्थः । एकेन्द्रियं १ आतपः १ स्थावर-नाम चेति तिसृणां प्रकृतीनां ३ उत्कृष्टस्थितिबन्धं भवनत्रिक-सौधर्मैशानजा देवा बध्नन्ति ॥४२८-४३१॥

(वक्ष्यमाण) पन्द्रह प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिको मनुष्य और तिर्यञ्च बाँधते हैं, छह प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिको देव-नारकी बाँधते हैं और तीन प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिको ईशान स्वर्ग तकके देव बाँधते हैं ॥४२८॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २४६-२४८ ।
१. शतक० ६१ ।
❀ब किरंति ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब भाष्यगाथाकार उक्त प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

देवायुको छोड़कर शेष तीन आयु, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, विकलेन्द्रित्रिक और वैक्रियिकषट्क, इन पन्द्रह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध मनुष्य और संज्ञी पंचेन्द्रियतिर्यञ्च करते हैं। तिर्यग्गति, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, औदारिकशरीर, तथा उसके अंगोपाङ्गनामकर्म, सृपाटिकासंहनन और उद्योत; इन छह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध देव और नारकी करते हैं। एकेन्द्रिय, आतप और स्थावरनामकर्म, इन तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध ईशानकल्प तकके देव और देवी करते हैं ॥४२९-४३१॥

विशेषार्थ—उत्कृष्ट संक्लेशसे कुछ हीन, या नीचे उतरते संक्लेशको ईषन्मध्यम संक्लेश[1] करते हैं।

[मूलगा०६०] [1]सेसाणं चउगइया ठिदि-उक्कस्सं †करिंति पयडीणं।
उक्कस्ससंकिलेसेण ईसिमहमज्झिमेणावि[1] ॥४३२॥

शेषाणां द्वानवतिसंख्योपेतप्रकृतीनां ९२ उत्कृष्टस्थितिबन्धं उत्कृष्टसंक्लेशेन परिणामेनाथवा ईषन्मध्यमसंक्लिष्टेन परिणामेन चातुर्गतिका मिथ्यादृष्टयो जीवा कुर्वन्ति बध्नन्ति ९२ ॥४३२॥

ऊपर कही हुई प्रकृतियोंके सिवाय जितनी भी शेष बानवै प्रकृतियाँ हैं, उनका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध चारों गतिके जीव उत्कृष्ट संक्लेशसे, अथवा ईषन्मध्यम संक्लेशसे करते हैं ॥४३२॥

अब मूलशतककार शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाले स्वामियोंका निर्देश करते हैं—

अब मूलशतककार जघन्य स्थितिबन्धके स्वामित्वका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०६१] [2]आहारय-तित्थयरं णियट्टि अणियट्टि पुरिस संजलणं।
बंधइ सुहुमसराओ सायजसुच्चावरण विग्घं[2] ॥४३३॥

३।५। दंसणावरणचउक्कं ।१७।

अथ जघन्यस्थितिबन्धस्वामिजीवान् गाथाद्वयेनाऽऽह–['आहारयतित्थयरं' इत्यादि।] आहारकाहारकाङ्गोपाङ्गद्वयस्य तीर्थकरत्वस्य च जघन्यस्थितिं अपूर्वकरणो निर्बध्नाति ३। पुंवेद-चतुःसंज्वलनानां जघन्यस्थितिं अनिवृत्तिकरणगुणस्थानस्थो मुनिर्बध्नाति ५। सातवेदनीयं १ यशस्कीर्त्तिं १ उच्चैर्गोत्रं १ ज्ञानावरणपञ्चकं ५ दानाद्यन्तरायपञ्चकं ५ चक्षुरचक्षुरवधिकेवलदर्शनावरणचतुष्कं ४ चेति सप्तदशप्रकृतीनां जघन्यस्थितिबन्धं सूक्ष्मसाम्पराय एव बध्नाति १७ ॥४३३॥

आहारकद्विक और तीर्थङ्करनामकर्म; इन तीन प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिको अपूर्वकरण-क्षपक; पुरुषवेद और संज्वलनचतुष्क इन पाँचकी जघन्य स्थितिको अनिवृत्तिकरण-क्षपक; तथा पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, पाँच अन्तराय, सातावेदनीय, यशःकीर्त्ति और उच्चगोत्र; इन सत्तरह प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिको सूक्ष्मसाम्पराय-क्षपक बाँधते हैं ॥४३३॥

३।५। (ज्ञानावरण ५ + दर्शनावरण ४ + अन्तराय ५ + सा० १ य० १ उ० १) १७

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २४९। 2. ४, २५०-२५१।

१. शतक० ६२। २. शतक० ६३।

†ब किरंति।

१. उक्कोससंकिलेसाओ ऊण-ऊणतराणि य ठिइबन्धज्झवसाणठाणाणि, तेहिंपि तमेव उक्कस्सियं ठिइं णिव्वत्तेंति, ते ईसिमज्झिमा वुच्चंति। शतकचूर्णि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[मूलगा०६२] [1]छण्हमसण्णी ट्ठिदिं कुणइ जहण्णमाउगाणमण्णयरो ।
सेसाणं पज्जत्तो बायर एइंदियविसुद्धो[1] ॥४३४॥

।६।४।

देवगति-देवगत्यानुपूर्व्य-नरकगति-तदानुपूर्व्य-वैक्रियिकतदङ्गोपाङ्गानां षण्णां प्रकृतीनां जघन्यस्थिति-बन्धं असंज्ञी एव बध्नाति ६ । आयुषां चतुर्णां जघन्यस्थितिं संज्ञी वा असंज्ञी वा बध्नाति ४ । शेषाणां पञ्चाशीतिप्रकृतीनां ८५ एकेन्द्रियो बादरः पर्याप्तको जीवो विशुद्धिं प्राप्तः सन् जघन्यस्थितिबन्धं बध्नाति ॥४३४॥

वैक्रियिकषट्कका जघन्य स्थितिबन्ध असंज्ञी पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च करता है। देवायु और नरकायुका जघन्य स्थितिबन्ध कोई एक संज्ञी या असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीव करता है। मनुष्य और तिर्यगायुका जघन्य स्थितिबन्ध कर्मभूमियां मनुष्य या तिर्यञ्च करते हैं। शेष ८५ प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिबन्ध सर्वविशुद्ध, बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तक जीव करता है ॥४३४॥

अब भाष्यगाथाकार उक्त कथन-गत विशेषताका स्पष्टीकरण करते हैं—

[2]णिरयदुयस्स असण्णी पंचिंदियपुण्णओ ठिदिजहण्णं ।
जीवो करेइ जुत्तो तज्जोगो† संकिलेसेण ॥४३५॥
तिस्से हवेज्ज हेऊ सो चेव य कुणइ सुरचउक्कस्स ।
णवरि विसेसो जाणे सव्वविसुद्धीए जुत्तो दु ॥४३६॥
[3]पंचिंदिओ असण्णी सण्णी वा कुणइ मंदठिदिबंधं ।
णिरयाउस्स य मिच्छो सव्वविसुद्धो दु पज्जत्तो ॥४३७॥
देवाउस्स य एवं तप्पाओग्गेण संकिलेसेण ।
जुत्तो णवरि य जीवो जहण्णबंधट्ठिदिं कुणइ ॥४३८॥
[4]मणुय-तिरियाउयस्स हि तिरिक्ख-मणुसाण कम्मभूमीणं ।
ठिदिबंधो दु जहण्णो तज्जोयासंकिलेसेण ॥४३९॥
[5]सेसाणं पयडीणं जहण्णबंधट्ठिदिं कुणइ ।
एइंदियपज्जत्तो सव्वविसुद्धो दु बायरो जीवो ॥४४०॥

सेसा ८५ ।

एवं ठिदिबंधो समत्तो ।

वैक्रियिकषट्कस्य बन्धको विशेषयति—['णिरयदुगस्स असण्णी' इत्यादि ।] नारकद्विकस्य नरक-गति-तदानुपूर्व्यद्वयस्य जघन्यस्थितिबन्धं पञ्चेन्द्रियः पर्याप्तकः असंज्ञी जीवः करोति बध्नाति २ । स कथम्भूतः ? असंज्ञी तद्योग्यसंक्लेशपरिणामेन युक्तः सहितः तस्य नरकद्विकस्य जघन्यस्थितिबन्धकः । स एवाऽसंज्ञी पर्याप्तकः सुरचतुष्कस्य जघन्यस्थितिबन्धहेतुरसंज्ञी पञ्चेन्द्रियः पर्याप्तको भवति—देवगति-तदानुपूर्व्य-वैक्रियिक-तदङ्गोपाङ्गानां चतुर्णां जघन्यस्थितिबन्धकोऽसंज्ञी पञ्चेन्द्रियपर्याप्तको भवति । नवरि विशेषः—

1. सं० पञ्चसं० ४. २५२ । 2. ४, २५३-२५४ । 3. ४, २५५ । 4. ४, २५६ । 5. ४, २५७ ।

१. शतक० ६४ ।

†ब गं ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सर्वविशुद्धया युक्तः, इति विशेषं त्वं जानीहि हे भव्य ! मिथ्यादृष्टिः पञ्चेन्द्रियः पर्याप्तकोऽसंज्ञी जीवः, अथवा संज्ञी जीवो वा नारकायुषो मन्दस्थितिबन्धं जघन्यस्थितिबन्धं करोति बध्नाति । स कथम्भूतः ? असंज्ञी संज्ञी वा तत्प्रायोग्यं योऽसंज्ञी नरकायुषो जघन्यस्थितिबन्धकः सः संक्लिष्टपरिणत्या युक्तः । यः संज्ञी जीवः नरकायुषो जघन्यस्थितिबन्धकः स सर्वविशुद्धः सर्वविशुद्धया युक्तः । देवायुषश्च एवं नरकायुष्योक्तवत् मिथ्यादृष्टिः असंज्ञी पञ्चेन्द्रियपर्याप्तकः संज्ञी पञ्चेन्द्रियपर्याप्तको वा देवायुषः जघन्यस्थितिबन्धं करोति । किञ्चिन्नवरि विशेषः—योऽसंज्ञी मिथ्यादृष्टिः पञ्चेन्द्रियपर्याप्तकः देवायुषो जघन्यस्थितिबन्धकः स विशुद्धिपरिणत्या युक्तः, यस्तु संज्ञी मिथ्यादृष्टिः पर्याप्तकः देवायुषो जघन्यस्थितिबन्धकः स तत्प्रायोग्यसंक्लेशेन युक्तः, इति विशेषं जानीहि । कर्मभूमिजानां तिर्यग्मनुष्याणां मनुष्यतिर्यगायुषोर्द्वयोर्जघन्यस्थितिबन्धो भवति । अन्तर्मुहूर्त्तकालः जघन्यस्थितिबन्धः । केन ? तद्योग्यसंक्लेशेन । शेषाणां पञ्चाशीतिप्रकृतीनां ८५ जघन्यस्थितिबन्धं बादरैकेन्द्रियपर्याप्तको जीवस्तद्योग्यविशुद्ध एव करोति बध्नाति ८५ ॥४३५–४४०॥

इति स्थितिबन्धः समाप्तः ।

नरकद्विक अर्थात् नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीका जघन्यस्थितिबन्ध तद्-योग्य संक्लेशसे युक्त असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक तिर्यञ्च जीव करता है । जो जीव नरकद्विकका जघन्य स्थितिबन्ध करता है, वही जीव ही सुरचतुष्क (देवगति, देवगत्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक-अङ्गोपाङ्ग) का भी जघन्य स्थितिबन्ध करता है । केवल इतनी बात विशेष जानना चाहिए कि सुरचतुष्कका बन्धक तद्-योग्य सर्वविशुद्धिसे युक्त होता है । नरकायुका जघन्य स्थितिबन्ध संक्लेशपरिणतिसे युक्त मिथ्यादृष्टि पर्याप्त असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय अथवा सर्वविशुद्ध संज्ञी-पञ्चेन्द्रिय करता है । देवायुका जघन्य स्थितिबन्ध भी नरकायुके बन्धकके समान पर्याप्त, मिथ्यादृष्टि असंज्ञी अथवा संज्ञी जीव करता है । केवल इतनी विशेषता ज्ञातव्य है कि यदि वह बन्धक असंज्ञी हो तो सर्वविशुद्ध और यदि संज्ञी हो, तो तद्-योग्य संक्लेशसे युक्त होना चाहिए । मनुष्यायु और तिर्यगायुका जघन्य स्थितिबन्ध तद्-योग्य संक्लेशसे युक्त कर्मभूमिके तिर्यञ्च और मनुष्योंके होता है । शेष बचीं ८५ प्रकृतियोंको जघन्य स्थितिबन्धको बादर, पर्याप्तक, सर्वविशुद्ध एकेन्द्रिय जीव करता है ॥४३५–४४०॥

इस प्रकार स्थितिबन्ध समाप्त हुआ ।

अब अनुभागबन्धका निरूपण करते हैं—

[1]सादि अणादिय अट्ठ य पसत्थिदरपरूवणा तहा सण्णा ।
पच्चय-विवाय देसा सामित्तेणाह अणुभागो ॥४४१॥

८।१४

अथ कर्मणां रसविशेषो विपाकरूपोऽनुभागस्तस्य बन्धभेदान् गाथाद्विचत्वारिंशता प्राह—['सादि अणादिय अट्ठ य' इत्यादि ।] अनुभागबन्धश्चतुर्दशधा भवति । स कथम् ? साद्यादयोऽष्टौ इति । साद्यनुभागबन्धः १ अनाद्यनुभागबन्धः २ ध्रुवानुभागबन्धः ३ अध्रुवानुभागबन्धः ४ जघन्यानुभागबन्धः ५ अजघन्यानुभागबन्धः ६ उत्कृष्टानुभागबन्धः ७ अनुत्कृष्टानुभागबन्धः ८ प्रशस्तप्ररूपणानुभागबन्धः ९ अप्रशस्ताशुभप्रकृत्यानुभागबन्धः १० तथा देशघाति-सर्वघातिका इति संज्ञानुभागबन्धः ११ मिथ्यात्वादिप्रधानप्रत्ययानुभागबन्धनिर्देशः १२ विपाकानुभागबन्धोपदेशः १३ स्वामित्वेन सहानुभागबन्धः १४ इति चतुर्दशानुभागबन्धान् आह ॥४४१॥

1. सं० पञ्चसं० ४, २६१ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनुभागबन्धके चौदह भेद हैं—वे इस प्रकार हैं—१ सादि-अनुभागबन्ध, २ अनादि-अनुभागबन्ध, ३ ध्रुव-अनुभागबन्ध, ४ अध्रुव-अनुभागबन्ध, ५ जघन्य-अनुभागबन्ध, ६ अजघन्य-अनुभागबन्ध, ७ उत्कृष्ट-अनुभागबन्ध, ८ अनुत्कृष्ट-अनुभागबन्ध, ९ प्रशस्तप्रकृति-अनुभागबन्ध, १० अप्रशस्तप्रकृति-अनुभागबन्ध, ११ देशघाति-सर्वघातिसंज्ञानुभागबन्ध, १२ प्रत्ययानुभागबन्ध, १३ विपाकानुभागबन्ध और १४ स्वामित्वेन सह अनुभागबन्ध। इन चौदह भेदोंकी अपेक्षा अनुभागबन्धका वर्णन किया जायगा ॥४४१॥

अब पहले मूलप्रकृतियोंके उत्कृष्ट-अनुत्कृष्टादि भेदोंमें संभव सादि आदि अनुभागबन्धका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०६३] [1]घाईणं अजहण्णो अणुक्कस्सो वेयणीय-णामाणं।
अजहण्णमणुक्कस्सो गोए अणुभागबंधम्मि[1] ॥४४२॥

[मूलगा०६४] [2]साइ अणाइ धुव अधुवो बंधो दु मूलपयडीणं।
सेसतिए दुवियप्पो आउचउक्के वि एमेव[2] ॥४४३॥

एत्थ च उक्कस्सादीणं साइयादयो भेदा।

अथ मूलप्रकृतीनामुत्कृष्टाद्यनुभागानां साद्यादिसम्भवासम्भवौ गाथाद्वयेनाऽऽह—['घाईणं अजहण्णो' इत्यादि।] घातिनां ज्ञानावरण-दर्शनावरण-मोहनीयान्तरायाणां मूलप्रकृतीनां चतुर्णां अजघन्यानुभागबन्धः स सादिबन्धः १ अनादिबन्धः २ ध्रुवबन्धः ३ अध्रुवबन्धः ४ इति अजघन्यानुभागबन्धः घातिनां चतुर्विधो भवति ४। वेदनीय-नामकर्मणोर्द्वयोरनुत्कृष्टानुभागबन्धः साद्यनादि-ध्रुवाध्रुवभेदाच्चतुर्विधो भवति ४। गोत्रकर्मणोऽनुभागबन्धे अजघन्यानुत्कृष्टानुभागबन्धौ साद्यनादिध्रुवाध्रुवभेदाच्चतुर्विधौ ४। शेषत्रिकेषु द्विविकल्पः घातिनां शेषत्रिके इत्युक्ते जघन्योत्कृष्टा[नुत्कृष्टा]नुभागबन्धेषु साद्यध्रुवौ अनुभागबन्धौ द्वौ भवतः। वेदनीय-नामकर्मणोः शेषत्रिके इत्युक्ते उत्कृष्ट-जघन्याजघन्येषु साद्यध्रुवौ अनुभागबन्धौ भवतः ३। गोत्रस्य जघन्योत्कृष्टानुभागबन्धौ द्वौ विकल्पौ साद्यध्रुवबन्धौ। आयुश्चतुष्के एवं साद्यध्रुवौ-आयुश्चतुष्के जघन्याजघन्योत्कृष्टबन्धाश्चत्वारः साद्यध्रुवानुभागबन्धां भवन्ति ॥४४२-४४३॥

अनुभागबन्धे आयुश्चतुष्कम्—

४	जघ०	सादि	०	०	अध्रुव
४	अज०	सादि	०	०	,,
४	उत्कृ०	सादि	०	०	,,
४	अनु०	सादि	०	०	,,

अनुभागबन्धे नाम-वेद्ये—

२	जघ०	सादि	०	०	अध्रुव
२	अज०	सादि	०	०	,,
२	उत्कृ०	सादि	०	०	,,
२	अनु०	सादि	अनादि	ध्रुव	,,

अनुभागबन्धे घातिचतुष्कम्—

४	जघ०	सादि	०	०	अध्रुव
४	अज०	सादि	अनादि	ध्रुव	,,
४	उत्कृ०	सादि	०	०	,,
४	अनु०	सादि	०	०	,,

अनुभागबन्धे गोत्रम्—

१	जघ०	सादि	०	ध्रुव	अध्रुव
१	अज०	सादि	अनादि	,,	,,
१	उत्कृ०	सादि	०	,,	,,
१	अनु०	सादि	अनादि	,,	,,

मूल प्रकृतियोंमें जो चार घातिया कर्म हैं, उनका अजघन्यानुभागबन्ध सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव इन चारों ही प्रकारोंका होता है। वेदनीय और नामकर्मका अनुत्कृष्टानुभागबन्ध भी चारों प्रकारका होता है। तथा गोत्रकर्मका अजघन्यानुभागबन्ध और अनुत्कृष्टानुभागबन्ध भी चारों प्रकारका होता है। शेषत्रिक अर्थात् घातिया कर्मोंके अजघन्यानुभागबन्धके

1. सं० पञ्चसं० ४, २६२। 2. ४, २६३-२६४।

१. शतक० ६५। २. शतक० ६६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शेष जो जघन्य, उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध हैं, वे दो प्रकारके होते हैं—सादि अनुभागबन्ध और अध्रुव-अनुभागबन्ध। वेदनीय और नामकर्मके शेषत्रिक अर्थात् उत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य-अनुभागबन्ध भी सादि और अध्रुवके भेदसे दो प्रकारके होते है। गोत्रकर्मके जघन्य और उत्कृष्ट अनुभागबन्ध भी सादि और अध्रुवरूप दो-दो प्रकारके होते हैं। आयुकर्मके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य; ये चारों ही प्रकारके अनुभागबन्ध सादि और अध्रुव ये दो ही प्रकारके होते हैं ॥४४२-४४३॥

यहाँपर मूलप्रकृतियोंके उत्कृष्ट आदिके सादि आदि बन्धोंका चित्र इस प्रकार है—

आयुकर्म

४	जघ०	सा०	०	०	अध्रु०
४	अज०	सा०	०	०	अध्रु०
४	उत्कृ०	सा०	०	०	अध्रु०
४	अनु०	सा०	०	०	अध्रु०

चार घातिया कर्म

४	जघ०	सा०	०	०	अध्रु० २
४	अज०	सा०	अना०	ध्रु०	अध्रु० ४
५	उत्कृ०	सा०	०	०	अध्रु० २
४	अनु०	सा०	०	०	अध्रु० २

वेदनीय और नामकर्म

२	जघ०	सा०	०	०	अध्रु० २
२	अज०	सा०	०	०	अध्रु० २
२	उत्कृ०	सा०	०	०	अध्रु० २
२	अनु०	सा०	अना०	ध्रुव	अध्रु० ४

गोत्रकर्म

१	जघ०	सा०	०	०	अध्रु० २
१	अज०	सा०	अना०	ध्रु०	अध्रु० ४
१	उत्कृ०	सा०	०	०	अध्रु० २
१	अनु०	सा०	अना०	ध्रु०	अध्रु० ४

अब मूलशतककार उत्तरप्रकृतियोंके उत्कृष्ट-अनुत्कृष्टादि भेदोंमें सम्भव सादि आदि अनुभागबन्धकी प्ररूपणा करते हैं—

[मूलगा०६५] [1]अट्ठण्हमणुक्कस्सो तेयालाणमजहण्णओ बंधो।
णेओ दु चउवियप्पो सेसतिए होइ दुवियप्पो[5] ॥४४४॥

८।४३

अथ ध्रुवासु प्रशस्ताप्रशस्तानामध्रुवाणां च जघन्याजघन्यानुत्कृष्टोत्कृष्टानां सम्भवत्साद्यादिभेदान् गाथापञ्चकेनाऽऽह—['अट्ठण्हमणुक्कस्सो' इत्यादि।] अष्टानां प्रकृतीनां ८ अनुत्कृष्टानुभागबन्धः साद्यनादिध्रुवाध्रुवभेदेन चतुर्विकल्पः ४। त्रिचत्वारिंशतः प्रकृतीनां ४३ अजघन्यानुभागबन्धः साद्यादिचतुर्भेदो ४ ज्ञेयः। शेषत्रिकेषु द्विविकल्पः साद्यध्रुवभेदाद् द्विप्रकारः ८।४३ ॥४४४॥

वक्ष्यमाण आठ उत्तरप्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध, तथा तेतालीस उत्तरप्रकृतियोंका अजघन्य अनुभागबन्ध सादि आदि चारों प्रकारका जानना चाहिए। शेषत्रिक अर्थात् आठ प्रकृतियोंके जघन्य, अजघन्य और उत्कृष्ट, तथा तेतालीस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य अनुभागबन्ध सादि और अध्रुव ऐसे दो-दो प्रकारके होते हैं ॥४४४॥

अब भाष्यगाथाकार उक्त आठ और तेतालीस प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

[2]तेजा कम्मसरीरं वण्णचउक्कं पसत्थमगुरुलहुं।
णिमिणं च जाण अट्ठसु चदुव्वियप्पो अणुक्कस्सो ॥४४५॥

---

4. सं० पञ्चसं० ४, २६५-२६६। 5. ४, २६७-२६८।

1. शतक० ६७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

णाणंतरायदसयं दंसणणव मिच्छ सोलस कसाया ।
उवघाय भय दुगुंछा वण्णचउक्कं च अप्पसत्थं च ॥४४६॥
तेयालं पयडीणं उक्कस्साईसु जाण दुवियप्पो ।
बंधो दु चदुवियप्पो अजहण्णो साइयाईया ॥४४७॥

तैजस-कार्मणशरीरद्वयं २ प्रशस्तवर्ण-गन्ध-रस-स्पर्शचतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ निर्माणं १ चेति ध्रुवप्रशस्तप्रकृतीनां अष्टानां अनुत्कृष्टानुभागबन्धः साद्यनादि-[ध्रुवा-]ध्रुवभेदाच्चतुर्धा भवति । शेषजघन्याजघन्योत्कृष्टानुभागबन्धास्त्रयः साद्यध्रुवभेदाभ्यां द्विधा, एवं त्वं जानीहि हे महानुभाव ! मतिज्ञानावरणादिपञ्चकं ५ दानान्तरायादिपञ्चकं ५ चक्षुर्दर्शनावरणादिनवकं ९ मिथ्यात्वं १ अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यान-[प्रत्याख्यान-] संज्वलनकोध-मान-माया-लोभाः षोडश कषायाः १६ उपघातः १ भयं १ जुगुप्सा १ वर्णचतुष्कमप्रशस्तं ४ चेति ध्रुवाप्रशस्तानां त्रिचत्वारिंशत्प्रकृतीनां ४३ उत्कृष्टानुत्कृष्ट-जघन्यानुभागबन्धास्त्रयः द्विविकल्पाः साद्यध्रुवभेदाभ्यां द्विविधा इति त्वं जानीहि भो सिद्धान्तवेदिन् ! तासां च प्रकृतीनां ४३ अजघन्यानुभागबन्धश्चतुर्विकल्पः साद्यनादि-ध्रुवाध्रुवभेदाच्चतुःप्रकारो भवति ॥४४५–४४७॥

तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु और निर्माण; इन आठ प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध चारों प्रकारका जानना चाहिए । ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच, दर्शनावरणकी नौ, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, उपघात, भय, जुगुप्सा और अप्रशस्त वर्णचतुष्क; इन तेतालीस प्रकृतियोंका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य अनुभागबन्ध सादि और अध्रुव दो प्रकारका है । तथा इन्हींका अजघन्य अनुभागबन्ध सादि आदि चारों प्रकारका होता है ॥४४५–४४७॥

[मूलगा०६६] [1]उक्कस्समणुक्कस्सं जहण्णमजहण्णगो दु अणुभागो ।
सादिय अद्धुवबंधो पयडीणं होइ सेसाणं[1] ॥४४८॥
।७३।

शेषाणां अध्रुवत्रिसप्ततेः प्रकृतीनां ७३ उत्कृष्टानुभागबन्धः साद्यध्रुवभेदाभ्यां द्विविधः । अनुत्कृष्टानुभागबन्धः साद्यध्रुवाभ्यां अजघन्यानुभागबन्धः साद्यध्रुवभेदाभ्यां द्वेधा भवति ॥४४८॥

अनुभागबन्धे ८ प्रकृतीनाम्—

८	जघ०	सादि	०	०	अध्रुव
८	अज०	सादि	०	०	अध्रुव
८	उक्कृ०	सादि	०	०	अध्रुव
८	अनु०	सादि	अनादि	ध्रुव	अध्रुव

अनुभागबन्धे ४३ प्रकृतीनाम्—

४३	जघ०	०	०	अध्रुव
४३	अज०	अना०	ध्रव	अध्रुव
४३	उक्कृ०	०	०	अध्रुव
४३	अनु०	०	०	अध्रुव

अनुभागबन्धे ७३ प्रकृतीनाम्—

७३	जघ०	सादि	०	०	अध्रुव
७३	अज०	सादि	०	०	अध्रुव
७३	उक्कृ०	सादि	०	०	अध्रुव
७३	अनु०	सादि	०	०	अध्रुव

शेष ७३ प्रकृतियोंका उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध सादि और अध्रुव ऐसे दो प्रकारका होता है ॥४४८॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २६९ ।

१. शतक० ६८ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उत्तर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट आदि अनुभागोंके सादि आदि बन्धोंकी संदृष्टि इस प्रकार है—

८ प्रकृतियोंके सादि आदि बन्ध					४३ प्रकृतियोंके सादि आदि बन्ध					७३ प्रकृतियोंके सादि आदि बन्ध				
जघ०	सादि	०	०	अध्रु० २	जघ०	सादि	०	ध्रु०	अध्रु० २	जघ०	सादि	०	०	अध्रु० २
अज०	सादि	०	०	अध्रु० २	अज०	सादि	अना०	ध्रुव	,, ४	अज०	सादि	०	०	अध्रु० २
उत्कृ०	सादि	०	०	अध्रु० २	उत्कृ०	सादि	०	ध्रु०	,, २	उत्कृ०	सादि	०	०	अध्रु० २
अनु०	सादि	अना०	ध्रुव	अध्रु० ४	अनु०	सादि	०	ध्रु०	,, २	अनु०	सादि	०	०	अध्रु० २

इस प्रकार उत्कृष्ट-अनुत्कृष्टादि चारके सादि-आदि चार प्रकारके अनुभागबन्धका वर्णन समाप्त हुआ।

अब मूल और उत्तरप्रकृतियोंके स्वमुख-परमुख विपाकरूप अनुभागका निरूपण करते हैं—

[1]पच्चंति मूलपयडी णूणं सम्मुहेण सव्वजीवाणं।
सम्मुहेण परम्मुहेण य मोहाउविवज्जिया सेसा ॥४४६॥

एत्थ सेसा उत्तरपयडीओ वुच्चंति।

अथ स्वमुख-परमुखविपाकरूपोऽनुभागः मूलप्रकृतीनामुत्तरप्रकृतीनां च गाथाद्वयेन कथ्यते—['पच्चंति मूलपयडी' इत्यादि।] नूनं निश्चयेन सर्वमूलप्रकृतयः ज्ञानावरणादयः ८ स्वमुखेन स्वोदयेन सर्वेषां जीवानां पाचयन्ति उदयं यान्ति सर्वेषां जीवानां सर्वमूलप्रकृतीनां ८ अनुभागो विपाकरूपः आत्मनि फलदानं स्वमुखेन भवति। कथम्? मतिज्ञानावरणं मतिज्ञानरूपेणैव [उदितं] भवति। मोहनीयायुःप्रकृतिवर्जिता उत्तरप्रकृतयः स्वमुखेन स्वोदयेन, परमुखेन परोदयेन पाचयन्ति उदयं यान्ति अनुभवन्ति। उत्तरप्रकृतयस्तुल्यजातीया अन्योदयेन स्वोदयेन वा पच्यन्ते। तथा गोमट्टसारे सर्वासां मूलप्रकृतीनां स्वमुखेनानुभवो भवति [इत्युक्तम्] ॥४४६॥

मूल प्रकृतियाँ नियमसे सर्व जीवोंके स्वमुख द्वारा ही पचती हैं, अर्थात् स्वोदय द्वारा ही विपाकको प्राप्त होती हैं। किन्तु मोह और आयुकर्मको छोड़कर शेष उत्तरप्रकृतियाँ स्वमुखसे भी विपाकको प्राप्त होती हैं और परमुखसे भी विपाकको प्राप्त होती हैं अर्थात् फल देती हैं॥४४६॥

यहाँ गाथोक्त 'शेष' पदसे उत्तरप्रकृतियाँ कही गई हैं।

किन्तु आयुकर्मके चारों तथा मोहकर्मके दोनों मूलभेद पर मुखसे विपाकको प्राप्त नहीं होते, इस बातका निरूपण करते हैं—

[2]पच्चइ णो मणुयाऊ णिरयाउम्मुहेण समयणिद्दिट्ठं।
तह चरियमोहणीयं दंसणमोहेण संजुत्तं ॥४५०॥

उत्तरप्रकृतीनां तुल्यजातीनां परमुखेनापि अनुभवो भवति। परन्तु आयुःकर्म-दर्शनमोह-चारित्रमोहान् वर्जयित्वा। तदाह—['पच्चइ णो मणुयाऊ' इत्यादि।] मनुष्यायुः नारकायुष्योदयमुखेन न पच्यते, नोदयं याति। तथाहि—यदा जीवो मनुष्यायुष्यं भुंक्ते, तदा नरकायुस्तिर्यगायुर्देवायुर्वा न भुंक्ते। यदा नरकायुर्जीवो भुङ्क्ते, तदा तिर्यगायुर्मनुष्यायुर्देवायुर्वा न भुङ्क्ते तेनायुःप्रकृतयस्तुल्यजातीयाः अपि स्वमुखेनैव भुज्यन्ते, न तु परमुखेनेति समये निर्दिष्टं जिनसूत्रे जिनैरुक्तम्। चारित्रमोहनीयं दर्शनमोहनीयेन युक्तं न पच्यते नानुभवति। यथा दर्शनमोहं भुञ्जानः पुमान् चारित्रमोहं न भुङ्क्ते। चारित्रमोहं भुञ्जानः पुमान् दर्शनमोहं न भुङ्क्ते। एवं तिसृणां प्रकृतीनां तुल्यजातीयानामपि परमुखेनानुभवो न भवति ॥४५०॥

इति स्वमुख-परमुखविपाकानुभागबन्धः समाप्तः।

---

1. ४, सं० पञ्चसं० २७०। 2. ४, २७१-२७२।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भुज्यमान मनुष्यायु-नरकायुमुखसे विपाकको प्राप्त नहीं होती है, ऐसा परमागममें कहा गया है। अर्थात् कोई भी विवक्षित आयु किसी भी अन्य आयुके रूपसे फल नहीं देती है। तथा चारित्रमोहनीयकर्म भी दर्शनमोहनीयसे संयुक्त होकर अर्थात् दर्शनमोहके रूपसे फल नहीं देता है। इसी प्रकार दर्शनमोहनीयकर्म भी चारित्रमोहनीयके मुखसे फल नहीं देता है ॥४५०॥

इस प्रकार स्वमुख-परमुख विपाकानुभागबन्ध समाप्त हुआ।

अब प्रशस्त-अप्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागबन्धका वर्णन करते हैं—

[मूलगा०६७] [1]सुहपयडीण विसोही तिव्वं असुहाण संकिलेसेण।
विवरीए दु जहण्णो अणुभाओ सव्वपयडीणं[1] ॥४५१॥

।११।

अथ प्रशस्ताप्रशस्तप्रकृतीनामनुभागबन्धः कथ्यते–['सुहपयडीण विसोही' इत्यादि।] शुभप्रकृतीनां सातादीनां ४२ विशुद्धपरिणामेन तीव्रानुभागो भवति। असाताद्यप्रशस्तानां ८२ प्रकृतीनां संक्लेशेन परिणामेन तीव्रानुभागो भवति। विपरीतेन संक्लेशपरिणामेन प्रशस्तानां प्रकृतीनां जघन्यानुभागो भवति। विशुद्धपरिणामेनाप्रशस्तानां जघन्यानुभागो भवति ॥४५१॥

सातावेदनीय आदिक शुभप्रकृतियोंका अनुभागबन्ध विशुद्ध परिणामोंसे तीव्र अर्थात् उत्कृष्ट होता है। असातावेदनीय आदिक अशुभ प्रकृतियोंका अनुभाग बन्ध संक्लेश परिणामोंसे उत्कृष्ट होता है। तथा इससे विपरीत परिणामोंमें सर्व प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध होता है। अर्थात् शुभ प्रकृतियोंका संक्लेशसे और अशुभप्रकृतियोंका विशुद्धिसे जघन्य अनुभागबन्ध होता है ॥४५१॥

अब तीव्र अनुभागबन्धके स्वामीका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०६८] [2]बायालं पि पसत्था विसोहिगुण उक्कडस्स तिव्वाओ।
वासीय अप्पसत्था मिच्छुक्कड संकिलिट्ठस्स[2] ॥४५२॥

४२।८२।

सातादिप्रशस्ता द्वाचत्वारिंशत्प्रकृतयः ४२ विशुद्धगुणेनोत्कटस्य जीवस्य तीव्रानुभागो [गा] भवति [न्ति] ४२। असातादिचतुर्वर्णोपेताप्रशस्ताः द्व्यशीतिः प्रकृतयः ८२ मिथ्यादृष्ट्युत्कटस्य संक्लिष्टस्य जीवस्य तीव्रानुभागो [गा] भवति [न्ति] ॥४५२॥

जो व्यालीस प्रशस्त प्रकृतियाँ हैं। उनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध विशुद्धिगुणकी उत्कटतावाले जीवके होता है। तथा व्यासी जो अप्रशस्त प्रकृतियाँ हैं, उनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध उत्कृष्ट संक्लेशवाले मिथ्यादृष्टि जीवके होता है ॥४५२॥

अब प्रशस्त प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

[3]सायं तिण्णेवाऊग मणुयदुयं देवदुव य जाणाहि।
पंचसरीरं पंचिंदियं च संठाणमाईयं* ॥४५३॥
तिण्णि य अंगोवंगं पसत्थविहायगइ आइसंघयणं।
वण्णचउक्कं अगुरुय परघादुस्सासउज्जोवं ॥४५४॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २७३। 2. ४, २७४। 3. ४, २७५-२७७।

१. शतक० ६६। २. शतक० ७०।

*ब माईया।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आदाव तसचउक्कं थिर सुह सुभगं च सुस्सरं णिमिणं ।
आदेज्जं जसकित्ती तित्थयरं उच्च *बादालं ॥४५५॥

ताः प्रशस्ताः काः, अप्रशस्ताः का इति चेद् गाथासप्तकेनाऽऽह—['सादं तिण्णेवाउग' इत्यादि ।] सातावेदनीयं तिर्यगायुर्मनुष्यायुर्देवायुस्त्रितयं ३ मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्व्यद्वयं २ देवगति-तदानुपूर्व्यद्वयं २ औदारिक-वैक्रियिकाहारक-तैजस-कार्मणकशरीराणि पञ्च ५ पञ्चेन्द्रियजातिः १ समचतुरस्रसंस्थानं १ औदारिक-वैक्रियिकाहारकशरीराङ्गोपाङ्गानि ३ प्रशस्तविहायोगतिः १ वज्रवृषभनाराचसंहननं १ प्रशस्तवर्णः प्रशस्तरसः प्रशस्तगन्धः प्रशस्तस्पर्श इति प्रशस्तवर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुः १ परघातः १ उच्छ्वासः १ उद्योतः १ आतपः १ त्रस १ बादर १ पर्याप्त १ प्रत्येकशरीरमिति त्रसचतुष्कं ४ स्थिरः १ शुभः १ सुभगं १ सुस्वरः १ निर्माणं १ आदेयं १ यशस्कीर्त्तिः १ तीर्थकरत्वं १ उच्चैर्गोत्रं १ मिति द्वाचत्वारिंशत्प्रकृतयः प्रशस्ताः शुभाः पुण्यरूपा भवन्ति ४२ । 'सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणि पुण्य' मिति[1] परमागमसूत्रवचनात् पुण्यमिति ॥४५३–४५५॥

सातावेदनीय, नरकायुके विना शेष तीन आयु, मनुष्यद्विक, देवद्विक, पाँच शरीर, पंचेन्द्रियजाति, आदिका समचतुरस्रसंस्थान, तीनों अंगोपांग, प्रशस्त विहायोगति, आदिका वज्रवृषभनाराचसंहनन, प्रशस्तवर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, उद्योत, आतप, त्रसचतुष्क, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, निर्माण, आदेय, यशस्कीर्त्ति, तीर्थंकर और उच्चगोत्र; ये व्यालीस प्रशस्त, शुभ या पुण्यप्रकृतियाँ हैं ॥४५३–४५५॥

अब अप्रशस्त प्रकृतियोंका नाम-निर्देश करते हैं—

[1]णाणंतरायदसयं दंसणणव मोहणीय छव्वीसं ।
णिरयगइ तिरियदोण्णि य तेसिं तह आणुपुव्वीयं ॥४५६॥
संठाणं पंचेव य संघयणं चेव होंति पंचेव ।
वण्णचउक्कं अपसत्थविहायगई य उवघायं ॥४५७॥
एइंदिय-णिरयाऊ तिण्णि य वियलिंदियं असायं च ।
अप्पज्जत्तं थावर सुहुमं साहारणं णाम ॥४५८॥
दुब्भग दुस्सरमजसं अणाइज्जं चेव अथिरमसुहं च ।
णीचागोदं च तहा वासीदी अप्पसत्थं तु ॥४५९॥

पञ्च ज्ञानावरणानि अन्तरायपञ्चकम् ५ नव दर्शनावरणानि ९ षड्विंशतिर्मोहनीयानि २६ नरकगति-तिर्यग्गतिद्वयं २ तद्द्वयस्यानुपूर्व्यद्वयं २ प्रथमसंस्थानवर्जितसंस्थानपञ्चकं ५ प्रथमसंहननवर्जितसंहननपञ्चकं ५ अप्रशस्तवर्णचतुष्कं ४ अप्रशस्तविहायोगतिः १ उपघातः १ एकेन्द्रियं १ नारकायुष्यं १ विकलत्रयं ३ असातावेदनीयं १ अपर्याप्तं १ स्थावरं १ सूक्ष्मं १ साधारणं नाम १ दुर्भगं १ दुःस्वरः १ अयशः १ आदेयं १ अस्थिरं १ अशुभं १ नीचैर्गोत्रं १ चेति द्व्यशीतिः अप्रशस्ताः अशुभाः पापरूपाः प्रकृतयः ८२ । 'अतोऽन्यत् पाप' मिति[2] वचनात्पापरूपाः ॥४५६–४५९॥

ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच, दर्शनावरणकी नौ, मोहनीयकी छब्बीस, नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी, तिर्यग्गति, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी, आदिके विना शेष पाँचों संस्थान, आदिके विना

---

*द् वायालं ।

1. सं० पञ्चसं० ४, २८१-२८४ ।

१. तत्त्वार्थसू० अ० ८ सू० २५ । २. तत्त्वार्थसू० ८, २६ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शेष पाँचों संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, उपघात, एकेन्द्रियजाति, नरकायु, तीन विकलेन्द्रिय जातियाँ, असातावेदनीय, अपर्याप्त, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण, दुर्भग, दुःस्वर, अयशःकीर्त्ति, अनादेय, अस्थिर, अशुभ और नीचगोत्र; ये व्यासी अप्रशस्त, अशुभ या पाप-प्रकृतियाँ हैं ॥ ४५६-४५९॥

अब उत्तरप्रकृतियोंमेंसे पहले प्रशस्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करनेवाले जीवोंका विशेष वर्णन करते हैं—

[मूलगा०६९][1] आदाओ उज्जोयं माणुस-तिरियाउगं पसत्थासु† ।
मिच्छस्स होंति तिव्वा सम्माइट्ठीसु सेसाओ ॥४६०॥

अथोत्कृष्टानुभागबन्धकान् जीवान् गाथासप्तकेनाऽऽह—['आदाओ उज्जोवं' इत्यादि ।] प्रशस्त-प्रकृतिषु ४२ आतपः १ उद्योतः १ मानव-तिर्यगायुषी द्वे २ चेति चतस्रः अमूः प्रशस्ताः प्रकृतयः विशुद्ध-मिथ्यादृष्टेस्तीव्रानुभागा भवन्ति । शेषाः साताद्यष्टात्रिंशत्प्रशस्ताः प्रकृतयः ३८ विशुद्धसम्यग्दृष्टेस्तीव्रानुभागा भवन्ति ॥४६०॥

प्रशस्तप्रकृतियोंमें जो आतप, उद्योत, मनुष्यायु और तिर्यगायु, ये चार प्रकृतियाँ हैं, उनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मिथ्यादृष्टि जीवके होता है । शेष अड़तीस जो पुण्यप्रकृतियाँ हैं, उनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्यग्दृष्टि जीवोंके होता है ॥४६०॥

[2]मणुयदुयं ओरालियदुगं च तह चेव आइसंघयणं ।
णिरय-सुरा सद्दिट्ठी करिंति तिव्वं विसुद्धीए ॥४६१॥

सम्यग्दृष्ट्युक्ताष्टात्रिंशन्मध्ये मनुष्यद्विकं २ औदारिकद्विकं २ वज्रवृषभनाराचसंहननं चेति प्रकृतिपञ्चकं ५ अनन्तानुबन्धिविसंयोजकानिवृत्तिकरणचरमसमयविशुद्धसुर-नारकासंयतसम्यग्दृष्टयस्तीव्रानुभागं कुर्वन्ति सम्यग्दृष्टयो देव-नारकाः पञ्चप्रकृतीनां तीव्रानुभागबन्धं कुर्वन्तीत्यर्थः । कया ? विशुद्धया विशुद्ध-परिणामेन ॥४६१॥

मनुष्यद्विक, औदारिकद्विक और आदिका संहनन; इन पाँचों प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभाग-बन्ध विशुद्धिसे युक्त सम्यग्दृष्टि देव और नारकी करते हैं ॥४६१॥

[मूलगा०७०] [3]देवाउमप्पमत्तो वायालाओ पसत्थाओ ।
तत्तो सेसा पयडी तिव्वं खवया करिंति बत्तीसं[1] ॥४६२॥

४।५।१।३२ सर्व्वे मिलिया ४२ ।

अप्रमत्तो मुनिर्देवायुष्यं तीव्रानुभागबन्धं करोति । ततो द्वाचत्वारिंशत्प्रशस्तेभ्यः शेषा द्वात्रिंशत्प्रकृतीनां तीव्रानुभागान् क्षपकश्रेण्यारूढा क्षपकाः कुर्वन्ति ३२ । ताः का द्वात्रिंशदिति चेदाह—अपूर्वकरण-क्षपकस्योपघातवर्जिते षष्ठभागव्युच्छित्तिर्त्रिंशति सूक्ष्मसाम्परायस्योच्चैर्गोत्रयशस्कीर्त्ति-सातावेदनीयेषु मिलि-तेषु ताः अवशेषद्वात्रिंशत्प्रकृतयो भवन्ति ३२ । प्रशस्ताः ४।५।१।३२ । सर्वा मिलिताः ४२ ॥४६२॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २७८ । 2. ४, २७९ । 3. ४, २८० ।

१. शतक० ७१ । परं तत्रेदक् पाठः—
देवाउमप्पमत्तो तित्थं खवगा करिंति बत्तीसं ।
बंधंति तिरिया मणुया एक्कारस मिच्छभावेण ॥

† ब पसत्थाओ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

देवायुके उत्कृष्ट अनुभागबन्धको अप्रमत्तसंयत करता है। उक्त दशके विना व्यालीस प्रकृतियोंमें शेष बचीं जो बत्तीस प्रकृतियाँ हैं उनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध क्षपकश्रेणिवाले जीव करते हैं। ॥४६२॥

४+५+१=१०। ४२-१०=३२। ३२+१०=४२।

अब अप्रशस्तप्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करनेवाले जीवोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०७१] [1]तिरि-णर मिच्छेयारह सुरमिच्छो तिण्णि जयइ पयडीओ।
उज्जोवं तमतमगा सुर-णेरइया हवे तिण्णि[1] ॥४६३॥

११।३।१।३

तिण्णेवाउयसुहुमं साहारण-वि-ति-चउरिंदियं अपज्जत्तं।
णिरयदुयं बंधंति य तिरिय-मणुया मिच्छभावा य ॥४६४॥

तिण्णेवाउगं, देवाउगं विणा।

[2]एइंदियआयावं थावरणामं च देवमिच्छम्मि।
सुर-णिरयाणं मिच्छे तिरियगइदुगं असंपत्तं ॥४६५॥

तीव्रानुभागबन्धे स्वामित्वं गाथाचतुष्केनाह—['तिरि-णर-मिच्छेयारह' इत्यादि।] तिर्यङ्मनुष्या मिथ्यादृष्टयो विशुद्धभावा एकादश प्रकृतीर्जयन्ति चिन्वन्ति तीव्रानुभागबन्धं कुर्वन्तीत्यर्थः। ताः का इति [चेत्] 'तिण्णेवाउय' इत्यादि। नारकतिर्यग्मनुष्यायुस्त्रयं ३ सूक्ष्मनाम १ साधारणं १ द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रियजातयः ३ अपर्याप्तकं १ नरकगति-तदानुपूर्व्यद्वयं २ चेत्येकादशप्रकृतितीव्रानुभागबन्धान् तिर्यङ्मनुष्या मिथ्याभावा बध्नन्ति कुर्वन्ति। सुरमिथ्यादृष्टिस्तिस्रः प्रकृतीस्तीव्रानुभागा बध्नाति। ताः काः? एकेन्द्रियत्वं १ आतपः १ स्थावरनाम १ एकेन्द्रियस्थावरद्वयं संक्लिष्टो देवो मिथ्यादृष्टिः ३ आतपप्रकृतिकं विशुद्धो मिथ्यादृष्टिर्देवः सुरमिथ्यादृष्टिस्त्रयोत्कृष्टानुभागबन्धं करोति ३। तमस्तमकाः सप्तमनरकोद्भवा नारका उपशमसम्यक्त्वाभिमुखमिथ्यादृष्टिविशुद्धनारका उद्योतं तीव्रानुभागं बध्नन्ति। कथम्? अतिविशुद्धानां तद्बन्धत्वात् १। सुरनारकास्तिस्रः प्रकृतीस्तीव्रानुभागाः कुर्वन्ति ३। ताः काः? तिर्यग्गति-तिर्यग्गत्यानुपूर्व्यद्वयं २ असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननमेवं प्रकृतित्रयोत्कृष्टानुभागबन्धो मिथ्यात्वे मिथ्यादृष्टिदेव-नारकाणां भवति ३ ॥४६३-४६५॥

आगे कही जानेवाली ग्यारह प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मिथ्यादृष्टि मनुष्य और तिर्यंच करते हैं। वक्ष्यमाण तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मिथ्यादृष्टि देव करते हैं। तमस्तमक अर्थात् महातमःप्रभानामक सातवीं पृथ्वीके उपशमसम्यक्त्वके अभिमुख मिथ्यादृष्टि नारकी उद्योतप्रकृतिका तीव्र अनुभागबन्ध करते हैं। वक्ष्यमाण तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मिथ्यादृष्टि देव और नारकी करते हैं ॥४६३॥

११।३।१।३

अब भाष्यगाथाकार उक्त प्रकृतियोंका नाम निर्देश करते हैं—

देवायुके विना शेष तीन आयु, सूक्ष्म, साधारण, अपर्याप्त, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रियजाति, और नरकद्विक, इन ग्यारह प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागको मिथ्यात्वभावसे युक्त मनुष्य

1. सं० पञ्चसं० ४, २८५-२८६। 2. ४, २८७।

१. शतक० ७३। परं तत्र प्रथमचरणे पाठोऽयम्—'पंच सुरसम्मदिट्ठि'।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और तिर्यंच बाँधते हैं। एकेन्द्रियजाति, आतप और स्थावरनामकर्म, इन तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मिथ्यादृष्टि देवमें होता है। तिर्यग्गतिद्विक और सृपाटिकासंहनन, इन तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मिथ्यादृष्टि देव और नारकियोंके होता है ॥४६४-४६५॥

[मूलगा०७२][1]सेसाणं चउगइया तिव्वाणुभायं करिंति पयडीणं।
मिच्छाइट्ठी णियमा तिव्वकसाउक्कडा जीवा[1] ॥४६६॥

।६४।

शेषाणां अष्टषष्टेः प्रकृतीनां चातुर्गतिका मिथ्यादृष्टयस्तीव्रकषायोत्कृष्टा जीवाः संक्लिष्टास्तीव्रानुभागं उत्कृष्टानुभागबन्धं कुर्वन्ति बध्नन्ति नियमात्। अप्रशस्तानां अष्टषष्टेः ६८ उत्कृष्टानुभागबन्धान् चातुर्गतिकसंक्लिष्टा कुर्वन्तीत्यर्थः ॥४६६॥

शेष बचीं प्रकृतियोंके तीव्र अनुभागबन्धको तीव्र कषायसे उत्कट चारों गतिवाले मिथ्यादृष्टि जीव नियमसे करते हैं ॥४६६॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत गाथामें उपरि-निर्दिष्ट प्रकृतियोंके अतिरिक्त शेष बची प्रकृतियोंके तीव्र अनुभागबन्ध करनेवाले जीवोंका निर्देश किया गया है। यद्यपि गाथामें उन शेष प्रकृतियोंकी संख्याका कोई निर्देश नहीं किया गया है, तथापि अनेक प्रतियोंमें गाथाके पश्चात् शेष पदसे सूचित की गई संख्याके निर्देशार्थ '६४' का अंक दिया हुआ है। किन्तु संस्कृत टीकाकारने 'शेष' का अर्थ 'अष्टषष्टेः प्रकृतीनां' कहकर स्पष्ट शब्दोंमें ६८ प्रकृतियोंका निर्देश किया है और संस्कृत-पञ्चसंग्रहकारने भी 'प्रकृतीनामष्टषष्टिं' (सं० पञ्चसं० ४, २८६) कहकर ६८ प्रकृतियोंको ही कहा है। दिल्ली भण्डारकी मूलप्रतिमें भी इस गाथाके अन्तमें ६८ का अंक दिया हुआ है, जिससे संस्कृत पञ्चसंग्रहकार और संस्कृत टीकाकारके द्वारा किये गये अर्थकी पुष्टि होती है। अब विचारनेकी बात यह है कि ६४ संख्या ठीक है, अथवा ६८! यह प्रश्न संस्कृत पञ्चसंग्रहकारके मनमें भी उठा है और सम्भवतः इसीलिए उन्होंने इसका समाधान भी उक्त श्लोकके आगे दिये गये तीन श्लोकों-द्वारा किया है, जो कि इस प्रकार हैं—

तिर्यगायुर्मनुष्यायुरातपोद्योतलक्षणम्।
प्रशस्तासु पुरा दत्तं प्रकृतीनां चतुष्टयम् ॥२९०॥
तीव्रानुभागबन्धासु मध्ये यद्यपि तत्त्वतः।
सम्भवापेक्षया भूयो मिथ्यादृष्टेः प्रदीयते ॥२९१॥
अप्रशस्तं तथाप्येतत्केवलं व्यपनीयते।
षडशीतेरपर्नीते द्व्यशीतिर्जायते पुनः ॥२९२॥

इन श्लोकोंका भाव यह है कि तिर्यगायु, मनुष्यायु, आतप और उद्योत; ये चार प्रकृतियाँ व्यालीस प्रशस्त प्रकृतियोंमें पहले गिनाई गई हैं और वे तत्त्वतः प्रशस्त ही हैं; किन्तु यहाँपर तीव्रानुभावबन्धवाली अप्रशस्त प्रकृतियोंके बीचमें मिथ्यादृष्टिके बन्ध सम्भव होनेसे उन्हें फिर भी गिनाया गया है, सो उनका अप्रशस्तपना दिखलानेके लिए ऐसा नहीं किया गया है; किन्तु मिथ्यादृष्टि देव आतपप्रकृतिका, सप्तम नरकका मिथ्यादृष्टि नारकी उद्योतका और मनुष्य तिर्यंच मिथ्यादृष्टि मनुष्यायु और तिर्यगायुका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करते हैं; केवल यह दिखलानेके लिए ही यहाँपर उनका पुनः निर्देश किया गया है। इसलिए उन चारको छोड़कर ८२ प्रकृतियाँ ही अप्रशस्त जानना चाहिए।

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २८८-२८९।

१. शतक० ७४।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस उपर्युक्त कथनका निष्कर्ष यह निकला कि प्रकृत गाथाके पूर्व 'तिरिणरमिच्छेयारह' इत्यादि ४६३ संख्यावाली मूलगाथामें जिन (११+३+१+३=) १८ प्रकृतियोंके अनुभाग-बन्धके स्वामित्वका निर्देश किया गया है उनमेंसे उक्त 'मनुष्यायु, तिर्यगायु, उद्योत और आतप' इन चार प्रशस्त प्रकृतियोंको पृथक् करके शेष बची १४ को ८२ अप्रशस्त प्रकृतियोंमेंसे घटानेपर ६८ प्रकृतियाँ शेष रहती हैं, उनकी ही सूचना गाथा-पठित 'सेसाणं' पदसे की गई है। अनेक प्रतियोंमें जो ६४ का अङ्क पाया जाता है, सो उसे देनेवालोंकी दृष्टि सम्भवतः गाथाङ्क ४६३ में पठित १८ प्रकृतियोंको ८२ प्रकृतियोंमेंसे घटानेकी रही है; क्योंकि ८२ में से १८ घटानेपर ६४ शेष रहते हैं किन्तु जब मनुष्यायु आदि उक्त ४ प्रकृतियोंकी गणना ८२ अप्रशस्त प्रकृतियोंमें है ही नहीं, तब उनका उनमेंसे घटाना कैसे संगत हो सकता है। अतः शेष पदसे सूचित ६८ प्रकृतियोंको ही प्रकृतमें ग्रहण करना चाहिए।

अब मूलशतककार जघन्य अनुभागबन्धके स्वामित्वका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०७३] चोद्दस सराय-चरिमे पंचऽनियट्टी णियट्टि एयारं।
सोलस मंदणुभायं संजमगुणपत्थिओ जयइ[1] ॥४६७॥

।१४।५।११।१६

अथ जघन्यानुभागबन्धकानाह—['चोद्दस सुहुमसरागे' इत्यादि।] सरागचरमे सूक्ष्मसाम्परायस्य चरमसमये स्व-स्व-बन्धव्युच्छित्तिस्थाने संयमगुणविशुद्धजीवे चतुर्दशप्रकृतीनां जघन्यानुभागो भवति १४। अनिवृत्तिकरणस्थाने पञ्चप्रकृतीनां जघन्यानुभागः ५। अपूर्वकरणे एकादशप्रकृतीनां जघन्यानुभागबन्धः ११। षोडशकषायान् जघन्यानुभागान् संयमगुणप्रस्थितो जीवो जयति चिनोति। षोडशमध्ये कियन्त्यः द्रव्यसंयमे गुणे भवन्ति, कियन्त्यो भावसंयमगुणे भवन्ति ॥४६७॥

वक्ष्यमाण चौदह प्रकृतियोंका मन्द (जघन्य) अनुभागबन्ध सराग अर्थात् सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानके अन्तिम समयमें वर्तमान संयतके होता है। पाँच प्रकृतियोंका अनिवृत्तिकरणके चरम समयवर्ती क्षपक, ग्यारहका चरम समयवर्ती अपूर्वकरण क्षपक और सोलह प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध संयमगुणस्थानको अनन्तर समयमें प्राप्त होनेवाला जीव करता है ॥४६७॥

१४।५।११।१६

अब भाष्यगाथाकार उक्त प्रकृतियोंका नामनिर्देश करते हैं—

[1]णाणंतरायदसयं विदियावरणस्स होंति चत्तारि।
एए चोद्दस पयडी सरायचरिमम्हि णायव्वा ॥४६८॥
[2]पुरिसं चउसंजलणं पंचऽणियट्टिम्मि होंति भायम्हि।
सय-सय चरिमस्स समये जहण्णबंधो य णायव्वो ॥४६९॥
[3]हास रइ भय दुगुंछा णिद्दा पयला य होइ उवघायं।
वण्णचउक्क पसत्थं अउव्वकरणे जहण्णाणि ॥४७०॥
[4]पढमकसायचउक्कं दंसणतिय मिच्छदंसणं मिच्छे।
विदियकसायचउक्कं अविरयसम्मो मुणेयव्वो ॥४७१॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २९३। 2. ४, २९४। 3. ४, २९५। 4. ४, २९७।

१. शतक० ७५।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[1]तइयकसायचउक्कं विरियाविरयम्हि जाण णियमेण ।
❀मंदो अणुभागो सो संजमगुणपत्थिओ जयइ ॥४७२॥

ताः का इति चेदाह—['णाणंतरायदसयं' इत्यादि ।] पञ्च ज्ञानावरणानि ५ पञ्चान्तरायः ५ द्वितीयावरणस्य दर्शनावरणस्य चक्षुरचक्षुरवधि-केवलदर्शनावरणानि चत्वारि चेत्येताश्चतुर्दश प्रकृतयः । तासां १४ जघन्यानुभागबन्धः सूक्ष्मसाम्परायस्य चरमसमये ज्ञातव्यः, सूक्ष्मसाम्परायमुनयश्चतुर्दशप्रकृतीनां जघन्यानुभागबन्धं कुर्वन्तीत्यर्थः १४ । अनिवृत्तिकरणस्य पञ्चसु भागेषु प्रथमभागे पुंवेदस्य, द्वितीयभागे संज्वलनक्रोधस्य, तृतीयभागे संज्वलनमानस्य, चतुर्थभागे संज्वलनमायायाः, पञ्चमे भागे संज्वलनबादर-लोभस्य च जघन्यानुभागबन्धो ज्ञातव्यः, स्व-स्वबन्धव्युच्छित्तिस्थाने स्व-स्वगुणस्थानस्य चरमसमयान्ते जघन्यानुभागो भवति १।१।१।१।१।एवं पञ्चप्रकृतीनां जघन्यानुभागबन्धं अनिवृत्तिकरणो मुनिर्बध्नातीत्यर्थः। हास्यं १ रति १ भयं १ जुगुप्सा १ निद्रा १ प्रचला १ उपघातः १ प्रशस्तवर्णचतुष्कं ४ चेत्येकादशप्रकृतीनां जघन्यानुभागबन्धं अपूर्वकरणे मुनिः करोति बध्नाति ११ । अनन्तानुबन्धिक्रोध-मान-माया-लोभ-प्रथमकषायचतुष्कं ४ दर्शनावरणत्रिकं स्त्यानगृद्धित्रिकं मिथ्यादर्शनं १ चेति प्रकृतीनामष्टानां जघन्यानुभाग-बन्धं मिथ्यादृष्टिर्बध्नाति ८ । अप्रत्याख्यानकषाया ४ असंयते जघन्यानुभागाः, अविरतसम्यग्दृष्टिरप्रत्याख्या-नानां कषायाणां जघन्यानुभागं करोतीत्यर्थः । विरताविरते देशसंयमे तृतीयकषायचतुष्कस्य प्रत्याख्यान-क्रोध-मान-माया-लोभस्य जघन्यानुभागो भवति । स अनुभागबन्धः संयमगुणप्रस्थितः तमनुभागबन्धं जयति चिनोतीत्यर्थः । इमाः षोडशप्रकृतयस्तत्र तत्र संयमगुणाभिमुखे एव विशुद्धजीवे जघन्यानुभागा भवन्ति ॥४६८–४७२॥

ज्ञानावरणकी पाँच, अन्तरायकी पाँच और दर्शनावरणकी चार; इन चौदह प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानके अन्तिम समयमें जानना चाहिए। पुरुषवेद और संज्वलनचतुष्क इन पाँच प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध अनिवृत्तिकरणमें अपने-अपने बन्धविच्छेद होनेके समय जानना चाहिए। हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, निद्रा, प्रचला, उपघात और प्रशस्त वर्णचतुष्क; इन ग्यारह प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध अपूर्वकरणगुणस्थानमें अपने-अपने बन्धविच्छेदके समय होता है। प्रथम अर्थात् अनन्तानुबन्धिकषायचतुष्क, दर्शन-त्रिक (निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धि) और मिथ्यादर्शन; इन आठ प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध संयम धारण करनेके अभिमुख चरमसमयवर्ती मिथ्यादृष्टिके होता है। द्वितीय अर्थात् अप्रत्याख्यानावरणकषाय चतुष्कका जघन्य अनुभागबन्ध संयम धारण करनेके उन्मुख चरमसमयवर्ती अविरत सम्यग्दृष्टिके जानना चाहिए। तृतीय अर्थात् प्रत्याख्यानावरण-कषायचतुष्कका जघन्य अनुभागबन्ध संयमगुण धारण करनेके लिए प्रस्थान करनेवाले चरमसमय-वर्ती देशसंयतके नियमसे होता है, ऐसा जानना चाहिए ॥४६८–४७२॥

[मूलगा०७४] [2]आहारमप्पमत्तो पमत्तसुद्धो दु अरइ-सोयाणं ।
सोलस मणुय-तिरिया-सुर-णिरया तमतमा तिण्णि[1] ॥४७३॥

२।२।१६।३

आहारकद्वयं प्रशस्तात् प्रमत्तगुणाभिमुखसंक्लिष्टः अप्रमत्तो मुनिः जघन्यानुभागं करोति बध्नाति २ । तु पुनः अरति-शोकयोः अप्रशस्तात् अप्रमत्तगुणाभिमुखविशुद्धप्रमत्तो मुनिर्जघन्यानुभागं बध्नाति २ ।

1. सं०पञ्चसं० ४, २९८ । 2. ४, २९६ ।

❀ प्रतिषु 'बंधो' इति पाठः ।

१. शतक० ७६ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

षोडशप्रकृतीनां जघन्यानुभागं १६ मनुष्य-तिर्यञ्चो विदधति-कुर्वन्ति १६। तिसृणां प्रकृतीनां सुर-नारका जघन्यानुभागबन्धं कुर्वन्ति ३ तमस्तमकाः सप्तमनरकोद्भवा नारका विशुद्धाः तिसृणां प्रकृतीनां जघन्यानुभागबन्धं कुर्वन्ति ३ ॥४७३॥

अनन्तर समयमें प्रमत्तभावको प्राप्त होनेके अभिमुख ऐसा अप्रमत्तसंयत आहारकद्विकके जघन्य अनुभागको बाँधता है। प्रमत्तशुद्ध अर्थात् अनन्तर समयमें अप्रमत्तभावको प्राप्त होनेवाला प्रमत्तसंयत अरति और शोकके जघन्य अनुभागका बन्ध करता है। वक्ष्यमाण सोलह-प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध मनुष्य और तिर्यञ्च करते हैं। तीन प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध देव और नारकी करते हैं, तथा तीन प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध तमस्तमक अर्थात् सप्तम पृथिवीके नारकी करते हैं ॥४७३॥

२।२।१६।३।३

अब भाष्यगाथाकार सोलह आदि प्रकृतियोंका नामनिर्देश करते हैं—

[1]बि-ति-चउरिंदिय-सुहुमं साहारण णामकम्म अपज्जत्तं।
तह वेउव्वियछक्कं आउचउक्कं दुगइ मिच्छे ॥४७४॥
ओरालिय उज्जोवं अंगोवंगं च देव-णेरइया।
तिरियदुयं णिच्चं पि य तमतमा जाण तिण्णेदे ॥४७५॥

ताः षोडशादयः का इति चेदाह—['वि-ति-चउरिंदिय-सुहुमं' इत्यादि।] द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रिय जातयः ३ सूक्ष्मं १ साधारणं १ अपर्याप्तं १ तथा वैक्रियिकषट्कं ६ आयुश्चतुष्कं ४ चेति षोडशप्रकृतीनां जघन्यानुभागबन्धं तिर्यग्गतिजास्तिर्यञ्चो मनुष्यगतिजा मनुजा मनुष्याश्च मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति १६। औदारिकं १ उद्योतः १ औदारिकाङ्गोपाङ्गं चेति तिस्रः प्रकृतीर्जघन्यानुभागबन्धरूपा देव-नारका बध्नन्ति ३। तत्रोद्योतः १ अतिविशुद्धदेवे बन्धाभावात्संक्लिष्टे एव लभ्यते। तिर्यग्द्विकं २ नीचगोत्रं च सप्तम-पृथ्वीनरके तमस्तमका नारकाः विशुद्धा एतास्तिस्रः प्रकृतीर्जघन्यानुभागरूपा बध्नन्तीति जानीहि ३ ॥४७४-४७५॥

द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रियजाति; सूक्ष्म, साधारण और अपर्याप्तनामकर्म; तथा वैक्रियिकषट्क और आयुचतुष्क; इन सोलह प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागको मिथ्यात्वगुणस्थानवर्ती मनुष्य और तिर्यञ्च, इन दो गतियोंके जीव बाँधते हैं। औदारिकशरीर, औदारिक-अंगोपांग और उद्योत, इन तीन प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागको देव और नारकी बाँधते हैं। तिर्यग्गति-तिर्यग्गत्यानुपूर्वी और नीचगोत्र, इन तीन प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागको तमस्तमक नारकी बाँधते हैं; ऐसा जानना चाहिए ॥४७४-४७५॥

[मूलगा०७५] [2]एइंदिय थावरयं मंदणुभायं करिंति तिग्गइया।
परियत्तमाणमज्झिमपरिणामा[*] णारया वज्जे[1] ॥४७६॥

नारकान् नरकगतिजान् वर्जयित्वा त्रिगतिजास्तिर्यग्मनुष्यदेवाः एकेन्द्रियत्वं १ स्थावरनाम १ च मन्दानुभागबन्धं जघन्यानुभागबन्धं कुर्वन्ति बध्नन्ति लभ्यन्त इत्यर्थः। कथम्भूतास्ते? त्रिगतिजाः परिवर्तमाना मध्यमपरिणामाः येषां ते मध्यमपरिणामप्रवर्तमाना इत्यर्थः ॥४७६॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, २९९-३०२। 2. ४, ३०३।

१. शतक० ७७।

* परावृत्य परावृत्य पगतीओ बंधंति त्ति परिमत्तमाणं। जहा एगिंदियं थावरयं, पंचिंदियं तसमिदि। तेसु जे मज्झिमपरिणामा परियत्तमाणमज्झिमपरिणामा इति। शतकचूर्णि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नारकियोंको छोड़कर शेष तीन गतिके परिवर्तनमान मध्यम परिणामी जीव एकेन्द्रियजाति और स्थावरनामकर्मके जघन्य अनुभागका बन्ध करते हैं ॥४७६॥

विशेषार्थ—परिवर्तन करके विवक्षित प्रकृतिके बाँधनेवाले जीवको परिवर्तमान कहते हैं। जैसे पहले एकेन्द्रिय और स्थावर नामको बाँधकर पुनः पंचेन्द्रिय और त्रसनामको बाँधना। इस प्रकार परिवर्तन करते हुए भी मध्यम परिणामवाले जीवोंका प्रकृतमें ग्रहण किया गया है।

[मूलगा०७६] [1]आसोधम्मादावं तित्थयरं जयइ अविरयमणुस्सो।
चउगइउक्कडमिच्छो पण्णरस दुवे विसोधीए[1] ॥४७७॥

१।१।१५।२

आसौधर्मात् भवनत्रयजाः सौधर्मैशानजा देवाश्च संक्लिष्टाः सुराः आतपनाम-जघन्यानुभागबन्धं कुर्वन्ति। अविरतमनुष्या नरकगमनाभिमुखाः तीर्थंकरनामजघन्यानुभागबन्धं कुर्वन्ति जयन्ति बध्नन्तीत्यर्थः। चातुर्गतिकमिथ्योत्कटसंक्लिष्टा मिथ्यादृष्टयः पञ्चदशप्रकृतिजघन्यानुभागबन्धं कुर्वन्ति १५। वेदद्वयजघन्यानुभागबन्धं विशुद्धया मिथ्यादृष्टयश्चतुर्गतिजा बध्नन्ति ॥४७७॥

भवनत्रिकसे लेकर सौधर्म-ईशानकल्प तकके संक्लेश परिणामी देव आतपप्रकृतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करते हैं। नरक जानेके सन्मुख अविरत सम्यक्त्वी मनुष्य तीर्थंकर प्रकृतिका जघन्य अनुभाग बन्ध करता है। (वक्ष्यमाण) पन्द्रह प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागका बन्ध चतुर्गतिके उत्कट संक्लेशवाले मिथ्यादृष्टि जीव करते हैं। तथा (वक्ष्यमाण) दो प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागको विशुद्ध परिणामवाले चतुर्गतिके जीव बाँधते हैं ॥४७७॥

१।१।१५।२

अब भाष्यगाथाकार उक्त पन्द्रह और दो प्रकृतियोंको गिनाते हैं—

[2]तेजाकम्मसरीरं पंचिंदिय तसचउक्क णिमिणं च।
अगुरुयलहुगुस्सासं परघायं चेव वण्णचदुं ॥४७८॥
इत्थि-णउंसयवेयं अणुभायजहण्णयं च चउगइया।
मिच्छाइट्ठी बंधइ तिव्वविसोधीए संजुत्तो ॥४७९॥

ताः काः पञ्चदशादय इति चेदाऽऽह—['तेजाकम्मसरीरं' इत्यादि।] तैजस-कार्मणशरीरे द्वे २ पञ्चेन्द्रियं १ त्रस-बादर-प्रत्येक-पर्याप्तकमिति त्रसचतुष्कं ४ निर्माणं १ अगुरुलघुत्वं १ उच्छ्वासं १ परघातः १ प्रशस्तवर्णचतुष्कं ४ चेति चतुर्दशप्रकृतिजघन्यानुभागबन्धं चातुर्गतिजा संक्लिष्टाः कुर्वन्ति। स्त्रीवेद-नपुंसकवेदयोर्जघन्यानुभागबन्धं मिथ्यादृष्टिश्चातुर्गतिको जीवो बध्नाति। स कथम्भूतः? तीव्रविशुद्धया संयुक्तः ॥४७८-४७९॥

तैजसशरीर, कार्मणशरीर, पंचेन्द्रियजाति, त्रसचतुष्क, निर्माण, अगुरुलघु, उच्छ्वास, परघात तथा वर्णचतुष्क, इन पन्द्रह प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागको चतुर्गतिके तीव्र संक्लेश परिणामी मिथ्यादृष्टि जीव बाँधते हैं। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागको तीव्रविशुद्धिसे संयुक्त चतुर्गतिके मिथ्यादृष्टि जीव बाँधते हैं ॥४७८-४७९॥

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३०४। 2. ४, ३०५-३०७।

१. शतक० ७८।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[मूलगा०७७] सम्माइट्ठी मिच्छो व अट्ठ परियत्तमज्झिमो जयइ ।
परियत्तमाणमज्झिममिच्छाइट्ठी दु तेवीसं ॥४८०॥

८।२३।

सम्यग्दृष्टिर्मिथ्यादृष्टिर्वा वक्ष्यमाणसूत्रोक्तैकत्रिंशत्प्रकृतिषु प्रथमोक्तानामष्टानां यद्यपरिवर्त्तमानमध्यमपरिणामस्तदा जघन्यानुभागं जयति करोति ८ । शेषत्रयोविंशतेः प्रकृतीनां जघन्यानुभागं तु पुनः परिवर्त्तमानमध्यमपरिणाममिथ्यादृष्टिरेव करोति ॥४८०॥

परिवर्तमान मध्यमपरिणामी सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि जीव (वक्ष्यमाण) आठ प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागका बन्ध करते हैं। तथा परिवर्तमान मध्यमपरिणामी मिथ्यादृष्टि जीव (वक्ष्यमाण) तेईस प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागका बन्ध करते हैं ॥४८०॥

अब भाष्यगाथाकार उक्त आठ और तेईस प्रकृतियोंको गिनाते हैं—

[1]सायासायं दोण्णि वि थिराथिरं सुहासुहं च जसकित्ती ।
अजसकित्ती य तहा सम्माइट्ठी य मिच्छो वा ॥४८१॥

संठाणं संघयणं छच्छक्क तह दो विहाय मणुयदुगं ।
आदेज्जाणादेज्ज सरदुगं च हि दुब्भग-सुभगं तहा उच्चं ॥४८२॥

सातासातवेदनीयद्वयं २ स्थिरास्थिर-शुभाशुभयुगलं २।२ अयशस्कीर्त्ति-यशस्कीर्त्तिद्वयं २ इत्यष्टौ सम्यग्दृष्टौ मिथ्यादृष्टौ वा जघन्यानुभागानि सन्ति, अष्टानां प्रकृतीनां जघन्यानुभागं सम्यग्दृष्टिर्मिथ्यादृष्टिर्वा बन्धं करोति ८ मध्यमं भावं प्राप्तः सन् । संस्थानं १ संहननं १ प्रशस्ताप्रशस्तविहायोगती २ मनुष्यद्विकं ५ आदेयानादेयद्वयं २ देवदिकं २ दुर्भगसुभगद्विकं २ उच्चैर्गोत्रं १ चेति त्रयोविंशतेर्जघन्यानुभागबन्धं परिवर्त्तमानमध्यमपरिणाममिथ्यादृष्टिरेव बध्नाति २३ । अपरिवर्त्तमान-परिवर्त्तमानमध्यमपरिणामलक्षणं गोम्मटसारे [कर्मकाण्डे] अनुभागबन्धमध्ये कथितमस्ति ॥४८१-४८२॥

इति जघन्यानुभागबन्धः समाप्तः ।

सातावेदनीय-असातावेदनीय, स्थिर-अस्थिर, शुभ-अशुभ और यशःकीर्त्ति-अयशःकीर्त्ति, इन आठ प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागको सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टि बाँधते हैं। छह संस्थान, छह संहनन, विहायोगतिद्विक, मनुष्यगतिद्विक, आदेय-अनादेय, सुस्वर-दुःस्वर, सुभग-दुर्भग तथा उच्चगोत्र इन तेईस प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागको मिथ्यादृष्टि बाँधते हैं ॥४८१-४८२॥

अब सर्वघाति-देशघातिसंज्ञक अनुभागबन्धका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०७८] [2]केवलणाणावरणं दंसणछक्कं च मोहबारसयं ।
ता सव्वघाइसण्णा मिस्स मिच्छत्तमेयवीसदिमं [3] ॥४८३॥

एत्थ दंसणावरणस्स पढमा पंच, अंतिल्ला एगा एवं ६ । पढमसव्वकसाया सव्वघाईओ ।२१।

अथ सर्वघाति-देशघाति-अघातिकर्मसंज्ञाः कथ्यन्ते—['केवलणाणावरणं' इत्यादि ।] केवलज्ञानावरणं १ निद्रानिद्रा १ प्रचलाप्रचला १ स्त्यानगृद्धिः १ केवलदर्शनावरणं १ चेति दर्शनावरणषट्कं ६ अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानक्रोधमानमायालोभकषाया इति मोहद्वादशकं १२ मिश्रं सम्यग्मिथ्यात्वं १ मिथ्यात्वं १ एकविंशतितमं संख्यया । एवं ताः सर्वा एकीकृता एकविंशतिः प्रकृतयः २१ सर्वघातिसंज्ञाः

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३०८-३०९ । 2. ४, ३१०-३११ ।

१. शतक० ७९ । २. शतक० ८० । परं तत्र चतुर्थचरणे पाठोऽयम्—'हवंति मिच्छत्त वीसइमं' ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कथ्यन्ते। कुतः ? आत्मनः केवलज्ञान-दर्शन-क्षायिकसम्यक्त्व-चारित्र-दानादिक्षायिकान् गुणान्, मतिश्रुतावधि-मनःपर्ययज्ञानादिक्षयोपशमान् गुणान् च घ्नन्ति घातयन्ति ध्वंसयन्तीति सर्वघातिसंज्ञाः। बन्धे २० उदये २१। मिथ्यात्वस्य बन्धो भवति, न तु सम्यग्मिथ्यात्वस्य; सत्त्वोदयापेक्षया जात्यन्तरसर्वघातीति। उक्तं च—

मिथ्यात्वं विंशतिर्बन्धे सम्यग्मिथ्यात्वसंयुताः।
उदये ता पुनर्दक्षैरेकविंशतिरीरिताः[1] ॥३७॥ इति

अत्र बन्धापेक्षया २०। सत्त्वोदयापेक्षया २१ ॥४८३॥

केवलज्ञानावरण, दर्शनावरणषट्क, मोहनीयकी बारह, मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्व; इन इक्कीस प्रकृतियोंकी सर्वघातिसंज्ञा है ॥४८३॥

यहाँपर दर्शनावरणषट्कसे प्रारम्भकी पाँचों निद्राएँ और अन्तिम केवलदर्शनावरण; ये छह प्रकृतियाँ अभीष्ट हैं। इसी प्रकार मोहनीयकी बारहसे प्रारम्भकी सर्व कषाय ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार सर्वघाती प्रकृतियाँ २१ हो जाती हैं।

[मूलगा०७९] [1]णाणावरणचउक्कं दंसणतिगमंतराइगे पंच।
ता होंति देसघाई सम्मं संजलण णोकसाया य[1] ॥४८४॥

२६। सव्वे मेलिया ४७।

अथ देशघातिसंज्ञामाह—['णाणावरणचउक्कं' इत्यादि।] मतिश्रुतावधिमनःपर्ययज्ञानावरणचतुष्कं ४ चक्षुरचक्षुरवधिदर्शनावरणत्रयं ३ दान-लाभ-भोगोपभोगवीर्यान्तरायपञ्चकं ५ सम्यक्त्वप्रकृतिः १ संज्वलन-क्रोधमानमायालोभकषायचतुष्कं ४ हास्यरत्यरतिशोकभयजुगुप्सास्त्रीपुन्नपुंसकवेदानीति नव नोकषायाः ९ चेति ताः षड्विंशतिः प्रकृतयः देशघातिन्यो भवन्ति २६। एकदेशेनात्मनः मतिश्रुतावधिमनःपर्यायादिक्षायोपशमिकान् गुणान् घ्नन्ति घातयन्तीति एकदेशगुणघातकत्वात्। आत्मनः सर्वगुणघातकत्वात्सर्वघातीनि २१। देश-घातीनि २६। सर्वमिलिताः ४७ ॥४८४॥

ज्ञानावरणकी चार, दर्शनावरणकी तीन, अन्तरायकी पाँच, सम्यक्त्वप्रकृति, संज्वलनचतुष्क और नव नोकषाय; ये छब्बीस देशघाती प्रकृतियाँ हैं ॥४८४॥

सर्वघाती २१ + देशघाती २६ दोनों मिलकर घातिप्रकृतियाँ ४७ होती हैं।

[मूलगा०८०] [2]अवसेसा पयडीओ अघादिया घादियाण पडिभागा।
ता एव पुण्ण पावा सेसा पावा मुणेयव्वा[2] ॥४८५॥

१०१। सव्वे मिलिया १४८।

सर्वघाति-देशघातिप्रकृतिभ्यः ४७ अवशेषा एकोत्तरशतप्रमाणाः १०१ अघातिकाः प्रकृतयो भवन्ति, आत्मनो गुणघातने अशक्या इत्यघातिकाः। ताः का इति चेदाह—वेदनीयस्य द्वे २ आयुश्चतुष्कं ४ नाम्नः कर्मणः त्रिनवतिः ९३ गोत्रस्य द्वे २। तथा चोक्तम्—

वेद्यायुर्नामगोत्राणां प्रोक्तः प्रकृतयोऽखिलाः।
अघातिन्यः पुनः प्राज्ञैरेकोत्तरशतप्रमाः[2] ॥३८॥ इति

---

1. सं० पञ्चसं० ४, ३१२-३१३। 2. ४, ३१४-३१५।

१. सं० पञ्च सं० ४, ३११। २. सं० पञ्चसं० ४, ३१४।

१. शतक० ८१। परं तत्रोत्तरार्धे 'पणुवीस देसघाई संजलणा णोकसाया य' ईदृक् पाठः।

२. शतक० ८२।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ताः कथम्भूताः? घातिकानां प्रतिभागाः घातिकर्मोक्तप्रतिभागाः भवन्ति, त्रिविधशक्तयो भवन्तीत्यर्थः। ता अघातिप्रकृतयः १०१। एवं पुण्यप्रकृतयः पापप्रकृतयश्च भवन्ति। शेषघातिप्रकृतयः सर्वाः ४७ पापरूपाः पापान्येवेति मन्तव्यम् ॥४८५॥

घातीनि ४७ अघातीनि १०१ मीलिताः १४८।

उपर्युक्त सर्वघाती और देशघातीके सिवाय अवशिष्ट जितनी भी चार कर्मोंकी १०१ प्रकृतियाँ हैं, उन्हें अघातिया जानना चाहिए। वे स्वयं तो आत्मगुणोंके घातनेमें असमर्थ हैं, किन्तु घातिया प्रकृतियोंकी प्रतिभागी हैं। अर्थात् उनके सहयोगसे आत्मगुण घातनेमें समर्थ होती हैं। इन १०१ अघातिया प्रकृतियोंमें ही पुण्य और पापरूप विभाग है। शेष ४७ प्रकृतियोंको तो पापरूप ही जानना चाहिए ॥४८५॥

घातिया ४७ अघातिया १०१=१४८।

अब स्थानरूप अनुभागबन्धका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०८१][1]आवरण देसघायंतराय संजलण पुरिस सत्तरसं।
चउविहभावपरिणया तिभावसेसा सयं तु सत्तहियं[1] ॥४८६॥

१७।१०७।

पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानमें द्विकप्रकृतिक एक उदयस्थान और अट्ठाईस, चौबीस, इक्कीस, तेरह, बारह और ग्यारह ये छह सत्तास्थान होते हैं। इनमेंसे उपशमश्रेणीकी अपेक्षा आदिके तीन सत्तास्थान पाये जाते हैं। तथा क्षपकश्रेणीकी अपेक्षा इक्कीस, तेरह, बारह और ग्यारह ये चार सत्तास्थान होते हैं। जिस अनिवृत्तिबादरसंयतने आठ मध्यम कषायोंका क्षय नहीं किया, उसके इक्कीसप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। उसीके आठ कषायोंका क्षय होने पर तेरह प्रकृतिक सत्तास्थान होता है। पुनः नपुंसकवेदका क्षय होने पर बारहप्रकृतिक सत्तास्थान होता

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हैं और स्त्रीवेदका क्षय होने पर ग्यारहप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। इस प्रकार पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानमें दोनों श्रेणियोंकी अपेक्षा छह सत्तास्थान होते हैं।

चारप्रकृतिक बन्धस्थानमें द्विकप्रकृतिक और एकप्रकृतिक ये दो उदयस्थान और अट्ठाईस, चौबीस, इक्कीस, तेरह, बारह, ग्यारह और पाँच प्रकृतिक सात सत्तास्थान होते हैं। चार प्रकृतिक बन्धस्थान भी दोनों श्रेणियोंमें होता है। अतः उनके साथ उपशमश्रेणीमें अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीन सत्तास्थान होते हैं। शेष चार सत्तास्थान क्षपकश्रेणीकी अपेक्षा जानना चाहिए। उनमेंसे तेरह, बारह और ग्यारह प्रकृतिक सत्तास्थानोंका वर्णन तो पाँच प्रकृतिक बन्धस्थानके समान ही जानना चाहिए। उसी जीवके हास्यादिषट्कके क्षय हो जाने पर पाँच प्रकृतिक सत्तास्थान होता है।

तीन, दो और एक बन्धस्थानमें एक प्रकृतिक उदय और चार चार सत्तास्थान होते हैं, यह बात पहले स्वयं ग्रन्थकार बतला आये हैं। उन चार सत्तास्थानोंमेंसे अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीन सत्तास्थान तो उपशमश्रेणीमें ही होते हैं। शेष चार प्रकृतिक, तीन प्रकृतिक और द्विप्रकृतिक एक-एक सत्तास्थानका स्पष्टीकरण यह है कि उसी अनिवृत्तिबादरसंयतके वेदोंका क्षय होने पर चार प्रकृतिक सत्तास्थान पाया जाता है। संज्वलन क्रोधके क्षय हो जाने पर तीन प्रकृतिक सत्तास्थान होता है, संज्वलन मानके क्षय हो जाने पर द्विप्रकृतिक सत्तास्थान होता है और संज्वलन मायाके क्षय हो जाने पर एकप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। पुनः अबन्धक सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके एकप्रकृतिक उदयस्थानके साथ एकप्रकृतिक सत्तास्थान होता है। किन्तु अबन्धक सूक्ष्मसाम्परायिक उपशमकके एक प्रकृतिक उदयस्थानके साथ अट्ठाईस, चौबीस और इक्कीस प्रकृतिक तीन सत्तास्थान पाये जाते हैं।

[मूलगा०२०] [1]दस णव पण्णरसाइ बंधोदयसंतपयडिठाणाणि।
भणियाणि मोहणिज्जे इत्तो णामं परं वोच्छं[1] ॥५१॥

मोहनीये बन्धोदयसत्त्वप्रकृतिस्थानानि क्रमेण दश १० नव ९ पञ्चदश १५ भणितानि। मोहनीयप्रकृतिबन्धस्थानानि १० मोहप्रकृत्युदयस्थानानि ९ मोहप्रकृतिसत्त्वस्थानानि १५। इतः परं नामकर्मणस्तानि बन्धोदयसत्त्वप्रकृतिस्थानान्यहं वक्ष्यामि ॥५१॥

इस प्रकार मोहनीयकर्मके दश बन्धस्थान, नौ उदयस्थान और पन्द्रह सत्त्वस्थान कहे। अब इससे आगे नामकर्मके बन्धस्थान, उदयस्थान और सत्त्वस्थानोंको कहेंगे ॥५१॥

अब उनमेंसे सबसे पहले नामकर्मके बन्धस्थान कहते हैं—

[मूलगा०२१] [2]तेवीसं पणुवीसं छव्वीसं अट्ठवीसमुगुतीसं।
तीसेक्कतीसमेगं बंधट्ठाणाणि णामस्स[2] ॥५२॥

२३।२५।२६।२८।२९।३०।३१।१।

नामकर्मणः बन्धस्थानानि त्रयोविंशतिकं २३ पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ अष्टाविंशतिकं २८ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० एकत्रिंशत्कं ३१ एककं १ इत्यष्टौ २३।२५।२६।२८।२९।३०।३१।१। आद्यानि सप्त मिथ्यादृष्ट्याद्यपूर्वकरणषष्ठभागान्तं यथासम्भवं बध्यन्ते। एकं यशःकीर्त्तिकं १ उभयश्रेण्योरपूर्वकरणसप्तमभागप्रथमसमयात्सूक्ष्मसाम्परायचरमसमयपर्यन्तं बध्यते ॥५२॥

---

1. सं०पञ्चसं० ५, ६०। 2. ५, ६१।

१. सप्ततिका० २३। २. सप्ततिका० २४।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नाम कर्मके तेईस, पच्चीस, छब्बीस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस, इकतीस और एक प्रकृतिक, इस प्रकार ये आठ बन्धस्थान होते हैं ॥५२॥

अब नामकर्मके चारों गतियोंमें संभव बन्धस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]इगि पंच तिण्णि पंचय बंधट्ठाणा हवंति णामस्स ।
णिरयगइ तिरिय मणुया देवगईसंजुआ होंति ॥५३॥

१।५।३।५

क्व गत्यां कियन्ति स्थानानि सम्भवन्तीत्याह—['इगि पंच तिण्णि' इत्यादि ।] नरकगतिं याता मिथ्यादृष्टिजीवेन तिर्यग्मनुष्येण नरकगतियुक्तं नामकर्मणः बन्धस्थानं एकं बध्यते १ । तिर्यग्गत्यां तिर्यग्गतिसंयुक्तानि नामकर्मणः बन्धस्थानानि पञ्च भवन्ति ५ । मनुष्यगत्यां मनुष्यगत्या सह नाम्नः कर्मणः बन्धस्थानानि त्रीणि भवन्ति ३ । देवगतौ देवगतिसंयुक्तानि नामकर्मणः बन्धस्थानानि पञ्च भवन्ति ॥५३॥

नरकगतिसंयुक्त नामकर्मका एक बन्धस्थान है । तिर्यग्गतिसंयुक्त नामकर्मके पाँच बन्धस्थान हैं । मनुष्यगतिसंयुक्त नामकर्मके तीन बन्धस्थान है और देवगतिसंयुक्त नामकर्मके पाँच बन्धस्थान होते हैं ॥५३॥

नरकगतियुक्त १ । तिर्यग्गतियुक्त ५ । मनुष्यगतियुक्त ३ । देवगतियुक्त ५ बन्धस्थान ।

अब आचार्य उक्त स्थानोंका स्पष्टीकरण करते हैं—

अट्ठावीसं णिरए तेवीसं पंचवीस छव्वीसं ।
उणतीसं तीसं च हि तिरियगईसंजुआ पंच ॥५४॥

णिरए २८ । तिरियगईए २३।२५।२६।२९।३०

तानि कानि ? ['अट्ठावीसं णिरए' इत्यादि ।] नरकगत्यां नरकगतिं यातो जीवो नामप्रकृत्यष्टाविंशतिमेकं स्थानं बध्नाति २८ । तिर्यग्गतौ त्रयोविंशतिकं २३ पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० चेति पञ्च नामकर्मणः प्रकृतिबन्धस्थानानि तिर्यग्गतियुक्तानि भवन्ति ॥५४॥

नरकगतौ २८ । तिर्यग्गतौ २३।२५।२६।२९।३० ।

नरकगतिके साथ बँधनेवाला नामकर्मका अट्ठाईसप्रकृतिक एक बन्धस्थान है । तेईस, पच्चीस, छब्बीस, उनतीस और तीस प्रकृतिक पाँच बन्धस्थान तिर्यग्गति-संयुक्त बँधते हैं ॥५४॥

नरकगतियुक्त २८ । तिर्यग्गतियुक्त २३।२५।२६।२९।३० ।

पणुवीसं उणतीसं तीसं च तिण्णि हुंति मणुयगई ।
[2]देवगईए चउरो एक्कत्तीसादि णिग्गदी एयं ॥५५॥

मणुयगईए २५।२९।३० । देवगईए ३१।३०।२९।२८।१

मनुष्यगतौ पञ्चविंशतिकं २५ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० चेति त्रीणि नामप्रकृतिबन्धस्थानानि मनुष्यगतियुक्तानि भवन्ति २५।२९।३० । देवगत्यां एकत्रिंशत्कादीनि चत्वारि । एकं गतिबन्धरहितं एकं यशो बध्नाति । देवगतौ ३१।३०।२९।२८।१ ॥५५॥

मनुष्यगतिके साथ नामकर्मके पच्चीस, उनतीस और तीस प्रकृतिक तीन स्थान बँधते हैं । देवगतिके साथ इकतीस प्रकृतिक स्थानको आदि लेकर चार स्थान बँधते हैं । एकप्रकृतिक स्थान गति-रहित बँधता है ॥५५॥

मनुष्यगतियुक्त २५।२९।३० । देवगतियुक्त ३१।३०।२९।२८। गतिरहित १ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ६२ । 2. ५, १०१ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[1]णिरयदुयं पंचिंदिय वेउव्विय तेउ कम्म णामं च ।
वेउव्वियंगवंगं वण्णचउक्कं तहा हुंडं ॥५६॥

अगुरुयलहुअचउक्कं तसचउ असुहं च अप्पसत्थगई ।
अत्थिर दुब्भग दुस्सर अणाइज्जं चेव णिमिणं च ॥५७॥

अज्जसकित्ती य तहा अट्ठावीसा हवंति णायव्वा ।
णिरयगईसंजुत्तं मिच्छादिट्ठी दु बंधंति ॥५८॥

[2]एत्थ णिरयगईए सह वुत्तिअभावादो एइंदियवियलिंदियजाईओ ण बज्झंति । तेण भंगो ।१।

अथ नरकगतिं प्रति गन्तारो जीवा मिथ्यादृष्टयः नामकर्मप्रकृतीरष्टाविंशतिं बध्नन्तीत्याह— ['णिरयदुयं पंचिंदिय' इत्यादि ।] नरकगतितदानुपूर्वीद्वयं २ पञ्चेन्द्रियं १ वैक्रियिकं १ तैजसं १ कार्मणं १ वैक्रियिकाङ्गोपाङ्गं १ वर्णचतुष्कं ४ हुण्डकं १ अगुरुलघूपघातपरघातोच्छ्वासचतुष्कं ४ त्रस-बादर-प्रत्येक-पर्याप्त-चतुष्कं ४ अशुभं १ अप्रशस्तविहायोगतिः १ अस्थिरं १ दुर्भगं १ दुःस्वरं १ अनादेयं १ निर्माणं १ अयश-स्कीर्तिः १ चेत्यष्टाविंशतिं प्रकृतीर्नरकगतियुक्ता मिथ्यादृष्टयस्तिर्यञ्चो मनुष्या वा बध्नन्ति २८ ॥५६–५८॥

अत्राष्टाविंशतिके नरकगत्या सह प्रवृत्तिविरोधात् एकेन्द्रियविकलेन्द्रियजातयो न बध्यन्ते, संहननानि च न बध्यन्ते; तेन भङ्ग एकः १ ।

अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें नरकद्विक (नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी) पंचेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिकशरीर-अंगोपांग, वर्णचतुष्क, (रूप, रस, गन्ध, स्पर्श नामकर्म) हुण्डकसंस्थान, अगुरुलघुचतुष्क (अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास), त्रस चतुष्क (त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर) अशुभ, अप्रशस्तविहायोगति, अस्थिर, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, निर्माण और अयशः कीर्त्ति; ये अट्ठाईस प्रकृतियाँ जानना चाहिए । इन प्रकृतियों-का नरकगतिसंयुक्त बन्ध मिथ्यादृष्टि मनुष्य या तिर्यञ्च करते हैं ॥५६–५८॥

यहाँ नरकगतिके साथ उदय न पाये जानेसे एकेन्द्रिय और विकेन्द्रिय जातियाँ नहीं बँधती हैं, इसलिए भंग एक ही होता है ।

[3]तत्थ य पढमं तीसं तिरियदुगोराल तेज कम्मं च ।
पंचिंदियजाई वि य छस्संठाणाणमेयदरं ॥५९॥

ओरालियंगवंगं छस्संठाणाणमेयदरं ।
वण्णचउक्कं च तहा अगुरुयलहुयं च चत्तारि ॥६०॥

उज्जोउ तसचउक्कं थिराइछज्जुयलाणमेयदर णिमिणं ।
बंधइ मिच्छादिट्ठी एयदरं दो विहायगदी ॥६१॥

[4]एत्थ य* पढमतीसे छस्संठाण-छसंघयण-थिराइछज्जुयल-विहायगईजुयलाणि ६।६।२।२।२।२।२।२।२। अण्णोण्णगुणिया भंगा ४६०८ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ६३-६५ । 2. ५, 'नरकगत्या सह' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १६२) । 3. ५, ६७-६९½ । 4. ५, 'तत्र प्रथमत्रिंशति' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १६२) ।

*ब 'एयत्थ' इति पाठः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ तिर्यग्गतिं प्रति गन्ता मिथ्यादृष्टिर्जीवः प्रथमं त्रिंशत्कं स्थानं बध्नातीति गाथात्रयेणाह— ['तत्थ य पढमं तीसं' इत्यादि ।] तत्र तिर्यग्गत्यां बन्धस्थानेषु प्रथमं नामप्रकृतित्रिंशत्कं मिथ्यादृष्टिर्बध्नाति । तदाह—तिर्यग्गतिद्वयं २ औदारिक-तैजस-कार्मणशरीरत्रयं ३ पञ्चेन्द्रियं १ संस्थानानां षण्णां मध्ये एकतरसंस्थानं १ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ षण्णां संहननानां मध्ये एकतरं संहननं १ वर्णचतुकं ४ अगुरुलघुचतुष्कं ४ उद्योतं १ त्रसचतुष्कं ४ स्थिरादिषड्युग्मानां संख्योपेतानां मध्ये एकतरं १।१।१।१।१।१ । निर्माणं १ विहायोगतिद्वयस्य मध्ये एकतरं १ चेति नामकर्मप्रकृतित्रिंशत्कं प्रथमं स्थानं ३० मिथ्यादृष्टिर्बध्नाति । एताः ३० प्रकृतीर्बद्ध्वा मरणं प्राप्य पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवो जायते इत्यर्थः ॥५९-६१॥

अत्र प्रथमत्रिंशत्के स्थाने षट् संस्थान-संहनन-स्थिरादि षड्युगलविहायोगतियुगलानि ६।६।२।२।२। २।२।२।२ एतेऽङ्काः अन्योन्यगुणिता भङ्गाः ४६०८ ।

तिर्यग्द्विक (तिर्यग्गति, तिर्यग्गत्यानुपूर्वी), औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, पंचेन्द्रियजाति, छह संस्थानोंमेंसे कोई एक, औदारिकशरीर-अंगोपांग, छह संहननोंमेंसे कोई एक, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, उद्योत, त्रसचतुष्क, (स्थिर-अस्थिर, शुभ-अशुभ, सुभग-दुर्भग, सुस्वर-दुःस्वर, आदेय-अनादेय और यशःकीर्त्ति-अयशःकीर्त्ति इन) स्थिरादि छह युगलोंमेंसे कोई एक एक, निर्माण, दो विहायोगतियोंमेंसे कोई एक, इन प्रथम प्रकारवाली तीस प्रकृतियोंको नारकी मिथ्यादृष्टि जीव बाँधता है ॥५९-६१॥

इस प्रथम तीसप्रकृतिक बन्धस्थानमें छह संस्थान, छह संहनन, स्थिरादि छह युगल और विहायोगतिद्विक इनके परस्पर गुणा करनेपर (६×६×२×२×२×२×२×२×२= ४६०८) चार हजार छह सौ आठ भंग होते हैं ।

[1]एमेव विदियतीसं णवरि असंपत्त हुंडसंठाणं ।
अवणिज्जो एयदरं सासणसम्मो दु बंधेइ ॥६२॥

एत्थ विदियतीसे सासणा अंतिमसंठाणा संघयणाणि बंधं णागच्छंति, तज्जोगतिव्वसंकिलेसस्स अभावादो । ५।५।२।२।२।२।२।२।२। अण्णोण्णगुणिया भंगा ३२०० । एए पुव्वपविट्ठा पुणरुत्ता इदि ण घेप्पंति ।

एवं प्रथमत्रिंशत्कोक्तप्रकृतिबन्धस्थानप्रकारेण द्वितीयं त्रिंशत्कं स्थानं ३० भवति । नवरि विशेषः किन्तु असम्प्राप्तसृपाटिकसंहनन-हुण्डकसंस्थानद्वयं अपनीय दूरीकृत्य पञ्चानां संस्थानानां पञ्चानां संहननानां च एकतरं संस्थानं १ संहननं १ सासादनस्थो जीवः द्वितीयत्रिंशत्कं बध्नाति । अन्त्यसंस्थानसंहननद्वयं वर्जयित्वा । द्वितीयत्रिंशत्कनामप्रकृतिस्थानं ३० चातुर्गतिकः सासादनगुणस्थानवर्ती जीवो बद्ध्वा पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवः समुत्पद्यते ॥६२॥

अत्र द्वितीयत्रिंशत्के सासादना जीवा अन्तिमसंस्थान-संहननद्वयस्य बन्धं नागच्छन्ति । कुतः ? तद्योग्यतीव्रसंक्लेशस्य तेषामभावात् । ५।५।२।२।२।२।२।२ । २ अन्योन्यगुणिता भङ्गाः ३२०० । एते पूर्वेषु प्रविष्टाः पुनरुक्तत्वान्न गृह्यन्ते ।

इसी प्रकार द्वितीय तीसप्रकृतिक बन्धस्थान होता है । विशेषता केवल यह है कि उसमें प्रथम तीसमेंसे असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन और हुंडकसंस्थान इन दोको निकाल देना चाहिए । अर्थात् छह संस्थान और छह संहननके स्थानपर पाँच संस्थान और पाँच संहननमेंसे कोई एकको ग्रहण करना चाहिए । इस द्वितीय तीसप्रकृतिक स्थानको सासादन सम्यग्दृष्टि जीव बाँधता है ॥६२॥

इस द्वितीय तीसप्रकृतिक स्थानमें सासादनसम्यग्दृष्टि जीव अन्तिम संस्थान और अन्तिम संहननका बन्ध नहीं करते हैं, क्योंकि इन दोनोंके बन्धयोग्य तीव्र संक्लेश सासादनगुणस्थानमें

1. सं० पञ्चसं० ५, ७० ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नहीं पाया जाता। इसलिए पाँच संस्थान, पाँच संहनन और स्थिरादि छह युगलोंके तथा विहायोगतिद्विकके परस्पर गुणा करनेसे (५×५×२×२×२×२×२×२×२=३२००) तीन हजार दो सौ भंग होते हैं। ये सर्व भंग पूर्वोक्त ४६०८ में प्रविष्ट होनेसे पुनरुक्त होते हैं, अतः उनका ग्रहण नहीं किया गया हैं।

[1]तह य तदीयं तीसं तिरियदुगोराल तेज कम्मं च।
ओरालियंगवंगं हुंडमसंपत्त वण्णचदुं ॥६३॥

अगुरुयलयहुयचउक्कं तसचउउज्जोवमप्पसत्थगई।
थिर-सुह-जसजुगलाणं तिण्णेयदरं अणादेज्जं ॥६४॥

दुब्भग-दुस्सर-णिमिणं वियलिंदियजाइ एयदरमेव।
एयाओ पयडीओ मिच्छाइट्ठी दु बंधंति ॥६५॥

[2]एत्थ वियलिंदियाणं एयहुंडसंठाणमेव। तहा एदेसिं बंधोदयाणं दुस्सरमेव। इदि थिर-सुह-जसजुयलतिण्णिवियलिंदियजाईओ २।२।२।३ अण्णोण्णगुणिया भंगा २४।

तथा तृतीयं नामकर्मप्रकृतिस्थानं त्रिंशत्कं मिथ्यादृष्टिर्जीवो मनुष्यस्तिर्यग्वा बद्ध्वा विकलत्रयजीवः तिर्यग्गतावुत्पद्यते। तत्किम्? तिर्यग्द्वयं २ औदारिक-तैजस-कार्मणत्रिकं ३ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ हुण्डकं १ सृपाटिकं १ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुचतुष्कं ४ त्रसचतुष्कं ४ उद्योतं १ अप्रशस्तविहायोगतिः १ स्थिर-शुभ-यशोयुगलानां त्रयाणामेकतरं १।१।१। अनादेयं १ दुर्भगं १ दुस्वरं १ निर्माणं १ विकलेन्द्रियजात्येकतरं १ चेत्येताः प्रकृतीः ३० मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति ॥६३–६५॥

अत्र विकलेन्द्रियाणामेकं हुण्डसंस्थानं भवति। एतेषां विकलत्रयाणां बन्धोदययोः दुःस्वरमेव भवति। इति स्थिर-शुभ-यशोयुगलानि त्रीणि विकलत्रयजातित्रयं २।२।२।३। अन्योन्यगुणितभङ्गाः २४।

इसी प्रकार तीसप्रकृतिक तृतीय बन्धस्थान है। उसकी प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—तिर्यग्द्विक, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिकशरीर-अंगोपांग हुंडकसंस्थान, असंप्राप्तसृपाटिकासंहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्त्ति; इन तीन युगलोंमेंसे कोई एक एक; अनादेय, दुर्भग, दुःस्वर, निर्माण और विकलेन्द्रियजातियोंमेंसे कोई एक, इन प्रकृतियोंको मिथ्यादृष्टि मनुष्य या तिर्यञ्च ही बाँधते हैं ॥६३–६५॥

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि विकलेन्द्रियजीवोंके हुंडकसंस्थान ही होता है। तथा इनके दुःस्वरप्रकृतिका ही बन्ध और उदय होता है। इनकी तीन विकलेन्द्रिय जातियाँ तथा स्थिर, शुभ और यशस्कीर्त्ति युगल; इनके परस्पर गुणा करनेसे (३×२×२×२=२४) चौबीस भंग होते हैं।

[3]जह† तिण्हं तीसाणं तह चेव य तिण्णि ऊणतीसं तु।
णवरि विसेसो जाणे उज्जोवं णत्थि सव्वत्थ ॥६६॥

एयासु पुव्वुत्तभंगा ४६०८। २४।

यथा त्रिंशत्कानां त्रिकं ३०।३०।३० तथैव एकोनत्रिंशत्कानां त्रिकं २९।२९।२९। नवरि विशेषः,

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ७१-७३। 2. ५, ७४-७५। 3. ५, ७६।

† ब जिह

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किन्तु सर्वत्र तिर्यञ्चु जीवेषु उद्योतो नास्तीति, केचिदुद्योतं बध्नन्ति, केचिन्न बन्धन्ति। अत उद्योतं विना एकोनत्रिंशत्कं त्रिकं पूर्वोक्तप्रकृतिस्थानत्रिकं २९।२९।२९ ज्ञेयम् ॥६६॥

एतासु पूर्वोक्ता भङ्गाः ४६०८।२४।

जिस प्रकारसे तीन प्रकारके तीसप्रकृतिक बन्धस्थानोंका निरूपण किया है, उसी प्रकारसे तीन प्रकारके उनतीसप्रकृतिक बन्धस्थान भी होते हैं। केवल विशेषता यह है कि उन सभीमें उद्योतप्रकृति नहीं होती है ॥६६॥

इन तीनों ही प्रकारके उनतीसप्रकृतिक बन्धस्थानोंके भंग पूर्वोक्त ४६०८ और २४ ही होते हैं।

[1]तत्थ इमं छव्वीसं तिरियदुगोराल तेय* कम्मं च।
एइंदिय वण्णचउ अगुरुयलहुयचउक्कं होइ हुंडं च ॥६७॥

आदावुज्जोवाणमेयदर थावर बादरयं।
पज्जत्तं पत्तेयं थिराथिराणं च एयदरं ॥६८॥

एयदरं च सुहासुह दुब्भग जसजुयलमेयदर णिमिणं।
अणादिज्जं चेव तहा मिच्छादिट्ठी दु बंधंति ॥६९॥

[2]एत्थ एइंदिएसु अंगवंगं णत्थि, अट्ठंगाभावादो। संठाणमवि एयमेव हुंडं। आदावुज्जोव-थिर-सुह-जसजुयलाणि २।२।२।२ अण्णोण्णगुणिया भंगा १६।

तत्र तिर्यंगत्यां इदं षड्विंशतिकं नामप्रकृतिस्थानं मिथ्यादृष्टिर्जीवो बद्ध्वा तिर्यग्जीव उत्पद्यते। किं तत्? तिर्यग्द्वयं २ औदारिक-तैजस-कार्मणानि ३ एकेन्द्रियं १ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुचतुष्कं ४ हुण्डकं १ आतपोद्योतयोरेकतरं १ स्थावरं १ बादरं १ पर्याप्तं १ स्थिरास्थिरयोरेकतरं १ शुभाशुभयोरेकतरं १ दुर्भगं १ यशोयुग्मयोरेकतरं १ निर्माणं १ अनादेयं १ चेति षड्विंशतिं प्रकृतीर्मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति २६ ॥६७-६९॥

अत्र एकेन्द्रियेषु अङ्गोपाङ्गं नास्ति, अष्टाङ्गाभावात्। संस्थानं हुण्डकमेव भवति। अत आतपोद्योत-स्थिरास्थिर-शुभाशुभ-यशोऽयसोर्युगलानि २।२।२।२ अन्योन्यगुणिता भङ्गाः १६।

छव्वीसप्रकृतिक बन्धस्थानकी प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—तिर्यग्द्विक, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, एकेन्द्रियजाति, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, हुंडकसंस्थान, आतप, और उद्योतमेंसे कोई एक, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर-अस्थिरमेंसे कोई एक, शुभ-अशुभमेंसे कोई एक, दुर्भग और यशस्कीर्त्तियुगलमेंसे कोई एक, निर्माण और अनादेय, इन छव्वीस प्रकृतियोंको एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होनेवाले मिथ्यादृष्टि देव बाँधते हैं ॥६७-६९॥

यहाँपर एकेन्द्रियमें अंगोपाँगनामकर्मका उदय नहीं होता है, क्योंकि उनके हस्त, पाद आदि आठ अंगोंका अभाव है। उनके संस्थान भी एक हुंडक ही होता है। अतः आतप उद्योत, स्थिर-अस्थिर, शुभ- अशुभ और यशःकीर्ति-अयशःकीर्ति युगलोंको परस्पर गुणा करनेपर (२×२×२×२=१६) सोलह भंग होते हैं।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ७७-७९। 2. ५, ८०।

* ब तेज।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[1]जह* छव्वीसं ठाणं तह चेव य होइ पढमपणुवीसं ।
णवरि विसेसो जाणे उज्जोवादावरहियं तु ॥७०॥
बादर सुहुमेकदरं साहारणपत्तेयं च एक्कदरं ।
संजुत्तं तह चेव य मिच्छाइट्ठी दु बंधंति ॥७१॥

[2]एत्थ सुहुम-साहारणाणि भवणादि ईसाणंता देवाण बंधंति । एत्थ जसकित्तिं णिरुंभिऊण थिराथिर-दो भंगा सुभासुभ-दो-भंगेहिं गुणिया ।४। अजसकित्तिं णिरुंभिऊण बायर-पत्तेय-थिर-सुहजुयलाणि २।२।२।२। अण्णोण्णगुणिया अजसकित्तिभंगा १६ । उभए वि २० ।

यथा षड्विंशतिकं स्थानं तथा प्रथमपञ्चविंशतिकं नामप्रकृतिस्थानं २५ भवति । नवरि किञ्चिद्विशेषः, तत् षड्विंशतिकं उद्योतातपरहितं त्वं जानीहि, तत्र तद्द्वयं निराक्रियते इत्यर्थः २५ । बादर-सूक्ष्मयोर्मध्ये एकतरेण साधारण-प्रत्येकयोर्मध्ये एकतरेण च संयुक्तं पञ्चविंशतिकं स्थानं २५ मिथ्यादृष्टयो बध्नन्ति ॥७०–७१॥

अत्र पञ्चविंशतिके सूक्ष्म-साधारणप्रकृती द्वे भवनत्रयज-सौधर्मैशानजा देवा न बध्नन्ति । किन्तु बादर-प्रत्येकद्वयं बध्नन्तीत्यर्थः । अत्र यशःकीर्त्तिमाश्रित्य स्थिरास्थिरभङ्गौ २ शुभाशुभाभ्यां भङ्गाभ्यां २ गुणिता भङ्गाश्चत्वारः ४ । अयशःकीर्त्तिमाश्रित्य बादरसूक्ष्म-प्रत्येकसाधारण-स्थिरास्थिर-शुभाशुभयुगलानि २।२।२।२ अन्योन्यगुणिताः अयशस्कीर्त्तिभङ्गाः १६ । उभयोऽपि २० ।

जिस प्रकार छव्वीसप्रकृतिक स्थान है, उस ही प्रकार प्रथम पचीसप्रकृतिक स्थान जानना चाहिए । विशेषता केवल यह है कि वह उद्योत और आतप; इन दो प्रकृतियोंसे रहित होता है । इस स्थानको बादर-सूक्ष्मोंमेंसे किसी एकसे संयुक्त, तथा साधारण-प्रत्येकशरीरमेंसे किसी एकसे संयुक्त मिथ्यादृष्टि जीव बाँधते हैं ॥७०–७१॥

इस प्रथम पचीस प्रकृतिक स्थानमें बतलाई गई प्रकृतियोंमेंसे सूक्ष्म और साधारण इन दो प्रकृतियोंको भवनत्रिक और सौधर्म-ईशान स्वर्गके देव नहीं बाँधते हैं । यहाँ पर यशस्कीर्त्तिको निरुद्ध करके स्थिर-अस्थिर-सम्बन्धी दो भंगोंको शुभ-अशुभ-सम्बन्धी दो भंगोंसे गुणित करने पर चार भङ्ग होते हैं । तथा अयशस्कीर्त्तिको निरुद्ध करके बादर, प्रत्येक, स्थिर और शुभ, इन चार युगलोंको परस्पर गुणित करने पर (२×२×२×२=१६) अयशकीर्त्तिसम्बन्धी सोलह भङ्ग होते हैं । इस प्रकार उपर्युक्त चार और सोलह ये दोनों मिल कर २० भङ्ग हो जाते हैं ।

[3]बिदियपणुवीसट्ठाणं तिरियदुगोरालतेय कम्मं च ।
वियलिंदिय-पंचिंदिय एयदरं हुंडसंठाणं ॥७२॥
ओरालियंगवंगं वण्णचउक्कं तहा अपज्जत्तं ।
अगुरुगलहुगुवघायं तस बायरयं असंपत्तं ॥७३॥
पत्तेयमथिरमसुहं दुभगमणादेज्ज अजस णिमिणं च ।
बंधइ मिच्छाइट्ठी अपज्जत्तसंजुयं एयं ॥७४॥

[4]एत्थ परघाय-उस्सास-विहायगदि-सरणामाणं अपज्जत्तेण सह बंधो णत्थि, विरोहाओ; अपज्जत्तकाले य एदेसिं उदयाभावादो य । एत्थ चत्तारि जाइ-भंगा ४ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ८१ । 2. ५, ८२-८३ । 3. ५, ८४-८६ । 4. ५, 'यतोऽत्र परघातोच्छ्वास' इत्यादि गद्यभागः (पृ० १६४) ।

* व जिह ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्वितीयं पञ्चविंशतिकं नामप्रकृतिस्थानं २५ तिर्यग्जीवो मनुष्यो वा बद्ध्वा तिर्यग्गतौ समुत्पद्यते। तत्किम् ? तिर्यग्गति-तदानुपूर्व्ये २ औदारिक-तैजस-कार्मणानि ३ विकलेन्द्रिय-पञ्चेन्द्रियाणां मध्ये एकतरं १ हुण्डकसंस्थानं १ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ वर्णचतुष्कं ४ अपर्याप्तं १ अगुरुलघु १ उपघातं १ त्रसं १ बादरं १ असम्प्राप्तसंहननं १ प्रत्येकं १ अस्थिरं १ अशुभं १ दुर्भगं १ अनादेयं १ अयशः १ निर्माणं १ चेति द्वितीयपञ्चविंशतिनामप्रकृतिबन्धस्थानं अपर्याप्तसंयुक्तं मिथ्यादृष्टिर्जीवस्तिर्यङ् मनुष्यो वा बध्नाति २५ ॥७२–७४॥

अत्र परघातोच्छ्वास-विहायोगति-स्वरनामप्रकृतीनां अपर्याप्तेन सह बन्धो नास्तीति विरोधात्। अपर्याप्तकाले तेषामुदयाभावात्। अत्र चत्वारो जातिभङ्गाः ४।

द्वितीय पच्चीसप्रकृतिक स्थानकी प्रकृतियाँ इस प्रकार है—तिर्यग्द्विक औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, विकलत्रय और पंचेन्द्रियजातिमेंसे कोई एक, हुंडकसंस्थान, औदारिक-शरीर-अङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अपर्याप्त, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर सृपाटिकासंहनन, प्रत्येक, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्त्ति और निर्माण, इस द्वितीय पच्चीसप्रकृतिक अपर्याप्तसंयुक्त स्थानको मिथ्यादृष्टि जीव बाँधता है ॥७२–७४॥

यहाँपर परघात, उच्छ्वास, विहायोगति और स्वर नामकर्मका अपर्याप्त नामकर्मके साथ विरोध होनेसे बन्ध नहीं होता। दूसरे अपर्याप्तकालमें इन प्रकृतियोंका उदय भी नहीं होता है। यहाँ पर जातिसम्बन्धी चार भंग होते हैं।

[1]तत्थ इमं तेवीसं तिरियदुगोराल तेज कम्मं च।
एइंदियवण्णचउं अगुरुयलहुयं च उवघायं ॥७५॥
थावरमथिरं असुहं दुभग अणादेज्ज अजस णिमिणं च।
हुंडं च अपज्जत्तं बायर-सुहुमाणमेयदरं ॥७६॥
साहारण-पत्तेयं एयदर बंधगो तहा मिच्छो।
एए बंधट्ठाणा तिरियगईसंजुया भणिया ॥७७॥

[2]एत्थ संघयणबंधो णत्थि, एइंदिएसु संघयणस्स उदयाभावादो। एत्थ बादर-सुहुम दो भंगा, पत्तेय-साहारण-दोभंगेहिं गुणिया चत्तारि भंगा ४।

एवं तिरियगइसंजुत्तसव्वभंगा ९३०८।

इदं त्रयोविंशतिकं नामप्रकृतिबन्धस्थानं बद्ध्वा मिथ्यादृष्टिस्तिर्यङ् मनुष्यो वा तत्र तिर्यग्गतावुत्पद्यते। तत्किम् ? तिर्यग्द्वयं २ औदारिक-तैजस-कार्मणानि ३ एकेन्द्रियं १ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघु १ उपघातं १ स्थावरं १ अस्थिरं १ अशुभं १ दुर्भगं १ अनादेयं १ अयशः १ निर्माणं १ हुण्डकं १ अपर्याप्तं १ बादर-सूक्ष्मयोर्मध्ये एकतरं १ साधारण-प्रत्येकयोर्मध्ये एकतरं १ चेति त्रयोविंशतिनामप्रकृतीनां २३ बंधको मिथ्यादृष्टिर्भवति। तिर्यग्गतौ एतानि नामकर्मप्रकृतिस्थानानि तिर्यग्गतिवुक्तानि भणितानि सूरिभिरिति ॥७५–७७॥

अत्र त्रयोविंशतिके संहननबन्धो नास्ति, एकेन्द्रियेषु संहननानामुदयाभावात्। अत्र बादर-सूक्ष्मौ द्वौ २ प्रत्येक-साधारणाभ्यां द्वाभ्यां गुणिताश्चत्वारो भङ्गाः ४।

एवं तिर्यग्गतिसंयुक्तसर्वभङ्गा नवसहस्रत्रिंशताष्टोत्तरसंख्याः ९३०८।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ८७-८९। 2. ५, 'अत्र संहननबन्धो' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १६५)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तेईसप्रकृतिक बन्धस्थानकी प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—तिर्यग्द्विक, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, एकेन्द्रियजाति, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्त्ति, निर्माण, हुंडकसंस्थान, अपर्याप्त, बादर-सूक्ष्ममेंसे कोई एक और साधारण-प्रत्येकमेंसे कोई एक। इस तेईसप्रकृतिक स्थानको मिथ्यादृष्टि जीव बाँधता है। इस प्रकार तिर्यग्गतिसंयुक्त बँधनेवाले उपर्युक्त बन्धस्थान कहे ॥७५-७७॥

इस तेईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें संहननका बन्ध नहीं बतलाया गया है, क्योंकि एकेन्द्रिय जीवके संहननका उदय नहीं होता है। यहाँ पर बादर-सूक्ष्मसम्बन्धी भंगोंको प्रत्येक और साधारणसम्बन्धी दो भङ्गोंके साथ गुणा करने पर ४ भंग होते हैं।

इस प्रकार तिर्यग्गतिसंयुक्त सर्व भङ्ग (४६०८+२४+४६०८+२४+१६+२०+४+४ =) ९३०८ होते हैं।

अब मनुष्यगतिसंयुक्त बँधनेवाले स्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]तत्थ य तीसट्ठाणा मणुयदुगोराल तेय कम्मं च।
ओरालियंगवंगं समचउरं वज्जरिसभं च ॥७८॥

तसचउ वण्णचउक्कं अगुरुयलहुयं च हुंति चत्तारि।
थिरमथिर-सुहासुहाणं एयदरं सुभगमादेज्जं ॥७९॥

सुस्सर-जसजुयलेक्कं पसत्थगई णिमिणयं च तित्थयरं।
पंचिंदियं च तीसं अविरयसम्मो उ बंधेइ ॥८०॥

[2]एत्थ य दुब्भग-दुस्सर-अणादिज्जाणं तित्थयरेण सम्मत्तेण सह विरोधादो ण बंधो। सुहय-सुस्सर-आदेज्जाणमेव बंधो। तेण थिर-सुह-जसजुयलाणि २।२।२ अण्णेण्णगुणिया भंगा ८।

अथेदं नामप्रकृतिबन्धस्थानं बद्ध्वा मनुष्यगत्यां समुत्पद्यते। मनुष्यगत्या सह तत्स्थानकं गाथादशकेनाऽऽह—['तत्थ य तीसट्ठाणा' इत्यादि।] तत्र मनुष्यगत्यां नामकर्मप्रकृतिबन्धस्थानं त्रिंशत्कं ३० अविरतसम्यग्दृष्टिर्देवो नारको वा बध्नाति। तत्किम्? मनुष्यगति-तदानुपूर्व्ये २ औदारिक-तैजस-कार्मणानि ३ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ समचतुरस्रसंस्थानं १ वज्रवृषभनाराचसंहननं १ त्रसचतुष्कं ४ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुचतुष्कं ४ स्थिरास्थिर-शुभाशुभयुगलानां मध्ये एकतरं १।१ सुभगं १ आदेयं १ सुस्वरं १ यशोयुग्मस्यैकतरं १ प्रशस्तविहायोगतिः १ निर्माणं १ तीर्थंकरत्वं १ पञ्चेन्द्रियं १ चेति नामप्रकृतिबन्धस्थानकं त्रिंशत्कं असंयतसम्यग्दृष्टिर्देवो नारको वा बध्नाति ॥७८-८०॥

अत्र दुर्भग-दुःस्वरानादेयानां तीर्थकृत्सम्यक्त्वाभ्यां विरोधान्न बन्धः। सुभग-सुस्वरादेयानामेव बन्धः। यतस्तेन स्थिर-शुभ-यशो-युगलानि २।२।२ अन्योन्यगुणिता भङ्गाः अष्टौ ८।

उनमेंसे तीसप्रकृतिक स्थानकी प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—मनुष्यद्विक (मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्वी) औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिकशरीर-अङ्गोपाङ्ग, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रवृषभनाराचसंहनन, त्रसचतुष्क, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, स्थिर, अस्थिर और शुभ-अशुभमेंसे कोई एक एक, सुभग, आदेय, सुस्वर और यशःकीर्त्तियुगलमेंसे एक, प्रशस्तविहायोगति, निर्माण, तीर्थङ्कर और पंचेन्द्रियजाति। इस तीसप्रकृतिक स्थानको अविरतसम्यग्दृष्टि बाँधता है ॥७८-८०॥

1. सं०-पञ्चसं० ५. ९०-९३। 2. ५, 'अत्र दुर्भग' इत्यादिगद्यभागः। (पृ० १६५)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यहाँ पर दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय, इन तीन प्रकृतियोंका तीर्थङ्करप्रकृति और सम्यक्त्वके साथ विरोध होनेसे बन्ध नहीं होता है; किन्तु सुभग, सुस्वर और आदेयका ही बन्ध होता है, इसलिए शेष तीन युगलोंके परस्पर गुणित करने पर (२×२×२=८) आठ भङ्ग होते हैं।

[1]जह तीसं तह चेव य ऊणत्तीसं तु जाण पढमं तु।
तित्थयरं वज्जित्ता अविरदसम्मो दु बंधेइ॥८१॥

एत्थ अट्ठ भंगा ८ पुणरुत्ता, इदि ण गहिया।

यथा त्रिंशत्कं बन्धस्थानं तीर्थकरत्वं वर्जयित्वा प्रथममेकोनत्रिंशत्कं नामप्रकृतिबन्धस्थानं २९ अविरतसम्यग्दृष्टिर्देवो नारको वा बध्नातीति जानीहि ॥८१॥

अत्राष्टौ भङ्गाः ८ पुनरुक्तत्वान्न गृह्यन्ते।

जिस प्रकार तीसप्रकृतिक बन्धस्थान बतलाया गया है, उसी प्रकार प्रथम उनतीस प्रकृतिक स्थान भी जानना चाहिए। इसमें केवल तीर्थङ्करप्रकृतिको छोड़ देते हैं। इस स्थानको अविरतसम्यग्दृष्टि जीव बाँधता है ॥८१॥

यहाँ पर उपर्युक्त आठ भंग होते हैं, जो कि पुनरुक्त होनेसे ग्रहण नहीं किये गये हैं।

[2]जह पढमं उणतीसं तह चेव य विदियऊणतीसं तु।
णवरि विसेसो सुस्सर सुभगादेज्जजुयलाणमेयदरं ॥८२॥
हुंडमसंपत्तं पिव† वज्जिय सेसाणमेक्कयरयं च।
विहायगइजुयलमेयदरं सासणसम्मा दु बंधंति ॥८३॥

२।२।२।२।२।२।५।५।२ अण्णोण्णगुणिया भंगा ३२००।

एए तइयउणतीसपविट्ठा ण गहिया।

यथा प्रथममेकोनत्रिंशत्कं तथा तेनैव प्रकारेण द्वितीयमेकोनत्रिंशत्कं नामप्रकृतिबन्धस्थानं २९ भवति। नवरिः किञ्चिद्विशेषः, किन्तु सुस्वर-सुभगादेययुगलानां मध्ये एकतरं १।१।१। हुण्डकसंस्थाना-सम्प्राप्तसंहनने द्वे २ अन्तिमे वर्जयित्वा शेषाणां पञ्चानां संस्थानानां पञ्चानां संहननानां चैकतरं १।१ विहायोगतियुग्मस्यैकतरं १ इति विशेषः। मनुष्यगतिसंयुक्तमेकोनत्रिंशत्कं स्थानं द्वितीयं २९ सासादन-सम्यग्दृष्टयो बध्नन्ति ॥८२-८३॥

स्थिर-शुभ-यशः-सुस्वर-सुभगादेय-प्रशस्ताप्रशस्तविहायोगतियुगलान्त्यसंस्थान-संहननवर्जित-पञ्च-संस्थान-पञ्चसंहननानि २।२।२।२।२।२।४।५। ५ अन्योन्यगुणिता भङ्गाः ३२००। एते भङ्गाः वक्ष्यमाण-तृतीयनवविंशतिं प्रति प्रविष्टा इति न गृहीता न गृह्यन्ते।

जिस प्रकार प्रथम उनतीसप्रकृतिक स्थान कहा गया है, उसी प्रकार द्वितीय उनतीस-प्रकृतिक स्थान भी जानना चाहिए। विशेषता केवल यह है कि सुस्वर, सुभग और आदेय, इन तीन युगलोंमेंसे कोई एक एक, तथा हुंडक संस्थान, और सृपाटिका संहननको छोड़कर शेषमेंसे कोई एक एक और विहायोगति-युगलमेंसे कोई एक प्रकृति-संयुक्त द्वितीय उनतीस प्रकृतिकस्थानको सासादनसम्यग्दृष्टि जीव बाँधते हैं ॥८२-८३॥

यहाँ पर स्थिरादि छह युगल, पाँच संस्थान, पाँच संहनन और विहायोगति-द्विकके परस्पर गुणित करनेपर (२×२×२×२×२×२×५×५×२=) ३२०० भंग होते हैं। ये भंग तृतीय उनतीसप्रकृतिक स्थानके अन्तर्गत हैं, इससे उनका ग्रहण नहीं किया गया है।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ९४। 2. ५, ९५-९६।
†ब पिच,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[1]एवं तइय उगुतीसं णवरि असंपत्त हुंडसहियं च ।
बंधइ मिच्छाइट्ठी छण्हं जुयलाणमेगदरं ॥८४॥

२।२।२।२।२।२।६।६।२ एत्थ भंगा ४६०८ ।

एवं पूर्वोक्तप्रकारेणासम्प्राप्तसंहनन-हुण्डकसंस्थानसहितं तृतीयमेकोनत्रिंशत्कं नामप्रकृतिबन्धस्थानं २९ मिथ्यादृष्टिर्जीवो बध्नाति । पण्णां स्थिरादीनां युगलानां मध्ये एकतरं १।१।१।१।२।१ बध्नाति ॥८४॥

२।२।२।२।२।२।६।६।२ अन्योन्येन गुणिता भङ्गाः ४६०८ ।

इसी प्रकार तृतीय उनतीसप्रकृतिक स्थान भी जानना चाहिए। विशेषता केवल यह है कि वह सृपाटिकासंहनन और हुण्डकसंस्थान सहित है। तथा सात युगलोंमेंसे किसी एक प्रकृति-के साथ उसे मिथ्यादृष्टि जीव बाँधता है ॥८४॥

इस तृतीय उनतीसप्रकृतिक स्थानमें छह संस्थान, छह संहनन और सात युगलोंके परस्पर गुणा करने पर (६×६×२×२×२×२×२×२=) ४६०८ भङ्ग होते हैं ।

[2]एत्थ इमं पणुवीसं मणुयदुगोराल तेज कम्मं च ।
ओरालियंगवंगं हुंडमसंपत्त वण्णचदुं ॥८५॥

अगुरुगलहुगुवघायं तसबायर पत्तेय अपज्जत्तं ।
अथिरमसुहं दुब्भग अणादेज्ज अजस णिमिणं च ॥८६॥

पंचिंदिमसंजुत्तं पणुवीसं बंधगो तहा मिच्छो ।
मणुयगइसंजुत्ताणि तिण्णि ठाणाणि भणियाणि ॥८७॥

[3]एत्थ संकिलेसेण बज्झमाण-अपज्जत्तेण सह थिराईणं विसुद्धपयडीणं बंधो णत्थि, तेण भंगो १ । मणुयगइ-सव्वभंगा ४६१७ ।

अत्रास्यां मनुष्यगत्यां इदं पञ्चविंशतिकं नामप्रकृतिबन्धस्थानं मिथ्यादृष्टिर्जीवः तिर्यङ् मनुष्यो वा बध्नाति । तत्किम् ? मनुष्यद्विकं २ औदारिक-तैजस-कार्मणानि ३ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ हुण्डकं १ असम्प्राप्त-संहननं १ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघु १ उपघातं १ त्रसं १ बादरं १ प्रत्येकं १ अपर्याप्तं १ अस्थिरं १ अशुभं १ दुर्भगं १ अनादेयं १ अयशः १ निर्माणं १ पञ्चेन्द्रियं १ चेति पञ्चविंशतिकं नामप्रकृतिबन्ध-स्थानकं २५ लब्ध्यपर्याप्तमनुष्यगतिसहितं मिथ्यादृष्टिर्मनुष्यस्तिर्यग् जीवो वा बध्नाति । मनुष्यगतिसहितानि त्रीणि स्थानानि मनुष्यगतौ भणितानि ॥८५-८७॥

अत्र संक्लेशतो बध्यमानेनापर्याप्तेन सह स्थिरादीनां विशुद्धप्रकृतीनां बन्धो नास्ति यतः, तत एको भङ्गः १ ।

मनुष्यगतौ सर्वे भङ्गाः (४६०८+८+१=) ४६१७ ।

पच्चीसप्रकृतिक स्थानकी प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—मनुष्यद्विक, औदारिकशरीर, तैजस-शरीर, कार्मणशरीर, औदारिकशरीर-अङ्गोपाङ्ग, हुण्डकसंस्थान, सृपाटिकासंहनन, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, अपर्याप्त, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशः-कीर्त्ति, निर्माण और पंचेन्द्रियजाति । पंचेन्द्रियजातिसंयुक्त इस पच्चीसप्रकृतिक स्थानको मिथ्या दृष्टि जीव बाँधता है । इस प्रकार मनुष्यगतिसंयुक्त तीन स्थान कहे गये हैं ॥८५-८७॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ९७ । 2. ५, ९८-१०० । 3. ५, 'अत्र संक्लेशतो' इत्यादिगद्यांशः - (पृ० १६६) ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यहाँ पर संक्लेशके बँधनेवाली अपर्याप्त प्रकृतिके साथ स्थिर आदि विशुद्धिकालमें बँधनेवाली विशुद्ध प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता है। इसलिए भंग एक ही है। इस प्रकार मनुष्यगति संयुक्त सर्व भंग (८+४६०८+१=) ४६१७ होते हैं।

अब देवगतिसंयुक्त बँधनेवाले स्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]देवदुयं पंचिंदिय वेउव्वाहार तेय कम्मं च।
समचउरं वेउव्विय आहारय-अंगवंगणामं च ॥८८॥
तसचउ वण्णचउक्कं अगुरुयलहुयं च होंति चत्तारि।
थिर सुह सुहयं सुस्सर पसत्थगइ जस य आदेज्जं ॥८९॥
णिमिणं चिय तित्थयरं एक्कत्तीसं होंति णेयाणि।
बंधइ पमत्त इयरो अपुव्वकरणो य णियमेण ॥९०॥

[2]एत्थ देवगईए सह संघयणाणि ण बज्झंति, देवेसु संघयणाणमुदयाभावादो भंगो १।

यदिदं नामप्रकृतिबन्धस्थानकं बद्ध्वा देवगतौ समुत्पद्यते, तदिदं बन्धस्थानकं देवगतिसहितं गाथानवकेनाऽऽह—['देवदुगं पंचिंदिय' इत्यादि।] देवगति-देवगत्यानुपूर्वी द्वे २ पञ्चेन्द्रियं १ वैक्रियिकाहारक-तैजस-कार्मणशरीराणि ४ समचतुरस्रसंस्थानं १ वैक्रियिकाहारकाङ्गोपाङ्गद्वयं २ त्रसचतुष्कं ४ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुचतुष्कं ४ स्थिरं १ शुभं १ सुभगं १ सुस्वरं १ प्रशस्तविहायोगतिः १ यशस्कीर्त्तिः १ आदेयं १ निर्माणं १ तीर्थकरत्वं १ चेति एकत्रिंशत्कं प्रकृतिबन्धस्थानकं नामप्रकृतिबन्धस्थानकं ३१। अप्रमत्तो मुनिरपूर्वकरणो यतिश्च बध्नाति नियमेन ज्ञातव्यं भवति ॥८८–९०॥

अत्र देवगत्या सह संहननानि न बध्यन्ते, देवेषु संहननानामुदयाभावाद् भङ्ग एक एव १।

देवद्विक (देवगति-देवगत्यानुपूर्वी) पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिकशरीर-अङ्गोपाङ्ग, आहारकशरीर-अङ्गोपाङ्ग, त्रसचतुष्क, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, प्रशस्तविहायोगति, यशस्कीर्ति, आदेय, निर्माण और तीर्थङ्कर, ये इकतीसप्रकृतिक स्थानकी प्रकृतियाँ जानना चाहिए। इस स्थानको प्रमत्तसंयत, अप्रमत्तसंयत या अपूर्वकरणसंयत नियमसे बाँधते हैं ॥८८–९०॥

यहाँ पर देवगतिके साथ किसी भी संहननका बन्ध नहीं होता है; क्योंकि देवोंमें संहननोंका उदय नहीं पाया जाता। यहाँ पर भङ्ग एक ही है।

[3]एमेव होइ तीसं णवरि हु तित्थयरवज्जियं णियमा।
बंधइ पमत्त इयरो अपुव्वकरणो य णायव्वो ॥९१॥

[4]एत्थ अथिरादीणं बंधो ण होइ, विसुद्धीए सह एएसिं बंधविरोधो। तेण भंगो १।

तीर्थकरत्वं वर्जितमिदमेव त्रिंशत्कं ३० भवति पूर्वोक्तैकत्रिंशत्कस्थानं तीर्थकरत्ववर्जितं नामप्रकृतिबन्धस्थानं त्रिंशत्कं ३० अप्रमत्तो यतिरपूर्वकरणो मुनिर्वा बध्नाति नियमात्। नवरि विशेषोऽयम् ॥९१॥

अत्रास्थिरादीनां बन्धो न भवति, विशुद्धया सह तेषां बन्धविरोधः। तेनैको भङ्गः १ $\frac{३०}{१}$।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १०२-१०४। 2. ५, १०५। 3. ५, १०६। 4. ५, 'अत्र यतोऽस्थिरादीनां' इत्यादिगद्यभागः। (पृ० १६७)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इसी प्रकार इकतीसप्रकृतिक स्थानके समान तीसप्रकृतिक स्थान भी जानना चाहिए। विशेषता केवल यह है कि इसमें तीर्थङ्करप्रकृति छूट जाती है। इस तीसप्रकृतिक स्थानको भी प्रमत्त, अप्रमत्त और अपूर्वकरण संयत नियमसे बाँधते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥९१॥

यहाँ पर अस्थिर आदि प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता है, क्योंकि विशुद्धिके साथ इनसे बँधनेका विरोध है। अतएव यहाँ एक ही भंग होता है।

[1]आहारदुयं अवणिय एक्कत्तीसम्हि पढममुगुतीसं।
बंधइ अपुव्वकरणो अप्पमत्तो य णियमेण ॥९२॥

एत्थ वि भंगो।१।

पूर्वोक्ते एकत्रिंशत्के ३१ आहारकद्वयं अपनीय प्रथममेकोनत्रिंशत्कं स्थानं २९ अपूर्वकरणो मुनिर्बध्नाति, अप्रमत्तो यतिश्च बध्नाति नियमेन ॥९२॥

अत्र भङ्गः १ $\frac{२९}{१}$।

एकतीसप्रकृतिक स्थानोंमेंसे आहारद्विक (आहारकशरीर-आहारक-अङ्गोपांग) के निकाल देने पर प्रथम उनतीसप्रकृतिक स्थान हो जाता है। इस स्थानको अप्रमत्तसंयत और अपूर्वकरणसंयत नियमसे बाँधते हैं ॥९२॥

प्रथम उनतीस प्रकृतिकस्थानमें भी भङ्ग एक ही होता है

[2]एवं विदिउगुतीसं णवरि य थिर सुह जसं च एयदरं।
बंधइ पमत्तविरदो अविरयं चेव देसविरदो य ॥९३॥

[3]एत्थ देवगईए सह उज्जोवो ण बज्झइ, देवगइम्मि तस्स य उदयाभावादो। तिरियगई मुत्तूण अण्णगईए सह तस्स बंधविरोधादो। देवाणं देहदित्ती तओ कुदो? वण्णणामकम्मोदयाओ। एत्थ य थिर-सुभ-जसजुयलाणि २।२।२ अण्णोण्णगुणिया भंगा ८।

एवं प्रथममेकोनत्रिंशत्कोक्तं द्वितीयमेकोनत्रिंशत्कं नामप्रकृतिबन्धस्थानं २९ भवति। नवरि विशेषः, किन्तु स्थिरास्थिर-शुभाशुभ-यशोऽयशसां मध्ये एकतरं १।१।१। अस्थिरादीनां प्रमत्तान्तं बन्धात्। इदं द्वितीयं नवविंशतिकं स्थानं २९ प्रमत्तविरतोऽसंयतसम्यग्दृष्टिर्देशविरतश्च बध्नाति २९ ॥९३॥

अत्र देवगत्या सहोद्योतो न बध्यते, देवगतौ तस्योद्योतस्योदयाभावात्, तिर्यग्गतिं मुक्त्वाऽन्यत्रिगत्या सह तस्योद्योतस्य बन्धविरोधः। तर्हि देवानां देहदीप्तिः कुतः? वर्णनामकर्मोदयात्। अत्र च स्थिर-शुभ-यशोयुगलानि २।२।२ अन्योन्यगुणिता भङ्गाः अष्टौ ८ $\frac{२९}{८}$।

इसी प्रकार द्वितीय उनतीसप्रकृतिक स्थान जानना चाहिए। विशेषता केवल यह है कि यहाँ पर स्थिर, शुभ और यशःकीर्त्ति; इन तीन युगलोंमेंसे किसी एक एक प्रकृतिका बन्ध होता है। इस द्वितीय उनतीसप्रकृतिक स्थानको प्रमत्तविरत देशविरत और अविरत सम्यग्दृष्टि जीव बाँधते हैं ॥९३॥

यहाँ पर देवगतिके साथ उद्योतप्रकृति नहीं बँधती है; क्योंकि देवगतिमें उसका उदय नहीं होता है। तिर्यग्गतिको छोड़कर अन्यगतिके साथ उसके बँधनेका विरोध है। यदि ऐसा है, तो देवोंके देहोंमें दीप्ति किस कर्मके उदयसे होती है? इस प्रश्नका उत्तर यह है कि वर्णनाम-

1. सं० पञ्चसं० ५, १०७। 2. १, 'एकान्नत्रिंशदियं इत्यादिगद्यांशः। (पृ० १६७)। 3. ५, 'अत्र देवगत्या' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १६७)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर्मके उदयसे उनके शरीरमें दीप्ति होती है। यहाँ पर स्थिर, शुभ और यशःकीर्त्ति, इन तीन युगलोंके परस्पर गुणित करने पर (२×२×२=) आठ भङ्ग होते हैं।

[1]तित्थयराहारदुयं एक्कत्तीसम्हि अवणिए पढमं।
अट्ठावीसं बंधइ अपुव्वकरणो य अप्पमत्तो य ॥९४॥

एत्थ भंगो १ पुणरुत्तो त्ति ण गहिओ।

पूर्वोक्तैकत्रिंशत्कनामप्रकृतिबन्धस्थानके तीर्थकरत्वाहारकद्वयेऽपनीते प्रथममष्टाविंशतिकं बन्धस्थानं २८ अपूर्वो मुनिः अप्रमत्तो यतिश्च बध्नाति ॥९४॥

अत्र भङ्ग एकः १ $\frac{२८}{१}$ पुनरुक्तत्वान्न गृह्यते।

इकतीसप्रकृतिक स्थानमेंसे तीर्थङ्कर और आहारकद्विक इन तीन प्रकृतियोंके निकाल देने पर शेष रहीं अट्ठाईसप्रकृतियोंको अप्रमत्तसंयत और अपूर्वकरणसंयत बाँधता है। यह प्रथम अट्ठाईस प्रकृतिक स्थान है ॥९४॥

यहाँ पर भंग एक ही है, किन्तु वह पुनरुक्त है, अतः उसे ग्रहण नहीं किया गया है।

[2]बिदियं अट्ठावीसं विदिउगुतीसं* च तित्थयरहीणं।
मिच्छाइपमत्तंता बंधगा होंति णायव्वा ॥९५॥

[3]कुदो एवं? उवरिजाणं अथिर-असुह-अजसाणं बंधाभावादो। भंगा ८।

पूर्वोक्तं द्वितीयमेकोनत्रिंशत्कं २९ तीर्थकरहीनं सत् द्वितीयमष्टाविंशतिकं बन्धस्थानं २८ मिथ्यादृष्ट्यादि-प्रमत्तपर्यन्ता बध्नन्ति द्वितीयाष्टाविंशतिकस्य बन्धका भवन्ति ज्ञातव्याः ॥९५॥

एवं कुतः? यन्मिथ्यात्वादि-प्रमत्तान्ता बन्धकाः, अप्रमत्तादयो न; उपरिजानां अप्रमत्तादीनां अस्थिराशुभायशसां बन्धाभावात्। अत्राष्टाविंशतिके २।२।२ गुणिता भङ्गाः अष्टौ $\frac{२८}{८}$

द्वितीय उनतीसप्रकृतिक स्थानमेंसे तीर्थङ्करप्रकृतिके कम कर देने पर द्वितीय अट्ठाईस पकृतिक स्थान हो जाता है। इस स्थानके बन्धक मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्तसंयत गुणस्थान तकके जीव होते हैं ऐसा जानना चाहिए ॥९५॥

ऐसा क्यों है! इस प्रश्नका उत्तर यह है कि अप्रमत्तसंयतादि उपरितन गुणस्थानवर्ती जीवोंके अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्त्ति, इन तीनों प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता है। यहाँ पर शेष तीन युगलोंके गुणा करनेसे आठ भङ्ग होते हैं।

[4]बंधंति जसं एयं अपुव्वकरण अणियट्टि सुहुमा य।
तेरे णव चउ पणयं बंधवियप्पा हवंति णामस्स ॥९६॥

चउगइया १३९४५।

अपूर्वकरणानिवृत्तिकरणसूक्ष्मसाम्पराया मुनयः एकां यशस्कीर्त्तिं बध्नन्ति। देवेषु सर्वभङ्गाः १९। नाम्नः कर्मणः सर्वे चातुर्गतिका भङ्गाः त्रयोदशसहस्रनवशतपञ्चचत्वारिंशद् बन्धविकल्पाः ॥९६॥

चातुर्गतिका भङ्गाः १३९४५।

इति नामकर्मणः बन्धप्रकृतिस्थानानि समाप्तानि।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १०८। 2. ५, १०९। 3. ५, 'कुतो यतो' इत्यादिगद्यांशः। (पृ० १६७)। 4. ५, ११०-१११।

*ब विदियं उणतीसं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यशस्कीर्त्तिरूप एकप्रकृतिक स्थानको अपूर्वकरणसंयत, अनिवृत्तिकरणसंयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत बाँधते हैं। (इस प्रकार देवगतिसंयुक्त सर्व भंग १+१+१+८+१+८=२० होते हैं।) तथा नामकर्मके ऊपर बतलाये गये सर्व बन्धविकल्प (तिर्यग्गति-सम्बन्धी ६३०८+मनुष्यगति-सम्बन्धी ४६१७+देवगति-सम्बन्धी २०=१३६४५) तेरह हजार नौ सौ पैंतालीस होते हैं ॥६६॥

चतुर्गतिसम्बन्धी सर्वविकल्प १३६४५ होते हैं।

इस प्रकार नामकर्मके बन्धस्थानोंका वर्णन समाप्त हुआ।

अब मूलगाथाकार नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०२२] [1]इगिवीसं चउवीसं एत्तो इगितीसयं ति एयहियं।
उदयट्ठाणाणि तहा णव अट्ठ य होंति णामस्स[1] ॥६७॥

२१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१।९।८।

अथ नामकर्मप्रकृत्युदयस्थानानि गत्यादिमार्गणासु तद्योग्यगुणस्थानादिषु दर्शयति—[इगिवीसं चउवीसं' इत्यादि।] नामकर्मण उदयस्थानानि एकविंशतिकं २१ चतुर्विंशतिकं २४ इतः परमेकैकाधिकमेकत्रिंशत्पर्यन्तम्। तेन पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ सप्तविंशतिकं २७ अष्टाविंशतिकं २८ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० एकत्रिंशत्कं ३१ तथा नवकं ९ अष्टकं चेति एकादश नामप्रकृत्युदयस्थानानि भवन्ति ॥६७॥

२१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१।९।८।

इक्कीसप्रकृतिक, चौबीसप्रकृतिक और इससे आगे एक अधिक करते हुए इकतीसप्रकृतिक तक, तथा नौप्रकृतिक और आठप्रकृतिक, ये नामकर्मके ग्यारह उदयस्थान होते हैं ॥६७॥

इनकी अङ्कसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २४, २५, २६, २७, २८, २९, ३०, ३१, ९, ८।

अब भाष्यगाथाकार नरकगतिमें नरकगतिसंयुक्त नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[2]इगिवीसं पणुवीसं सत्तावीसट्ठवीसमुगतीसं।
एए उदयट्ठाणा णिरयगइसंजुया पंच ॥६८॥

अथ नरकगतौ नरकगतिसंयुक्तानि नामोदयस्थानानि गाथाष्टकेनाऽऽह–['इगिवीसं पणवीसं' इत्यादि।] एकविंशतिकं २१ पञ्चविंशतिकं २५ सप्तविंशतिकं २७ अष्टाविंशतिकं २८ एकोनत्रिंशत्कं २९ चेति एतानि नामप्रकृत्युदयस्थानानि नरकगतिसंयुक्तानि पञ्चोदयस्थानानि ५ नरकगत्यां भवन्ति ॥६८॥

२१।२५।२७।२८।२९।

इक्कीस, पचीस, सत्ताईस, अट्ठाईस और उनतीस प्रकृतिक, ये पाँच उदयस्थान नरकगतिसंयुक्त होते हैं ॥६८॥

नरकगतिसंयुक्त उदयस्थान—२१, २५, २७, २८, २९।

इनमेंसे पहले नरकगतिसंयुक्त इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[3]तत्थिगिवीसं ठाणा णिरयदुयं तेय कम्म वण्णचदुं।
अगुरुगलहु पंचिंदिय तस बायरं च पज्जत्तं ॥६९॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ११२। 2. ५, ११३। 3. ५, ११४-११६।

१. सप्ततिक० २५। परं तत्रेदक् पाठः—
वीसिगवीसा चउवीसगाति एगाहिया उ इगतीसा।
उदयट्ठाणाणि भवे नव अट्ठ य होंति नामस्स ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

थिर अथिरं च सुहासुह दुभग अणादेज्ज अजस णिमिणं च ।
विग्गहगईहिं एदे एयं च दो व समयाणि ॥१००॥

तत्र नरकगतिं प्रति यातरि एकस्मिन् जीवे इदमेकविंशतिकनामप्रकृत्युदयस्थानमुदेति । नरकगति-तदानुपूर्व्ये २ तैजस-कार्मणे २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघु १ पञ्चेन्द्रियं १ त्रसं १ बादरं १ पर्याप्तं १ स्थिरं १ अस्थिरं १ शुभं १ अशुभं १ दुर्भगं १ अनादेयं १ अयशः १ निर्माणं १ चेति एकविंशत्युदयप्रकृतयः २१ एताः विग्रहगत्यां कार्मणशरीरे नारकजीवं प्रति उदयं यान्ति २१ । विग्रहगतौ कार्मणशरीरस्यैकसमयो जघन्यकालः १ उत्कृष्टतो द्वौ २ । एको वा द्वौ वा त्रयो वा (?) समया इत्यर्थः ॥९९–१००॥

नरकद्विक, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, पंचेन्द्रियजाति, त्रस, बादर, पर्याप्त, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्त्ति, और निर्माण, इन इक्कीस प्रकृतियोंवाला यह उदयस्थान नरकगतिको जानेवाले जीवके विग्रहगतिमें एक या दो समय तक होता है ॥९९–१००॥

अब नरकगतिसंयुक्त उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[1]एमेव य पणुवीसं णवरि विसेसो सरीरगहियस्स ।
णिरयाणुपुव्वि अवणिय वेउव्वियदुयं च उवघादं ॥१०१॥
हुंडं पत्तेयं पिय* पक्खित्ते जाव सरीरणिप्फत्ती ।
अंतोमुहुत्तकालो जहण्णमुक्कस्सयं च भवे ॥१०२॥

एवमेकविंशतिकोक्तप्रकारेण पञ्चविंशतिकं भवति । नवरि विशेषः—वैक्रियकशरीरं गृह्णतः नारकस्य तस्मिन्नेकविंशतिके नरकानुपूर्व्यमपनीय तत्र वैक्रियिकशरीर-वैक्रियिकाङ्गोपाङ्गद्वयोपघात-हुण्डकसंस्थान-प्रत्येकशरीरप्रकृतिपञ्चके प्रक्षिप्ते पञ्चविंशतिकं नामकर्मप्रकृत्युदयस्थानं भवति २५ । यावत्तु शरीरनिष्पत्तिः शरीरपर्याप्तिः पूर्णतां याति तावदिदं पञ्चविंशतिकमुदयति । जघन्यत उत्कृष्टतश्चान्तर्मुहूर्त्तकालः वैक्रियिक-शरीरमिश्रकालोऽन्तर्मुहूर्त्तो भवति ॥१०१–१०२॥

इसी प्रकार पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। विशेषता केवल यह है कि वैक्रियिकशरीरको ग्रहण करनेवाले नारकीके उपर्युक्त इक्कीस प्रकृतियोंमेंसे नरकानुपूर्वीको घटा-करके उनमें वैक्रियिकद्विक, उपघात, हुण्डकसंस्थान और प्रत्येकशरीर, इन पाँच प्रकृतियोंके मिला देनेपर पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थान होता है। यह उदयस्थान जब तक शरीरपर्याप्तिकी पूर्णता नहीं नहीं हो जाती है, तब तक रहता है। इस उदयस्थानका जघन्य और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है ॥१०१–१०२॥

अब नरकगतिसंयुक्त सत्ताईसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[2]एमेव सत्तवीसं सरीरपज्जत्तिणिट्ठिए णवरि ।
परघायमप्पसत्थ-विहायगई चेव पक्खित्ते ॥१०३॥

एवं पञ्चविंशतिकोक्तप्रकारेण सप्तविंशतिकं शरीरपर्याप्तिनिष्ठापिते पूर्णे कृते सति वैक्रियिकशरीरपर्याप्ते पूर्णे पञ्चविंशतिके परघाताप्रशस्तविहायोगतिप्रकृतिद्वये प्रक्षिप्ते मेलिते सप्तविंशतिकं भवति २७ । शरीर-पर्याप्तिनिष्पत्तिकालोऽन्तर्मुहूर्त्तः ॥१०३॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, ११७-११८ । 2. ५, १२० ।

*ब पि च ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इसी प्रकार पच्चीस प्रकृतिक उदयस्थानके समान ही सत्ताईस प्रकृतिक उदयस्थान भी जानना चाहिए। विशेष बात यह है कि शरीरपर्याप्तिके पूर्ण होनेपर पच्चीस प्रकृतिक उदयस्थानमें परघात और अप्रशस्तविहायोगति ये दो प्रकृतियाँ और मिलाना चाहिए ॥१०३॥

अब नरकगतिसंयुक्त अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[1]एमेव अट्ठवीसं आणापज्जत्तिणिट्ठिए णवरि ।
उस्सासं पक्खित्ते कालो अंतोमुहुत्तं तु ॥१०४॥

आनप्राणपर्याप्तिनिष्ठापने श्वासोच्छ्वासपर्याप्तिपूर्णे कृते सति पूर्वोक्तसप्तविंशतिके उच्छ्वासनिःश्वासे प्रक्षिप्ते सति अष्टाविंशतिकं प्रकृत्युदयस्थानं नारकस्योदयागतं २८ भवति। तु पुनः उच्छ्वासनिःश्वासपर्याप्तिपूर्णकरणेऽन्तर्मुहूर्तकालः ॥१०४॥

इसी प्रकार अट्ठाईस प्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। विशेष बात यह है कि श्वासोच्छ्वास पर्याप्तिके पूर्ण होनेपर सत्ताईसप्रकृतिक उदयस्थानमें उच्छ्वासप्रकृतिके मिलानेपर अट्ठाईस प्रकृतिक उदयस्थान होता है। इस उदयस्थानका काल भी अन्तर्मुहूर्त है ॥१०४॥

अब नरकगतिसंयुक्त उनतीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[2]एमेव य उगुतीसं भासापज्जत्तिणिट्ठिए णवरि ।
दुस्सरसहियजहण्णं दसवाससहस्स किंचूणं ॥१०५॥
तेतीस सायरोवम किंचिदूणुक्कस्सयं हवइ कालो ।
णिरयगईए सव्वे उदयवियप्पा य पंचेव ॥१०६॥

पृथ भंगा ५।

भाषापर्याप्तिनिष्ठापिते परिपूर्णे कृते सति एवं पूर्वोक्तमष्टाविंशतिकं दुःस्वरभाषासहितं नवविंशतिकं भवति। नवीनमिति नारकस्य दुःस्वरभाषापर्याप्तेः दशवर्षसहस्रजघन्यकालः १०००० किञ्चिन्न्यूनः उक्तचतुःकालोनः अन्तर्मुहूर्तहीन इत्यर्थः $\frac{१०००० \text{ स}२११३}{\text{समयत्रयं}}$ अन्तर्मुहूर्तत्रयम्। नारकस्य दुःस्वरभाषापर्याप्तेरुत्कृष्टकालः त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमप्रमाणः किञ्चिन्न्यूनः अन्तर्मुहूर्तहीनः $\frac{\text{सा०३३}}{\text{मु.२१३}}$ भवेत्। तथाहि—विग्रहगतौ कार्मणशरीरे एको वा द्वौ वा त्रयो वा (?) समयाः ३, शरीरमिश्रेऽन्तर्मुहूर्तः २१ शरीरपर्याप्तौ अन्तर्मुहूर्तः २१ उच्छ्वासनिःश्वासपर्याप्तौ अन्तर्मुहूर्तः २१ भाषापर्याप्तौ उक्तचतुष्कालोनं सर्वं भुज्यमानायुः। एवं सर्वगतिषु ज्ञेयम्। नरकगत्यामिदं देवगत्यामिदं च $\frac{\text{१०००० वर्षाणि}}{\text{सम ०३}}$ $\frac{\text{साग० ३३}}{\text{सम० ३}}$। एकोनत्रिंशत्कमिति किम्? नरकगतिः १ तैजसकार्मणद्वयं २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ पञ्चेन्द्रियं १ त्रसं १ बादरं १ पर्याप्तं १ स्थिरास्थिरद्वयं २ शुभाशुभद्वयं २ दुर्भगं १ अनादेयं १ अयशः १ निर्माणं १ वैक्रियकतदङ्गोपाङ्गद्वयं २ उपघातः १ हुण्डसंस्थानं १ प्रत्येकं १ परघातः १ अप्रशस्तविहोगतिः १ उच्छ्वासनिःश्वासं १ दुःस्वरभाषा १ चेति एकोनत्रिंशत्कनामप्रकृत्युदयस्थानं पर्याप्तकनारकस्य भवत्युदेति ॥१०१-१०६॥

नरकगतौ सर्वे उदयविकल्पा भङ्गा एकस्मिन् नारकजीवे पञ्चैव भवन्ति। अत्र भङ्गाः ५।

के ते? $\frac{२१}{१}$ $\frac{२५}{१}$ $\frac{२७}{१}$ $\frac{२८}{१}$ $\frac{२९}{१}$।

इति नरकगत्यां नामप्रकृत्युदयस्थानानि समाप्तानि।

1. सं०पञ्चसं० ५, १२१। 2. ५, १२२-१२३।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इसी प्रकार उनतीसप्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। विशेष बात यह है कि भाषापर्याप्तिके पूर्ण होनेपर अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थानमें दुःस्वर प्रकृतिके मिलानेपर उनतीसप्रकृतिक उदयस्थान होता है। इस उदयस्थानका जघन्यकाल कुछ कम दश हजार वर्ष है और उत्कृष्टकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। इस प्रकार नरकगतिमें नामकर्मके उदयस्थानसम्बन्धी सर्वविकल्प पाँच ही होते हैं ॥१०५-१०६॥

नरकगतिमें उदयस्थानके भंग ५ होते हैं।

अब तिर्यग्गतिमें नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]इगिवीसं चउवीसं एत्तो इगितीसयं ति एगधियं।
णव चेव उदयठाणा तिरियगईसंजुया होंति ॥१०७॥

२१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१।

अथ तिर्यग्गतौ नामप्रकृत्युदयस्थानानि गाथापञ्चाशदाऽऽह—['इगिवीसं चउवीसं इत्यादि।] एकविंशतिकं २१ चतुर्विंशतिकं २४ इतःपरं एकत्रिंशत्पर्यन्तं एकैकाधिकं पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ सप्तविंशतिकं २७ अष्टाविंशतिकं २८ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० यावदेकत्रिंशत्कं ३१ चेति नव नामकर्मणः प्रकृत्युदयस्थानानि तिर्यग्गतिसंयुक्तानि तिर्यग्गतौ भवन्ति ॥१०७॥

२१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१।

इक्कीसप्रकृतिक, चौबीसप्रकृतिक और इससे आगे एक-एक अधिक करते हुए इकतीस प्रकृतिक उदयस्थान तक नौ उदयस्थान तिर्यग्गति-संयुक्त होते हैं ॥१०७॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है २१, २४, २५, २६, ३७, २८, २९, ३०,।

[2]पंचेव† उदयठाणा सामण्णेइंदियस्स बोहव्वा।
इगि चउ पण छ सत्त य अधिया वीसा य णायव्वा ॥१०८॥

सामण्णेइंदियस्स २१।२४।२५।२६।२७

एकविंशतिकं २१ चतुर्विंशतिकं २४ पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ सप्तविंशतिकमिति नामप्रकृत्युदयस्थानानि सामान्यैकेन्द्रियाणां जीवानां मध्ये एकस्मिन् एकेन्द्रियजीवे पञ्चैव बोधव्यानि ॥१०८॥

२१।२४।२५।२६।२७।

सामान्य एकेन्द्रिय जीवके इक्कीस, चौबीस, पच्चीस, छब्बीस और सत्ताईस प्रकृतिक पाँच उदयस्थान जानना चाहिए ॥१०८॥

सामान्य एकेन्द्रिय जीवके २१, २४, २५, २६, २७ प्रकृतिक पाँच उदयस्थान होते हैं।

[3]आयाउज्जोयाणं अणुदय एइंदियस्स ठाणाणि।
सत्तावीसेण विणा सेसाणि हवंति चत्तारि ॥१०९॥

२१।२४।२५।२६।

आतपोद्योतयोरनुदयैकेन्द्रियस्यातपोद्योतोदयरहितसामान्यैकेन्द्रियजीवस्य सप्तविंशतिकं विना एकविंशतिक-चतुर्विंशतिक-पञ्चविंशतिक-षड्विंशतिकानि चत्वारि नामोदयस्थानानि भवन्ति ॥१०९॥

२१।२४।२५।२६।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १२४। 2. ५, १२५-१२६। 3. ५, १२७।
†ब पंचेव य।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आतप और उद्योतके उदयसे रहित एकेन्द्रियजीवके सत्ताईस प्रकृतिक उदयस्थानके विना शेष चार उदयस्थान होते हैं ॥१०९॥

उनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २४, २५, २६ ।

[1]आयावुज्जोयाणं अणुदय एइंदियस्स इगिवीसं ।
तिरियदुग तेय कम्मं अगुरुगलहुगं च वण्णचदुं ॥११०॥
जस❀-बायर-पज्जत्ता तिण्हं जुयलाणमिक्कयर णिमिणं च ।
थिर-अथिर-सुहासुह-दुब्भगाणादेज्जं च थावरयं ॥१११॥
एइंदियस्स जाई विग्गहगइ पंचेव भंगा य ।
कालो जहण्ण इयरो इक्कं दो तिण्णि समयाणि ॥११२॥

[2]एत्थ जसकित्तिउदए सुहुम-अपज्जत्तया ण होंति, तेण एगो भंगो ।१। अजसकित्तीउदए चत्तारि ४ । सव्वे ५ ।

आतपोद्योतोदयरहितसामान्यैकेन्द्रियस्य जीवस्यैकस्येदमेकविंशतिकं २१ स्थानम् । किं तत् ? तिर्यग्गति-तदानुपूर्व्ये २ तैजस-कार्मणद्वयं २ अगुरुलघुकं १ वर्णचतुष्कं ४ यशोऽयशोयुग्म-बादरसूक्ष्म-पर्याप्तापर्याप्तयुग्मानां त्रयाणामेकतरं १।१।१ । निर्माणं १ स्थिरास्थिरयुग्मं २ शुभाशुभयुग्मं २ दुर्भगं १ अनादेयं १ स्थावरं १ एकेन्द्रियजातिकं १ चेति नामप्रकृत्युदयस्थानमेकविंशतिकं २१ विग्रहगत्यां कार्मण-शरीरे सामान्यैकेन्द्रियस्य भवति । एकविंशतिकं तु पंचधा, एकविंशतिका भङ्गाः ५ भवन्ति । एतेषां भङ्गानां जघन्यकाल एकसमयः, उत्कृष्टतो द्वौ त्रयो वा समयाः ॥११०-११२॥

अत्रैकविंशतिके यशस्कीर्त्युदये सूक्ष्मापर्याप्तोदयौ न भवतो यतस्तत एको भङ्गः १ । अयशस्कीर्त्युदये बादर-सूक्ष्मपर्याप्तापर्याप्तोदयाश्चत्वारो भङ्गाः ४ । सर्वे ५ । अयशःपाके बादर-पर्याप्तयुग्मयोरन्योन्यगुणिते भङ्गाः ४ । यशःपाके [१] मीलिताः भङ्गाः ५ । यशः $\begin{matrix}21\\1\end{matrix}$ बाद० $\begin{matrix}21\\1\end{matrix}$ प० $\begin{matrix}21\\1\end{matrix}$ अ० $\begin{matrix}21\\1\end{matrix}$ सू० $\begin{matrix}21\\1\end{matrix}$

आतप और उद्योतके उदयसे रहित सामान्य एकेन्द्रियजीवके यह वक्ष्यमाण इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थान होता है । वे इक्कीस प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—तिर्यग्द्विक, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, अगुरुलघु, वर्णचतुष्क; यशःकीर्त्ति-अयशःकीर्ति, बादर-सूक्ष्म पर्याप्त-अपर्याप्त इन तीन युगलोंमेंसे कोई एक-एक; निर्माण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, स्थावर और एकेन्द्रिय-जाति । यह इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थान विग्रहगतिमें कार्मणकाययोगकी दशामें होता है । इसका जघन्य काल एक समय, मध्यमकाल दो समय और उत्कृष्टकाल तीन समय है । इस स्थानके भङ्ग पाँच होते हैं ॥११०-११२॥

विशेषार्थ—इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानके पाँच भङ्गोंका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—यशः-कीर्तिके उदयके साथ सूक्ष्म, और अपर्याप्त प्रकृतियोंका उदय नहीं होता है, इसलिए यशःकीर्तिके उदयमें एक ही भंग होता है । किन्तु अयशःकीर्तिके उदयमें बादर, सूक्ष्म और पर्याप्त, अपर्याप्त इन प्रकृतियोंका उदय होता है, अतएव इन दो युगलोंके परस्पर गुणा करनेसे चार भंग हो जाते हैं । इस प्रकार यशःकीर्त्तिके उदयका एक भंग और अयशःकीर्त्तिके उदयमें होनेवाले चार भङ्ग; इन दोनोंको मिला देनेपर पाँच भङ्ग हो जाते हैं ।

---

1. सं०पञ्चसं०. ५, १२८-१३० । 2. ५, १,३१, 'तथाऽग्रेतनगद्यभागः' (पृ० १७०) ।

❀ द तस ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब चौबीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[1]एमेव य चउवीसं णवरि विसेसो सरीरगहियस्स ।
अवणिय आणुपुव्वी ओरालिय हुंड उवघायं ॥११३॥
पक्खित्ते पत्तेयं साहारणसरीरमेक्कयरं च ।
णव चेव उदयभंगा कालो अंतोमुहुत्तं तु ॥११४॥

[2]एत्थ जसकित्तिउदए सुहुम-अपज्जत्त-साहारणोदया ण होंति, तेण भंगो १ । अजसकित्तिउदये ८ । एवं सव्वे ९ ।

शरीरं गृह्णतः सामान्यैकेन्द्रियस्य पूर्वोक्तैकविंशतिकम् । नवरि विशेषः तत्रैकविंशतिके आनुपूर्व्यमपनीय औदारिकशरीरं १ हुण्डकसंस्थानं १ उपघातः १ प्रत्येक-साधारणयोर्मध्ये एकतरं १ चेति प्रकृतिचतुष्के तत्र विंशतिके प्रक्षिप्ते मिलिते चतुर्विंशतिकं स्थानम् २४ । तत्तु सामान्यैकेन्द्रियस्य शरीरमिश्रयोगे एवोदयति । अत्रोदयभङ्गा नव ९, नवधा चतुर्विंशतिका भवन्ति । अत्रौदारिकमिश्रकालोऽन्तर्मुहूर्तः २१ ॥११३–११४॥

अत्र यशस्कीर्त्युदये सूक्ष्मापर्याप्तसाधारणोदया न भवन्ति यतस्तत एको भङ्गः १ । यश० $\begin{matrix}२४\\१\end{matrix}$ । अयशस्कीर्त्युदये स्थूलपर्याप्तप्रत्येकयुग्मानां त्रयाणां २।२।२ परस्परेण गुणिता भङ्गाः अष्टौ ८ । एवं सर्वे भङ्गा नव ९ । $\begin{matrix}२४\\८\end{matrix}$ $\begin{matrix}२४\\१\end{matrix}$ ।

इसी प्रकार इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानके समान चौबीसप्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए । विशेष बात यह है कि विग्रहगतिके समाप्त हो जानेपर जब जीव तिर्यञ्चके शरीरको ग्रहण करता है, उस समयसे लगाकर शरीरपर्याप्तिके पूर्ण होने तक चौबीसप्रकृतिक उदयस्थान होता है । अतएव उन इक्कीस प्रकृतियोंमेंसे तिर्यगानुपूर्वी घटाकर औदारिकशरीर, हुण्डकसंस्थान, उपघात और प्रत्येक-साधारणयुगलमेंसे कोई एक, इन चार प्रकृतियोंके मिला देनेपर यह चौबीस प्रकृतिक उदयस्थान होता है । इस उदयस्थानके नौ भङ्ग होते हैं और इसका काल अन्तर्मुहूर्त है ॥११३–११४॥

यहाँपर यशस्कीर्त्तिके उदयमें सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणप्रकृतिका उदय नहीं होता है, इसलिए यशःकीर्त्तिसम्बन्धी एक भङ्ग होता है । तथा अयशःकीर्त्तिके उदयमें बादर-सूक्ष्म, पर्याप्त-अपर्याप्त और प्रत्येक-साधारण ये तीनों युगल सम्भव हैं, अतः तीन युगलोंके परस्पर गुणा करनेपर आठ भङ्ग होते हैं । इस प्रकार आठ और एक मिलकर नौ भङ्ग चौबीसप्रकृतिक उदयस्थानके जानना चाहिए ।

अब पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[3]एमेव य पणुवीसं सरीरपज्जत्तए अपज्जत्तं ।
अवणिय पक्खिवियव्वं परघायं पंच भंगाओ ॥११५॥

एत्थ भंगा ५ ।

सामान्यैकेन्द्रियस्य शरीरपर्याप्तौ पूर्वोक्तचतुर्विंशतिके अपर्याप्तं अपनीय परघातं प्रक्षेपणीयम्, पञ्चविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं सामान्यैकेन्द्रियस्य भवति २५ । तत्र पञ्चधा पञ्चविंशतिभङ्गाः पञ्च

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १३२-१३३ । 2. ५, 'अत्रायशःपाके' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १७०)।
3. ५, १३४-१३५ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भवति। तत्र कालोऽन्तर्मुहूर्तः २१। अत्रापर्याप्ते निष्काशिते परघाते प्रक्षिप्ते पञ्चविंशतिसंख्या। कथम्? चतुर्विंशतिकस्य मध्ये पर्याप्तापर्याप्तद्वयमध्ये एकतरं वर्तते। अत्र तु अपर्याप्तनिराक्रियते [तेन] चतुर्विंशतिका संख्या ऊना न भवति। तत्र परघाते प्रक्षिप्ते पञ्चविंशतिकं स्थानं भवतीत्यर्थः। अत्रायशस्कीर्त्युदये स्थूल-प्रत्येक २।२ युग्मयोः परस्परगुणिते भङ्गाश्चत्वारः ४। यशःपाके एको भङ्ग १। मीलिताः पञ्च ५॥११५॥

इसी प्रकार पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। परन्तु परघातका उदय शरीर-पर्याप्तिके पूर्ण होने तक नहीं होता, अतएव शरीरपर्याप्तिके पूर्ण होनेके पश्चात् अपर्याप्तप्रकृतिको घटा करके परघातप्रकृतिको जोड़ना चाहिए। इस उदयस्थानमें पाँच भङ्ग होते हैं ॥११५॥

इस पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थानमें अयशस्कीर्त्तिके साथ बादर तथा प्रत्येक ये दो युगल सम्भव हैं, इसलिए इन दोनों युगलोंके परस्पर गुणा करनेसे चार भङ्ग होते हैं और यशस्कीर्त्तिके उदयमें एक भङ्ग होता है। इस प्रकार दोनों मिलकर पाँच भङ्ग हो जाते हैं।

अब छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थानका प्ररूपण करते हैं—

[1]एमेव य छव्वीसं आणापज्जत्तयस्स उस्सासं।
पक्खित्ते पण भंगा कालो य सगट्ठिदी ऊणा ॥११६॥

(का०) २२०००। भंगा ५। सव्वे वि २४।

एवं पूर्वोक्तपञ्चविंशतिके आनप्राणपर्याप्तिपूर्णाकृतस्योच्छ्वासनिःश्वासे प्रक्षिप्ते षड्विंशतिकं २६ सामान्यैकेन्द्रियपर्याप्तस्य भवति। अत्र भङ्गाः पञ्च ५। अत्र कालः स्वकीयायुःस्थितिः किञ्चिदूनता उत्कृष्टा स्थितिः वर्षसहस्राणि १०००। द्वाविंशतिः परा २२००० किञ्चिदूना आतपोद्योतोदयरहितस्य सामान्यैकेन्द्रियस्य सर्वे भङ्गाश्चतुर्विंशतिः २४॥११६॥

इसी प्रकार छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थान आनापान पर्याप्तिके प्रारम्भ होने पर उच्छ्वास प्रकृतिके मिला देनेसे होता है। इस उदयस्थानके भङ्ग पाँच होते हैं और इसका उत्कृष्ट काल कुछ कम स्वोत्कृष्ट स्थिति-प्रमाण है ॥११६॥

बादर एकेन्द्रिय जीवोंकी उत्कृष्ट स्थिति बाईस हजार वर्षकी होती है। इस उदयस्थान-सम्बन्धी पाँचों भंगोंका विवरण पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थानके समान ही जानना चाहिए। इस प्रकार इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानके पाँच, चौबीसप्रकृतिक उदयस्थानके पाँच, पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थानके नौ और छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थानके पाँच, ये सर्व भंग मिल करके २४ भंग आतप-उद्योतके उदयसे रहित एकेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके जानना चाहिए।

[2]आयावुज्जोवुदयं जस्सेयंतस्स णत्थि पणुवीसं।
सेसा उदयट्ठाणा चत्तारि हवंति णायव्वा ॥११७॥

२१।२४।२६।२७।

येषु एकेन्द्रियेषु आतपोद्योतोदयौ भवतः, तेषामातपोद्योतसहितानां एकेन्द्रियाणामिदं पञ्चविंशतिकं स्थानं भवति। शेषनामोदयस्थानान्येकविंशतिक २१ चतुर्विंशतिक २४ षड्विंशतिकं २६ सप्तविंशतिकानि चत्वारि भवन्ति ॥११७॥

२१।२४।२६।२७

जिस एकेन्द्रिय जीवके आतप और उद्योतका उदय होता है, उसके पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थान नहीं होता है, शेष इक्कीस, चौबीस, छब्बीस और सत्ताईसप्रकृतिक चार उदयस्थान जानना चाहिए ॥११७॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २४, २६, २७।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १३६। 2. ५, १३७।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[1]आयावुज्जोवुदये इगि-चउवीसं तहेव णवरिं तु ।
अवणिय साहारणयं सुहुममपज्जत्तभंगाओ ॥११८॥

एत्थ सुहुम-अपज्जत्तूणा २१ । साहारणं विणा २४ । एत्थ दो भंगा २ पुणरुत्ता ।

आतपोद्योतोदयैकेन्द्रियेषु तथैव पूर्वोक्तमेवैकविंशतिकं २१ चतुर्विंशतिकं २४ च भवति । नवीनं किञ्चिद्विशेषः, किन्तु भङ्गात् एकविंशतिकाच्चतुर्विंशतिकाच्च साधारणं सूक्ष्मं अपर्याप्तं च अपनीय वर्जयित्वा ॥११८॥

अत्र सूक्ष्माऽपर्याप्तरहितं बादरपर्याप्तसहितं चैकविंशतिकं स्थानं २१ साधारणरहितं प्रत्येकसहितं चतुर्विंशतिकस्थानं २४ आतपोद्योतोदयभागिनां एकेन्द्रियाणां सूक्ष्मापर्याप्तसाधारणशरीरोदयाभावात् । यशोयुग्मस्यैकतरभङ्गौ द्वौ द्वौ पुनरुक्तौ २।२।

आतप और उद्योतके उदयवाले एकेन्द्रियजीवोंके तथैव पूर्वोक्त इक्कीसप्रकृतिक और चौबीसप्रकृतिक उदयस्थान होते हैं । विशेष बात केवल यह है कि उनमेंसे साधारण, सूक्ष्म और अपर्याप्त-सम्बन्धी भंगोंको निकाल देना चाहिए ॥११८॥

यहाँ पर सूक्ष्म और अपर्याप्त ये दो प्रकृतियाँ उदययोग्य नहीं मानी जानेसे इक्कीस प्रकृतिक उदयस्थान इन दोको छोड़कर होता है और चौबीसप्रकृतिक उदयस्थान साधारणको भी छोड़कर केवल प्रत्येकके साथ होता है । यहाँ आतप और उद्योत प्रकृतिका उदय होनेवालोंमें सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणशरीर इन तीनका उदय नहीं रहता, अतएव भंग अधिक होनेका कारण केवल एक यशस्कीर्त्तियुगल है । इसके द्वारा इक्कीसप्रकृतिकस्थानमें भी दो भंग होते हैं और चौबीसप्रकृतिकस्थानमें भी दो भंग होते हैं । किन्तु ये भंग पहले कहे जा चुके हैं, अतः पुनरुक्त हैं ।

[2]एमेव य छव्वीसं सरीरपज्जत्तयस्स जीवस्स ।
परघायुज्जोयाणं इक्कयरं चेव चउ भंगा ॥११९॥

२६ । भंगा ४ ।

शरीरपर्याप्तियुक्तस्यैकेन्द्रियजीवस्य पूर्वोक्तमेव षड्विंशतिकं परघातः १ आतपोद्योतयोर्मध्ये एकतरोदयः १ तत्र चतुर्भङ्गाः ४ । अन्तर्मुहूर्तकालश्च । कथं तत् षड्विंशतिकम् ? तिर्यग्गतिः १ तैजस-कार्मणद्वयं २ अगुरुलघुकं १ वर्णचतुष्कं ४ यशोयुग्मस्यैकतरं १ बादरं १ पर्याप्तं १ निर्माणं १ स्थिरास्थिरयुग्मं २ शुभाशुभद्वयं २ दुर्भगं १ अनादेयं १ स्थावरं १ एकेन्द्रियं १ औदारिकशरीरं १ हुण्डकं १ उपघातः १ प्रत्येकशरीरं १ परघातः १ आतपोद्योतयोरेकतरोदयः १ । एवं षड्विंशतिकं २६ शरीरपर्याप्तिप्राप्तस्यैकेन्द्रियस्योदयस्थानं भवति ॥११९॥

इसी प्रकार शरीरपर्याप्तिसे युक्त एकेन्द्रियजीवके परघात और आतप-उद्योत इन दोमेंसे किसी एकके मिलानेपर छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थान होता है । और इस स्थानके चार भंग होते हैं ॥११९॥

छब्बीसप्रकृतिक स्थानमें यशःकीर्त्तियुगल और आतप-उद्योत युगलके परस्पर गुणा करनेसे चार भंग हो जाते हैं ।

[3]एयमेव सत्तवीसं आणापज्जत्तयस्स उस्सासं ।
पक्खित्ते चउभंगा सव्वे भंगा य बत्तीसा* ॥१२०॥

२७ । भंगा ४ । एवमेइंदियसव्वभंगा ३२ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १३८ । 2. ५, १३९ । 3. ५, १४० ।
*द 'बत्तीसा होंति सव्वे वि' इति पाठः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उच्छ्वासनिःश्वासपर्याप्तिप्राप्तैकेन्द्रियजीवस्य पूर्वोक्तषड्विंशतिके उच्छ्वासनिःश्वासं प्रक्षिप्ते सप्तविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं भवति। जीवितपर्यन्तमिदं ज्ञेयम्। अस्य भङ्गाश्चत्वारः ४। उत्कृष्टा स्थितिर्द्वाविंशतिवर्षसहस्राणि २२००० किञ्चिन्न्यूना ॥१२०॥

एकेन्द्रियाणां सर्वे भङ्गा द्वात्रिंशत् ३२।

इसी प्रकार श्वासोच्छ्वासपर्याप्तिसे पर्याप्त जीवके उच्छ्वासप्रकृतिके मिला देनेपर सत्ताईस प्रकृतिक उदयस्थान होता है। यहाँपर भी चार भंग होते हैं। इस प्रकार एकेन्द्रिय जीवके सर्व भंग बत्तीस होते हैं ॥१२०॥

एकेन्द्रियोंके २४ भंग पहले बतलाये जा चुके हैं। आतप-उद्योतके उदयवाले जीवोंके छब्बीसके उदयस्थानमें अपुनरुक्त ४ भंग तथा सत्ताईसके उदयस्थानमें अपुनरुक्त ४ भंग इस प्रकार सर्व मिलकर एकेन्द्रियजीवोंके ३२ भंग हो जाते हैं।

अब विकलेन्द्रिय जीवोंमें नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]वियलिंदियसामण्णे उदयट्ठाणाणि होंति छच्चेव।
इगिवीसं छव्वीसं अट्ठावीसाइइगितीसं ॥१२१॥

२१।२६।२८।२९।३०।३१

सामान्येन विकलत्रयेषु द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रियेषु एकविंशतिकं २१ षड्विंशतिकं २६ अष्टाविंशतिकं २८ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० एकत्रिंशत्कं ३१ चेति षट् नामप्रकृत्युदयस्थानानि भवन्ति ॥१२१॥

२१।२६।२८।२९।३०।३१

विकलेन्द्रियसामान्यमें इक्कीस, छब्बीस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक छह उदयस्थान होते हैं ॥१२१॥

इन उदयस्थानोंकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २६, २८, २९, ३०, ३१।

[2]उज्जोयरहियवियले इगितीसूणाणि पंच ठाणाणि।
उज्जोयसहियवियले अट्ठावीसूणगा पंच ॥१२२॥

[3]उज्जोवुदयरहियवियले २१।२६।२८।२९।३०। उज्जोवुदयसहियवियले २१।२६।२९।३०।३१।

उद्योतरहितविकलत्रयेषु एकत्रिंशत्कोनानि एकविंशतिक-षड्विंशतिकाष्टाविंशतिक-नवविंशतिक-त्रिंशत्कानि पञ्च नामोदयस्थानानि २१।२६।२८।२९।३० भवन्ति। उद्योतोदयसहितविकलत्रयेषु अष्टाविंशतिकोनानि एकविंशतिक-षड्विंशतिक-नवविंशतिक-त्रिंशत्कैकत्रिंशत्कानि पञ्चोदयस्थानानि। २१।२६।२९।३०।३१ इति विशेषः ॥१२२॥

उद्योतप्रकृतिके उदयसे रहित विकलेन्द्रियोंमें इकतीसप्रकृतिक उदयस्थानके विना शेष पाँच उदयस्थान होते हैं। तथा उद्योतप्रकृतिके उदयसे सहित विकलेन्द्रियोंमें अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थानके विना शेष पाँच उदयस्थान होते हैं ॥१२२॥

उद्योतके उदयसे रहित विकलेन्द्रियोंमें २१, २६, २८, २९, ३० ये पाँच उदयस्थान होते हैं।
उद्योतके उदयसे सहित विकलेन्द्रियोंमें २१, २६, २९, ३०, ३१ ये पाँच उदयस्थान होते हैं।

---

1. सं०पञ्चसं० ५, १४१। 2. ५, १४२। 3. ५, 'निरुद्योते' इत्यादिगद्यभागः। (पृ० १७१)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब द्वीन्द्रियके इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[1]उज्जोयउदयरहियवेइंदियट्ठाण पंच इगिवीसं ।
तिरियदुयं वेइंदिय तेजा कम्मं च वण्णचदुं ॥१२३॥
अगुरुयलहु तस बायर थिर सुह जुगलं तह अणादेज्जं ।
दुब्भगजसजुयलेक्कं पज्जत्तिदरेक्कणिमिणं च ॥१२४॥
विग्गहगईहिं एए एक्कं वा दोण्णि चेव समयाणि ।
एत्थ वियप्पा जाणसु तिण्णेव य होंति बोहव्वा ॥१२५॥

[2]एत्थ जसकित्तिउदए अप्पज्जत्तोदओ णत्थि, तेण एगो भंगो ।१। अजसकित्तिभंगा २ । सव्वे ३ ।

उद्योतोदयरहितद्वीन्द्रियेषु स्थानानि पञ्च भवन्ति । तेषु मध्ये एकविंशतिकं स्थानं किमिति ? तिर्यग्गति-तदानुपूर्व्ये २ द्वीन्द्रियजातिः १ तैजस-कार्मणद्वयं २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ त्रसं १ बादरं १ स्थिरास्थिरयुग्मं २ शुभाशुभयुग्मं २ अनादेयं १ दुर्भगं १ यशोऽयशसोर्मध्ये एकतरं १ पर्याप्तापर्याप्तयोरेकतरं १ निर्माणं १ चेत्येकविंशतिकनामकर्मप्रकृत्युदयस्थानं विग्रहगतौ कार्मणशरीरे द्वीन्द्रियस्योदेति २१ । तस्योदयकाल एकसमयः द्वौ समयौ वा । अत्र विकल्पा भङ्गाख्यो भवन्ति बोधव्या इति त्रीन् भङ्गान् जानीहि ॥१२३-१२५॥

अत्र यशस्कीर्त्युदये सति अपर्याप्तोदयो नास्ति, तत एको भङ्गः १ । पर्याप्तापर्याप्तोदयसद्भावादत्रायशस्कीर्त्युदये द्वौ भङ्गौ २ । मीलिता ३ ।

उद्योतप्रकृतिकके उदयसे रहित द्वीन्द्रियजीवोंके जो पाँच उदयस्थान होते हैं, उनमेंसे इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थान इस प्रकार है—तिर्यग्द्विक, द्वीन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, त्रस, बादर, स्थिरयुगल, शुभयुगल, अनादेय, दुर्भग, यशःकीर्त्तियुगलमेंसे एक, पर्याप्तयुगलमेंसे एक और निर्माण । यह इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थान विग्रहगतिमें एक या दो समय तक उदयको प्राप्त होता है । इस उदयस्थानके यहाँपर तीन ही विकल्प या भंग होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१२३-१२५॥

यहाँपर यशस्कीर्त्तिके उदयमें अपर्याप्तकर्मका उदय नहीं होता है, इसलिए एक ही भंग होता है । पर्याप्त और अपर्याप्तकर्मका उदय पाये जानेसे अयशस्कीर्त्तिसम्बन्धी दो भंग होते हैं । इस प्रकार दोनों मिला करके इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानके तीन भंग हो जाते हैं ।

अब द्वीन्द्रियके छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थानका कथन करते हैं—

[3]एमेव य छव्वीसं सरीरगहियस्स आणुपुव्वी य ।
अवणिय पक्खिवियव्वं ओरालिय-हुंड-संपत्तं ॥१२६॥
ओरालियंगवंगं पत्तेयसरीरयं च उवघायं ।
अंतोमुहुत्तकालं भंगा वि हवंति तिण्णेव ॥१२७॥

एत्थ भंगा ३ ।

एवं पूर्वोक्तमेकविंशतिकं तत्रानुपूर्व्यमपनीय विंशतिकं जातम् । तत्र औदारिकशरीरं १ हुण्डकसंस्थानं १ असम्प्राप्तसंहननं १ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ प्रत्येकशरीरं १ उपघातः १ चेति प्रकृतिषट्कं

1. सं० पञ्चसं० ५, १४३-१४५ । 2. ५, 'अत्रापर्याप्तोदया' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १७२)। 3. ५, १४६-१४७ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रक्षेपणीयम्। षड्विंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं २६ शरीरगृहीतस्य स्वीकृतशरीरस्य द्वीन्द्रियस्योदेति २६। तत्रौदारिकमिश्रकालोऽन्तर्मुहूर्त्त एव। अत्र भङ्गा विकल्पाश्रयो भवन्ति ३। यशोभङ्गः १ अयशोभङ्गौ २ एवं ३ ॥१२६–१२७॥

इसी प्रकार छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थान शरीरको ग्रहण करनेवाले द्वीन्द्रियजीवके जानना चाहिए। उसके उक्त इक्कीस प्रकृतियोंमेंसे आनुपूर्वीको निकाल करके औदारिकशरीर, हुंडकसंस्थान सृपाटिकासंहनन, औदारिक-अंगोपांग, प्रत्येकशरीर और उपघात, ये छह प्रकृतियाँ जोड़ना चाहिए। इस उदयस्थानका काल अन्तर्मुहूर्त है और भंग भी तीन ही होते हैं ॥१२६–१२७॥

यहाँ पर भंग इक्कीसप्रकृतिकस्थानके समान जानना चाहिए।

अब द्वीन्द्रियके अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[1]एमेव अट्ठवीसं सरीरपज्जत्तए अपज्जत्तं।
अवणिय परघायं पि य असुहगईसहिय दो भंगा ॥१२८॥

।२।

एवं पूर्वोक्तषड्विंशतिकं २६ तत्रापर्याप्तमपनीय पर्याप्तद्विकमध्यादपर्याप्तं निराक्रियते, तेन संख्या हीना न स्यात्। परघाताप्रशस्तविहायोगतिसहितं षड्विंशतिकमष्टाविंशतिकं द्वीन्द्रियस्य शरीरपर्याप्तौ पूर्णायां सति अन्तर्मुहूर्त्तकाले उदेति २८। तत्र यशोयुग्मस्य द्वौ भङ्गौ भवतः २। यशःपाके भङ्गः १, प्रतिपक्षप्रकृत्युदयाभावात्। अयशःपाकेऽप्येको भङ्गः १। मीलितौ २ ॥१२८॥

इसी प्रकार अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थान उसी जीवके शरीरपर्याप्तिके पूर्ण होनेपर अपर्याप्तको निकाल करके परघात और अप्रशस्तविहायोगति इन दोको मिलाने पर होता है। यहाँपर भंग दो होते हैं ॥१२८॥

अब द्वीन्द्रियके उनतीस प्रकृतिकउदयस्थानका कथन करते हैं—

[2]एमेवूणत्तीसं आणापज्जत्तयस्स उस्सासं।
पक्खित्ते तह चेव य भंगा दो होंति णायव्वा ॥१२९॥

।२।

एवं पूर्वोक्तमष्टाविंशतिकं २८ तत्रोच्छ्वासनिःश्वासे प्रक्षिप्ते एकोनत्रिंशत्कं स्थानं २९ उच्छ्वासपर्याप्तिं प्राप्तस्य द्वीन्द्रियस्योदेति २९। तत्र भङ्गौ द्वौ ज्ञातव्यौ भवतः २। यशोयुग्मस्य भङ्गौ द्वावेव २। तत्रान्तर्मुहूर्त्तकालो ज्ञेयः ॥१२९॥

इसी प्रकार उनतीसप्रकृतिक उदयस्थान उसी जीवके श्वासोच्छ्वासपर्याप्तिके पूर्ण होनेपर उच्छ्वासप्रकृतिके मिलानेसे होता है। यहाँपर भी भंग दो ही होते है, ऐसा जानना चाहिए ॥१२९॥

अब द्वीन्द्रियके तीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[3]एमेव होइ तीसं भासापज्जत्तयस्स णवरिं तु।
सहिए दुस्सरणामं भंगा वि य होंति दो चेव ॥१३०॥

भंगा २।

एवं पूर्वोक्तनवविंशतिकं २९ दुःस्वरनामप्रकृतिसहितं त्रिंशत्कं नामप्रकृत्युदयस्थानं ३० भाषापर्याप्तिं प्राप्तस्य द्वीन्द्रियजीवस्योदयं याति। इदं त्रिंशत्कं जीवितावधेः स्थानम्। उत्कृष्टा स्थितिः द्वादश वार्षिकी १२। जघन्या अन्तर्मुहूर्त्तिकी। अत्र भङ्गौ द्वौ भवतः २। यशोयुग्मस्यैव भङ्गौ द्वौ २ ॥१३०॥

---

1 सं० पञ्चसं० ५, १४८। 2. ५, १४९। 3. ५, १५०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इसी प्रकार तीसप्रकृतिक उदयस्थान उसी जीवके भाषापर्याप्तिके पूर्ण होनेपर दुःस्वर-प्रकृतिके मिलानेसे होता है। यहाँपर भी भंग दो ही होते हैं ॥१३०॥

अब उद्योतके उदयवाले द्वीन्द्रियके उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]उज्जोवउदयसहिए वेइंदिय एक्कवीस छव्वीसं।
पुव्वुत्तं चेव तहा एत्थ य भंगा य पुणरुत्ता ॥१३१॥

एत्थ दो दो भंगा।२।२। पुणरुत्ता।

उद्योतोदयसहिते द्वीन्द्रिये पूर्वोक्तमेवैकविंशतिकं अपर्याप्तरहितं २१ षड्विंशतिकं च भवति २६। ग्रन्थभूयस्त्वभयान्नास्माभिर्वारंवारं लिख्यते। अत्र भङ्गौ द्वौ २ पुनरुक्तौ। तत्र कालः पूर्वोक्त एव ॥१३१॥

उद्योतप्रकृतिके उदयसे सहित द्वीन्द्रियजीवके पूर्वोक्त ही इक्कीस और छब्बीस प्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। यहाँपर भी भङ्ग दो दो होते हैं, जो कि पुनरुक्त हैं ॥१३१॥

यहाँपर पुनरुक्त दो-दो भंग होते हैं।

अब पूर्वोक्त जीवके उनतीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[2]छव्वीसाए उवरिं सरीरपज्जत्तयस्स परघायं।
उज्जोवं असुहगई पक्खित्तु गुतीस दो भंगा ॥१३२॥

।२।

षड्विंशत्या उपरि परघातं १ उद्योतं १ अप्रशस्तगतिं च प्रक्षिप्य एकोनत्रिंशत्कं स्थानं २९ शरीर-पर्याप्ति प्राप्तस्योद्योतोदयसहितद्वीन्द्रियस्योदयागतं भवति २९। तत्र भङ्गौ द्वौ २ यशोयुग्मस्यैव ॥१३२॥

शरीरपर्याप्तिको पूर्ण करनेवाले द्वीन्द्रियजीवके छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थानके परघात, उद्योत और अप्रशस्तविहायोगति, इन तीन प्रकृतियोंके मिलानेपर उनतीसप्रकृतिक उदयस्थान हो जाता है। यहाँपर भी दो भंग होते हैं ॥१३२॥

अब उसी जीवके तीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[3]एमेव होइ तीसं आणापज्जत्तयस्स उस्सासं।
पक्खित्ते तह चेव य भंगा वि हवंति दो चेव ॥१३३॥

भंगा २।

एवं पूर्वोक्तनवविंशतिकं २९। तत्रोच्छ्वासनिःश्वासे निक्षिप्ते त्रिंशत्कं नामप्रकृत्युदयस्थानं उद्योतोदय-सहितद्वीन्द्रियस्योदयागतं भवति ३०। उच्छ्वासपर्याप्तौ कालोऽन्तर्मुहूर्तः। त्रिंशत्कं द्वैधं, भङ्गौ द्वौ भवतः ॥१३३॥

इसी प्रकार श्वासोच्छ्वास पर्याप्तिको सम्पन्न करनेवाले द्वीन्द्रियके उनतीसप्रकृतिक उदयस्थानमें उच्छ्वासप्रकृतिके मिलाने पर तीसप्रकृतिक उदयस्थान हो जाता है। यहाँ पर भी भङ्ग दो ही होते हैं ॥१३३॥

अब उसी जीवके इकतीसप्रकृतिक उदयस्थानका कथन करते हैं—

[4]एमेव एक्कतीसं भासापज्जत्तयस्स णवरिं तु।
दुस्सर संपक्खित्ते दो चेव हवंति भंगा दु ॥१३४॥

।२।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १५१। 2. ५, १५२। 3. ५, १५३। 4. ५, १५४।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एवमुक्तप्रकारं त्रिंशत्कम् । भङ्गौ २ । तत्र दुःस्वरे संप्रक्षिप्ते निक्षिप्ते एकत्रिंशत्कं नाम प्रकृत्युदयस्थानं भाषापर्याप्तिं प्राप्तस्योद्योतोदयसहितद्वीन्द्रियस्योदयागतं भवति ३१ । दुःस्वरं तत्र निक्षिप्तं नवीनविशेष इति । तत्र यशोयुग्मस्य भङ्गौ द्वौ $\frac{३१}{२}$ । जघन्याऽन्तर्मौहूर्त्तिकी स्थितिः, उत्कृष्टा द्वादश वार्षिकी स्थितिः तस्य भाषापर्याप्तिं प्राप्तस्य द्वीन्द्रियस्येति ॥१३४॥

इसी प्रकार भाषापर्याप्तिको पूर्ण करनेवाले द्वीन्द्रियजीवके तीसप्रकृतिक उदयस्थानमें दुःस्वरप्रकृतिके प्रक्षेप करने पर इकतीसप्रकृतिक उदयस्थान हो जाता है। यहाँ पर भी भंग दो ही होते हैं ॥१३४॥

[1]बेइंदियस्स एवं अट्ठारस होंति सव्वभंगा दु ।
एवं वि-ति-चउरिंदियभंगा सव्वे वि चउवण्णा ॥१३५॥

बेइंदियस्स सव्वे भंगा १८ । एवं ति-चउरिंदियाणं । सव्वे भंगा ५४ ।

द्वीन्द्रियस्यैवं पूर्वोक्तप्रकारेणाष्टादश सर्वे भङ्गा विकल्पाः स्थानभेदा भवन्ति १८ । एवं त्रीन्द्रियस्याष्टादश भङ्गाः १८ । चतुरिन्द्रियजीवस्याष्टादश भङ्गाः १८ । सर्वे एकीकृताः विकलत्रयाणां चतुःपञ्चाशत्सर्वे भङ्गाः ५४ भवन्ति ॥१३५॥

इस प्रकार द्वीन्द्रिय जीवके सर्व भङ्ग अट्ठारह होते हैं। त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंके भी अट्ठारह-अट्ठारह भंग जानना चाहिए। इस प्रकार द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रियके सर्व भंग चौवन होते हैं ॥१३५॥

द्वीन्द्रियके सर्व भंग १८ हैं। इसी प्रकार त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रियके भी भंग १८-१८ होते हैं। विकलेन्द्रियोंके सर्व भंग ५४ होते हैं।

अब विकलेन्द्रियोंके तीस और इकतीस प्रकृतिक उदयस्थानोंका काल बतलाते हैं—

[2]तीसेक्कतीसकालो जहण्णमंतोमुहुत्तयं होइ ।
उक्कस्सं पुण णियमा उक्कस्सठिदी य किंचूणा ॥१३६॥

[3]एत्थ बेइंदियम्मि तीस-इक्कत्तीसठाणाणं ३०।३१ ठिदी वासा १२ । तेइंदियम्मि तीसेक्कतीसठाणाणं ३०।३१ ठिदी दिवसा ४९ । चउरिंदियम्मि तीसेक्कतीसठाणाणं ३०।३१ ठिदी मासा ६ ।

त्रिंशत्कस्य एकत्रिंशत्कस्य च नामप्रकृत्युदयस्थानस्य ३०।३१ जघन्यकालोऽन्तर्मुहूर्त्तो भवति । पुनः उत्कृष्टकालो निजनिजोत्कृष्टायुःस्थितिरेव किञ्चिन्न्यूनविग्रहगतिशरीरमिश्रशरीरपर्याप्त्युच्छ्वासपर्याप्तिकालहीनमुत्कृष्टायुरित्यर्थः ॥१३६॥

अत्र द्वीन्द्रियाणां त्रिंशत्कस्थानस्य ३० एकत्रिंशत्कस्थानस्य च ३१ स्थितिर्द्वादशवार्षिकी १२ किञ्चिन्न्यूना । त्रीन्द्रियाणां त्रिंशत्कस्थानस्यैकत्रिंशत्कस्थानस्य च स्थितिर्दिवसा एकोनपञ्चाशत् ४९ किञ्चिन्न्यूनाः । चतुरिन्द्रियेषु त्रिंशत्कस्य एकत्रिंशत्कस्थानस्य च स्थितिः षण्मासा ६ किञ्चिन्न्यूना ।

विकलेन्द्रियोंके तीसप्रकृतिक और इकतीसप्रकृतिक उदयस्थानोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल नियमसे कुछ कम अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण है ॥१३६॥

यहाँ पर द्वीन्द्रियके तीस और इकतीस प्रकृतिक उदयस्थानोंकी उत्कृष्ट स्थिति १२ वर्ष है। त्रीन्द्रियके तीस और इकतीस प्रकृतिक उदयस्थानोंकी उत्कृष्ट स्थिति ४९ दिन है और चतुरिन्द्रियके तीस व इकतीस प्रकृतिक उदयस्थानोंकी उत्कृष्ट स्थिति ६ मास है।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १५५ । 2. ५, १५६ । 3. ५, 'तत्र' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १७३) ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चके उदयस्थान बतलाते हैं—

[1]पंचिंदियतिरियाणं सामण्णे उदयठाण छच्चेव।
इगिवीसं छव्वीसं अट्ठावीसादि जाव इगितीसं ॥१३७॥

२१।२६।२८।२९।३०।३१।

सामान्येन पञ्चेन्द्रियाणामेकविंशतिकं २१ षड्विंशतिकं २६ अष्टाविंशतिकं २८ एकोनत्रिंशत्कं २९ त्रिंशत्कं ३० एकत्रिंशत्कं ३१ चेति नामप्रकृत्युदयस्थानानि षड् भवन्ति ॥१३७॥

२१।२६।२८।२९।३०।३१ ।

सामान्य पंचेन्द्रिय तिर्यंचके इक्कीस, छब्बीस और अट्ठाईसको आदि लेकर इकतीस प्रकृतिक तकके छह उदयस्थान होते है ॥१३७॥

इन उदयस्थानोंकी अङ्कसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २६, २८, २९, ३०, ३१ ।

अब उद्योतके उदयसे सहित और रहित पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चके उदयस्थान कहते हैं—

[2]उज्जोवरहियसयले एक्कत्तीसूणगाणि ठाणाणि ।
उज्जोवसहियसयले अट्ठावीसूणगा पंच ॥१३८॥

[3]उज्जोवरहियपंचिंदिए २१।२६।२८।२९।३०। उज्जोउदयसहियपंचिंदिए २१।२६।२९।३०।३१।

उद्योतोदयरहितपञ्चेन्द्रियेषु तिर्यक्षु एकत्रिंशत्कोनानि नामप्रकृत्युदयस्थानानि पञ्च भवन्ति २१।२६।२८।२९।३० । उद्योतोदयसहितपञ्चेन्द्रियेषु तिर्यक्षु अष्टाविंशतिकोनानि नामप्रकृत्युदयस्थानानि पञ्च भवन्ति २१।२६।२९।३०।३१ ॥१३८॥

उद्योतप्रकृतिके उदयसे रहित सकल अर्थात् पंचेन्द्रिय जीवके इकतीसप्रकृतिक स्थानके विना शेष पाँच उदयस्थान होते हैं। तथा उद्योतप्रकृतिके उदयसे सहित पंचेन्द्रिय जीवके अट्ठाईसप्रकृतिक स्थानके विना शेष पाँच उदयस्थान होते हैं ॥१३८॥

उद्योतके उदयसे रहित पंचेन्द्रियमें २१, २६, २८, २९, ३० ये पाँच उदयस्थान होते हैं। उद्योतके उदयसे सहित पंचेन्द्रियमें २१, २६, २९, ३०, ३१ ये पाँच उदयस्थान होते हैं।

अब उद्योतके उदयसे रहित पाँचों उदयस्थानोंका क्रमसे वर्णन करते हैं—

[4]उज्जोवरहियसयले तत्थ इमं एक्कवीससंठाणं ।
तिरियदुगं पंचिंदिय तेया कम्मं च वण्णचदुं ॥१३९॥
अगुरुयलहुयं तस बायर थिरमथिर सुहासुहं च णिमिणं च ।
सुभगं जस पज्जत्तं आदेज्जं चेव चउजुयलं ॥१४०॥
एक्कयरं वेयंति य विग्गहगईहिं एय-वियसमयं च ।
एत्थ वियप्पा णियमा णव चेव य होंति णायव्वा ॥१४१॥

[5]एत्थ अपज्जत्तोदए दुभगअणादेज्ज-अजसकित्तीणमेवोदओ, तेण एगो भंगो १ । पज्जत्तोदए ८ । सव्वे ९ ।

---

1. सं०पञ्चसं० ५, १५७ । 2. ५, १५८ । 3. ५, 'उद्योतोदयरहिते' इत्यादिगद्यांशः । पृ० १७४) । 4. ५, १५९-१६१ । 5. ५, 'अत्र पूर्णोदये' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १७४) ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उद्योतोदयरहितपञ्चेन्द्रियाणां तिरश्चां मध्ये एकस्मिन् तिर्यग्जीवे तत्र नामोदयस्थानेषु पञ्चसु मध्ये इदमेकविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं भवति। किमिति? तिर्यग्गतिद्वयं २ पञ्चेन्द्रियं १ तैजस-कार्मण-द्वयं २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ त्रसं १ बादरं १ स्थिरास्थिरयुग्मं २ शुभाशुभद्वयं २ निर्माणं १ सुभगा-सुभग-यशोऽयशः-पर्याप्तापर्याप्ताऽऽदेयानादेयानां चतुर्युगलानां मध्ये एकतरं १।१।१।१ इत्येकविंशतिर्नाम-प्रकृतयो विग्रहगतौ उदयन्ति २१ उद्योतोदयरहितपञ्चेन्द्रियजीवस्य विग्रहगतौ कार्मणशरीरे इदमेकविंशतिक-मुदयगतं भवतीत्यर्थः। अत्रैकः समयो द्वौ समयौ वा। अत्र विकल्पा भङ्गा एकविंशतिकस्य भेदा नव भवन्तीति ज्ञातव्याः ॥१३६-१४१॥

अत्रापर्याप्तोदये सति दुर्भगाऽऽनादेययशःकीर्त्तीनामुदयो भवत्येव यतस्तत एको भङ्गः १। पर्याप्तो-दये सति दुर्भग-सुभगादीनां त्रययुग्मोदयादष्टौ भङ्गाः २।२।२ परस्परं गुणिताः भङ्गाः ८। सर्वे नव ६ भङ्गाः।

उद्योत-रहित पंचेन्द्रियके इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थान इस प्रकार है—तिर्यग्द्विक, पंचेन्द्रिय-जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, त्रस, बादर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ; निर्माण और सुभग, यशःकीर्त्ति, पर्याप्त और आदेय इन चार युगलोंमेंसे कोई एक एक, इन इक्कीस प्रकृतियोंका उदय विग्रहगतिमें एक या दो समय तक रहता है। यहाँ पर नियम-से नौ ही भङ्ग होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१३६-१४१॥

इस इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानमें अपर्याप्तप्रकृतिके उदयमें दुर्भग, अनादेय और अयशः-कीर्त्तिका ही उदय होता है, इसलिए उसके साथ एक ही भंग सम्भव है। किन्तु पर्याप्तप्रकृतिके उदयमें तीनों युगलोंका उदय सम्भव है, अतः तीन युगलोंके परस्पर गुणा करनेसे आठ भंग हो जाते हैं। इस प्रकार इस उदयस्थानमें दोनों मिलकर नौ भङ्ग होते हैं।

अब उपर्युक्त जीवके छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[1]एमेव य छव्वीसं णवरि विसेसो सरीरगहियस्स।
अवणीय आणुपुव्वी पक्खिवियव्वं तथोरालं ॥१४२॥
तस्स य अंगोवंगं छस्संठाणाणमेयदरयं च।
छच्चेव य संघयणा एक्कयरं चेव उपघायं ॥१४३॥
पत्तेयसरीरजुयं भंगा वि य तह य होंति णायव्वा।
तिण्णि सयाणि य णियमा एयारस ऊणिया होंति ॥१४४॥

[2]पज्जत्तोदए भंगा २८८। अपज्जत्तोदये हुंड-असंपत्त-दुब्भग-अणादेज्ज-अजसकित्तीणमेवोदओ, तेण एगो भंगो १। एवं सव्वे २८९।

एवमेव पूर्वोक्तमेकविंशतिकं २१ तत्रानुपूर्व्यमपनीय २० तत्रौदारिकं १ तदङ्गोपाङ्गं १ षट्संस्थानानां मध्ये एकतरं संस्थानं १ षण्णां संहननानां मध्ये एकतरं [संहननं] १ उपघातः १ प्रत्येकशरीरं चेति प्रकृतिषट्कं ६ तत्र विंशतौ प्रक्षेपणीयम्। एवं षड्विंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं शरीरं गृह्णतः औदारिक-मिश्रकायगृहीतस्योद्योतोदयरहितस्य पञ्चेन्द्रियस्य तिर्यग्जीवस्योदयागतं भवति २६। अस्य कालोऽन्तर्मुहूर्त्तः २१। अस्य पर्याप्तोदये सति द्वादशोनं शतत्रयं २८८। अपर्याप्तोदये सति एको भङ्गः। एवं एकादशो-नाशिंशतभङ्गा भवन्ति २८९। तथाहि—अपर्याप्तोदये सति हुण्डकाऽसम्प्राप्तासृपाटिक-दुर्भगानादेययशः-

1. सं० पञ्चसं० ५, १६२-१६४। 2. ५, 'अत्र पूर्णोदये संस्थान' इत्यादिगद्यभागः (पृ० १७४)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कीर्त्तिनामोदय एव यतस्तत एको भङ्गः १। पर्याप्तोदये सति संस्थानषट्क-संहननषट्क-युग्मत्रयाणां ६।६।२।२।२ परस्परेण गुणिताः २८८। शुभैः सहापूर्णोदयस्याभावादपूर्णोदये भङ्गः १। ॥१४२-१४४॥

उक्तञ्च—

असम्प्राप्तमनादेयमयशो हुण्डदुर्भगे।
अपूर्णेन सहोदेति पूर्णेन तु सहेतराः[1] ॥७॥

इति सर्वे २८९।

इसी प्रकार छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। विशेष बात यह है कि शरीर-पर्याप्तिको ग्रहण करनेवाले जीवके आनुपूर्वीको निकाल करके औदारिकशरीर, औदारिक-अङ्गोपांग, छह संस्थानोंमेंसे कोई एक संस्थान, छह संहननोंमेंसे कोई एक संहनन, उपघात और प्रत्येकशरीर इन छह प्रकृतियोंके मिला देने पर छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थान होता है, ऐसा जानना चाहिए। यहाँ पर नियमसे ग्यारह कम तीन सौ अर्थात् दोसौ नवासी भङ्ग होते हैं ॥१४२-१४४॥

यहाँ पर्याप्तप्रकृतिके उदयमें छह संस्थान, छह संहनन, तथा शुभ, आदेय और यशःकीर्त्ति इन तीनों युगलोंके परस्पर गुणा करने पर (६×६×२×२×२=२८८) दो सौ अठासी भङ्ग होते हैं। तथा अपर्याप्तप्रकृतिके उदयमें हुंडक संस्थान, सृपाटिका संहनन, दुर्भग, अनादेय और अयशःकीर्त्तिका ही उदय होता है, इसलिए एक ही भंग होता है। इस प्रकार २८८+१=२८९ भङ्ग छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थानमें होते हैं।

अब उसी जीवके अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[1]एमेवट्ठावीसं सरीरपज्जत्तगे अपज्जत्तं।
अवणिय पक्खिविदव्वं एक्कयरं दो विहायगई ॥१४५॥
परघायं चेव तहा भंगवियप्पा तहा य णायव्वा।
पंचेव सया णियमा छावत्तरि उत्तरा होंति ॥१४६॥

भंगा ५७६।

एवं पूर्वोक्तं षड्विंशतिकं तत्रापर्याप्तमपनीय प्रशस्ताप्रशस्तविहायोगत्योर्मध्ये एकतरोदयः परघातं चैतद्द्वयं षड्विंशतिके प्रक्षेपणीयम्। अष्टाविंशतिकं २८ तत्तु तिर्यग्गतिः १ पञ्चेन्द्रियं १ तैजसकार्मणे २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघु १ त्रसं १ बादरं १ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ निर्माणं १ पर्याप्तं १ सुभगासुभगयोरेकतरं १ यशोऽयशसोरेकतरं १ आदेयानादेययोरेकतरं १ औदारिकशरीरं १ औदारिकाङ्गोपाङ्गम् १ षण्णां संस्थानानां मध्ये एकतरं १ षण्णां संहननानां मध्ये एकतरं १ उपघातं १ प्रत्येकशरीरं १ प्रशस्ताप्रशस्तविहायोगत्योर्मध्ये एकतरं १ परघातं १ चेत्यष्टाविंशतिकं स्थानं २८ शरीरपर्याप्तिप्राप्ते सति उद्योतोदयरहितस्य पञ्चेन्द्रिय-तिर्यग्जीवस्योदयागतं भवति। तस्यान्तर्मुहूर्त्तकालः जघन्योत्कृष्टतः। तथा तस्याष्टाविंशतिकस्य भङ्गविकल्पाः षट्सप्तत्युत्तरपञ्चशतसंख्योपेता ज्ञातव्याः ॥१४५-१४६॥

६।६।२।२।२।२ गुणिता ५७६।

इसी प्रकार अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थान उसी जीवके शरीरपर्याप्तिके पूर्ण होने पर अपर्याप्तप्रकृतिको निकाल करके दो विहायोगतिमेंसे कोई एक और परघात प्रकृतिके मिलाने पर होता है। तथा यहाँ पर भङ्ग-विकल्प पाँच सौ छिहत्तर होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१४५-१४६॥

छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थानमें जो पर्याप्त-सम्बन्धी २८८ भङ्ग बतलाये हैं उन्हें यहाँ पर बढ़े हुए विहायोगति-युगलसे गुणा कर देने पर (२८८×२=) ५७६ भङ्ग हो जाते हैं।

1. सं० पञ्चसं० ५, १६६-१६७।

१. सं० पञ्चसं० ५,१६६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब उपर्युक्त जीवके उनतीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[1]एमेऊणत्तीसं आणापज्जत्तयस्स उस्सासं ।
पक्खित्ते तह भंगा पुव्वुत्ता चेव णायव्वा ॥१४७॥

भंगा ५७६ ।

एवमेवोक्तमष्टाविंशतिके उच्छ्वासनिःश्वासे प्रक्षिप्ते एकान्नत्रिंशत्कं नामप्रकृत्युदयस्थानं २९ आनपर्याप्तस्य उच्छ्वासनिःश्वासपर्याप्तिं प्राप्तस्योद्योतोदयरहितस्य पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवस्योदयागतं भवति । तस्य जघन्योत्कृष्टतोऽन्तर्मुहूर्तकालः । तथा तस्य भङ्गाः पूर्वोक्ता एव ज्ञातव्याः ५७६ ॥१४७॥

इसी प्रकार उनतीसप्रकृतिक उदयस्थान उसी जीवके आनापानपर्याप्तिके पूर्ण होने पर उच्छ्वासप्रकृतिके मिला देने होता है। यहाँ पर भङ्ग पूर्वोक्त पाँच सौ छिहत्तर (५७६) ही जानना चाहिए ॥१४७॥

अब उसी जीवके तीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[2]एमेव होइ तीसं भासापज्जत्तयस्स सरजुयलं ।
एक्कयरं पक्खित्ते भंगा पुव्वुत्तदुगुणा दु ॥१४८॥

[3]सव्वे भंगो ११५२ । एवमुज्जोउदयरहियपंचिंदिए संव्वभंगा २६०२ ।

एवं पूर्वोक्तमेकान्नत्रिंशत्कं २९ तत्र स्वरयुगलस्यैकतरं १ प्रक्षिप्ते त्रिंशत्कं नामप्रकृत्युदयस्थानं ३० भाषापर्याप्तिं प्राप्तस्योद्योतोदयरहितस्य पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवस्योदयागतं भवति ३० । तु पुनः तस्य भङ्गाः पूर्वोक्ताः ५७६ स्वरयुगलेन २ हताः द्विगुणा भवन्ति ११५२ । एवमित्थं उद्योतोदयरहिते पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवे सर्वे भङ्गाः २६०२ ॥१४८॥

इसी प्रकार तीसप्रकृतिक उदयस्थान उसी जीवके भाषापर्याप्तिके पूर्ण होने पर स्वर-युगलमेंसे किसी एकके मिलाने पर होता है। यहाँ पर भङ्ग पूर्वोक्त भङ्गोंसे दुगुण अर्थात् ११५२ होते हैं ॥१४८॥

पूर्वोक्त ५७६ भंगोंको स्वर-युगलसे गुणा करनेपर ११५२ भंग हो जाते हैं। इस प्रकार उद्योतप्रकृतिके उदयसे रहित पंचेन्द्रियतिर्यंचके सर्व भंग ($\frac{२१}{९}+\frac{२६}{२८९}+\frac{२८}{५७६}+\frac{२९}{५७६}+\frac{३०}{११५२}$ =) २६०२ होते हैं

अब उद्योतप्रकृतिके उदयवाले पंचेन्द्रिय तिर्यंचोंके उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[4]उज्जोवसहियसयले इगि-छव्वीसं हवदि† पुव्वुत्तं ।
भंगा वि तह य सव्वे पुणरुत्ता होंति णायव्वा ॥१४९॥

उद्योतोदयसहितपञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवे एकविंशतिकं २१ षड्विंशतिकं च पूर्वोक्तं भवति । तत्रैवापर्याप्तमपनीय पूर्वोक्तपुनरुक्ता भङ्गास्तत्र भवन्ति । तत्किम् ? तिर्यग्गति-तदानुपूर्व्ये २ पञ्चेन्द्रियं १ तैजस-कार्मणे २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ त्रसं १ बादरं १ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ निर्माणं १ पर्याप्तं १ सुभगासुभगयोः यशोऽयशसोर्युग्मयोर्मध्ये एकतरं १।१ आदेयानादेययुग्मस्यैकतरं १ चेति एकविंशतिकं

1. सं० पञ्चसं० ५, १६८ । 2. ५, १६९ । 3. ५, '३० । भङ्गाः पूर्वोक्ताः' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १७५) । 4. ५, १७० ।

†व जिहाहि ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्थानं उद्योतोदय-[सहित-] पञ्चेन्द्रिय-तिर्यग्जीवस्योदयागतं भवति २१ । अस्य भङ्गाः सुभगदुर्भगा-देयानादेययशोऽयशसां युग्मत्रयाणां २।२।२ परस्परं गुणिताः अष्टौ ८ । काल एक-द्वि-त्रिसमयाः । उद्योतोदये सर्वत्रापर्याप्तं नास्तीति ज्ञेयम् । इदमेकविंशतिकं स्थानं तत्रानुपूर्व्यमपनीय औदारिक-तदङ्गोपाङ्गद्वयं २ षण्णां संस्थानानामेकतरं १ षण्णां संहनानामेकतरं १ उपघातः १ प्रत्येकशरीरं चेति प्रकृतिषट्कं तत्र प्रक्षेपणीयम् । तदा षड्विंशतिकं स्थानं २६ उद्योतोदयसहितपञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवस्योदयागतं भवति । तस्य कालोऽन्तर्मुहूर्त्तः । तस्य भङ्गाः २।२।६।६ परस्परं गुणिताः २८८ पर्याप्तोदयभङ्गा विकल्पा भवन्तीत्यर्थः ॥१४६॥

उद्योतप्रकृतिके उदयसे सहित सकलपंचेन्द्रियजीवके इक्कीस और छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थान पूर्वोक्त अर्थात् उद्योतके उदयसे रहित पंचेन्द्रियजीवके समान ही होते हैं । तथा भंग भी उन्हींके समान होते हैं । वे सब भंग पुनरुक्त जानना चाहिए ॥१४६॥

अब उक्त जीवके उनतीसप्रकृतिक उदयस्थानका प्ररूपण करते हैं—

[1]एमेव ऊणतीसं सरीरपज्जत्तयस्स परघायं ।
उज्जोवं गइदुगाण एयदरं चेव सहियं तु ॥१५०॥
एत्थ वि भंग-वियप्पा छच्चेव सया हवंति ऊणा य ।
चउवीसेण दु णियमा कालो अंतोमुहुत्तं तु ॥१५१॥

भंगा ५७६ ।

एवमेव पूर्वोक्तं षड्विंशतिकं २६ परघातं १ उद्योतं १ प्रशस्ताप्रशस्तगत्योर्मध्ये एकतरं १ चेति प्रकृतित्रयसहितं षड्विंशतिकं तु एकोनत्रिंशत्कं शरीरपर्याप्तिं गृह्णतः उद्योतोदयसहितस्य पञ्चेन्द्रियतिर्यग्-जीवस्योदयागतं २९ भवति । तस्यान्तर्मुहूर्त्तकालः । तत्र भङ्गाः पूर्वोक्ताः २८८ प्रशस्ताप्रशस्तेन गतियुग्मेन गुणिताः ५७६ भवन्ति । तदाह—अत्रैकोनत्रिंशत्के भङ्गविकल्पाश्चतुर्विंशतिन्यूनाः षट्शतसंख्योपेता भवन्ति ५७६ । अत्र कालोऽन्तर्मुहूर्त्तः ॥१५०–१५१॥

इसी प्रकार उनतीसप्रकृतिक उदयस्थान उसी जीवके शरीरपर्याप्तिसे युक्त होनेपर परघात, उद्योत और विहायोगतियुगलमेंसे किसी एकके मिला देनेपर होता है । यहाँपर भी भंग-विकल्प चौवीससे कम छह सौ अर्थात् ५७६ होते हैं । इस उदयस्थानका काल नियमसे अन्तर्मुहूर्त है ॥१५०–१५१॥

अब उक्त जीवके तीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[2]एमेव होइ तीसं आणापज्जत्तयस्स उस्सासं ।
पक्खित्ते भंगा वि य सरिसा एऊणतीसेण ॥१५२॥

भंगा ५७६ ।

एवं पूर्वोक्तनवविंशतिकं २९ तत्रोच्छ्वासनिःश्वासे निक्षिप्ते त्रिंशत्कं स्थानं ३० आनापानपर्याप्तस्यो-द्योतोदय-[सहित-] पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवस्योदयागतं भवति ३० । तस्यैकोनत्रिंशत्कसदृशा भङ्गाः ५७६ भवन्ति ॥१५२॥

इसी प्रकार तीसप्रकृतिक उदयस्थान उसी जीवके आनापानपर्याप्तिके पूर्ण होनेपर उच्छ्वास-प्रकृतिके मिलानेसे होता है । इस उदयस्थानके भी भंग उनतीसप्रकृतिक उदयस्थानके सदृश ५७६ होते हैं ॥१५२॥

---

1. सं०पञ्चसं० ५, १७१-१७२ । 2. ५, १७३ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब उक्त जीवके इकतीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[1]एमेव एक्कतीसं भासापज्जत्तयस्स सरजुयलं।
एक्कयरं पक्खित्ते भंगा पुव्वुत्तदुगुणा दु ॥१५३॥

११५२।

एवं पूर्वोक्तत्रिंशत्कं तत्र स्वरयुगलस्यैकतरं सुस्वरदुःस्वरयोर्मध्ये एकतरं १ निक्षिप्ते एकत्रिंशत्कं स्थानं ३१ भाषापर्याप्तिं प्राप्तस्योद्योतोदयसहितपञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवस्योदयागतं ३१ भवति। तत्किम्? तिर्यग्गतिः १ पञ्चेन्द्रियं १ तैजस-कार्मणे २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ त्रसं १ बादरं १ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ निर्माणं १ पर्याप्तं १ सुभग-दुर्भगयुग्मस्य मध्ये एकतरं १ यशोऽयशसोर्मध्ये एकतरं १ आदेयानादेययोर्मध्ये एकतरं १ औदारिक-तदङ्गोपाङ्गे २ षण्णां संस्थानानामेकतरं १ षण्णां संहननानामेकतरं १ उपघातः १ प्रत्येकशरीरं १ परघातः १ उद्योतं १ प्रशस्ताप्रशस्तगत्योर्मध्ये एकतरा गतिः १ उच्छ्वास-निःश्वासं १ सुस्वरदुःस्वरयोर्मध्ये एकतरोदयः १। एवमेकत्रिंशत्कं प्रकृत्युदयस्थानं भाषापर्याप्तिं प्राप्तस्योद्योतोदय-[सहित-] पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवस्योदयागतं भवतीत्यर्थः। अस्य भङ्गविकल्पाः २।२।२।६।६।२।२ परस्परं गुणिताः ११५२। अथवा पूर्वोक्ताः ५७६ स्वरयुगलेन २ गुणिता द्विगुणा भवन्ति ११५२ ॥१५३॥

इसी प्रकार इकतीस प्रकृतिकउदयस्थान उसी जीवके भाषापर्याप्तिके पूर्ण होनेपर स्वर-युगलमेंसे किसी एकके मिलानेपर होता है। यहाँपर भंग पहले कहे गये भंगोंसे दुगुने अर्थात् ११५२ होते हैं ॥१५३॥

अब तीस और इकतीसप्रकृतिक उदयस्थानका काल बतलाते हैं—

[2]तीसेक्कतीसकालो जहण्णमंतोमुहुत्तयं होइ।
अंतोमुहुत्तऊणं उक्कस्सं तिण्णि पल्लाणि ॥१५४॥

त्रिंशत्कस्थानस्य ३० जघन्योऽन्तर्मुहूर्त्तकालः। एकत्रिंशत्कस्थानस्य ३१ जघन्योऽन्तर्मुहूर्त्तः। उत्कृष्टकालोऽन्तर्मुहूर्त्तोनानि त्रीणि पल्यानि। विग्रहगति-शरीरमिश्र-शरीरपर्याप्ति-श्वासोच्छ्वासपर्याप्तिकाल-चतुष्कोनं सर्वं भुज्यमानायुरित्यर्थः ॥१५४॥

तीसप्रकृतिक उदयस्थानका जघन्य और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त है। इकतीसप्रकृतिक उदयस्थानका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्टकाल अनन्तर्मुहूर्त कम तीन पल्य है ॥१५४॥

[3]एवं उज्जोयसहियपंचिंदियतिरिएसु सव्वभंगा २३०४। एवं सव्वपंचिंदियतिरिएसु ४६०६।

एवमुद्योतोदयसहितपञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवे सर्वे भङ्गाः २३०४ उद्योतरहितपञ्चेन्द्रियतिर्यक्षु २६०२। एवं पञ्चेन्द्रियेषु सर्वे भङ्गाः ४६०६।

इस प्रकार उद्योतप्रकृतिके उदयसे युक्त पंचेन्द्रियतिर्यंचोंके उदयस्थान-सम्बन्धी सर्व भंग (२६ ३० ३१ =) २३०४ होते हैं। इनमें उद्योतके उदयसे रहित पंचेन्द्रियोंके २६०२ भंग मिला देनेपर (२०३३+२६०२=) ४६०६ भंग सर्व पंचेन्द्रिय तिर्यंचोंके हो जाते हैं।

(५७६+५७६+११५२)

[4]सव्वेसिं तिरियाणं भंगवियप्पा हवंति णायव्वा।
पंचेव सहस्साइं ऊणाइं हवंति चदुदुगूणा ॥१५५॥

४६६२।

तिरियगई समत्ता

1.-2. सं० पञ्चसं० ५, १७४। 3. ५, 'इत्थं सोद्योतोदये' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १७६)।
4. ५, १७५।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अष्टभिर्हीनाः पञ्च सहस्रा भङ्गविकल्पाः सर्वेषामेकेन्द्रियादिपञ्चेन्द्रियपर्यन्तानां तिरश्चां भवन्ति ज्ञातव्याः ४९९२ ॥१५५॥ उक्तञ्च—

सहस्राः पञ्च भङ्गानामष्टहीना निवेदिताः ।
तिर्यग्गतौ समस्तानां पिण्डितानां पुरातनैः[1] ॥८॥

इति तिर्यग्गतौ नामप्रकृत्युदयस्थानानि समाप्तानि ।

एकेन्द्रियसे लेकर पंचेन्द्रिय तकके सर्व तिर्यंचोंके उदयस्थान-सम्बन्धी सर्व भंगोंके विकल्प चारद्विक अर्थात् आठ कम पाँच हजार होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१५५॥

भावार्थ—एकेन्द्रियोंके ३२, विकलेन्द्रियोंके ५४ और सकलेन्द्रियोंके ४९०६ भंगोंको जोड़ देनेपर तिर्यंचोंके सर्व भंग ४९९२ हो जाते हैं ।

इस प्रकार तिर्यञ्चगति-सम्बन्धी नामकर्मके उदयस्थानोंका वर्णन समाप्त हुआ ।

अब मनुष्यगतिमें नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]मणुयगईसंजुत्ता उदये ठाणाणि होंति दस चेव ।
चउवीसं वज्जित्ता सेसाणि हवंति णायव्वा ॥१५६॥

२१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१।९।८।

अथ मनुष्यगतौ नामप्रकृत्युदयस्थानानि गाथापञ्चविंशत्याऽऽह—[मणुयगईसंजुत्ता' इत्यादि ।] चतुर्विंशतिकं स्थानं वर्जयित्वा शेषाणि मनुष्यगत्यां मनुष्यगतिसंयुक्तानि नामकर्मप्रकृत्युदयस्थानानि दश भवन्ति—एकविंशतिकं २१ पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ सप्तविंशतिकं २७ अष्टाविंशतिकं २८ नवविंशतिकं २९ त्रिंशत्कं ३० एकत्रिंशत्कं ३१ नवकं ९ अष्टकं ८ चेति दश १० ॥१५६॥

नामकर्मके जितने उदयस्थान हैं, उनमेंसे चौबीसप्रकृतिक उदयस्थानको छोड़कर शेष दश उदयस्थान मनुष्यगति-संयुक्त होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१५६॥

उनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २५, २६, २७, २८, २९, ३०, ३१, ९, ८ ।

[2]पंचिंदियतिरिएसुं उज्जोवूणेसु जाणि भणियाणि ।
ओघणरेसु वि ताणि य हवंति पंच उदयठाणाणि ॥१५७॥

२१।२६।२८।२९।३०।

उद्योतरहितपञ्चेन्द्रियतिर्यक्षु यानि उदयस्थानानि भणितानि, ओघनरेषु मनुष्यगतौ सामान्यमनुष्येषु तानि नामोदयस्थानानि पञ्चैव भवन्ति—एकविंशतिकं षड्विंशतिकं अष्टाविंशतिकं नवकविंशतिकं त्रिंशत्कमिति २१।२६।२८।२९।३० नामप्रकृत्युदयस्थानानि पञ्च भवन्ति ॥१५७॥

उद्योतप्रकृतिके उदयसे रहित पंचेन्द्रियतिर्यंचोंमें जो पाँच उदयस्थान बतलाये गये हैं, सामान्यमनुष्योंमें वे ही पाँच उदयस्थान होते हैं ॥१५७॥

उनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २६, २८, २९, ३० ।

---

१. सं० पञ्चसं० ५, १७६ ।

1. सं० पञ्चसं० ५, १७६ । 2. ५, १७७ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किन्तु मनुष्यगतिके उदयस्थानोंमें जो विशेषता है उसे बतलाते हैं—

[1]तिरियदुवे मणुयदुयं भणणीयं होति सव्वभंगा हु ।
सत्तावीस सयाणि य अट्ठाणउदी य रहियाणि ॥१५८॥

।२६०२।

[2]तथावि सुहबोहत्थं वुच्चए—

अत्र सामान्यमनुष्येषु तिर्यग्द्विके मनुष्यद्विकं भणनीयम् । यथा तिर्यग्गतौ तिर्यग्गति-तिर्यग्गत्यानुपूर्व्यं भण्यते, तथा मनुष्यगतौ मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्व्यं भण्यते । सर्वभङ्गाः पूर्वोक्तप्रकारेण भङ्गाः अष्टानवतिरहिताः सप्तविंशतिशतप्रमाः द्विसहस्रषट्शतद्विप्रमितभङ्गा इत्यर्थः २६०२ ॥१५८॥

उदयस्थानोंकी प्रकृतियोंमें तिर्यग्द्विकके स्थानपर मनुष्यद्विकको कहना चाहिए । यहाँपर भी सर्व भंग अट्ठावनवैसे रहित सत्ताईस सौ अर्थात् छब्बीस सौ दो (२६०२) होते हैं ॥१५८॥ तथापि सुगमतासे समझनेके लिए उनका निरूपण करते हैं—

तित्थयराहाररहियपयडी मणुसस्स पंच ठाणाणि ।
इगिवीसं छव्वीसं अट्ठावीसं ऊणतीस तीसा य ॥१५९॥

२१।२६।२८।२९।३०।

यद्यपि पूर्वोक्तास्ते, तथापि सुखबोधार्थं वा भव्यशिष्यानां प्रतिबोधनार्थमुच्यते—['तित्थयराहाररहिय' इत्यादि ।] तीर्थंकरप्रकृत्याहारकद्विकप्रकृतिरहितस्य सामान्यमनुष्यस्य एकविंशतिकं २१ षड्विंशतिकं २६ अष्टाविंशतिकं २८ नवविंशतिकं २९ त्रिंशत्कं ३० चेति पञ्च नामप्रकृत्युदयस्थानानि भवन्ति ॥१५९॥

तीर्थंकर और आहारकद्विक इन तीन प्रकृतियोंके उदयसे रहित मनुष्यके इक्कीस, छब्बीस, अट्ठाईस, उनतीस और तीस प्रकृतिक पाँच पाँच उदयस्थान होते हैं ॥१५९॥

उनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २६, २८, २९, ३० ।

[3]तत्थ इमं इगिवीसं ठाणं णियमेण होइ णायव्वं ।
मणुयदुयं पंचिंदिय तेया कम्मं च वण्णचदुं ॥१६०॥
अगुरुयलहु तस बायर थिरमथिर सुहासुहं च णिमिणं च ।
सुभगं जस पज्जत्तं आदेज्जं चेव चउजुयलं ॥१६१॥
एययरं वेयंति य विग्गहगईहिं एग-विगसमयं ।
एत्थ वियप्पा णियमा णव चेव हवंति णायव्वा ॥१६२॥

पज्जत्तोदए भंगा ८ । अपज्जत्तोदये १। सव्वे ९ ।

तत्र मनुष्यगत्यामिदमेकविंशतिकं स्थानं २१ नियमेन ज्ञातव्यं भवति । तत्किम् ? मनुष्यगति-तदानुपूर्व्ये २ पञ्चेन्द्रियं १ तैजस-कार्मणद्वयं २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ त्रसं १ बादरं १ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ निर्माणं १ सुभगदुर्भगयुग्म-यशोऽयशोयुग्म-पर्याप्तापर्याप्तयुग्माऽऽदेयानादेययुग्मानां चतुर्णां मध्ये एकतरमेकतरमुदयं याति १।१।१।१ । चेत्येकविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं सामान्यमनुष्यस्यैकजीवस्य विग्रहगत्यां कार्मणशरीरे जघन्यमेकसमयं उत्कृष्टेन द्वौ त्रीन् (?) समयान् प्रति उदयागतं

1. सं० पञ्चसं० ५, १७८ । 2. ५, 'यद्यपि पूर्वमुक्तास्ते' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १७६) ।
3. ५, १७९-१८१ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

२१ भवति। अत्र विकल्पा भङ्गा नियमेन नव भवन्ति ज्ञातव्याः। यशस्कीर्त्तिमाश्रित्य पर्याप्तोदये भङ्गाः अष्टौ। अयस्कीर्त्तिमाश्रित्यापर्याप्तोदये भङ्ग एकः १। एवं नव भङ्गाः ९ ॥१६०-१६२॥

उनमेंसे इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानमें नियमसे ये प्रकृतियाँ जानना चाहिए—मनुष्यद्विक, पंचेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, त्रस, बादर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, निर्माण; तथा सुभग, यशःकीर्त्ति, पर्याप्त और आदेय इन चार युगलोंमेंसे कोई एक-एक। इन इक्कीस प्रकृतियोंका विग्रहगतिमें एक या दो समयतक मनुष्यसामान्य वेदन करते हैं। यहाँपर भंग नियमसे नौ ही होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१६०-१६२॥

पर्याप्तप्रकृतिके उदयमें ८ भङ्ग और अपर्याप्तके उदयमें १ भङ्ग; इस प्रकार सर्व ९ भङ्ग होते हैं।

[1]एमेव य छव्वीसं णवरि विसेसो सरीरगहियस्स।
अवणीय आणुपुव्वी पक्खिवियव्वं तथोरालं ॥१६३॥
तस्स य अंगोवंगं छस्संठाणाणमेक्कदरयं च।
छच्चेव य संघयणा एययरं चेव उवघायं ॥१६४॥
पत्तेयसरीरजुयं भंगा वि य तस्स होंति णायव्वा।
तिण्णि य सयाणि णियमा एयारस ऊणिया होंति ॥१६५॥

पज्जत्तोदए भंगा २८८। अपज्जत्तोदये १। सव्वे २८९।

एवमेव पूर्वोक्तमेकविंशतिकम्। तत्रानुपूर्व्यमपनीय २० तत्रौदारिकं १ तदङ्गोपाङ्गं १ षण्णां संस्थानानां मध्ये एकतरं संस्थानं १ षण्णां संहननानां मध्ये एकतरं संहननं १ उपघातं १ प्रत्येकशरीरं १ चेति प्रकृतिषट्कं प्रक्षेपणीयम्। नवीनविशेषोऽयम्। इति षड्विंशतिकं स्थानं औदारिकशरीरं गृह्णतः औदारिकमिश्रकाले उदयागतं भवति २६। तत्रान्तर्मुहूर्त्तकालः। तस्य षड्विंशतिकस्य भङ्गा विकल्पा एकादशोनाः शतत्रयप्रमिता भवन्ति। यशस्कीर्त्तिमाश्रित्य पर्याप्तोदये सति भङ्गाः २८८। अयशःपाके अपर्याप्तोदये एको भङ्गः १। सर्वे भङ्गाः २८९ ॥ ६।६।२।२।२ गुणिताः २८८। [एकश्चापर्याप्तभङ्गः] १। एवं २८९ ॥१६३-१६५॥

इसी प्रकार छव्वीसप्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। विशेष बात यह है कि शरीर-पर्याप्तिको ग्रहण करनेवाले मनुष्यके मनुष्यानुपूर्वीको निकाल करके औदारिकशरीर, औदारिक-अंगोपांग, छह संस्थानोंमेंसे कोई एक संस्थान, छह संहननोंमेंसे कोई एक संहनन, उपघात और प्रत्येकशरीर, इन छह प्रकृतियोंको और मिला देना चाहिए। इस उदयस्थानके भङ्ग भी ग्यारहसे कम तीन सौ अर्थात् दो सौ नवासी होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१६३-१६५॥

पर्याप्तके उदयमें २८८, अपर्याप्तके उदयमें १ इस प्रकार कुल २८९ भङ्ग होते हैं।

[2]एमेव अट्ठवीसं सरीरपज्जत्तगे अपज्जत्तं।
अवणिय पक्खिवियव्वं एययरं दो विहायगई ॥१६६॥
परघायं चेव तहा भंगवियप्पा तहेव णायव्वा।
पंचेव सया णियमा छावत्तरि उत्तरा होंति ॥१६७॥

।५७६।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १८२-१८४। 2. ५, १८५-१८६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एवं पूर्वोक्तपड्विंशतिकम्। तत्रापर्याप्तमपनीय प्रशस्ताप्रशस्तगत्योर्मध्ये एकतरं १ परघातं चेति द्वयं प्रक्षेपणीयम्। इत्यष्टाविंशतिकं स्थानं शरीरपर्याप्तौ सामान्यमनुष्यस्योदयागतं २८ भवति। तस्य कालोऽन्तर्मुहूर्तः। तथा तस्य स्थानस्य भङ्गविकल्पाः षट्सप्तत्युत्तरपञ्चशतप्रमिता ५७६ भवन्ति ज्ञेयाः ॥१६६-१६७॥

इसी प्रकार अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। विशेष बात यह है कि उक्त जीवके शरीरपर्याप्तिके पूर्ण हो जानेपर अपर्याप्त प्रकृतिको निकाल करके दोनों विहायोगतियोंमेंसे कोई एक और परघात; ये दो प्रकृतियाँ मिलाना चाहिए। इस उदयस्थानमें भङ्ग-विकल्प तथैव अर्थात् तिर्यंचसम्बन्धी अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थानके समान नियमसे पाँच सौ छिहत्तर होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१६६-१६७॥

[1]एमेवऊणत्तीसं आणापज्जत्तयस्स उस्सासं।
पक्खित्ते तह भंगा पुव्वुत्ता चेव णायव्वा ॥१६८॥

भंगा ५७६।

एवं पूर्वोक्तमष्टाविंशतिकम्। तन्नोच्छ्वासनिःश्वासे प्रक्षिप्ते एकोनत्रिंशत्कं स्थानं आनापानपर्याप्तिं प्राप्तस्य सामान्यमनुष्यस्योदयागतं भवति २९। तत्र कालोऽन्तर्मुहूर्तः। तथैतस्य भङ्गाः पूर्वोक्ताः ज्ञेयाः ५७६॥१६८॥

इसी प्रकार उनतीसप्रकृतिक उदयस्थान शरीर-पर्याप्तिसे सम्पन्न मनुष्यके उच्छ्वास प्रकृतिके मिला देने पर होता है। तथा यहाँ पर भङ्ग भी पूर्वोक्त ५७६ ही जानना चाहिए ॥१६८॥

[2]एमेव होइ तीसं भासापज्जत्तयस्स सरजुयलं।
एययरं पक्खित्ते भंगा पुव्वुत्तदुगुणा दु ॥१६९॥

भंगा ११५२।

एवमेव पूर्वोक्तनवविंशतिकप्रकारेण [त्रिंशत्कं] भवति। तत्र सुस्वर-दुःस्वरयोर्मध्ये एकतरं प्रक्षिप्ते त्रिंशत्कं स्थानं भाषापर्याप्तिं प्राप्तस्य सामान्यमनुष्योदयागतं ३० भवति। तत्कथम्? मनुष्यगतिः १ पञ्चेन्द्रियं १ तैजसकार्मणे २ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ त्रसं १ बादरं १ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ निर्माणं १ पर्याप्तं १ सुभग-यशः-आदेययुग्मानां त्रयाणां एकतरं १।१।१। औदारिक-तदङ्गोपाङ्गे २ षण्णां संस्थानानामेकतरं संस्थानं १ षण्णां संहननानां मध्ये एकतरं संहननं १ उपघातं १ प्रशस्ताप्रशस्तगति-द्वयस्यैकतरं १ परघातं १ उच्छ्वासनिःश्वासं १ सुस्वर-दुःस्वरयोर्मध्ये चैकतरं १ चेति त्रिंशत्कं नामप्रकृत्युदयस्थानं ३० सामान्यमनुष्यस्यैकजीवस्योदयागतं भवति। तस्य परा पल्यत्रयं स्थितिः समुहूर्तोना इति। ६।६।२।२।२।२।२। परस्परगुणिताः ११५२ तत्र भङ्गाः। अथवा पूर्वोक्ताः ५७६ स्वरयुगलेन २ गुणिता द्विगुणा भवन्ति। सर्वे मीलिताः २६०२॥१६९॥

इसी प्रकार तीसप्रकृतिक उदयस्थान भाषा-पर्याप्तिसे युक्त मनुष्यके स्वर-युगलोंमेंसे किसी एकके मिलाने पर होता है। यहाँ पर भङ्ग पूर्वोक्त भङ्गोंसे दूने अर्थात् ११५२ होते हैं ॥१६९॥

[3]आहारसरीरुदयं जस्स य ठाणाणि तस्स चत्तारि।
पणुवीस सत्तवीसं अट्ठावीसं च †उगुतीसं ॥१७०॥

विसेसमणुएसु २५।२७।२८।२९।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १८७। 2. ५, १८८। 3. ५, १८९।

†ब उण-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ विशेषमनुष्येषु नामोदयस्थानान्याऽऽह—['आहारसरीरुदयं' इत्यादि ।] यस्य मुनेराहारक-शरीर-तदङ्गोपाङ्गोदयो भवति, तस्य विशिष्टपुरुषस्य पञ्चविंशतिकं २५ सप्तविंशतिकं २७ अष्टाविंशतिकं २८ एकोनत्रिंशत्कं २९ चेति चत्वारि नामप्रकृत्युदयस्थानानि २५।२७।२८।२९ स्युः ॥१७०॥

अब आहारक शरीरके उदयवाले जीवोंके उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

जिस जीवके आहारकशरीरका उदय होता है उसके पचीस, सत्ताईस, अट्ठाईस और उनतीस; ये चार उदयस्थान होते हैं ॥१७०॥

आहारकशरीरके उदयवाले विशेष मनुष्यमें २५, २७, २८, २९ ये चार उदयस्थान होते हैं।

[1]तत्थ इमं पणुवीसं मणुसगई तेय कम्म आहारं ।
तस्स य अंगोवंगं वण्णचउक्कं च उवघायं ॥१७१॥
अगुरुयलहु पंचिंदिय-थिराथिर सुहासुहं च आदेज्जं* ।
तसचउ समचउरं सुहयं जस णिमिण भंग एगो दु ॥१७२॥

भंगो ।१।

तत्र मनुष्यगत्याहारकद्विके इदं पञ्चविंशतिकं स्थानम् । मनुष्यगतिः १ तैजस-कार्मणे २ आहारकाहारकाङ्गोपाङ्गे २ वर्णचतुष्कं ४ उपघातं १ अगुरुलघुकं १ पञ्चेन्द्रियं १ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ आदेयं १ त्रस-बादर-पर्याप्त-प्रत्येकचतुष्टयं ४ समचतुरस्रसंस्थानं १ सुभगं १ यशःकीर्त्तिः १ निर्माणं १ चेति पञ्चविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं २५ आहारकद्विकोदये सति मुनेरुदयागतं भवति । अस्यान्तर्मुहूर्त्तकालः । तस्य पञ्चविंशतिकस्य भङ्गो १ भवति ॥१७१–१७२॥

उनमेंसे पचीसप्रकृतिक उदयस्थान इस प्रकार है—मनुष्यगति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, आहारकशरीर, आहारक-अङ्गोपांग, वर्णचतुष्क, उपघात, अगुरुलघु, पञ्चेन्द्रियजाति, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, आदेय, त्रस-चतुष्क, समचतुरस्रसंस्थान, सुभग, यशस्कीर्त्ति और निर्माण । इस उदयस्थानमें भङ्ग एक ही होता है ॥१७१–१७२॥

[2]एमेव सत्तवीसं सरीरपज्जत्तयस्स परघायं ।
पक्खिविय पसत्थगई भंगो वि य एत्थ एगो दु ॥१७३॥

भंगो १ ।

एवं पूर्वोक्तपञ्चविंशतिकम् । तत्र परघातं १ प्रशस्तविहायोगतिं च प्रक्षिप्य मुक्त्वा सप्तविंशतिकं नामोदयस्थानं २७ शरीरपर्याप्तस्याऽऽहारकशरीरपर्याप्तिं प्राप्तस्य पूर्णाङ्गस्य मुनेरुदयागतं भवति । अत्रैको भङ्गः १ । कालस्तु अन्तर्मुहूर्तकः ॥१७३॥

इसी प्रकार सत्ताईसप्रकृतिक उदयस्थान शरीर-पर्याप्तिसे पर्याप्त मनुष्यके परघात और प्रशस्त विहायोगति इन दो प्रकृतियोंके मिलाने पर होता है । यहाँ पर भी भङ्ग एक ही होता है ॥१७३॥

[3]एमेवट्ठावीसं आणापज्जत्तयस्स उस्सासं ।
पक्खित्ते तह चेव य भंगो वि य एत्थ एगो दु ॥१७४॥

भंगो १ ।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, १९०-१९१ । 2. ५. १९२ । 3. ५, १९३ ।
*ब यं.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एवं पूर्वोक्तं सप्तविंशतितम्। अत्रोच्छ्वासे प्रक्षिप्ते अष्टाविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं आनापानपर्याप्तस्योच्छ्वासपर्याप्तिं प्राप्तस्य मुनेरुदयागतं २८ भवति। अत्र भङ्ग एकः १। अन्तर्मुहूर्त्तकालश्च ॥१७४॥

इसी प्रकार अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थान आनापानपर्याप्तिसे पर्याप्त मनुष्यके उच्छ्वास प्रकृतिके मिलाने पर होता है। यहाँ पर भी भङ्ग एक ही होता है ॥१७४॥

[1]†एमेऊणत्तीसं भासापज्जत्तयस्स सुस्सरयं।
पक्खिविय एयभंगो सव्वे भंगा दु चत्तारि ॥१७५॥

भंगो १ सव्वे ४।

एवं पूर्वोक्तमष्टाविंशतिकम्। तत्र सुस्वरं क्षिप्त्वा प्रक्षिप्य एकोनत्रिंशत्कं नामप्रकृत्युदयस्थानं भाषापर्याप्तिं प्राप्तस्याहारकोदये मुनेरुदयागतं २९ भवति। अत्र भङ्ग एकः। विशेषमनुष्ये एकस्मिन् भङ्गाश्चत्वारः। $\overset{२५}{१}$। $\overset{२७}{१}$। $\overset{२८}{१}$। $\overset{२९}{१}$ ॥१७५॥

इसी प्रकार उनतीस प्रकृतिक उदयस्थान भाषापर्याप्तिसे संयुक्त मनुष्यके सुस्वर प्रकृतिके मिला देनेपर होता है। यहाँपर भी एक ही भङ्ग होता है। इस प्रकार आहारकप्रकृतिके उदयवाले जीवके चारों उदयस्थानोंके सर्व भङ्ग चार ही होते हैं ॥१७५॥

अब तीर्थंकर प्रकृतिके उदयवाले मनुष्यके उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[2]तित्थयर सह सजोई एक्कत्तीसं तु जाण मणुयगई।
पंचिंदिय ओरालं तेया कम्मं च वण्णचदुं ॥१७६॥
समचउरं ओरालिय अंगोवंगं च वज्जरिसहं च।
अगुरुगलघुचदु तसचदु थिराथिरं तह पसत्थगदी ॥१७७॥
सुभमसुभ सुहय सुस्सर जस णिमिणादेज्ज तित्थयरं।
वासपुधत्त जहण्णं उक्कस्सं पुव्वकोडिदेसूणं ॥१७८॥

तीर्थंकरप्रकृत्युदयसहितसयोगकेवलिनः एकत्रिंशत्कं स्थानं जानीहि भो भव्य त्वम्। किं तत्? मनुष्यगतिः १ पञ्चेन्द्रियं १ औदारिक-तैजस-कार्मणशरीराणि १ वर्णचतुष्कं ४ समचतुरस्रसंस्थानं १ औदारिकाङ्गोपाङ्गं १ वज्रवृषभनाराचसंहननं १ अगुरुलघूपघातपरघातोच्छ्वासचतुष्टयं ४ त्रस-बादर-पर्याप्त-प्रत्येकचतुष्कं ४ स्थिरास्थिरे २ प्रशस्तविहायोगतिः १ शुभं १ अशुभं १ सुभगं १ सुस्वरं १ यशस्कीर्त्ति-निर्माणे द्वे २ आदेयं १ तीर्थंकरत्वं १ चेति एक-[त्रिंशत्कं स्थानं तीर्थंकरप्रकृत्युदयसहितसयोगकेवलिन उदयागतं भवति। अस्योदयस्थानस्य जघन्या स्थितिः वर्षपृथक्त्वम् उत्कृष्टा च देशोना पूर्वकोटी] ॥१७६-१७८॥

तीर्थंकरप्रकृतिके उदयके साथ सयोगिकेवलीके इकतीसप्रकृतिक उदयस्थान इस प्रकार जानना चाहिए—मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक-अङ्गोपांग, वज्रवृषभनाराचसंहनन, अगुरुलघुचतुष्क (अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास) त्रसचतुष्क (त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर) स्थिर, अस्थिर, प्रशस्तविहायोगति, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, यशःकीर्त्ति, निर्माण, आदेय

1. सं०पञ्चसं० ५, १९४। 2. ५, १९५-१९७।
†ब एमेय।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और तीर्थङ्करप्रकृति। इस उदयस्थानका जघन्यकाल वर्षपृथक्त्व और उत्कृष्ट काल देशोन (अन्तर्मुहूर्त अधिक आठ वर्षसे कम) पूर्वकोटी वर्षप्रमाण है ॥१७६-१७८॥

[1]विसेस विसेसमणुएसु ३१। एत्थ जहण्णा वासपुधत्तं, उक्कस्सा अंतोमुहुत्त अधिया अट्ठवासूणा पुव्वकोडी। भंगो १।

[तीर्थंकरप्रकृत्युदयविशिष्टविशेषमनुष्येषु एकत्रिंशत्कमुदयस्थानम् ३१। अत्रोत्कृष्टा स्थितिरन्तर्मुहूर्ताधिकगर्भाद्यष्टवर्षहीना पूर्वकोटी। जघन्या वर्षपृथक्त्वम्[1]। भङ्ग एकः १।]

तीर्थङ्कर प्रकृतिके उदयसे विशिष्ट विशेष मनुष्योंमें यह इकतीसप्रकृतिक उदयस्थान होता है। इस उदयस्थानका जघन्यकाल वर्षपृथक्त्व है और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्तसे अधिक आठ वर्षसे कम एक पूर्वकोटी वर्षप्रमाण है। यहाँ पर भङ्ग एक ही है।

अब नौप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[2]णवं अजोईठाणं पंचिंदिय सुभग तस य बायरयं।
पज्जत्तय मणुसगई आएज्ज जसं च तित्थयरं ॥१७९॥

९। भंगो १।

[.....
.....
.....॥१७९॥]

मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, सुभग, त्रस, बादर, पर्याप्त, आदेय, यशःकीर्त्ति और तीर्थङ्कर, इन नौ प्रकृतियोंवाला उदयस्थान अयोगि तीर्थङ्करके होता है ॥१७९॥

अब आठप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

तित्थयरं वज्जित्ता ताओ चेव हवंति अट्ठ पयडीओ।
सव्वे केवलिभंगा तिण्णेव य होंति णायव्वा ॥१८०॥

८। भंगो १। सव्वे केवलिभंगा ३।

[.....
.....
.....॥१८०॥]

नौ प्रकृतिक उदयस्थानमेंसे तीर्थङ्करप्रकृतिको छोड़कर शेष जो पूर्वोक्त आठ प्रकृतियाँ अवशिष्ट रहती हैं, उन आठ प्रकृतियोंवाला उदयस्थान सामान्य अयोगिकेवलीके होता है। यहाँ पर भी भङ्ग एक ही है। इस प्रकार केवलीके सर्व भङ्ग तीन ही होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१८०॥

अब मनुष्यगति-सम्बन्धी उदयस्थानोंके सर्व भंगोंका निरूपण करते हैं—

[3]मणुयगइसव्वभंगा दो चेव सहस्सयं च छच्च सया।
णव चेय समधिरेया णायव्वा होंति णियमेण ॥१८१॥

भंगा २६०९।

। एवं मणुयगइ समत्ता।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, 'अत्रोत्कृष्टा' इत्यादिगद्यांशः। (पृ० १७९)। 2. ५, १९८। 3. ५, १९९।

१. सं० पञ्चसंग्रहादुद्धृतम्। (पृ० १७९)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नृगतिः पूर्णमादेयं पञ्चाक्षं सुभगं यशः ।
त्रसस्थूलमयोगेऽष्टौ पाके तीर्थकृतो नव ॥६॥

पाके ८ । भङ्गः १ । तीर्थकृता युता ९ । भङ्गः १ । सर्वे केवलिनो भङ्गाः ३ ।

षड्विंशतिशतान्युक्त्वा नवाग्राणि नृणां गतौ ।
भङ्गानतः परं वक्ष्ये सयोगे पाकसप्तकम् ॥१०॥

२६०९ ।

उदये विंशतिः सैकषट्सप्ताष्टनवाधिका ।
दशाग्रा चेति विज्ञेयं सयोगे स्थानसप्तकम् ॥११॥

२०।२१।२६।२७।२८।२९।३०

नृगतिः कार्मणं पूर्णं तेजोवर्णचतुष्टयम् ।
पञ्चाक्षाऽगुरुलघ्वाह्वे शुभस्थिरयुगे यशः ॥१२॥
सुभगं बादरादेये निर्मितं त्रसमिति स्फुटम् ।
उदयं विंशतिर्याति प्रतरे लोकपूरणे ॥१३॥

२०। भङ्गः १।

तत्र प्रतरे समयः १ । लोकपूरणे १ । पुनः प्रतरे १ । इत्थं त्रयः समयाः ३ ।

आद्ये संहनने क्षिप्ते प्रत्येकौदारिकद्वये ।
उपाघाताख्यसंस्थानषट्कैकतरयोरपि ॥१४॥
षाड्विंशतमिदं स्थानं कपाटस्थस्य योगिनः ।
संस्थानैकतरैः षड्भिर्भङ्गषट्कमिहोदितम् ॥१५॥

२६। भङ्गाः ६ ।

परघातखगत्यन्यतराभ्यां सहितं मतम् ।
तदाष्टाविंशतं स्थानं योगिनो दण्डयायिनः ॥१६॥

२८ । अत्र द्वादश भङ्गाः ।

तदुच्छ्वासयुतं स्थानमेकोनत्रिंशतं स्मृतम् ।
आनपर्याप्तपर्याप्तैर्भङ्गाः पूर्वनिवेदिताः ॥१७॥

२९।भङ्गाः १२ ।

त्रैंशतं पूर्णभाषस्य स्वरैकतरसंयुतम् ।
चतुर्विंशति[1]–] रत्रोक्ता भङ्गा भङ्गविशारदैः ॥१८॥

पूर्वोक्तं नवविंशतिकं स्थानं सुस्वर-दुःस्वरयोर्मध्ये एकतरेण १ युक्तं त्रिंशत्कं नामप्रकृत्युदयस्थानं ३० सामान्यसमुद्घातकेवलिनो भाषापर्याप्तौ उदयागतं भवति ३० । पूर्वोक्तभङ्गाः द्वादश १२ स्वरयुगलेन २ गुणिताश्चतुर्विंशतिभङ्गा भवन्त्यत्र २४ ।

अथ तीर्थङ्करसमुद्घाते नामप्रकृत्युदयस्थानान्याह—

पृथक्तीर्थकृता योगे स्थानानां पञ्चकं परम् ।
प्रथमं तत्र संस्थानं प्रशस्तौ च गतिस्वरौ[2] ॥१९॥

इति तीर्थकृति सयोगे स्थानानि पञ्च—२१।२२।२९।३०।३१। तथाहि—मनुष्यगतिः १ कार्मणं १ पर्याप्तं १ तैजसं १ वर्णचतुष्कं ४ पञ्चेन्द्रियं १ अगुरुलघुकं १ शुभाशुभे २ स्थिरास्थिरे २ यशः १ सुभग १ बादरं १ आदेयं १ निर्माणं १ त्रसं १ तीर्थकरत्वं १ चेति एकविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं २१ प्रतरे लोकपूरणे च तीर्थङ्करसमुद्घातकेवलिनः उदयागतं भवति २१ । अत्र भङ्गः १ प्रतरे समयैकः

१. यहाँ तकका कोष्ठकान्तर्गत अंश सं० पञ्चसंग्रह पृ० १७९–१८० से जोड़ा गया है।
२. सं० पञ्चसं० ५,२०९ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

१ लोकपूरणे समयैकः १ पुनः प्रतरे एकसमयः। इत्थं त्रयः समयाः। इदमेकविंशतिकं वज्रवृषभनाराचसंहननेन संयुक्तं द्वाविंशतिकं स्थानम् २२। अत्र प्रत्येकशरीरं १ औदारिक-तदङ्गोपाङ्गे २ उपघातं १ समचतुरस्रसंस्थानं १ परघातं १ प्रशस्तगतिं च प्रक्षिप्य एकोनत्रिंशत्कं २९ स्थानं समुद्घाततीर्थंकरकेवलिनः शरीरपर्याप्तौ उदयागतं भवति। अत्र भङ्ग एकः १। इदं नवविंशतिकं २९ उच्छ्वासेन संयुक्तं त्रिंशत्कं स्थानम् ३० उच्छ्वासपर्याप्तौ समुद्घाततीर्थंकरकेवलिनः उदयागतं ३० भवति। इदं सस्वरेण संयुक्तं एकत्रिंशत्कस्थानं ३१ तीर्थंकरसयोगकेवलिनः पर्याप्तावुदयागतं भवति। ३१ एकैकेन पञ्चसु भङ्गाः २१। २२।२९।३०।३१ एवं संयोगभङ्गाः ६०।

अत्रैकत्रिंशत्कं स्थानं पञ्चमं पूर्वभाषितम्।
भङ्गो न पुनरुक्तत्वात्तदीयः परिगृह्यते[1] ॥२०॥

शेषाः ५९ सहैतैस्ते पूर्वोदिताः २६०९। एतावन्तः २६६८ सर्वे भङ्गाः ॥१८१॥

इति मनुष्यगतौ नामप्रकृत्युदयस्थानानि तद्भङ्गाश्च समाप्ताः।

मनुष्यगतिके सर्व भङ्ग नियमसे दो हजार छहसौ नौ (२६०९) होते हैं, ऐसा जानना चाहिए ॥१८१॥

भावार्थ—इक्कीसप्रकृतिक स्थानके भङ्ग ९, छब्बीसप्रकृतिक स्थानके २८९, अट्ठाईसप्रकृतिक स्थानके ५७६, उनतीसप्रकृतिक स्थानके ५७६, तीसप्रकृतिक स्थानके ११५२, इकतीसप्रकृतिक स्थानके ३ और आहारक शरीरधारी विशेष मनुष्योंके ४ ये सब मिलकर २६०९ भङ्ग मनुष्यगति-सम्बन्धी सर्व उदयस्थानोंके होते हैं।

इस प्रकार मनुष्यगति-सम्बन्धी नामकर्मके उदयस्थानोंका वर्णन समाप्त हुआ।

अब देवगति-सम्बन्धी उदयस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[1]इगिवीसं पणुवीसं सत्तावीसट्ठवीसमुगुतीसं।
एए उदयट्ठाणा देवगईसंजुया पंच ॥१८२॥

२१।२५।२७।२८।२९।

अथ देवगतौ नामप्रकृत्युदयस्थानानि गाथादशकेनाह–['इगिवीसं पणवीसं' इत्यादि।] देवगतौ एकविंशतिकं पञ्चविंशतिकं सप्तविंशतिकं अष्टाविंशतिकं नवविंशतिकं च एतानि नामप्रकृत्युदयस्थानानि देवगतिसंयुक्तानि पञ्च भवन्ति ॥१८२॥

२१।२५।२७।२८।२९।

इक्कीस, पच्चीस, सत्ताईस, अट्ठाईस और उनतीस प्रकृतिक ये पाँच उदयस्थान देवगति-संयुक्त होते हैं ॥१८२॥

इनकी अङ्कसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २५, २७, २८, २९।

अब उनमेंसे इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानका निरूपण करते हैं—

[2]तत्थिगिवीसं ठाणं देवदुयं तेय कम्म वण्णचदुं।
अगुरुयलहु पंचिंदिय तस बायरयं अपज्जत्तं ॥१८३॥
थिरमथिरं सुभमसुभं सुहयं आदेज्जयं च जसणिमिणं।
विग्गहगईहिं एए एक्कं वा दो व समयाणि ॥१८४॥

भंगो १।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २१०। 2. ५, २११–२१२।

१ सं० पञ्चसं० ५, २१०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तत्र देवगतौ एकविंशतिकं स्थानम्। किं तत्? देवगति-देवगत्यानुपूर्व्ये २ तैजस-कार्मणे २ वर्ण-चतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ पञ्चेन्द्रियं १ त्रसं १ बादरं १ [अ] पर्याप्तं १ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ सुभगं १ आदेयं १ यशः १ निर्माणं चेति एकविंशतिकं स्थानं २१ विग्रहगतौ कार्मणशरीरे देवस्योदयागतं भवति २१। अत्र कालः जघन्येन एकसमयः। उत्कृष्टतः द्वौ वा त्रयः (?) समयाः। अत्र भङ्गः १ ॥१८३-१८४॥

देवगति-सम्बन्धी उदयस्थानोंमेंसे इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थान इस प्रकार है—देवद्विक, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, पंचेन्द्रियजाति, त्रस, बादर, अपर्याप्त, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, आदेय, यशःकीर्त्ति और निर्माण। इन इक्कीस प्रकृतियोंका उदय विग्रहगतिमें एक या दो समय तक होता है ॥१८३-१८४॥

इस इक्कीसप्रकृतिक उदयस्थानमें भङ्ग १ है।

[1]एमेव य पणुवीसं णवरि विसेसो सरीरगहियस्स।
देवाणुपुव्वि अवणिय वेउव्वदुगं च उवघायं ॥१८५॥
समचउरं पत्तेयं पक्खित्ते जा सरीरणिप्फत्ती।
अंतोमुहुत्तकालं जहण्णमुक्कस्सयं च भवे ॥१८६॥

भंगो १।

एवं पूर्वोक्तं एकविंशतिकम्। तत्र नवीनविशेषः—देवगत्यानुपूर्व्यमपनीय वैक्रियिक-तदङ्गोपाङ्गं उपघातं १ समचतुरस्रसंस्थानं १ प्रत्येकं १ एवं प्रकृतिपञ्चकं तत्र प्रक्षेपणीयम्। एवं पञ्चविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं २५ शरीरं गृह्णतो वैक्रियिकशरीरं स्वीकुर्वतो देवस्य वैक्रियिकमिश्रे उदयागतं भवति यावच्छरीरपर्याप्तिः पूर्णतां याति तावत्कालमिदं जघन्योत्कृष्टतोऽन्तर्मुहूर्त्तकालः। तत्र भङ्ग एक एव १॥१८५-१८६॥

इसी प्रकार पच्चीसप्रकृतिक उदयस्थान जानना चाहिए। विशेष बात यह है कि शरीर पर्याप्तिको ग्रहण करनेवाले देवके देवानुपूर्वीको निकाल करके वैक्रियिकद्विक, उपघात, समचतुरस्र संस्थान और प्रत्येकशरीर, इन पाँच प्रकृतियोंको मिलाना चाहिए। जब तक शरीरपर्याप्ति पूर्ण नहीं होती है, तब तक यह उदयस्थान रहता है। इसका जघन्य और उत्कृष्टकाल अन्तर्मुहूर्त्तप्रमाण है ॥१८५-१८६॥

[2]एमेव सत्तवीसं सरीरपज्जत्तिणिट्ठिए णवरि।
परघाय विहायगई पसत्थयं चेव पक्खित्ते ॥१८७॥

भंगो १।

एवं पूर्वोक्तं पञ्चविंशतिकम्। तत्र परघातं १ प्रशस्तविहायोगतिं १ च प्रक्षिप्य सप्तविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानं २७ शरीरपर्याप्तिं पूर्णे कृते सति देवं प्रत्युदयागतं भवति। अत्र भङ्ग एकः १। कालस्तु अन्तर्मुहूर्त्तः ॥१८७॥

इसी प्रकार सत्ताईसप्रकृतिक उदयस्थान उक्त देवके शरीरपर्याप्तिके निष्पन्न होनेपर होता है। विशेष बात यह है कि परघात और प्रशस्तविहायोगति और मिलाना चाहिए ॥१८७॥

सत्ताईसप्रकृतिक उदयस्थानमें भङ्ग १ है।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २१३-२१४। 2. ५, २१५।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

[1]एमेवट्ठावीसं आणापज्जत्तिणिट्ठिए णवरि ।
उस्सासं पक्खित्ते कालो अंतोमुहुत्तं तु ॥१८८॥

भंगो १ ।

एवं पूर्वोक्तसप्तविंशतिकम् । तन्नोच्छ्वासं प्रक्षिप्य अष्टाविंशतिकं २८ उच्छ्वासपर्याप्तिं पूर्णे कृते देवे उदयागतं भवति । अत्र कालोऽन्तर्मुहूर्त्तः । भङ्गस्तु एकः १ ॥१८८॥

इसी प्रकार अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थान उक्त देवके आनापानपर्याप्तिके पूर्ण होनेपर और उच्छ्वासप्रकृतिके मिलानेपर होता है । इस उदयस्थानका काल अन्तर्मुहूर्त है ॥१८८॥

अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थानमें भङ्ग १ है ।

[2]एमेव य उगुतीसं भासापज्जत्तिणिट्ठिए णवरि ।
सुस्सरसहियꣳ जहण्णं दसवाससहस्स किंचूणं ॥१८९॥

भंगो १ ।

[3]तेतीससायरोपम किंचूणुक्कस्सयं हवइ कालो ।
देवगईए सव्वे उदयवियप्पा वि पंचेव ॥१९०॥

भंगा ५ ।

[एवं देवगई समत्ता ।]

एवं पूर्वोक्तमष्टाविंशतिकं सुस्वरेण सहितमेकोनत्रिंशत्कं देवस्य हि भाषापर्याप्तिपूर्णे सति उदयागतं भवति । जघन्यकालः दशवर्षसहस्राः किञ्चिन्न्यूनः पूर्वोक्तविग्रहगत्यादिचतुःकालहीनः । उत्कृष्टकालस्त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमप्रमाणः किञ्चिद्धीनः पूर्वोक्तचतुःकालहीन इत्यर्थः । अस्य भङ्ग एकः १ । देवगत्यां सर्वे उदयविकल्पा भङ्गा पञ्चैव भवन्ति ५ । $\overset{२१}{१}$ । $\overset{२५}{१}$ । $\overset{२७}{१}$ । $\overset{२८}{१}$ । $\overset{२९}{१}$ ॥ १८९–१९० ॥

इति देवगतौ उदयस्थानानि समाप्तानि ।

इसी प्रकार उनतीसप्रकृतिक उदयस्थान उक्त देवके भाषापर्याप्तिके सम्पन्न होने और सुस्वर प्रकृतिके मिलानेपर होता है । इस उदयस्थानका जघन्यकाल कुछ कम दश हजार वर्ष और उत्कृष्टकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । इस उदयस्थानमें भी एक ही भङ्ग होता है । इस प्रकार देवगतिमें नामकर्मके उदयस्थान-सम्बन्धी सर्व भङ्ग पाँच ही होते हैं ॥१८९–१९०॥

देवगतिमें $\overset{२१}{१} + \overset{२५}{१} + \overset{२७}{१} + \overset{२८}{१} + \overset{२९}{१} = ५$ भङ्ग होते हैं ।

अब ग्रन्थकार चारों गतियोंके नामकर्म-सम्बन्धी भङ्गोंका उपसंहार करते हुए इन्द्रियमार्गणादिमें उनके कथन करनेकी प्रतिज्ञा करते हैं—

[4]छावत्तरि एयारह सयाणि णामोदयाणि होंति चउगइया ।
।७६११।
गइचउरएसु भणियं इंदियमादीसु उवरि वोच्छामि ॥१९१॥

षट्सप्ततिशतैकादशप्रमिताः नामप्रकृत्युदयभङ्गविकल्पाश्चतसृषु गतिषु चातुर्गतिका भवन्ति सप्तसहस्रषट्शतैकादशप्रमिताश्चातुर्गतिका भङ्गा भवन्तीत्यर्थः ७६११ । समुद्घातापेक्षया नामप्रकृत्युदयविकल्पाः ५९

---

1. सं०पञ्चसं० ५, २१६ । 2. ५, २१७ । 3. ५, २१८-२२० । 4. ५, २२१ ।
ꣳब सहिद- ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मार्गणासु मध्ये गतिषु भणितम् । अत उपरि इदानीमिन्द्रियादिमार्गणासु नामप्रकृत्युदयस्थानानि वक्ष्यामि ॥ १६१ ॥

चारों गति-सम्बन्धी नामकर्मके उदयस्थानोंके भङ्ग छिहत्तर सौ ग्यारह (७६११) होते हैं । अर्थात् नरकगतिसम्बन्धी ५, देवगतिसम्बन्धी ५, तिर्यंगतिसम्बन्धी ४६६२ और मनुष्यगति सम्बन्धी २६०६ इन सबको जोड़नेपर उक्त भङ्ग आ जाते हैं । इस प्रकार चारों गतियोंमें नामकर्मके उदयस्थानोंका निरूपण करके अब आगे इन्द्रिय आदि मार्गणाओंमें उनका वर्णन करते हैं ॥१६१॥

पंचेव उदयठाणा सामण्णेइंदियस्स णायव्वा ।
इगि चउ पण छ सत्त य अधिया वीसा य होइ णायव्वा ॥१६२॥
अवसेससव्वभंगा जाणित्तु जहाकमं णेया ।
२१।२४।२५।२६।२७।

सामान्यैकेन्द्रियस्य नामप्रकृत्युदयस्थानानि पञ्च भवन्ति । तानि कानि ? एकविंशतिकं २१ चतुर्विंशतिकं २४ पञ्चविंशतिकं २५ षड्विंशतिकं २६ सप्तविंशतिकं २७ चेति ज्ञेयानि । अवशेषान् सर्वान् ज्ञात्वा यथाक्रमं ज्ञेयाः ॥१६२½॥

इन्द्रियमार्गणाकी अपेक्षा सामान्य एकेन्द्रिय जीवोंके इक्कीस, चौबीस, पचीस, छब्बीस और सत्ताईसप्रकृतिक पाँच उदयस्थान होते हैं, ऐसा जानना चाहिए । एकेन्द्रियसम्बन्धी इन सर्व उदयस्थानोंके सर्व भङ्ग पूर्वोक्त प्रकार यथाक्रमसे जानना चाहिए ॥१६२½॥

एकेन्द्रियोंके नामकर्मसम्बन्धी उदयस्थान—२१, २४, २५, २६, २७ ।

इगिबीसं छब्बीसं अट्ठबीसादि जाव इगितीसं ॥१६३ ॥
वियलिंदियतिगस्सेवं उदयट्ठाणाणि छच्चेव ।
२१।२६।२८।२६।३०।३१।

एकविंशतिकं षड्विंशतिकं अष्टाविंशतिकं नवविंशतिकं त्रिंशत्कमेकत्रिंशत्कं च नामप्रकृत्युदयस्थानानि विकलत्रयेषु षड् भवन्ति ॥१६३½॥

२१। २६ । २८ । २६ । ३० । ३१ ।

तीनों विकलेन्द्रियोंके इक्कीस, छब्बीस और अट्ठाईससे लेकर इकतीस तकके चार इस प्रकार छह उदयस्थान होते हैं ॥१६३½॥

विकलेन्द्रियोंके नामकर्मसम्बन्धी उदयस्थान २१, २६, २८, २६, ३०, ३१ ।

चउवीसं वज्जित्ता उदयट्ठाणा दसेव पंचक्खे ॥१६४॥
२१।२५।२६।२७।२८।२६।३०।३१।६।८

पञ्चाक्षे पञ्चेन्द्रिये चतुर्विंशतिकं वर्जयित्वा अपरनामप्रकृत्युदयस्थानानि दश भवन्ति २१ । २५ । २६ । २७ । २८ । २६ । ३० । ३१ । ६ । ८ । पञ्चेन्द्रियस्योदयागतानि भवन्तीत्यर्थः ॥ १६४ ॥

पंचेन्द्रियोंमें चौबीसप्रकृतिक उदयस्थानको छोड़कर शेष दशस्थान होते हैं ॥१६४॥
उनकी अङ्कसंदृष्टि इस प्रकार है—२१, २५, २६, २७, २८, २६, ३०, ३१, ६, ८ ।

काएसु पंचकेसु य उदयट्ठाणाणिगिंदिभंगमिव ।
तसकाइएसु णेया विगला सयलिंदियाणभंगमिव ॥१६५॥
२१।२५।२६।२७।२८।२६।३०।३१।६।८।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पृथिव्यादिकेषु पञ्चकायेषु एकेन्द्रियोक्तभङ्गवत्। पृथ्वीकायिके २१। २४। २५। २६। २७। अप्कायिके २१। २४। २५। २६। २७। आतपोद्योतोदयरहितयोस्तेजोवातकायिकयोः प्रत्येकं २१। २४। २५। २६। वनस्पतिकायिके २१। २४। २५। २६। २७। त्रसकायिकेषु विकल-सकलेन्द्रियोक्तनामोदयस्थानानि २१। २५। २६ २७। २८। २९। ३०। ३१। ९। ८॥ १९५॥

कायमार्गणाकी अपेक्षा पाँचों स्थावरकायिकोंमें एकेन्द्रियोंके समान उदयस्थान होते हैं। त्रसकायिक जीवोंमें विकलेन्द्रिय और सकलेन्द्रिय जीवोंके समान नामकर्मके उदयस्थान जानना चाहिए ॥१९५॥

पृथ्वी, अप् और वनस्पति कायिकोंमें २१, २४, २५, २६, २७। तेज-वायुकायिकोंमें २१, २४,२५, २६। त्रसकायिक जीवोंके उदयस्थान—२१, २५, २६, २७, २८, २९, ३०, ३१, ९, ८।

चउ-तिय मण-वचिए पंचिंदियसण्णिपज्जत्तभंगमिव।
असच्चमोसवचिए तसपज्जत्तयउदयट्ठाणभंगमिव ॥१९६॥

सत्यासत्योभयानुभयमनोयोगचतुष्क-सत्यासत्योभयवचनयोगत्रिकेषु पंचेन्द्रियसंज्ञिपर्याप्तोक्तभङ्गवत् २९।३०।३१। न सत्यमृषावचने अनुभयभाषायोगे त्रसपर्याप्तोदयस्थानकरचनावत् २९।३०।३१ ॥१९६॥

योगमार्गणाकी अपेक्षा सत्य, असत्य, उभय, अनुभय, इन चार मनोयोगमें तथा सत्य, असत्य, उभय, इन तीन वचनयोगोंमें पंचेन्द्रियसंज्ञी पर्याप्तकके समान उनतीस, तीस और इकतीसप्रकृतिक तीन उदयस्थान जानना चाहिए। असत्यमृषावचनयोगमें त्रसपर्याप्तकोंके समान उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक तीन उदयस्थान होते हैं ॥१९६॥

ओरालियकाययोगे तसपज्जत्तभंगमिव।
ओरालियमिस्सकम्मे उदयट्ठाणाणि जाणिदव्वाणि ॥१९७॥

सत्तेव य अपज्जत्ता सण्णियपज्जत्तभंगमिव।
वेउव्वियकायदुगे देवाणं णारयाण भंगमिव ॥१९८॥

औदारिककाययोगे त्रसपर्याप्तभङ्गवदुदयस्थानानि २५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। औदारिकमिश्रकायनोगे अपर्याप्तजीवसमासोक्तसंज्ञिपर्याप्तभङ्गवदुदयस्थानानि ज्ञातव्यानि २४।२६।२७। कार्मणकाययोगविग्रहगतौ इदं एकविंशतिकं २१। केवलिसमुद्घाते प्रतरद्वये लोकपूरणे इदं विंशतिकं स्थानम् २०। वैक्रियिककाययोगद्विके देवगति-नरकगतिकथितोदयस्थानानि। दैववैक्रियिककाययोगे २७।२८।२९। देववैक्रियिकमिश्रकाययोगे उदयस्थानं २५। नारकवैक्रियिककाययोगे २७।२८।२९। तन्मिश्रकाययोगे २५ ॥१९७-१९८॥

औदारिककाययोगमें त्रसपर्याप्तक जीवोंके समान पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक सात उदयस्थान होते हैं। औदारिकमिश्रकायकोगमें सातों अपर्याप्तक जीवसमासोंके समान चौबीस, छब्बीस और सत्ताईस प्रकृतिक उदयस्थान होते हैं। कार्मणकाययोगमें विग्रहगति-सम्बन्धी इक्कीसप्रकृतिक एक उदयस्थान जानना चाहिए। वैक्रियिककाययोग और वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें देव और नारकियोंके उदयस्थानोंके समान उदयस्थान जानना चाहिए ॥१९७-१९८॥

विशेषार्थ—देवगतिसम्बन्धी वैक्रियिककाययोगमें सत्ताईस, अट्ठाईस और उनतीस प्रकृतिक तीन उदयस्थान होते हैं। तथा इन्हींके वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें पच्चीसप्रकृतिक एक उदय-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्थान होता है। नरकगति-सम्बन्धी वैक्रियिककाययोग और वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें भी देव-सम्बन्धी उदयस्थान होते हैं, किन्तु उनकी उदय-प्रकृतियोंमें अन्तर पड़ जाता है, सो स्वयं विचार लेना चाहिए।

आहारदुगे णियमा पमत्त इव सव्वट्ठाणाणि।
थी-पुरिसवेयगेसु य पंचिंदिय-उदयठाणभंगमिव ॥१९९॥
णउंसए पुण एवं वेदे ओघवियप्पा य होंति णायव्वा।
उदयट्ठाण कसाए ओघभंगमिव होइ णायव्वं ॥२००॥

आहारकद्विके प्रमत्तोक्तोदयस्थानानि। किन्तु आहारककाययोगे २७।२८।२९। आहारकमिश्रकाय-योगे २५ उदयस्थानम्। स्त्री-पुरुषवेदयोः पञ्चेन्द्रियोक्तोदयस्थानभङ्गरचनावत्। किन्तु पुंवेदे उदयस्थानानि २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। स्त्रीवेदे नामप्रकृत्युदयस्थानानि २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। नपुंसकवेदे गुणस्थानोक्तोदयस्थानानि २१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१ भवन्ति। क्रोध-मान-माया-लोभकषायेषु ओघभङ्गमिव गुणस्थानोक्तोदयस्थानानि। किन्तु २१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३० ॥१९९-२००॥

आहारककाययोग और अहारकमिश्रकाययोगमें प्रमत्तगुणस्थानके समान उदयस्थान जानना चाहिए। अर्थात् आहारककाययोगमें सत्ताईस, अट्ठाईस और उनतीस प्रकृतिक तीन उदय-स्थान होते हैं। तथा आहारकमिश्रकाययोगमें पच्चीसप्रकृतिक एक उदयस्थान होता है। वेद-मार्गणाकी अपेक्षा स्त्रीवेद और पुरुषवेदमें पंचेन्द्रियोंके समान उदयस्थान जानना चाहिए। अर्थात् इक्कीस, पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक आठ-आठ उदयस्थान होते हैं। नपुंसक वेदमें इसी प्रकार ओघविकल्प जानना चाहिए। अर्थात् इक्कीस, चौबीस, पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक नौ उदयस्थान होते हैं कषायमार्गणाकी अपेक्षा चारों कषायोंमें ओघके समान इक्कीस, चौबीस, पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस और तीस प्रकृतिक और आठ उदयस्थान जानना चाहिए ॥१९९-२००॥

मइ-सुय-अण्णाणेसु य मिच्छा-सासणट्ठाणभंगमिव।
अवसेसं णाणाणं सण्णिपञ्जत्तभंगमिव जाणिज्जो ॥२०१॥

कुमति-कुश्रुतयोर्मिथ्यात्व-सासादनोक्तोदयस्थानानि २१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। अवशेष-ज्ञानानां संज्ञिपर्याप्तोक्तोदयस्थानानि जानीयात्। किन्तु विभङ्गज्ञाने नामप्रकृत्युदयस्थानानि २९।३०। ३१। मति-श्रुतावधिज्ञानेषु नामोदयस्थानानि २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। मनःपर्यये ज्ञाने ३०। केवलज्ञाने २०।२१।२६।२७।२८।२९।३०।३१।९।८ ॥२०१॥

ज्ञानमर्गणाकी अपेक्षा कुमति और कुश्रुतज्ञानमें मिथ्यात्व और सासादन गुणस्थानके समान इक्कीस, चौबीस, पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक नौ उदयस्थान होते हैं। शेष छह ज्ञानोंके उदयस्थान संज्ञी पर्याप्तक पंचेन्द्रियोंके समान जानना चाहिए ॥२०१॥

विशेषार्थ—विभङ्गज्ञानमें उनतीस, तीस और इकतीसप्रकृतिक तीन उदयस्थान होते हैं। मति, श्रुत और अवधिज्ञानके इक्कीस, पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक आठ उदयस्थान होते हैं। मनःपर्ययज्ञानमें तीसप्रकृतिक एक ही उदय-स्थान होता है। केवलज्ञानमें इकतीस, नौ और आठ प्रकृतिक तीन उदयस्थान होते हैं। यहाँ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इतनां विशेष ज्ञातव्य है कि जिन आचार्योंके मतसे सभी केवलज्ञानी केवलिसमुद्घात करते हुए सिद्ध होते हैं, उनके मतानुसार केवलिसमुद्घातमें सम्भव अपर्याप्त दशाकी अपेक्षा बीस, इक्कीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस और तीस प्रकृतिक उदयस्थान भी बतलाये गये हैं। परन्तु प्राकृत पंचसंग्रहकारको यह मत अभीष्ट नहीं रहा है, अतएव उन्होंने इन उदयस्थानों को नहीं बतलाया, जब कि संस्कृत पंचसंग्रहकारने उन्हें बतलाया है।

असंजमे तहा ठाणं णेयं मिच्छाइचउसु गुणट्ठाणमिव।
दसविरए च भंगा णेया तससंजमे चेव ॥२०२॥
अवसेससंजमट्ठाणं पमत्ताइगुणट्ठाणमिव।

संयममार्गणायां त्रससंयमे मिथ्यादृष्ट्याद्यसंयतगुणस्थानोक्तं ज्ञेयम्। किन्तु असंयमे उदयस्थानानि २१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। त्रससंयमे देशसंयमे देशविरतोक्तभङ्गरचना ज्ञेया। किन्तु उदयस्थानद्वयम् २। अवशेष-संयमस्थानेषु प्रमत्तादिगुणस्थानोक्तोदयस्थानानि। किन्तु सामायिकच्छेदोपस्थापनयोः २५। २७। २८। २९। ३०। परिहारविशुद्धिसंयमे त्रिंशत्कमेकस्थानम् ३०। सूक्ष्मसाम्पराये ३०। यथाख्याते २०। २१। २४। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। ९। ८। ॥२०२½॥

संयममार्गणाकी अपेक्षा असंयममें मिथ्यात्व आदि चार गुणस्थानोंके समान उदयस्थान जानना चाहिए। अर्थात् असंयममें इक्कीस, चौबीस, पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इसतीस प्रकृतिक नौ उदयस्थान होते हैं। त्रससंयम अर्थात् देशसंयममें देशविरत गुणस्थानके समान तीस और इकतीस प्रकृतिक दो उदयस्थान होते हैं। अवशेष संयमोंके उदयस्थान प्रमत्तादिगुणस्थानोंके उदयस्थानके समान जानना चाहिए ॥२०२½॥

विशेषार्थ—सामायिक और छेदोपस्थापना संयममें पच्चीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस और तीस प्रकृतिक पाँच उदयस्थान होते हैं। परिहार विशुद्धि और सूक्ष्म साम्पराय संयममें तीस प्रकृतिक एक-एक ही उदयस्थान होता है। यथाख्यातसंयममें तीस, इकतीस, नौ और आठ प्रकृतिक चार उदयस्थान होते हैं। किन्तु सभी केवलज्ञानियोंके केवलिसमुद्घात माननेवाले आचार्योंके मतकी अपेक्षा बीस, इक्कीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस, इकतीस, नौ और आठ प्रकृतिक दश उदयस्थान पाये जाते हैं।

अचक्खुस्स ओघभंगो चक्खुस्स य चउ-पंचिंदियसमं णेयं ॥२०३॥

दर्शनमार्गणायां अचक्षुर्दर्शने गुणस्थानोक्तवत् २१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। चक्षुर्दर्शने चतुः-पञ्चेन्द्रियोक्तसदृशं ज्ञेयम्। किन्तु २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१ भवन्ति ॥२०३॥

दर्शनमार्गणाकी अपेक्षा अचक्षुदर्शनके उदयस्थान ओघके समान और चक्षुदर्शनके उदयस्थान चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रियजीवोंके समान जानना चाहिए ॥२०३॥

विशेषार्थ—अचक्षुदर्शनमें इक्कीस, चौबीस, पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक नौ उदयस्थान होते हैं। चक्षुदर्शनमें इक्कीस, पच्चीस; छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और एकतीस प्रकृतिक आठ उदयस्थान होते हैं, इनमें प्रकृति-सम्बन्धी जो अन्तर होता है, वह ज्ञातव्य है।

ओधियक केवलदंसे ओधिय-केवलणाणमिव।
तेजप्पउमासुक्के सण्णी पंचिंदियभंगमिव ॥२०४॥

क च अवधि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अवधिदर्शने केवलदर्शने अवधि-केवलदर्शनोक्तमिव। अवधिदर्शने २१। २५। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। केवलदर्शने २०। २१। २६। २७। २८। ३०। ३१। ९। ८। लेश्यमार्गणायां कृष्ण-नील-कापोतलेश्यात्रिके नामोदयस्थानानि २१। २४। २५। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। तेजःपद्मशुक्लेषु संज्ञिपञ्चेन्द्रियोक्तोदयस्थानानि। किन्तु तेजलेश्यायां २१। २५। २७। २८। २९। ३०। ३१। पद्मलेश्यायां २१। २५। २७। २८। २९। ३०। ३१। शुक्ललेश्यायां २०। २१। २५। २७। २८। २९। ३०। ३१।॥ २०४॥

अवधिदर्शनमें अवधिज्ञानियोंके समान और केवलदर्शनमें केवलज्ञानियोंके समान उदयस्थान होते हैं। लेश्यामार्गणाकी अपेक्षा तेज, पद्म और शुक्ललेश्यामें संज्ञी पंचेन्द्रियजीवके समान उदयस्थान जानना चाहिए ॥२०४॥

विशेषार्थ—संक्षिप्त या सुगम कथन होनेसे ग्रन्थकारने तीनों अशुभ लेश्याओंके उदयस्थान नहीं कहे हैं। उन्हें इस प्रकार जानना चाहिए—कृष्ण, नील और कापोतलेश्यामें इक्कीस, चौबीस, पच्चीस, छब्बीस, सत्ताईस, अट्ठाईस, उनतीस, तीस और इकतीस प्रकृतिक नौ उदयस्थान होते हैं। तेज पद्म और शुक्ललेश्यामें उक्त नौ स्थानोंमेंसे चौबीस और छब्बीस प्रकृतिक उदयस्थानको छोड़कर शेष सात उदयस्थान होते हैं। तथा केवलिसमुद्घातकी अपेक्षा बीसप्रकृतिक उदयस्थान भी होता है।

भविएसु ओघभंगो अभविए मिच्छाइट्ठिभंगमिव।
मिच्छा-सासण-मिस्से सय-सयगुणठाणभंगमिव ॥२०५॥
उवसमसम्मत्तादी सय-सयगुणमिव हवंति त्ति।
सण्णिस्स ओघभंगो असण्णि मिच्छोघभंगमिव ॥२०६॥
आहार ओघभंगो अणाहारे चउसु ठाण कम्ममिव।
अवसेसविहिविसेसा जाणित्तु जहाकमं णेया ॥२०७॥

भव्ये गुणस्थानोक्तवत् २०। २१। २४। २५। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। ९। ८। अभव्ये मिथ्यादृष्टिविकल्प इव। किन्तु २१। २४। २५। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। मिथ्यात्व-सासादन-मिश्रेषु स्वकीय-स्वकीयगुणस्थानोक्तवत्। मिथ्यादृष्टौ २१। २४। २५। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। सासादनरुचौ २१। २४। २५। २६। २९। ३०। ३१। मिश्ररुचौ उदयस्थानानि २९। ३०। ३१। स्वकीय-स्वकीयगुणस्थानोक्तवत् उपशमसम्यक्त्वादयो भवन्ति। किन्तु उपशमसम्यग्दृष्टौ २१। २५। २९। ३०। ३१। वेदकसम्यग्दृष्टौ २१। २५। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। क्षायिक-सम्यग्दृष्टौ २०। २१। २५। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। ९। ८। संज्ञिनः गुणस्थानोक्तमिव २१। २४। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। असंज्ञिनि मिथ्यात्वोक्तवत् २१। २४। २५। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। 'आहार ओघभंगो' आहारके गुणस्थानोक्तवत्। किन्तु एकविंशतिकमुदय स्थानं नास्ति २४। २५। २६। २७। २८। २९। ३०। ३१। अनाहारके चतुर्गुणस्थानेषु कार्मणोक्त-स्थानानि २०। २१। ९। ८। तत्रानाहारे अयोगिनः उदये नवकाष्टके द्वे भवतः। सामान्यकेवलिनः प्रतरलोकपूरणे उदयो विंशतिकं २०। विग्रहगतौ २१। तथा तीर्थङ्करे सयोगिनि प्रतरलोकपूरणे २१। अव-शेषविधिविशेषान् ज्ञात्वा यथाक्रमं ज्ञेयमिति ॥२०५–२०७॥

अथ पूर्वोक्तनामप्रकृत्युदयस्थानानां विग्रहगत्यादिकालमाश्रित्योत्पत्तिक्रमः कथ्यते—तैजस-कार्मणे २ वर्णचतुष्कं ४ स्थिरास्थिरे २ शुभाशुभे २ अगुरुलघुकं १ निर्माणं १ चेति द्वादश प्रकृतयः सर्वनामप्रकृत्युदय-स्थानेषु ध्रुवा निश्चला भवन्ति। नामध्रुवोदया द्वादश १२। चतर्गतिषु एकतरा गतिः १ पञ्चसु जातिषु एक-तरा जातिः १ त्रस-स्थावरयोर्मध्ये एकतरं १ बादर-सूक्ष्मयोर्मध्ये एकतरं १ पर्याप्तापर्याप्तयोर्मध्ये एकतरं १

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुभग-दुर्भगयोर्मध्ये एकतरं १ आदेयानादेययोर्मध्ये एकतरं १ यशोऽयशसोर्मध्ये एकतरं १ चतुरानुपूर्व्येषु मध्ये एकतरं १ इत्येकविंशतिकं स्थानं २१ चातुर्गतिकानां विग्रहगतौ कार्मणशरीरे भवति। तदानुपूर्व्य-युतत्वाद्विग्रहगतवेवोदेति। तदानुपूर्व्यमपनीयौदारिकादित्रिशरीरेषु एकं शरीरं १ षट्संस्थानेषु एकं संस्थानं १ प्रत्येक-साधारणयोर्मध्ये एकतरं १ उपघातं १ इति प्रकृतिचतुष्कं विंशतिके युतं चतुर्विंशतिकं स्थानम् २४। इदमेकेन्द्रियाणां शरीरमिश्रे योगे एवोदेति, नान्यत्र। पुनः एकेन्द्रियस्य शरीरपर्याप्तौ तत्र चतुर्विंशतिके परघातयुते इदं २५। वा विशेषमनुष्यस्याऽऽहारकशरीरमिश्रकाले तदङ्गोपांगे युते इदं २५। वा देव-नारकयोः शरीरमिश्रकाले वैक्रियिकाङ्गोपांगे युते इदं २५। पुनः एकेन्द्रियस्य पञ्चविंशतिके तच्छरीरपर्याप्तौ आतपे उद्योते वा युते इदं २६। वा तस्यैवैकेन्द्रियस्योच्छ्वासनिःश्वासपर्याप्तौ उच्छ्वासे युते इदं २६। वा चतुर्विंशतिके द्वि-त्रि-चतुः-पञ्चेन्द्रियाणां सामान्यमनुष्यस्य निरतिशयकेवलिकपाटद्वयस्य च औदारिकमिश्रकाले तदङ्गोपाङ्गसंहनने युते इदं २६। पुनश्चतुर्विंशतिके प्रमत्तस्य शरीरपर्याप्तौ आहा-रकाङ्गोपाङ्ग-परघात-प्रशस्तविहायोगतिषु युतासु इदं २७। तत्केवलिपड्विंशतिकं कपाटद्वयस्यौदारिकमिश्रे तीर्थयुते इदं २७। चतुर्विंशतिके देव-नारकयोः शरीरपर्याप्तौ वैक्रियिकाङ्गोपाङ्ग-परघाताऽविरुद्धविहायोगतिषु युतासु इदं २७। वा तत्रैवैकेन्द्रियस्योच्छ्वासपर्याप्तौ परघाते आतपोद्योतके तस्मिन्नुच्छ्वासे च युते इदं २७। पुनस्तत्रैव सामान्यमनुष्यस्य मूलशरीरप्रविष्टसमुद्घातसामान्यकेवलिनः द्वि-त्रि-चतुः-पञ्चेन्द्रियाणां च शरीरपर्याप्तौ अङ्गोपाङ्ग-संहनन-परघाताऽविरुद्धविहायोगतिषु युतासु इदं २८। वा प्राक्षाऽऽहारकर्द्धेस्तच्छरीरो-च्छ्वासपर्याप्त्योस्तदङ्गोपाङ्ग-परघात-प्रशस्तविहायोगत्युच्छ्वासेषु युतेषु इदं २८। वा देव-नारकयो-रुच्छ्वासपर्याप्तौ वैक्रियिकाङ्गोपाङ्ग-परघाताऽविरुद्धविहायोगत्युच्छ्वासेषु युतेषु इदं २८। पुनस्तत्सामान्य-मनुष्याष्टाविंशतिके तस्य च मूलशरीरप्रविष्टसमुद्घातसामान्यकेवलिनश्चोच्छ्वासपर्याप्तौ उच्छ्वासयुते इदं २९। वा तच्चतुर्विंशतिके द्वि-त्रि-चतुः-पञ्चेन्द्रियाणां शरीरपर्याप्तौ उद्योतेन समं अङ्गोपाङ्ग-संहनन-परघात-विहायोगतिषु युतासु इदं २९। वा समुद्घातकेवलिनः शरीरपर्याप्तौ अङ्गोपाङ्ग-संहनन-परघात-प्रशस्त-विहायोगति-तीर्थेषु युतेषु इदं २९। वा प्रमत्तस्याहारकशरीर-भाषापर्याप्त्योस्तदङ्गोपाङ्ग-परघात-प्रशस्त-विहायोगत्युच्छ्वास स्वशरीरेषु युतेषु इदं २९। वा देव नारकयोः भाषापर्याप्तौ अविरुद्धैकस्वरेण युते इदं २९। पुनस्तत्रैव द्वि-त्रि-चतुः-पञ्चेन्द्रियाणामुच्छ्वासपर्याप्तावुद्योतेन समं सामान्यमनुष्य-सकल-विकलानां भाषापर्याप्तौ स्वरद्वयान्यतरेण समं चाङ्गोपाङ्ग-संहनन-परघात-विहायोगत्युच्छ्वासेषु युतेषु इदं ३०। वा समुद्घाततीर्थङ्करकेवलिन उच्छ्वासपर्याप्तौ तीर्थेन समं सामान्यसमुद्घातकेवलिनो भाषापर्याप्तौ स्वरद्वयान्य-तरेण समं चाङ्गोपाङ्ग-संहनन-परघात-प्रशस्तविहायोगत्युच्छ्वासेषु युतेषु इदं ३०। पुनस्तत्सयोगकेवलि-स्थाने भाषापर्याप्तौ तीर्थयुते इदं ३१। वा चतुर्विंशतिके द्वि-त्रि-चतुः-पञ्चेन्द्रियाणां भाषापर्याप्तौ अङ्गोपाङ्ग-संहनन-परघातोद्योत-विहायोगत्युच्छ्वास-स्वरद्वयान्यतरेषु युतेषु इदं ३१*।

विग्रहगतौ कार्मणशरीरे एकेन्द्रियाणां २१ स्थानमुदेति। शरीरमिश्रे २४। २५। शरीरपर्याप्तौ २६। २७। उच्छ्वासपर्याप्तौ २६ उदयागतं भवति। देव-नारकयोः विग्रहगतौ कार्मणे २१। २१। वैक्रियिक-मिश्रे २५। २५ वैक्रियिकशरीरपर्याप्तौ २७। २७। आनापानपर्याप्तौ २८। २८। भाषापर्याप्तौ२९। २९ उदयागतानि भवन्ति। द्वि-त्रि-चतुः-पञ्चेन्द्रिय-तिरश्चां विग्रहगति [तौ] कार्मणे २१ औदारिकमिश्रे २६ शरीरपर्याप्तौ २७ उदेति। उच्छ्वासपर्याप्तौ २९।३० भाषापर्याप्तौ ३०। ३१ उदयागतानि। सामान्यमनुष्ये विग्रहगतौ कार्मणे २१ औदारिकमिश्रे २६ शरीरपर्याप्तौ २८ आनापानपर्याप्तौ २९ भाषापर्याप्तौ ३० उदया-गतानि। सामान्यकेवलिनि कार्मणशरीरे प्रतरद्वये लोकपूरणे २० औदारिकमिश्रकाययोगे २६ शरीरपर्याप्तौ २८ उच्छ्वासपर्याप्तौ २९ भाषापर्याप्तौ ३० उदयस्थानानि। तीर्थङ्करकेवलिनि। प्रतरद्वये लोकपूरणे च कार्मणे २१ औदारिकमिश्रे २७ शरीरपर्याप्तौ २९ उच्छ्वासपर्याप्तौ ३० भाषापर्याप्तौ ३१। आहारकविशेषमनुष्ये आहारकमिश्रे २५ आहारकशरीरपर्याप्तौ २७ उच्छ्वासपर्याप्तौ २८ भाषापर्याप्तौ २९।

* उपरितनोऽयं सन्दर्भः गो० कर्मकाण्डस्य गाथाङ्क ५९३-५९४ तमटीकया शब्दशः समानः। (पृ० ७९५-७९६)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चातुर्गतिकजीवेषु नामप्रकृत्युदयस्थानयन्त्रम्—

	एकेन्द्रिये	देवे	नारके	द्वीन्द्रियादौ	सामान्य-मनुष्ये	सामान्य-केवलिनि	तीर्थङ्करे	आहारक-मनुष्ये
विग्रहगतौ कार्मणे	२१	२१	२१	२१	२१	२०	२१	०
शरीरमिश्रपर्याप्तौ	२५ २४	२५	२५	२६	२६	२६	२७	२५
शरीरपर्याप्तौ	२६	२७	२७	२९, २८	२८	२८	२९	२७
आनपर्याप्तौ	२७, २६	२८	२८	३०, २९	२९	२९	३०	२८
भाषापर्याप्तौ	०	२९	२९	३१, ३०	३०	३०	३१	२९

इति नामप्रकृत्युदयस्थानानि मार्गणासु समाप्तानि ।

भव्यमार्गणाकी अपेक्षा भव्यजीवोंमें ओघके समान सभी उदयस्थान जानना चाहिए। अभव्योंमें मिथ्यादृष्टिके समान नौ और आठ प्रकृतिक उदयस्थानोंको छोड़कर शेष नौ उदयस्थान होते हैं। सम्यक्त्वमार्गणाकी अपेक्षा मिथ्यात्व, सासादनसम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वमें अपने-अपने गुणस्थानोंके समान उदयस्थान जानना चाहिए। तथा उपशमसम्यक्त्व आदिमें भी अपने-अपने संभव गुणस्थानोंके समान उदयस्थान होते हैं। संज्ञिमार्गणाकी अपेक्षा संज्ञीके ओघके समान सभी उदयस्थान होते हैं। असंज्ञीके मिथ्यात्वगुणस्थानके समान भंग जानना चाहिए। आहारमार्गणाकी अपेक्षा आहारकोंके ओघके समान भङ्ग जानना चाहिए। अनाहारकोंमें कार्मण-काययोगके समान चार गुणस्थानोंमें संभव उदयस्थान जानना चाहिए। इसके अतिरिक्त जो अवशिष्ट विधिविशेष है, वह आगमके अनुसार यथाक्रमसे जान लेना चाहिए ॥२०५–२०७॥

अब मूलसप्ततिकाकार नामकर्मके सत्त्वस्थानोंका निरूपण करते हैं—

[मूलगा०२३] [1]ति-दु-इगिणउदिं णउदिं अड-चउ-दुगाहियमसीदिमसीदिं च ।
उणसीदिं अट्ठत्तरि सत्तत्तरि दस य णव संता[1] ॥२०८॥

९३।९२।९१।९०।८८।८२।८२।८०।७९।७८।७७।१०।९।

अथ नामप्रकृतिसत्त्वस्थानप्रकरणं गाथाद्वादशकेनाऽऽह–['ति-दु-इगिणउदिं' इत्यादि ।] त्रिनवतिः ९३ द्वानवतिः ९२ एकनवतिः ९१ नवतिः ९० अष्टाशीतिः ८८ चतुरशीतिः ८४ द्वाशीतिः ८२ अशीतिः८० एकोनाशीतिः ७९ अष्टसप्ततिः ७८ सप्तसप्ततिः ७७ दश १० नव ९ च प्रकृतयः नामकर्मसत्त्वस्थानानि त्रयोदश भवन्ति ॥२०८॥

९३।९२।९१।९०।८८।८४।८२।८०।७९।७८।७७।१०।९।

नामकर्मके तेरानबै, बानबै, इक्यानबै, नब्बै, अठासी, चौरासी, बियासी, अस्सी, उन्यासी, अट्ठहत्तर, सतहत्तर, दश और नौ प्रकृतिक तेरह सत्त्वस्थान होते हैं ॥२०८॥

इनकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—९३, ९२, ९१, ९०, ८८, ८४, ८२, ८०, ७९, ७८, ७७, १०, ९ ।

अब भाष्यगाथाकार क्रमशः इन सत्त्वस्थानोंकी प्रकृतियोंका वर्णन करते हैं—

[2]गइआदियतित्थंते सव्वपयडीउ संत तेणउदिं ।
वज्जित्ता तित्थयरं वाणउदिं होंति संताणि ॥२०९॥

९३।९२।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २२२-२२३ । 2. ५, २२४ ।

१. सप्ततिका २९ । तत्रेदम् पाठः—

तिदुनउई उगुनउई अट्ठच्छलसी असीइ उगुसीई ।
अट्ठ य छप्पणत्तरि नव अट्ठ य नामसंताणि ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तेषामुपपत्तिमाह—['गइआदियतित्थंते' इत्यादि ।] गत्यादि-तीर्थान्ताः सर्वप्रकृतयः गति ४ जाति ५ शरीरा ५ ङ्गोपाङ्ग ३ निर्माण १ बन्धन ५ संघात ५ संस्थान ६ संहनन ६ स्पर्श ८ रस ५ गन्ध २ वर्णा ५ नुपूर्व्याऽ ४ गुरुलघू १ पघात १ परघाता १ तपो १ द्योतो १ च्छ्वास १ विहायोगतयः २ प्रत्येक-शरीर २ त्रस २ सुभग २ सुस्वर २ शुभ २ सूक्ष्म २ पर्याप्ति २ स्थिराऽऽ२ देय २ यशःकीर्त्ति २ सेतराणि तीर्थंकरत्वं १ चेति सर्वनामप्रकृतयः त्रिनवतिः । इति प्रथमसत्त्वस्थानं ९३ भवति । तन्मध्यात्तीर्थंकरत्वं वर्जयित्वाऽन्याः द्वानवतिः प्रकृतयः, इति द्वितीयसत्त्वस्थानं ९२ भवति ॥२०९॥

९३।९२।

गतिनामकर्मको आदि लेकरके तीर्थंकर प्रकृतिपर्यन्त नामकर्मकी जो तेरानबै प्रकृतियाँ हैं, उन सबका जहाँ सत्त्व पाया जावे, वह तेरानबै प्रकृतिकसत्त्वस्थान है इसमेंसे तीर्थंकरप्रकृतिको छोड़ देनेपर बानबैप्रकृतिक सत्त्वस्थान हो जाता है ॥२०९॥

९३ तेरानबैप्रकृतिक सत्त्वस्थान सर्वप्रकृतियाँ । तीर्थंकर बिना ९२ ।

[1]तेणउदीसंतादो आहारदुअं वज्जिदूण इगिणउदी ।
आहारय-तित्थयरं वज्जित्ता वा हवंति णउदिसंताणि ॥२१०॥

९१।९०।

त्रिनवतिकसत्त्वादाहारकद्वयं वर्जयित्वा एकनवतिकं सत्त्वस्थानं ९१ भवति । तथा त्रिनवतिक-प्रकृतिसत्त्वतः आहारकद्वयं तीर्थंकरत्वं च वर्जयित्वा नवतिकं सत्त्वस्थानं ९० भवति ॥२१०॥

९१।९०

तेरानबैप्रकृतिक सत्त्वस्थानमेंसे आहारकशरीर और आहारक-अंगोपांग, इन दोके निकाल देनेपर इक्यानबैप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है । तथा उसी तेरानबैप्रकृतिक सत्त्वस्थानमें से तीर्थङ्कर और आहारकद्विक; इन तीन प्रकृतियोंके निकाल देनेपर नब्बैप्रकृतिक सत्त्वस्थान हो जाता है ॥२१०॥

आहारकद्विक विना ९१ । तीर्थंकर और आहारकद्विक विना ९० ।

णउदीसंतेसु तहा देवदुगुव्विल्लिदे य अडसीदिं ।
णिरयचदुं उव्वेल्लिदे य चउरासी दीय संतपयडीओ ॥२११॥

८८।८४।

नवतिसत्त्वप्रकृतिषु ९० देवगति-देवगत्यानुपूर्व्यद्वये उद्वेल्लिते अष्टाशीतिकं सत्त्वस्थानं भवति ८८ । अतः नारकचतुष्के उद्वेल्लिते चतुरशीतिकं सत्त्वप्रकृतिस्थानं ८४ भवति ॥२११॥

८८।८४ ।

नब्बैप्रकृतिक सत्त्वस्थानमें से देवद्विक अर्थात् देवगति और देवगत्यानुपूर्वी इन दो प्रकृतियोंके उद्वेलन करनेपर अठासीप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है । तथा इसी अठासीप्रकृतिक सत्त्वस्थानमेंसे नरकचतुष्क अर्थात् नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक-अंगोपांग, इन चार प्रकृतियोंकी उद्वेलना करनेपर चौरासीप्रकृतिक सत्त्वस्थान हो जाता है ॥२११॥

देवद्विक विना ८८ । नरकचतुष्क विना ८४ ।

मणुयदुयं उव्वेल्लिए वासीदी चेव संतपयडीओ ।
तेणउदीसंताओ तेरसमवणिज्ज णवमखवगाई ॥२१२॥

८२।८०

1. सं० पञ्चसं० ५, २२५ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चतुरशीतिके मनुष्यद्वयमुद्वेलिते द्व्यशीतिः सत्त्वप्रकृतयः द्व्यशीतिकं सत्त्वस्थानं तिर्यक्षु भवति। कुतः? तैजस्कायिकवातकायिकयोः मनुष्यगति-मनुष्यगत्यानुपूर्व्यद्वयस्योद्वेलना भवतीति ८२। त्रिनवति-सत्त्वस्थानात् ९३ त्रयोदशप्रकृतीरपनीय अनिवृत्तिकरणो मुनिः क्षपकः क्षपयति क्षयं कृत्वाऽनन्तरं नवमानि-वृत्तिकरणगुणस्थानादिषु पञ्चसु क्षपकश्रेणिषु अशीतिकं सत्त्वस्थानं ८० भवति ॥२१२॥

८२।८०।

चौरासीप्रकृतिक सत्त्वस्थानमेंसे मनुष्यद्विक अर्थात् मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वी इन दो प्रकृतियोंकी उद्वेलना करनेपर बियासीप्रकृतिक सवत्त्स्थान होता है। तेरानवैप्रकृतियोंके सत्त्वस्थानमेंसे तिर्यग्द्विक, मनुष्यद्विक, एकेन्द्रियजाति, स्थावर, आतप, उद्योत, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रियजाति, सूक्ष्म और साधारण इन तेरह प्रकृतियोंके निकाल देनेपर अस्सीप्रकृतिक सत्त्व-स्थान नवमगुणस्थानवर्त्ती क्षपक आदि उपरिम पाँच गुणस्थानवर्त्ती जीवोंके होता है ॥२१२॥

८४ मेंसे मनुष्यद्विकके विना ८२। ९३ मेंसे तेरहके विना ८०।

[1]आसीदि होइ संता विय-इगि-णउदी य ऊणिया चेव।
तेरसमवणिय सेसं णवट्ठसत्तुत्तरा य सत्तरिया ॥२१३॥

अणियट्टिखवगाइसु पंचसु ७९।७८।७७।

अनिवृत्तिकरणादिषु पञ्चसु क्षपकश्रेणिषु अशीतिकं सत्त्वस्थानं भवति ८०। तीर्थोनं द्विनवतिकं ९२ आहारकद्वयरहितमेकनवतिकं ९१ तीर्थकराऽऽहारकद्वयहीनं नवतिकं ९० च तत्त्रयेषु क्रमेण वक्ष्यमाणं प्रकृतित्रयोदशकं अपनीय क्षपयित्वा शेषैकान्नाशीतिकं ७९ अष्टासप्ततिकं ७८ सप्तसप्ततिकं ७७ स्थानं अनिवृत्तिकरणक्षपकादिषु पञ्चसु ७९।७८।७७। तथाहि—अनिवृत्तिकरणस्य क्षपकश्रेणौ ८०।७९।७८।७७। सूक्ष्मसाम्परायस्य क्षपकश्रेणौ ८०।७९।७८।७७। क्षीणकषायस्य क्षपकश्रेणौ ८०।७९।७८।७७। सयोगे ८०।७९।७८।७७। अयोगस्योपान्त्यसमये ८०।७९।७८।७७ ॥२१३॥

बानवैप्रकृतिक सत्त्वस्थानमेंसे उपर्युक्त तेरह प्रकृतियोंके निकाल देनेपर उन्यासीप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। इक्यानबैप्रकृतिक सत्त्वस्थानमेंसे उन्हीं तेरह प्रकृतियोंके कम कर देनेपर अठहत्तरप्रकृतिक सत्त्वस्थान हो जाता है। नब्बैप्रकृतिक सत्त्वस्थानमें से उन्हीं तेरह प्रकृतियोंके कम कर देनेपर सतहत्तरप्रकृतिक सत्त्वस्थान हो जाता है ॥२१३॥

९२मेंसे १३ के विना ७९। ९१ मेंसे १३ के विना ७८। ९० मेंसे १३ के विना ७७ ये तीनों सत्त्वस्थान अनिवृत्तिक्षपकादि पाँच गुणस्थानोंमें होते हैं।

[2]इगि-वियलिंदियजाई णिरिय-तिरिक्खगइ आयउज्जोवं।
थावर सुहुमं च तहा साहारण-णिरय-तिरियाणुपुव्वी य ॥२१४॥
एए तेरह पयडी पंचसु अणियट्टिखवगाई।
अजोगिचरमसमए दस णव ठाणाणि होंति णायव्वा ॥२१५॥

१०।९।

ताः कास्त्रयोदश प्रकृतय इति चेदाऽऽह—['इगि-वियलिंदियजाई' इत्यादि।] एकेन्द्रियविकलत्रय-जातयः ४ नरकगतिः १ तिर्यग्गतिः १ आतपोद्योतद्वयं २ स्थावरं १ सूक्ष्मं १ साधारणं १ नरकगत्यानुपूर्व्यं १ तिर्यग्गत्यानुपूर्व्यं १ चेति १३ एतास्त्रयोदशप्रकृतीरनिवृत्तिकरणक्षपकः क्षपयति। क्षयं कृत्वाऽनन्तरं अनिवृत्तिकरणक्षपक-सूक्ष्मसाम्परायक्षपक-क्षीणकषायक्षपक-सयोगायोगिद्विचरमसमयपर्यन्तं अशीतिकादीनि

1. सं० पञ्चसं० ५, २२६-२२७। 2. ५, २२८।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सत्त्वस्थानानि चत्वारि ८०।७९।७८।७७। अयोगिचरमसमये दशकं सत्त्वस्थानं १० नवकं सत्त्वस्थानं ९ च द्वे भवत इति ज्ञातव्यं भवति ॥२१४-२१५॥

१०।९।

एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रियजाति, नरकगति, तिर्यग्गति, आतप; उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म, साधारण, नरकानुपूर्वी और तिर्यगानुपूर्वी, इन तेरह प्रकृतियोंका विनाश अनिवृत्तिकरण क्षपक करता है। अतएव अनिवृत्तिक्षपकसे आदि लेकर अयोगिकेवलीके द्विचरम-समयपर्यन्त अस्सी आदि चार सत्त्वस्थान होते हैं। दश और नव प्रकृतिक सत्त्वस्थान अयोगिकेवलीके चरम समयमें जानना चाहिए ॥२१४-२१५॥

[1]मणुयदुयं पंचिंदिय तस बायर सुहय पज्जत्तं।
आएज्जं जसकित्ती तित्थयरं होंति दस एया ॥२१६॥

किं तदाऽऽह-['मणुयदुयं पंचिंदिय' इत्यादि।] मनुष्यगति-मनुष्यगत्यापूर्व्यद्वयं २ पञ्चेन्द्रियं १ त्रसं १ बादरं १ सुभगं १ पर्याप्तं १ आदेयं १ यशःकीर्त्तिः १ तीर्थकरत्वं १ चेति नामकृतिसत्त्वस्थानं दशकं १० अयोगिचरमसमये भवति। एतत्तीर्थकरत्वं विना नामप्रकृतिसत्त्वस्थानं नवकं ९ भवति ॥२१६॥

दशप्रकृतिक सत्त्वस्थानमें मनुष्यद्विक, पंचेन्द्रियजाति, त्रस, बादर, सुभग, पर्याप्त, आदेय, यशःकीर्त्ति और तीर्थंकर, ये दश प्रकृतियाँ होती हैं। (इनमेंसे तीर्थङ्करप्रकृतिके विना शेष नौ प्रकृतियाँ नौप्रकृतिक सत्त्वस्थानमें पाई जाती हैं) ॥२१६॥

अब गुणस्थानोंमें उक्त सत्त्वस्थानोंका निरूपण करते हैं—

अट्ठसु असंजयाइसु चत्तारि हवंति आइसंताणि।
तेणउदीरहियाइं मिच्छे छच्चेव पढमसंताणि ॥२१७॥

[2]अविरदादिसु अट्ठसु उवसंतेसु ९३।९२।९१।९०। मिच्छे ९२।९१।९०।८८।८४।८२।

अथ गुणस्थानेषु नामसत्त्वस्थानानि योजयति-['अट्ठसु असंजयाइसु' इत्यादि।] अविरतसम्यग्दृष्ट्याद्युपशान्तकषायान्तेषु अष्टसु चत्वारि आदिमसत्त्वस्थानानि भवन्ति ९३।९२।९१।९०। तथाहि-असंयतसम्यग्दृष्टौ प्रथमं त्रिनवतिकं ९३ सत्त्वस्थानम्, तीर्थोनं द्वितीयं द्विनवतिकं ९२ सत्त्वस्थानम्, आहारकद्वयरहितमेकनवतिकं ९१ तृतीयसत्त्वस्थानम्, तीर्थाऽऽहारकत्रिकरहितं चतुर्थं नवतिकं ९० स्थानम्। एवमष्टसु ज्ञेयम्। देशसंयमे ९३।९२।९१।९०। प्रमत्ते ९३।९२।९१।९०। अप्रमत्ते ९३।९२।९१।९०। अपूर्वकरणस्योपशम-क्षपकश्रेण्योः ९३।९२।९१।९०। अनिवृत्तिकरणस्योपशमश्रेणौ ९३।९२।९१।९०। क्षपकश्रेणौ ८०।७९।७८।७७। सूक्ष्मसाम्परायस्योपशमश्रेण्यां ९३।९२।९१।९०। क्षपकश्रेण्यां ८०।७९।७८।७७। उपशान्तकषाये ९३।९२।९१।९० क्षीणकषाये ८०।७९।७८।७७। सयोगे ८०।७९। ७८।७७। अयोगिद्विचरमसमये ८०।७९।७८।७७। अयोगिचरमसमये १०।९। मिथ्यादृष्टौ त्रिनवतिकं विना आद्यसत्त्वस्थानानि षट् भवन्ति ९२।९१।९०।८८।८४।८१। तिर्यग्गतिको मनुष्यो वा मिथ्यादृष्टिः देवगति-तदानुपूर्व्यद्वयं उद्वेल्लयति, तदा अष्टाशीतिकं ८८। तथा नारकचतुष्कमुद्वेल्लयति, तदा चतुरशीतिकं ८४। तैजस्कायिक-वायुकायिकौ मनुष्यद्विकमुद्वेल्लयतस्तदा द्व्यशीतिकम् ८२ ॥२१७॥

आदिके चार सत्त्वस्थान असंयतसम्यग्दृष्टि नामक चौथे गुणस्थानसे लेकर आठ गुणस्थानोंमें पाये जाते हैं। तेरानवैप्रकृतिक सत्त्वस्थानके विना प्रारम्भके छह सत्त्वस्थान मिथ्यात्व गुणस्थानमें होते हैं ॥२१७॥

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २२९। 2. ५, 'अत्रासंयताद्येषू' इत्यादिगद्यभागः। (पृ० १८३)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अविरतादि उपशान्तान्त आठ गुणस्थानोंमें ९३, ९२, ९१, ९०, प्रकृतिक सत्त्वस्थान हैं। मिथ्यात्वमें ९२, ९१, ९०, ८८, ८४, ८२ प्रकृतिक सत्त्वस्थान होते हैं।

[1]णउदीसंता सादे वाणउदी णउदि होंति मिस्सम्मि।
वाणउदि णउदि संता अड चदु दु अधियमसीदि तिरिएसु ॥२१८॥

[2]वाणउदि एगणउदी णउदी णिरए सुरेसु पढमचदुं।
वासीदी हीणाइं मणुएसु हवंति सव्वाणि ॥२१९॥

[3]सासणे ९०। मिस्से ९२।९०। तिरिएसु ९२।९०।८८।८४।८२। णिरए ९२।९१।९०। मणुएसु संता १२। देवेसु ९३।९२।९१।९०।

एवं णामसंतपरूवणा

सासादनगुणस्थाने नवतिकं सत्त्वस्थानं ९० भवति। मिश्रगुणस्थाने द्विनवतिकं ९० नवतिकं ९० च सत्त्वस्थानं भवति। कुतः ?

तित्थाहारा जुगवं सव्वं तित्थं ण मिच्छगादितिए।
तस्सत्तकम्मियाणं तग्गुणठाणं ण संभवदि[1] ॥२१॥

तीर्थाऽऽहारकयोरुभयेन युतं सत्त्वस्थानं ९३ मिथ्यादृष्टौ नास्ति। तीर्थयुतमाहारयुतं च नानाजीवापेक्षयास्ति। सासादने नानाजीवापेक्षयाप्याहारक-तीर्थयुतानि न भवन्ति। मिश्रगुणस्थाने तीर्थयुतं ९२ न, आहारयुतं चास्ति ९०; तत्कर्मसत्त्वजीवानां [तद्] गुणस्थानं न सम्भवतीति।

अथ तिर्यग्गत्यां तिर्यक्षु द्विनवतिकं ९२ नवतिकं ९० अष्टाशीतिकं ८८ चतुरशीतिकं ८४ द्व्यशीतिकं ८२ चेति पञ्च सत्त्वस्थानानि तिर्यग्गतौ भवन्ति। नरकगत्यां द्विनवतिकैकनवतिक-नवतिकानि त्रीणि सत्त्वस्थानानि भवन्ति ९२।९१।९०। देवगत्यां प्रथमचतुष्कं सत्त्वस्थानकम। मनुष्यगत्यां मनुष्येषु द्व्यशीतिकं विना शेषाणि द्वादश सत्त्वस्थानानि भवन्ति ९३।९२।९१।९०।८८।८४।८०।७९।७८।७७।१०।९। इति मनुष्यगतौ यथासम्भवं गुणस्थानेषु ज्ञातव्यानि ॥२१८–११९॥

पृथ्वीकायिकादिसर्वतिर्यक्षु पञ्च सत्त्वस्थानानि ९२।९०।८८।८४।८२। भवनत्रयदेवानां ९२।९०। सर्वभोगभूमिजतिर्यङ्-मनुष्याणां ९२।९०। अक्षनाद्यधस्तनचतुःपृथ्वीनारकाणां च द्वानवतिक ९२ नवतिके ९० द्वे भवतः। सर्वसासादनानां नवतिकमेव ९०।

१ नरकगत्यां नामसत्त्वस्थानानि—
मिथ्या० ९२ ९१ ९०
सासा० ९०
मिश्र० ९२ ९०
अवि० ९२ ९१ ९०

२ तिर्यग्गतौ नामसत्त्वस्थानानि—
मिथ्या० ९२ ९० ८८ ८४ ८२
सासा० ९०
मिश्र० ९२ ९०

३ मनुष्यगतौ नामप्रकृतिसत्त्वस्थानानि—
मि० ९२ ९१ ९० ८८ ८४ ८२
सा० ९०
मि० ९२ ९०
अ० ९३ ९२ ९१ ९०
दे० ९३ ९२ ९१ ९०
प्र० ९३ ९२ ९१ ९०
अप्र० ९३ ९२ ९१ ९०
अपू० ९३ ९२ ९१ ९०

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २३०। 2. ५, २३१। 3. ५, 'सासने' इत्यादिगद्यांशः। (पृ० १८३)।
१. गो० क० ३३३।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अवि० ९२ ९०
देश० ९२ ९०

४ देवगत्यां नामसत्त्वस्थानानि—
मिथ्या० ९२ ९०
सासा० ९०
मिश्र० ९२ ९०
अवि० ९३ ९२ ९१ ९०

		उपशमश्रेणौ				क्षपकश्रेणौ			
अनि०	९३	९२	९१	९०	८०	७९	७८	७७
सू०	९३	९२	९१	९०	८०	७९	७८	७७
उ०	९३	९२	९१	९०				
क्षी०					८०	७९	७८	७७
स०					८०	७९	७८	७७
अयो० द्वि०					८०	७९	७८	७७
च०								१० ९

सासादनगुणस्थानमें नव्वैप्रकृतिक सत्त्वस्थान होता है। मिश्रगुणस्थानमें बानबै और नव्वै प्रकृतिक दो सत्त्वस्थान होते हैं। तिर्यञ्चोंमें बानबै, नव्वै, अट्ठासी, चौरासी और बियासी प्रकृतिक पाँच सत्त्वस्थान होते हैं। नारकियोंमें वानवै, इक्यानबै और नव्वै प्रकृतिक तीन सत्त्वस्थान होते हैं। देवोंमें आदिके चार सत्त्वस्थान होते हैं। मनुष्योंमें वियासीके विना शेष सर्व सत्त्वस्थान होते हैं ॥२१८-२१९॥

सासादनमें ९०। मिश्रमें ९२, ९०। तिर्यञ्चोंमें ९२, ९०, ८८, ८४, ८२। नारकियोंमें ९२, ९१, ९०। मनुष्योंमें ८२ के विना शेष १२ देवोंमें ९३, ९२, ९१, ९० प्रकृतिक सत्त्वस्थान होते हैं।

चारों गतियोंमें नामकर्मके सत्त्वस्थानोंकी अंकसंदृष्टि इस प्रकार है—

मनुष्यगतिमें नामसत्त्वस्थान—

१ मिथ्यात्व	९२	९१	९०	८८	८४	८२
२ सासादन	९०					
३ मिश्र	९२	९०				
४ अविरत	९३	९२	९१	९०		
५ देशविरत	९३	९२	९१	९०		
६ प्रमत्तविरत	९३	९२	९१	९०		
७ अप्रमत्त वि०	९३	९२	९१	९०		
८ अपूर्वकरण	९३	९२	९१	९०		

	उपशमश्रेणि				क्षपकश्रेणि				
९ अनि०बृ०क०	९३	९२	९१	९०	८०	७९	७८	७७	० ०
१० सूक्ष्मसा०	९३	९२	९१	९०	८०	७९	७८	७७	० ०
११ उपशान्त०	९३	९२	९१	९०					
१२ क्षीणमोह					८०	७९	७८	७७	
१३ सयोगिके०					८०	७९	७८	७७	
१४ अयो० द्वि०					८०	७९	७८	७७	
च०					४	१०	९		

नरकगतिमें नामसत्त्वस्थान—

मि०	९२	९१	९०
सा०	९०		
मि०	९२	९०	
अ०	९२	९१	९०

तिर्यग्गतिमें नामसत्त्वस्थान—

मि०	९२	९०	८८	८४	८२
सा०	९०				
मि०	९२	९०			
अ०	९२	९०			
दे०	९२	९०			

देवगतिमें नामसत्त्वस्थान—

मि०	९२	९०		
स०	९०			
मि०	९२	९०		
अ०	९३	९२	९१	९०

इस प्रकार नामकर्मके सत्त्वस्थानोंकी प्ररूपणा समाप्त हुई।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब मूलसप्ततिकाकार नामकर्मके बन्धस्थान, उदयस्थान और सत्त्वस्थान इन तीनोंको एकत्र मिलाकर बतलाते हैं—

[मूलगा०२४] अट्ठेगारस तेरस बंधोदयसंतपयडिठाणाणि।
ओघेणादेसेण य एत्तो जिह संभवं †विसजे[1] ॥२२०॥

अथोक्तनामत्रिसंयोगस्यैकाधिकरणे द्वयाधेयं ब्रुवन् तावद् बन्धाधारे उदय-सत्त्वाधेयं गाथाकंतिमिराह। आदौ बन्धादित्रिकं गाथाचतुष्केणाऽऽह–['अट्ठेगारस तेरस' इत्यादि।] इतः ओघेण गुणस्थानकैर्गुणस्थानेषु वा आदेशेन मार्गणाभिर्मार्गणासु वा बन्धोदयसत्त्वप्रकृतिस्थानानि अष्टैकादशत्रयोदशसंख्योपेतानि यथासम्भवमिति विसृजे कथयिष्यामीत्यर्थः। बन्धस्थानान्यष्टौ २३।२५।२६।२८।२९।३०।३१।१ उदयस्थानान्येकादश २१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।१।८। सत्त्वस्थानानि त्रयोदश ९३।९२।९१।९०। ८८।८४।८२।८०।७९।७८।१०।९। ॥२२०॥

नामकर्मके बन्धस्थान आठ हैं, उदयस्थान ग्यारह हैं और सत्त्वस्थान तेरह हैं। इनका ओघ और आदेशकी अपेक्षा जहाँ जो स्थान संभव हैं, उनका कथन करते हैं ॥२२०॥

अब सर्वप्रथम बन्धस्थानोंको आधार बनाकर उनमें उदयस्थान और सत्त्वस्थान कहते हैं—

[मूलगा०२५] [1]णव पंचोदयसंता तेवीसे पंचवीस छव्वीसे।
अट्ठ चउरट्ठवीसे णव सत्तुगुतीस तीसम्मि[2] ॥२२१॥

बन्ध०	२३	२५	२६	अट्ठावीसादिबंधेसु	२८	२९	३०
उद०	९	९	९		८	९	९
सत्त्व०	५	५	५		४	७	७

त्रयोविंशतिके २३ बन्धस्थाने पञ्चविंशतिके २५ षड्विंशतिके २६ बन्धस्थाने च प्रत्येकमुदयस्थानानि नव भवन्ति। सत्त्वस्थानानि पञ्च भवन्ति।

बन्ध	२३	२५	२६
उद०	९	९	९
सत्त्व०	५	५	५

अष्टाविंशतिके बन्धस्थाने उदयस्थानान्यष्टौ, सत्त्वस्थानानि चत्वारि। एकोनत्रिंशत्के त्रिंशत्के च बन्धस्थाने उदयस्थानानि नव भवन्ति, सत्त्वस्थानानि सप्त भवन्ति

बं०	२८	२९	३०
उ०	८	९	९
सं०	४	७	७

एकत्रिंशत्के बन्धस्थाने उदयस्थानमेकम्, सत्त्वस्थानमेकम्। एकके बन्धस्थाने उदयस्थानमेकम्, सत्त्वस्थानान्यष्टौ। उपरतबन्धे दश-दशोदयसत्त्वस्थानानि भवन्ति ॥२२१॥

बं०	३१	१	०
उ०	१	१	१०
स०	१	८	१०

नामकर्मके तेईस, पचीस और छब्बीस प्रकृतिक तीन बन्धस्थानोंमें नौ उदयस्थान, और पाँच सत्त्वस्थान होते हैं। अट्ठाईसप्रकृतिक सत्त्वस्थानमें आठ उदयस्थान और चार सत्त्वस्थान होते हैं। उनतीस और तीस प्रकृतिक दो बन्धस्थानोंमें नौ उदयस्थान और सात सत्त्वस्थान होते हैं ॥२२१॥

इनकी अंकसंदृष्टि मूलमें दी है।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २३२-२३४। †श्वे० सप्ततिकायां 'विभजे' इति पाठः।
१. सप्ततिका० ३०। तत्र प्रथमचरणे पाठोऽयम्—'अट्ठय वारस वारस'।
२. सप्ततिका० ३१।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब भाष्यगाथाकार इसी अर्थका स्पष्टीकरण करते हैं—

[1]तिय पण छव्वीसेसु वि उवरिम दो वज्जिदूण णव उदया ।
पण संता वाणउदी णउदी अड-चउर वासीदिं ॥२२२॥

[2]बंधट्ठाणेसु २३।२५।२६ पत्तेयं णवोदयठाणाणि—२१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। संतट्ठाणाणि—९२।९०।८८।८४।८२।

त्रयोविंशतिके-पञ्चविंशतिके-षड्विंशतिकबन्धस्थानेषु उपरिमोभयस्थाने द्वे नवकाष्टके वर्जयित्वा शेषोदयस्थानानि नव भवन्ति, द्वानवतिक-नवतिकाष्टाशीतिक-चतुरशीतिक-द्व्यशीतिकानि पञ्च सत्त्वस्थानानि भवन्ति ॥२२२॥

तेईस, पच्चीस और छब्बीसप्रकृतिक बन्धस्थानोंमें उपरिम दो बन्धस्थानोंको छोड़कर आदिके नौ उदयस्थान होते हैं। तथा बानवे, नब्बे, अठासी, चौरासी और बियासीप्रकृतिक पाँच सत्त्वस्थान होते हैं ॥२२२॥

बन्धस्थान २३, २५, २६ मेंसे प्रत्येकमें उदयस्थान ये नौ हैं—२१, २४, २५, २६, २७, २८, २९, ३०, ३१। तथा सत्त्वस्थान ९२, ९०, ८८, ८४, ८२ ये पाँच-पाँच हैं।

[3]वासीदिं वज्जित्ता चउसंता होंति पुव्वभणिया दु ।
तह सत्तावीसुदए बंधट्ठाणाणि ते तिण्णि ॥२२३॥

बंधे २३।२५।२६ उदये २७ संतट्ठाणाणि ९२।९०।८८।८४।

बंधतियं समत्तं ।

अष्टाविंशतिके बन्धे द्व्यशीतिकं सत्त्वस्थानं वर्जयित्वा चतुःसत्त्वस्थानानि पूर्वोक्तानि भवन्ति। तु पुनस्तथाग्रे वक्ष्यमाणे सप्तविंशतिके उदयस्थाने द्व्यशीतिकं सत्त्वस्थानं वर्जयित्वाऽन्यस्थानानि भवन्ति ॥२२३॥

बन्धे २८ उदयस्थानान्यष्टौ २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। सत्त्वस्थानानि चत्वारि ९२।९१। ९०।८८। तानि बन्धस्थानानि त्रीणि २३।२५।२६।

इति बन्धादिकं समाप्तम् ।

तथा सत्ताईसप्रकृतिक उदयस्थानमें बन्धस्थान तो ये पूर्वोक्त तीन ही होते हैं, किन्तु सत्त्वस्थान पूर्वोक्तोंमेंसे बियासीको छोड़कर शेष चार होते हैं ॥२२३॥

२७ प्रकृतिक उदयस्थानमें बन्धस्थान २३, २५, २६ प्रकृतिक तीन, तथा सत्त्वस्थान ९९, ९०, ८८, ८४ प्रकृतिक चार होते हैं।

इस प्रकार तीन बन्धस्थानोंमें उदय और सत्त्वस्थानोंका वर्णन समाप्त हुआ।

[4]उवरिमदुयचउवीस य वज्जिय अट्ठुदय अट्ठवीसम्हि ।
चउ संता वाणउदी इगिणउदि णउदि अट्ठसीदी य ॥२२४॥

[5]बंधे २८। उदये २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। संता ९२।९१।९०।८८।

अष्टाविंशतिके बन्धस्थाने उदयं सत्त्वं चाऽऽह—['उवरिमदुय चउवीस य' इत्यादि।] अष्टाविंशतिके बन्धके उपरिमद्विके अन्तिमे द्वे नवकाष्टके स्थाने चतुर्विंशतिकमेकमिति स्थानत्रयं वर्जयित्वा त्यक्त्वा उदयस्थानान्यष्टौ भवन्ति ८। द्विनवतिकैकनवतिक-नवतिकाष्टाशीतिकानि चतुःसत्त्वस्थानानि भवन्ति ॥२२४॥

बन्धे २८ उदयस्थानानि २१।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१ सत्त्वस्थानानि ९२।९१।९०।८८।

---

1. सं० पञ्चसं० ५, २३५-२३६। 2. ५, 'बन्धस्थानेषु' इत्यादिगद्यभागः। (पृ० १८४)। 3. ५, २३७। 4. ५, २३८-२३९। 5. ५, 'बन्धे २८' इत्यादिगद्यांशः (पृ० १८४)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें चौबीसप्रकृतिक और अन्तिम दो उदयस्थानोंको छोड़कर आठ उदयस्थान तथा बानबै, इक्यानबै, नब्बै और अठासीप्रकृतिक चार सत्त्वस्थान होते हैं ॥२२४॥

२८ अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें २१, २५, २६, २७, २८, २९, ३०, ३१ प्रकृतिक आठ उदयस्थान और ९२, ९१, ९०, ८८ प्रकृतिक चार सत्त्वस्थान होते हैं।

अब अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें उदय तथा सत्त्वकी विशिष्ट दशामें जो स्थानविशेष होते हैं, उन्हें दिखलाते हैं—

[1]अट्ठ चउरट्ठवीसे य कमसोदयसंतबंधठाणा दु ।
सामण्णेण य भणिया विसेसदो एत्थ कायव्वो ॥२२५॥
छव्वीसिगिवीसुदया वाणउदी णवदि अट्ठवीसे य ।
खाइयसम्मत्ताणं पुण कुरवेसुप्पज्जमाणाणं ॥२२६॥

[2]खाइयसम्माइट्ठीणं णराणं बंधे २८ उदये २६।२१। संता ९२।९०।

अष्टाविंशतिके बन्धे क्रमशः अष्टावुदयस्थानानि, चत्वारि सत्त्वस्थानानि सामान्येन भणितानि। अत्र विशेषतः कर्त्तव्यः। अत्राऽऽद्यत्रिसंयोगे उ० ९ इदम्—तिर्यग्द्विकं २ औदारिक-तैजस-कार्मणानि ३ एकेन्द्रियं १ वर्णचतुष्कं ४ अगुरुलघुकं १ उपघातं १ स्थावरं १ अस्थिरं १ अशुभं १ दुर्भगं १ अनादेयं १ अयशः १ निर्माणं १ हुण्डकं १ अपर्याप्तं १ बादरयुग्मस्यैकतरं १ साधारणप्रत्येकयोर्मध्ये एकतरं १ चेति त्रयोविंशकं बन्धस्थानं २३ एकेन्द्रियाऽपर्याप्तयुतत्वाद्देव-नारकेभ्योऽन्ये त्रस-स्थावर-मनुष्य-मिथ्यादृष्टय एव बध्नन्ति। तत्रैकेन्द्रियादिसर्वतिरश्चां बन्धे २३ एकेन्द्रियापर्याप्तस्योदयस्थानानि नव—२१।२४।२५।२६।२७। २८।२९।३०।३१। सत्त्वस्थानं पञ्चकम्—९२।९०।८८।८४।८२। मनुष्येषु कर्मभूमिजानामेव बन्धे २३ एकेन्द्रियालब्धपर्याप्तके उदयस्थानं पञ्चकम्—२१।२६।२८।२९।३०। सत्त्वस्थानचतुष्कम्—९२।९०।८८। ८४। उ० ९ पञ्चविंशतिकमेकेन्द्रियपर्याप्त-त्रसापर्याप्तयुतत्वात्तिर्यग्मनुष्य-देव-मिथ्यादृष्टय एव बन्धन्ति। तत्र सर्वतिरश्चां बन्धे २५ एकेन्द्रियपर्याप्ते त्रसापर्याप्ते उदयस्थाननवकम्—२१।२४।२५।२६।२७।२८।२९। ३०।३१। सत्त्वस्थानं पञ्चकम्—९२।९०।८८।८४।८२। मनुष्यगतौ बन्धे २५। एकेन्द्रियपर्याप्ते त्रसापर्याप्ते उदयस्थानपञ्चकम्—२१।२६।२८।२९।३०। सत्त्वस्थानचतुष्कम्—९२।९०।८८।८४। देवेषु भवनत्रय-सौधर्मद्वयजानामेकेन्द्रियपर्याप्तयुतमेव बन्धः २५। उदयस्थानपञ्चकम्—२१।२५।२७।२८।२९। सत्त्वस्थानद्वयम्—९२।९०। उ० ९ षड्विंशतिकं २६ एकेन्द्रियपर्याप्तोद्योतातपान्यतरयुतत्वात्तिर्यङ्-मनुष्य देवमिथ्यादृष्टय एव बध्नन्ति। तच्चापि तेजो-वायु-साधारण-सूक्ष्मापर्याप्तेषु तदुदये एव न बन्धः, तत्तिरश्चां बन्धः। उदयः—आत० १ उद्यो० स्थाननवकम्—२१।२४।२५।२६।२७।२८।२९।३०।३१। सत्त्वस्थानपञ्चकम् ९२।९०।८८।८४।८२। तन्मनुष्याणां बन्धः २६। आ० उ० उदयस्थानपञ्चकम्—२१।२६।२८। २९।३०। सत्त्वस्थानचतुष्कम्—९२।९०।८८।८४। भवनत्रय-सौधर्मद्वयजानां बन्धः २६। ए० प० आत० उद्यो० उदयस्थानपञ्चकम्—२१।२५।२७।२८।२९। सत्त्वस्थानद्वयम् ९२।९०।

1. ५, २४०–२४१। 2. ५, 'बन्धे २८' इत्यादिगद्यांशः। (पृ० १८५)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बं० २८
उ० ८ अष्टाविंशतिकं नरक-देवगतियुतत्वादसंज्ञितिर्यक्-कर्मभूमिमनुष्याणाम् । एवं विग्रहगति-
स० ५
शरीरमिश्रकाला व (?) तस्यापर्याप्तशरीरकाले एव बध्नन्ति । तत्तिरश्चां मिथ्यादृष्टेः बन्ध एव २८ । नरक-देवयुतं उदयस्थानचतुष्कम्—२८।२९।३०।३१ । सत्त्वस्थानत्रयम्–९२।९०।८८ । तत्सासादनस्य बन्धः २८ । देवे उदयद्वयं ३०।३१ । सत्त्वमेकं ९० । मिश्रे बन्धः २८ देवे उदयः ३०।३१ । सत्त्वं ९२।९० । असंयतस्य बन्धः २८ देवे उदयः २१।२६।२८।२९।३०।३१ । सत्त्वद्वयम्—९२।९० । देशसंयतस्य बन्धः २८ देतयुतं उदयस्थानद्वयम् ३०।३१ । सत्त्वं ९२।९० । द्वयशीतिकं हि तत्सत्त्वयुततेजोवायुभ्यां पञ्चेन्द्रियेषूत्पन्नानां विग्रहगति-शरीरमिश्रकालयोस्तिर्यग्गतियुत-त्रिं २३ पञ्च २५ षट् २६ नव २९ दश ३० प्रविंशतिकानि बध्नतां सम्भवन्ति । मनुष्यद्विकयुत पञ्च २५ नव २९ विंशतिके बध्नतां न सम्भवति । चतुरशीतिकं च एक-विकलेन्द्रियभवे नारकचतुष्कमुद्वेल्य पञ्चेन्द्रियपर्याप्तेषूत्पन्नानां तस्मिन्नेव कालद्वये सम्भवति । ततोऽस्मिन्नष्टाविंशतिकबन्धकाले तयोः सत्त्वं नोक्तम् । मनुष्येषु मिथ्यादृष्टेः बन्धः २८ । नारक-देवयुतं उदयस्थानत्रिकम्—२८।२९।३० । सत्त्वस्थानचतुष्कं ९२।९१।९०।८८ । सासादनस्य बन्धः २८ । देवयुतं उदयस्थानमेकं ३० । सत्त्वं ९० । मिश्रस्य बन्धः २८ । देवे उदयः । ३० । सत्त्वं ९२।९० । असंयतस्य बन्धः २८ । देवयुतं उदयस्थानं पञ्चकम्—२१।२६।२८।२९।३० । सत्त्वस्थानद्वयम्—९२।९० । नात्रैकनवतिकसत्त्वम्, प्रारब्धतीर्थबन्धस्यान्यत्र बद्धनरकायुष्कात् । सम्यक्त्वप्रच्युतिर्नेति तीर्थबन्धस्य नैरन्तर्यात्, अष्टाविंशतिकाबन्धात् । देशसंयतस्य बन्धः २८ । देवे उदयस्थानमेकम् ३० । सत्त्वस्थानद्वयं ९२।९० । प्रमत्तस्य बन्धः २८ । देवयुतं उदयस्थानपञ्चकम्—२५।२७।२८।२९।३० । सत्त्वस्थानद्वयं ९२।९० । अप्रमत्तस्य बन्धः २८ देवयुतम् । उदयस्थानमेकं ३० । सत्त्वस्थानद्वयम्—९२।९० । अपूर्वकरणस्य बन्धः २८ देवयुतं । उदयस्थानं ३० । सत्त्वद्वयं ९२।९० । ॥२२५॥

अष्टाविंशतिकबन्धस्य विशेषं गाथैकेनाऽऽह—['छव्वीसिगिवीसुदया' इत्यादि ।] कुरुवर्षोत्पन्नानामुत्तमभोगभूमिजानां क्षायिकसम्यग्दृष्टिमनुष्याणामष्टाविंशतिके बन्धे २८ षड्विंशतिकमेकविंशतिकं चोदयस्थानद्वयं २६।२१ द्वानवतिक-नवतिकसत्त्वस्थानद्वयं भवति । बन्धे २८ । उदये २६।२१ । सत्त्वे ९२।९० । तद्यथा—उत्तमभोगभूमिपूत्पद्यमानानां क्षायिकसम्यग्दृष्टिमनुष्याणां विग्रहगतौ सत्यां एकविंशतिकं नामप्रकृत्युदयस्थानमुदयागतं भवति तदा ते देवगतियुतमष्टाविंशतिकं बन्धस्थानं बध्नन्तीत्यर्थः । तथा तेषामौदारिकमिश्रकाले षड्विंशतिकं स्थानमुदयागतं, तदा ते देवगतियुतमष्टाविंशतिकं बध्नन्ति । तदा तेषां तत्सत्त्वस्थानद्वयं सम्भवतीत्यर्थः ॥२२६॥

अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें क्रमशः आठ उदयस्थानों और चार सत्त्वस्थानोंका सामान्यसे वर्णन किया । अब यहाँपर जो कुछ विशेषता है, उसका वर्णन करना चाहिए । वह विशेषता यह है कि अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें इक्कीस और छब्बीसप्रकृतिक उदयस्थान तथा बानबे और नब्बेप्रकृतिक सत्त्वस्थान देवकुरु और उत्तरकुरुमें उत्पन्न होनेवाले क्षायिकसम्यक्त्वी मनुष्योंके ही संभव हैं ॥२२५-२२६॥

क्षायिकसम्यग्दृष्टि मनुष्योंके २८ प्रकृतिक बन्धस्थानमें २६ और २१ प्रकृतिक दो उदयस्थान तथा ९२ और ९० प्रकृतिक दो सत्त्वस्थान होते हैं ।

अब अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वस्थानगत दूसरी विशेषता बतलाते हैं—

[1]पण सत्तावीसुदया वाणउदी संतमट्ठवीसे य ।
आहारयमुदयंते पमत्तविरदे चेव हवे ॥२२७॥

बंधे २८ । उदए २५।२७ । संता ९२ ।

1. सं०पञ्चसं० ५, २४२ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रमत्तविरते आहारकोदये अष्टाविंशतिकं बन्धे पञ्चविंशतिक-सप्तविंशतिकोदयस्थानद्वयं द्वानवतिसत्त्वमेव। तथाहि–प्रमत्तमुनेराहारकशरीरमिश्रकाले पञ्चविंशतिकमुदयागतं २५ तदा ते देवगतियुतमष्टाविंशतिकं स्थानं बन्धमायाति २८। द्वानवतिकसत्त्वमेव ९२ तदा। तथा प्रमत्तस्याहारकशरीरपर्याप्तौ सप्तविंशतिकं २७ स्थानमुदयागतं तदा देवगतियुतमष्टाविंशतिकं २८ बन्धमायाति। तदुक्तसत्त्वमेव ९२ ॥२२७॥

बन्धे २८। उदये २५।२७। सत्ता ९२।

अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें पचीस और सत्ताईसप्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए वानबैप्रकृतिक सत्त्वस्थान आहारकशरीरके उदयवाले प्रमत्तविरत साधुके ही होता है ॥२२७॥

बन्धस्थान २८ में तथा उदयस्थान २५, २७ में सत्त्वस्थान ९२ ही होता है।

अब अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वस्थानसम्बन्धी तीसरी विशेषता बतलाते हैं

[2]उगुतीस अट्ठवीसा वाणउदि णउदि अट्ठवीसे य।
आहारसंतकम्मे अविरयसम्मे पमत्तिदरे ॥२२८॥

बंधे २८। उदए २९।२८। संते ९२।९०।

आहारकसत्त्वकर्मण्यविरतसम्यग्दृष्टौ अप्रमत्ते च अष्टाविंशतिकं बन्धे एकोनत्रिंशत्कं अष्टाविंशतिकं च [उदये] द्विनवतिकं नवतिकं च [सत्त्वं] भवति। तद्यथा—आहारकसत्त्वस्याविरतसम्यग्दृष्टेः आहारकसत्त्वस्याप्रमत्तस्य च नवविंशतिकमुदयागतस्थानं २९ अष्टाविंशतिकमुदयागतं २८ च, तदाऽष्टाविंशतिकदेवगतियुतस्थानं बन्धमायातीत्यर्थः २८। तदा सत्त्वद्वयस्थानं ९२।९०। बन्धः २८। उदये २९।२८। सत्तायां ९२।९०॥२२८॥

अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें उनतीस और अट्ठाईसप्रकृतिक उदयस्थानके रहते हुए वानबै और नब्बैप्रकृतिक सत्त्वस्थान आहारकप्रकृतिके सत्त्ववाले अविरतसम्यक्त्वी और संयतके होते हैं ॥२२८॥

बन्धस्थान २८ में तथा उदयस्थान २९ और २८ में सत्त्वस्थान ९२ और ९० होते हैं।

अब अट्ठाईसप्रकृतिक बन्धस्थानमें उदय और सत्त्वसम्बन्धी चौथी विशेषता कहते हैं—

